The promissory estoppel and consideration are an anti-thesis of each other. A promise which may be enforced on the ground of the promisee acting in reliance would definitely not require any consideration. What is material here is the principle of estoppel and not consideration. The hostility of consideration to promissory estoppel is borne out in Alderson v. Maddison[1] if this view were adopted in its entirely every promise on which a person acted even if there were no consideration would be binding by way of estoppel and such a doctrine would alter the present law by giving legal force to that class of representations which at present are only morally binding.

The promisor emphasized that since a promisee ought to know the existing law and promisor would merely be taking a chance if promisor acted on the faith of this promise. But the estoppel would not work against defendant since he had made no misrepresentation as to existing facts nor was he guilty of any misconduct the promise being nudum pactum was held not enforceable of law.[2] In Foakes v. Beer[3] and Pinnel's cases which was decided by the court in this case again adhered to the strict requirement of consideration in a situation dealing with acceptance of lesser sum by the creditor in discharge of the whole sum. The undesirable state of law which emerged from the above said cases stirred a recommendation for legislative action in England. Consequently the law Revision Committee in its Sixth interim report made in 1937 which virtually over rules the Foakes case but the recommendation has not been converted on the parliamentary law.[4] The future treatment of this case vis-a vis the development of law of promissory estoppel yet remains to be seen. The obiter dictum in the High Trees case gave rise to a question whether consideration was dispensed with in the cases of formation of contracts also. The court in Rees case did not take up the issue. But this question arose for determination in Combe v. Combe.[4] This principle as under where one party has by his words or conduct made to the other a promise or assurance which was intended to affect the legal relations between them and to be acted upon accordingly then one the other party has taken him at his words and acted on it the once who gave the promise or assurance cannot afterwards be allowed to revert to the previous legal relations even though it is not supported in point of law by any consideration but only by his words. And the dictum of the High Trees case which did not require consideration for the validity of modification and discharge of agreement did not cover the cases of formation and contracts.

New Estoppel

The case of Lyle-Miller v. A. Lewis & Co. Ltd.[5] affords an illustration of this point. In this case the court applied the principle of new estoppel and the High Trees and Tool Metal cases as embodiment of the new estoppel which applies to future promises. The old common law of estoppel did not apply to the facts of case: licensees agreed to give royalty to licenser in consideration of their right to manufacture and sell gas lighters and gas refills which embodies licenser inventions. For some time the licensees sent statements of accounts and made payments of royalty to licenser. Subsequently they repudiated their liability to pay on the ground that the lighters and the refills did not embody licenser inventions. The court held bound to

the licensees because their course of conduct constituted the plainest possible assurance and regarded the factum of payment as a mere representation of fact which was an estoppel of the kind which is well recognized at common law and referred to the law case which deals with estoppel as a rule of evidence. The law case is of direct application to the facts of this case.

It is pertinent to remark that although in the Keksen case the old estoppel did not apply the court also considered the possible application of promissory estoppel. The latter kind of estoppel did not govern because the licensees company had not acted to its prejudice. These cases raise the serious difficulty at times of correctly classifying a case into one kind of estoppel or the other.

Modification & Discharge of Contract

The English cases on promissory estoppel include cases of modification and discharge of contracts resulting in waiver in favour of the promise who acted thereon though for his benefit. The Indian position is dissimilar. It was rightly pointed out in the Joshph case that the substance of the High Trees Case does not go farther than section 63 of the Indian Contract Act. Unlike the English Case, the Indian courts have not confused promissory estoppel with waiver. Cases of waiver would squarely fall under section 63. Due to this difference in scope the English cases are largely unhelpful to us except for showing contemporary progress in a new field of contract law in England in order to avoid fraud and to do justice between parties.

Promissory Estoppel and Legal Obligation

It binds the Crown as well as public authority. It can give rise to a cause of action to the promisee in India. In India the application of promissory estoppel dates back to a ease decided by Calcutta High Court in 1880 and in England it dates back 1845 but it was precisely rediscovered in 1947. The English decisions pertaining to the application of promissory estoppel appears to be the guiding force for the decisions in India involving the application of this doctrine. Some times American decisions and texts also seem to guide the Indian courts on the subject.

Promissory estoppel in India has been held to create legal obligations as against individual and public bodies but it cannot be used to compel the state to make a law which the state has a discretion to make or not to make. By now this doctrine has been completely established in the field of promises for charitable subscription. Unlike English law the promissory estoppel has been recongnised to found a cause of action where it is necessary to satisfy the equity. In India the preponderance of judicial opinion is that limitation of pre- existing legal relationship should not be essential for the application of this doctrine provided other compelling circumstances exist.

Contractual Jurisprudence

The equitable doctrine of promissory estoppel is a beneficial branch of law and has been evolved to avoid injustice which results by sticking to the technical requirements of consideration in every enforceable promise. In recent years it has gained in dimension both in private and administrative law. The doctrine was recognized in the United States of America before its recognition in England.

Modern contractual jurisprudence in common law countries abounds in a concept generally styled as promissory estoppel. Williston of the Harvard law school may be credited with its invention in the earliest edition of his work on contracts. Through a gradual process jurisdiction after jurisdiction in the United States upheld its application. The promissory conduct of a party which induces the other into some definite beliefs and leads him to act on its faith is now sought to be relieved against the former and in favour of the latter through promissory estoppel. In such a case the promisor is not allowed to go back on his promise because this would cause injustice to his promisee which it is the purpose of the law to avoid.

The avowed judicial use of this doctrine in England has been widely noted by scholars and text writers. There it is variously named as

principle of equity, promissory estoppel, equitable estoppel, quasi estoppel, new estoppel and at times related to waiver. In the United States this term is in vogue. In Nigeria and New Zealand it has been accepted. In Australia it is yet to be welcomed with open arms. We are worthwhile to study the development of promissory estoppel in the various legal systems such as American, the English, the Australian and the New Zealand modern contractual jurisprudence in common law countries abounds in a concept generally styled as promissory estoppel.

Representation as to Abandonment of Existing Right

The doctrine of promissory estoppel in most widely recognized and most frequently applied in cases of promises or representations as to an intended abandonment of existing rights. Some courts have even stated that these are the only cases in which promises as to the future may be the basis of an estoppel. The better considered statements of the doctrine however do no contain this limitation and the courts have actually applied the doctrine in numerous instances which could not fairly be said to involve an abandonment of an existing right. A number of courts upheld the validity of charitable subscriptions on the theory of promissory estoppel holding that while a mere promise to contribute is unenforceable for want of consideration if money has been expended or liabilities have been incurred in reliance on the promise so that non fulfillment will cause injury to the payee the donor is estopped to assert the lack of consideration and the promise will be enforced. According to the weight of authority one who by promises or assurances that he will pay or that he will not take advantage of a statute of limitations or the like induces another to forgo his rights and to delay suit until after the expiration of the period of limitation is estopped from asserting the statute as a bar to the creditor action although there is also authority that a parol promise of this character is ineffective.

Conclusion

Promissory estoppel is being used in order to deter a promissor from changing his mind when the other party has bona fidly acted upon his promise. It has now come to stay and awaits legislative action so that its scope is well defined and it is made a regular part of our contractual jurisprudence since promissory estoppel according to the recommendations of Law Commission of India for legislative action has been established as antithesis of the consideration.

The Supreme Court in M.P. Sugar Mill case has traversed a wide field breaking new grounds and pronouncing the doubtful and unsettled aspects of the doctrine of promissory estoppel. Some doubts still remain about the requirement of detriment. It is true that promisee must alter his position in reliance on the promise. It is commonly assumed that alteration of position is for the worse. Promissory estoppel has come into being to prevent injustice and not to confer a bounty for mere alteration of position. The great virtue and great strength of English equity lie in its principles often illustrated but seldom expressed and never finally settled.

The judicial favours promissory estoppel both in England and India. This estoppel is being used these days to deter a promisor from changing his mind when the other party has bona fide acted upon his promise. It has now come to stay and awaits legislative so that its scope is well defined and it is made a regular part of our contractual jurisprudence.

References

1. Alderson v. Maddison 5 Ex. Div. 293, (1880)
2. Treitel, Law of Contract, 1970 3rd Ed., at p. 97
3. Foakes v. Beer 9 AC 605 HL, (1884)
4. Sixth Interim Report of the Law Revision Committee, Paras 35,40.
5. Lyle- Meller v. A. Lewis & Co. (Westminster) Ltd. 1 WLR 29 at 36 CA, (1956).

Book Review

Genetically Modified Diplomacy: The Global Politics of Agriculture Biotechnology and the Environment

Chandraveer Singh Bhati

Lecturer, Political Science
Government Bangur P.G. College, Pali (Raj.)

This book is the product of eight years of research and critical thinking about Genetically Modified crops. The author himself is an assistant professor, political science at Carleton University, Ottawa, Canada. In this book, the author wants to explain that how we make the collective decision about new technology which is complex and has contradictory facts and opinions. The book tries to bring out diplomatic methods and negotiation patterns from Genetically Modified Organism's discussions. Two main focus of the book is the development of precautionary principle and USA and Canada's position on GMOs.

The author first lays theoretical ground on which he builds the structure of GMO debate. This theoretical ground is the combination of new institutionalist regime and ideas of Gramsci and Foucault. According to author new institutionalist regime is useful in interpreting the already established norms of governance on the subsequent international institution but the new institutionalist theory is weak in theorizing the relationship between knowledge and interest. Institutionalist regimes consider the state as primary actor and avoid many other important actors and it is also objective. Therefore we need to go beyond institutional regime theory.

So, the author has invoked Gramsci and Foucault to understand global agriculture politics because they are highly attuned to the power of ideas in politics. Although there are significant differences between Gramsci and Foucault, but together they provide variety of tools for interpreting the way that knowledge, interest and norms helped shapes the Cartagena Protocol and environmental negotiation.



Author : Peter Andree

ISBN : 978-0-7748-1268-9

Publisher : UBC Press Canada, Vancouver

Pages : 336

Price : US$ 45.99 (Paperback)

To understand politics of GEO, author has developed the Gramsci's concept of hegemony and historical bloc and Foucault's concept of power and resistance. According to Gramsci hegemony is established by historical bloc

through coercion and consent. Coercion is exercised by state and consent is manufactured by ideas. Organic intellectuals try to create consent through education. The ideology of liberalism and institution like WTO, WB and IMF are some sources for creating consent.

For Foucault ideology is not a product of material interest as Gramsci thinks. Foucault believes that ideas are embedded in social relation. Social and institutional practices shape discourses. Culture and language play important role in shaping discourse. To achieve discourse actor routinely define themselves and their interest. For example, GMO companies redefined their policy of risk assessment to achieve their goal. According to Foucault power of ideas is discursive and this discursive power can be understood by the discourse of governability and biopower.

Ideas cannot be as easily manipulated as Gramsci think because there is also resistance to ideas. Foucault's discourse analyses role of resistance, so it becomes very useful in understanding GMO negotiation and debate over precautionary principle. Gramsci and Foucault's political theory is grounded in historical and real world struggle and day to day relation of power and author, therefore, has adopted this approach to develop his GEO diplomacy concept.

The book is divided into seven chapters. Chapter one deals with the theoretical framework. Data and graphical representation of theoretical framework make it easy to understand. According to the author three factors are playing important role in politics of GEO regulation and trade (i) Economic interest (ii) Scientific knowledge and its interpretation by politician and public(iii) Cultural value and their definition institution and norms of regulations. The author uses theoretical basis of Gramsci and Foucault to analyses how these factors interacted and helped in shaping the Cartagena protocol. Earlier conceptualization of Gramsci and Foucault theory in GEO field by Purdue, Levy and Egan, Wright and Liftin also helped the author to frame his concept about GEO negotiation. For example, Levy and Egan used Gramsci's concept to understand how co-operations and political actors interacted in the formation of climate change regime. Liftin used Foucault's concept to analysis how Montreal Protocol was formed amid differences between countries about interest and regulations.

Chapter two and three deal with agribiopolitics. Here author used Gramsci's concept to explain the material, organisational and ideational forces behind GEO politics. Material forces include technology, finance, production, consumption, etc. Organisational forces include scientists, industrial groups and governments. Ideational forces include mainly four ideas i.e. gene, environment, liberalism and risk. Change in material forces formed a new biotech bloc which then formed new ideas to establish its hegemony. From Gene talk to complexity talk, from gene technique as hazard to risk manageable to precautionary discourse author explain all these development in very systematic and lucid way.

Chapter four, five and six explains the development of biosafety discourse. Emergence and institutionalisation of the precautionary principle and biosafety discourse took place over four distinct discursive shifts. First three discursive shift elaborate how the change came in from the demand of no special regulation for GMOs to the demand for international regulatory framework for GMOs. The fourth discursive moment took place during the final stage of Cartagena negotiation and it established the framework for the precautionary principle. The author covers wide range of issues from debate over definition of LMOs to socio-economic impact of LMOs, the formation of A.I.A., risk assessment, separate arrangement for LMO-FFP. But the book does not cover many issues like liability and redresses, compliance issue, etc.

Chapter seven discusses the implication of Cartagena protocol for agribiotech industry and environment politics. This chapter also includes WTO and SPS Agreement, Codex Alimentarius, Curitiba rules, building biosafety capacity, etc.

The book also dovetails politics and diplomacy of gene politics historically. Development of genetic engineering took place in the USA and initial research was funded by Department of Defence and Atomic Energy. First successful genetic engineering of strain of bacteria took place at Stanford University in California 1973. Later this GE was used in agriculture to increase production of crops because the USA was global exporter of

major crops. Canada was USA's competitor in food grain export so it also adopted GM crop. Argentina was traditionally seed developer for the USA in winter so with the USA it also adopted GM crop. In international negotiation these three countries were main supporters of GMOs. Biotech bloc with support of these countries started Gene Talk. The aim of gene talk was to make people aware about benefit of GMOs and remove their misconception about GMOs. On the other hand, critic emphasised on complexity talk. It means that GMOs are not only about transferring genes and increasing production but genetic engineering has more complex impact on human and environment which very difficult to detect. Next step and natural progression of gene talk was discourse of equivalence and it means equivalence with traditional crops. Whereas natural progression of complex talk was that the GMO are distinct and therefore not equal to traditional crops. So that precautionary principle can also be applied to GMOs. So, whole debate divided the world into two group pro-GMO and anti-GMO. Conflict between these two finally resulted in precautionary approach, A.I.A., risk assessment and management, capacity building, liability and redresses, etc. In this ideological conflict the author has put forward multiple argument and dimensions of both sides which broaden the horizon of reader's mind and make book interesting.

The author is pointing out that GM companies successfully moved the talk from zero growth philosophy to sustainable development and ecological modernization. Demand for sustainable development was first raised by World Business council for Sustainable Development (WBCSD) during Rio conference. Monsanto, DuPont, Mitsubishi, Shell etc. were member of this WBCSD. Same way companies also demanded for regulation for GMOs because government approval to GMOs will ensure people that the GMOs are safe to consume. Many such type of argument removes many misconceptions from reader's mind.

To maximize profit companies tried to patent gene. First major patenting came in 1980 when United State Supreme Court ruled out that a transgenic microorganism could be assigned a patent in Dimond v/s Chakravarty case. Similar kind of decision came in Japan, EU during 1980's. Later patent regime was strengthened by WTO-TRIPS. On the demand of GMO Company's concept of novelty, familiarity and substantial equivalence were adopted by USA government.

Global movement emerges against commercialization of GEOs. Critic gave many arguments including that 80% of farmers use their own saved seed; patented seed will wipe out traditional seed, bio piracy as in case of Neem and Basmati. In the context of TRIPS these group noted that this agreement allow for "sui generis" which protect the right of a farmer to save and use seed. Environmentalist also filed cases against bio piracy and won.

In CBD-COP1 and COP2 recommendation of Expert Group IV and TWN report played major role in consolidating opinion toward precautionary principle, legally binding protocol and discursive framework of risk. EU's shift due to consumer movement, BSE disease and scientific study against GEO also strengthen the movement. Finally at Montreal Miami group agreed to legally binding protocol. But due to pressure from Miami group pharmaceutical was not included and documentation was not made compulsory.

Finally book suggests that many issue still needs to be settled like relation between Cartagena protocol and different MEA, segregation and documentation, etc. But as civil society role is increasing and even Canada is adopting more stringent laws about precaution future of Cartagena protocol looks brighter. South should focus more on capacity building and increasing scientific knowledge.

The book is empirical and analytical. The facts are very well corroborated with theories and explained smoothly. The book also explores subjectivity in science and how science becomes tool in the hand of industry. Some time it seems that he forcefully tries to fit theories to negotiation process but every theory cannot explain everything. Organic farming is emerging field but no discussion and comparison of organic and genetic crops is done in this book. Many studies from India are mentioned but China, Russia and Japan's position and their views are not discussed in this book. In spite of all these the book is exploratory, useful andthought provoking.

वैदिक काल में नारी की स्थिति

डॉ. प्रदीप कुमार कौण्डल

सह आचार्य, संस्कृत

राजकीय महाविद्यालय, नौरा, जिला-कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)

शोध सारांश

वैदिक काल सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से स्त्रियों की चरमोन्नति का काल था। इस काल में स्त्रियों की स्थिति सभी प्रकार से अत्यन्त सुदृढ़ एवं उन्नत थी। परिवार एवं समाज में उनको सम्मान प्राप्त था। कन्याएं ब्रह्मचर्य का पालन करती थीं। इस काल में पुरुषों के समान स्त्रियों को भी शिक्षा पाने का पूर्ण अधिकार था। सह शिक्षा का प्रचलन था। यज्ञ में भी उसे सर्वाधिकार प्राप्त था। वैदिक काल में स्त्री-शिक्षा अपने चरम उत्कर्ष पर थी तथा नारी सर्व शक्ति सम्पन्ना मानी गई तथा विद्या, यश और सम्पत्ति की प्रतीक समझी गई। वैदिक काल में लड़कियों की गतिशीलता पर कोई रोक नहीं थी और न ही मेल मिलाप पर। नारी की विदुवता, शिक्षा, तपस्या और प्रतिभा पुरुषों के समकक्ष थी। अनेक स्त्रियां दार्शनिक विषयों एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेती थीं। इनमें गार्गी का नाम अत्यन्त प्रसिद्ध है। इस काल में हमें राजनीति एवं युद्ध विद्या में निपुण स्त्रियों के भी उदाहरण प्राप्त होते हैं। वैदिक काल की नारी देवी है, विदुषी है, प्रकाश से परिपूर्ण है, वीरांगना है, वीरों की जननी है, आदर्श माता है, कर्तव्यनिष्ठ धर्मपत्नी है, सद्गृहणी है, सम्राज्ञी है, संतान की प्रथम शिक्षिका है, अध्यापिका बनकर कन्याओं को सदाचार और ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा देने वाली है, उपदेशिका बनकर सबको सन्मार्ग बताने बाली है, मर्यादाओं का पालन करने वाली है, जग में सत्य और प्रेम का प्रकाश फैलाने वाली है। इस प्रकार वेदों में स्त्रियों की शैक्षणिक, राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थिति अत्यन्त गौरवास्पद वर्णित हुई है।

संकेताक्षर : *स्त्री-शिक्षा, राजनैतिक क्षेत्र, आध्यात्मिक ज्ञान, धार्मिक कृत्य, सामाजिक स्थिति, स्त्री धन*

वैदिक युग में स्त्रियों की स्थिति बहुत विकसित, उन्नत एवं परिष्कृत थी। वेद नारी को अत्यन्त महत्वपूर्ण, गरिमामय एवं उच्च स्थान प्रदान करते हैं। वेदों में स्त्रियों की शिक्षा-दीक्षा, शील, गुण, कर्त्तव्य, अधिकार और सामाजिक भूमिका का जो सुन्दर वर्णन पाया जाता है, वैसा संसार के किसी अन्य ग्रन्थ में नहीं पाया जाता है। नारी को उस समय गृहिणी, अर्द्धांगिनी, विदुषी, गृहस्वामिनी, सहधर्मिणी, सम्राज्ञी आदि विशेषणों से अंलकृत किया जाता था। ऐसा कहा जा सकता है कि भारतीयों के सभी आदर्श स्त्री रूप में पाये जाते थे। विद्या का आदर्श 'सरस्वती' में, धन का 'लक्ष्मी' में, शक्ति का 'दुर्गा' में, सौन्दर्य का 'रति' में तथा पवित्रता का 'गंगा' में। इस युग में चाहे घर हो, परिवार हो या समाज, हर जगह नारी की स्थिति बहुत ही अच्छी थी। वह समाज में कन्या, पत्नी तथा माँ के रूप में सदैव समादृत रही हैं और उसके द्वारा परिवार एवं समुदाय के लिए किए गए योगदान को सराहा जाता रहा है। हिन्दू जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वे समान रूप से प्रतिष्ठित एवं आदृत थीं। शिक्षा, धर्म, व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास में उनका महान् योगदान था। समाज में नारी का महत्त्व इतना था कि उसके विना पुरुष को अपूर्ण एवं अधूरा समझा जाता था। वह अपने कर्त्तव्य को भली-भांति निभाने के साथ-साथ पति के कार्यो में भी हिस्सा लेती थी। वैदिक समाज के अनुसार नारी के बिना गृह की कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। ऋग्वेद में एक स्थल पर पत्नी को आभूषण भी माना गया है[1] तथा 'जायेदस्तम्'[2] अर्थात् जाया ही घर है, ऐसा कहा गया है। आज भी समाज में प्राय: यह सुनने को मिलता है कि पत्नी ही घर की रौनक है। इस घर की सम्राज्ञी व महारानी है और वह घर के सारे सदस्यों पर शासन चला सकती है। नारियों के प्रति इस प्रकार का समादर सम्भवत: वैदिक वाङ्मय को छोड़कर विश्व के किसी भी अन्य साहित्य में उपलब्ध नहीं है। वैदिक नारी कठोर संयम एवं त्याग से आदर्शो का निर्वाह करती तथा अत्यन्त शालीनतापूर्ण तरीके से गृहकार्य करती थीं। इस युग की नारी परिवार में प्रेयसी, रक्षिका, सम्बन्ध-विस्तार का

कारण तथा धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था के उत्कर्ष का आधार थी। वैदिक काल का दृष्टिकोण नारी के प्रति दिव्य कल्पनाओं तथा पुनीत भावनाओं से परिवेष्टित था। इस काल में नारी का शैक्षणिक, राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित, सम्मानित एवं गौरवपूर्ण स्थान था। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'- यह उक्ति वैदिक काल की नारी के लिए सत्य ही प्रतीत होती है। इस शोध-पत्र में वैदिक काल में नारी की शैक्षणिक, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

शैक्षणिक स्थिति–वैदिक कालीन समाज स्त्री-शिक्षा के प्रति सचेत था। इस काल में स्त्री-शिक्षा का प्रसार अत्यन्त उन्नत था। शिक्षा के क्षेत्र में नारी को पुरुषों के बराबर ही अधिकार प्राप्त था। वैदिक काल में बालकों की भांति ही कन्याओं के उपनयन-संस्कार की व्यवस्था थी[3] और कन्याएं भी ब्रह्मचर्य का पालन करती हुई अनेक विषयों- वेद, दर्शन, तर्कशास्त्र, मींमासा, साहित्य आदि की शिक्षा ग्रहण करती थीं। बुद्धिमती कन्या को माता-पिता एक आदर्श कन्या मानते थे। ऋग्वेद में 'घोषा'(1.117.19) तथा 'वध्रिमती' (1.116.13) का प्रभूत बुद्धिशालिनी कन्या के रूप में वर्णन उपलब्ध होता है। यजुर्वेद (8.1) में कहा गया है कि कन्याओं का उपनयन संस्कार होता था तथा वे सन्ध्योपासन की विधि भी पूरी करती थीं। यज्ञ-सम्पादन में भी नारी को अधिकार प्राप्त था। स्त्रियां पुरुषों के साथ वेदाध्ययन के साथ-साथ वैदिक मन्त्रों की रचना भी करती थीं। वैदिक ऋचाओं की रचना करने वाली इन नारियों को 'ऋषिका कहा जाता था। जो स्त्रियाँ आजीवन ब्रह्मचर्य धारण कर अध्ययनरत रहती थीं, वे 'ब्रह्मवादिनी' कहलाती थीं।[4] ऐसी स्त्रियां बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न होती थीं, जो ज्ञान और बुद्धि में पांरगत ही नहीं, बल्कि अनेक मन्त्रों की उद्गात्री हुआ करती थीं, जो मन्त्रों का सस्वर पाठ करती थीं। ऋग्वेद में स्त्रियों के वीणा आदि वाद्य-यन्त्रों के साथ गाने तथा नृत्य करने का भी ज्ञान होता है। कुछ नारियां इस प्रकार की थी, जो ऋचाओं का मात्र मधुर स्वर में गायन करती थीं। स्त्रियों के विद्वद् सभा में ऋक्गान का उल्लेख ऋग्वेद के दसवें मण्डल में मिलता है।[5] वैदिक काल में अनेक ऐसी विदुषी स्त्रियां हुईं, जिन्होंने ऋचाओं का निर्माण किया, वेद पाठ किया, यज्ञ किया और शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट गौरव एवं सम्मान प्राप्त किया। इनमें रोमशा, घोषा, लोपामुद्रा, अपाला, विश्ववारा, सूर्या, इन्द्राणी, सिकता आदि विदुषी स्त्रियों के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। स्त्री-शिक्षा के क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय था, जिस कारण ऋग्वैदिक समाज उन्नति के पथ पर आरूढ़ हो सका। दूसरे शब्दों में हम यह भी कह सकते हैं कि इन्होंने स्त्रियों के लिए मार्गदर्शन का काम किया और नारी शिक्षा को आगे बढ़ाया। ऋग्वैदिक काल की विदुषी स्त्रियां मन्त्रों एवं ऋचाओं की रचना के अतिरिक्त सैनिक शिक्षा, संगीत, नृत्य, काव्य एवं नाटक रचना में भी निपुण थीं। इस काल में नारी शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रगण्य थी। अत: नारी शिक्षा जितनी आज विकसित है, उससे कहीं अधिक उन्नत वैदिक काल में थी। स्त्रियों के द्वारा सूत्र-काल तक यज्ञ-सम्पादन का वर्णन मिलता है।[6] महर्षि पतंजलि के कथन से पता चलता है कि वैदिक काल में अनेक महिलाएं शिक्षिका बनकर अपना जीवन यापन करती थीं तथा अध्यापन कार्य में संलग्न ऐसी स्त्रियों को 'उपाध्याया' कहा जाता था।[7] आचार्य पाणिनि ने अष्टाध्यायी में (छात्रादय: शालायाम्-6.2.46) महिला-शिक्षणशाला का उल्लेख किया है। सह-शिक्षण का प्रचलन भी उस युग में था। वैदिक युग में लड़कियों की गतिशीलता पर कोई रोक नहीं थी और न ही मेल-मिलाप पर। घर में रहने वाली कन्याएं गृहस्थ जीवन से सम्बन्धित शिक्षा अपने घर पर ही प्राप्त करती थीं। वे कृषि कार्य में अपने माता-पिता का सहयोग करती थीं। ऋग्वेद में 'अपाला' नामक कन्या का उल्लेख मिलता है, जो कृषि कार्य में अपने पिता का पूरा सहयोग करती थीं।[8] वैदिक काल में कन्याएं गाय दूहना भी जानती थीं। सम्भवत: इसी कारण कन्या के लिए दुहिता शब्द का प्रयोग हुआ है। स्त्रियां सूत कातने व वस्त्र बनाने में भी परिवार की सहायता करती थीं। व्यवहारिक शिक्षा में वे नृत्य, गान चित्रकला आदि की शिक्षा भी वे प्राप्त करती थीं।[9] उत्तर वैदिक काल में नारी-शिक्षा पद्धति में कुछ आमूल महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होने के वावजूद भी कतिपय विदुषी स्त्रियों ने अपनी प्रतिभा से इस काल को अमर बना दिया। इस काल की नारियां शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रवेश ले चुकी थीं और समाज में विदुषी के रूप में सम्मानित होने लगी थीं। इस युग में गार्गी, मैत्रेयी और अनुसूया आदि स्त्रियां शास्त्रार्थ में पारंगत थीं। इन विदुषी नारियों के विशिष्ट एवं अलौकिक ज्ञान के आधार पर कहा जा सकता है कि इस काल में नारी शिक्षा चरमोत्कर्ष पर थी।

राजनैतिक स्थिति-राजनीतिक शक्ति सर्वोपरि होती है, यह एक सर्वविदित तथ्य है। वेदकालीन नारी की राजनैतिक क्षेत्र में भी पुरुषों के समान पैठ थी। वेद में नगर-सभाओं के प्रबन्धन के लिए स्त्रियों की भूमिका को निर्णायक माना गया है। वहां पर नगरों के प्रबन्ध, उनकी आन्तरिक रक्षा और सफाई आदि का काम स्त्रियों के हाथ में होने का वर्णन उपलब्ध होता है। स्त्रियां नगर प्रबन्धन करने के साथ ही साथ व्यवस्थापक सभाओं की सदस्य भी हुआ करती थीं और इन सभाओं की राज्य संचालन में महत्त्वपूर्ण

भूमिका होती थी। वेद मार्तण्ड आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति[10] के अनुसार यदि एक स्त्री चाहे तो सेना व पुलिस का सिपाही तो बन ही सकती है, लेकिन वह राजा के पद पर भी प्रतिष्ठित हो सकती है। उनका कहना है कि राष्ट्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभा एवं समिति नाम की दो शक्तिशाली संस्थांए होती हैं, जिसकी स्त्रियाँ सदस्य होती हैं। इनमें समिति ऊंची और अधिक शक्तिशाली होती है। अथर्ववेद में भी सभा और समिति में स्त्रियों के भाग लेने और बोलने का वर्णन मिलता है।[11] अत: वेदों में नारी को उसकी रुचि एवं सामर्थ्य के अनुसार उच्च पद पर आसीन होने का समर्थन किया गया है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि वैदिक राजनीति में स्त्री और पुरुष का कोई भेद नहीं किया जाता था। स्त्री हर उस पद पर चुनी जा सकती है या उस पद को प्राप्त कर सकती थी जिस पद पर पुरुष निर्वाचित हो सकता है। वेदों में नारियों की राजनैतिक स्थिति बड़ी उदात्त है। यजुर्वेद के दशम अध्याय में राज्याभिषेक, सिंहासनारोहण एवं राजा की तेजस्विता का वर्णन मिलता है। इन वर्णनों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि उस समय राजाओं की पत्नियाँ दूसरों को न्याय एवं राजनीति की शिक्षा देती थीं और न्यायाधीश की तरह स्त्री समाज की समस्याओं पर अपना निर्णय प्रदान करती थीं।[12] स्त्रियों के राजनैतिक क्षेत्र में पैठ की पुष्टि ऋग्वेद के दसवें मण्डल के 60वें सूक्त से भी होती है। जहां पर इस सूक्त की द्रष्ट्री गोपायनों की माता (अगस्त्य स्वसा) ने सुयोग्य शासक के गुणों से विभूषित असमाति नामक नरेश की अनेकश: प्रशंसा की है। राजा के किन गुणों से प्रजा उसके प्रति आकृष्ट होती है, शत्रुओं को कैसे जीता जा सकता है एवं प्रजा को कैसे प्रसन्न रखा जा सकता है, शत्रुओं को नष्ट करने वाला एवं जनता को प्रसन्न रखने वाला राजा ही श्रेष्ठ होता है, इसका विस्तृत वर्णन इस सूक्त में उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त अदिति ने तत्कालीन राजनैतिक व्यवस्था की ओर ध्यान दिलाते हुए देवराज इन्द्र की प्रशंसा की है,[13] जिन्होंने वृत्रासुर, व्यंस नामक दैत्यों के दमन के साथ ही साथ उच्छृंखल 'कुषवा' नाम्नी राक्षसी को भी अनुशासित किया था। अदिति का अभिप्राय है कि जनता का दमन करने वाले महान शक्तिशाली व्यक्ति का भी अन्त में वृत्रासुर की भांति नाश हो जाता है। गोधा, यमी तथा सरमा के सूक्तों से भी उनके प्रौढ़ राजनीतिक ज्ञान की झलक मिलती है,[14] जो उस समय की जागरूक नारी की राजनीतिक सूझ-बूझ का सबल प्रमाण है। एक शासक के लिए जितने भी अनिवार्य तत्त्वों की आवश्यकता होती है, उन सबका संकेत इन मन्त्र द्रष्ट्रियों ने अपने-अपने सूक्तों में किया है। वैदिक युग में ऐसी स्त्रियाँ भी हुई हैं जो शासन-व्यवस्था और राज्य के प्रबन्ध में दक्ष होती थीं तथा शासक तथा अभिभावक के अभाव में स्वयं प्रशासन का संचालन करती थीं। इससे पता चलता है कि वेदकालीन नारी का राजनैतिक क्षेत्र में भी प्रतिष्ठित स्थान था।

धार्मिक स्थिति-आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी नारी को पुरुष के बराबर अधिकार प्राप्त था। यज्ञ उस समय धार्मिक कृत्य था, जो बिना पत्नी के सम्भव नहीं हो पाता था। ऋग्वेद में एक स्थान पर नारी को 'ब्रह्म' कहा गया है।[15] इसका अभिप्राय यह है कि वह स्वयं विदुषी होते हुए अपनी सन्तान को सुशिक्षित बनाती है। 'ब्रह्म' नामक ऋत्विज यज्ञ का अध्यक्ष होता है। सर्ववेदविद् एवं ज्ञान-विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ होने के कारण उसे यज्ञ में सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। उसी प्रकार नारी को ज्ञान-विज्ञान में निपुण होने के कारण ब्रह्म बताया गया है। इस प्रकार से उचित सभ्यता के नियमों का पालन करती हुई नारी निश्चित रूप से 'ब्रह्म' के पद को पाने योग्य बन सकती है। वेदों में नारी को नर की सहधर्मिणी होने के कारण प्रत्येक धार्मिक-कार्य में एक साथ बैठने एवं उसको सम्पन्न करने का अधिकार प्राप्त था। वह यज्ञ में बैठती थी, हिस्सा लेती थी और उसे यज्ञ को पूर्ण करने का अधिकार भी था। एक स्थान पर ऋग्वेद में कहा गया है कि पत्नी पति के साथ बैठकर यज्ञ करे, क्योंकि पति-पत्नी दोनों घर के स्वामी या दम्पती हैं। विदुषी स्त्रियों द्वारा यज्ञ के संचालन का वर्णन भी ऋग्वेद में उपलब्ध होता है।[16] एक स्थल पर तो स्त्रियों को यज्ञ में आगे रहने के लिए कहा गया है, ये सुहागिन नारियां और सुन्दर पत्नियां, अंजन तथा घृत लगाकर प्रवेश करें। शोक-रहित, रोग-रहित और रत्नों से सुसज्जित होकर ये स्त्रियां यज्ञशाला में प्रवेश करें।[17] वेदों में नारी को पुरुष की सहधर्मिणी कहा गया है। अत: उसे नर के हर धार्मिक अनुष्ठान में साथ बैठने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था। ऋग्वेद में उसका पुरुष के साथ मिलकर यज्ञ का अनुष्ठान तथा अग्निहोत्र[18], अथर्ववेद में नारी का स्वयं अलग से स्वतन्त्र रूप से यज्ञ करने का वर्णन मिलता है।[19] विश्ववारा[20] प्रतिदिन यज्ञ करती थी और उसने यज्ञ में ऋत्विक का कार्य भी किया था। वैदिक काल में नारी को देव-कोटि में स्थान दिया गया है और धार्मिक दृष्टि से समाज में उनका गौरवपूर्ण स्थान था। ऋग्वेद में उषा, सूर्या, वाक्, पृथिवी, श्रद्धा आदि अनेक नारियों को देवता माना गया है। इन वैदिक प्रमाणों के आधार पर कहा जा सकता है कि उस समय नारी को नर के ही समान धार्मिक कृत्यों के सम्पादन की पूर्ण सुविधा थी। इस प्रकार वैदिक काल में नारी माता, बहन, युवती, पत्नी आदि सभी रूपों में पुरुष के समान ही धार्मिक कार्यो में भाग लेने का पूर्ण अधिकार रखती थी और उसकी धार्मिक स्थिति अच्छी थी, जिसका उत्तरोत्तर ह्रास होता गया और नारी को नर की तुलना में हीन मानने की भावना बलवती हो गयी।

सामाजिक स्थिति–वैदिक काल में नारी की सामाजिक स्थिति बहुत ही ऊंची थी। वह बिना किसी प्रतिबन्ध के सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेती थी और सामाजिक कार्यो को सम्पन्न कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। वैदिक युग में नारियां जितनी स्वतन्त्र थी उतनी अन्य समय में नहीं थीं। वह हर क्षेत्र में पुरुष के समकक्ष थीं और उनके अधिकार भी पुरुषों के बराबर थे। शिक्षा, ज्ञान, यज्ञ आदि क्षेत्रों में वह निर्विरोध स्वच्छन्दतापूर्वक सम्मिलित होती तथा आदर प्राप्त करती थी।

विवाह एक धार्मिक संस्कार था, जो प्रत्येक स्त्री एवं पुरुष के लिए आवश्यक था तथा यह एक पवित्र और स्थायी सम्बन्ध माना जाता था। वैदिक काल में स्त्रियों को कुछ बातों में स्वतन्त्रता भी मिली हुई थी।[21] उस काल की कन्याएं प्रकृति माँ की गोद में स्वतन्त्रतापूर्वक जीवन-यापन करती हुई माता-पिता की अनुमति से अपने जीवन -साथी को वरण करने में पूर्ण स्वतन्त्र थीं[22]। इस प्रकार वेद कन्या को अपना पति स्वयं चुनने का अधिकार देकर पुरुष से एक कदम आगे ही रखता हैं। नवविवाहिता वधू को परिवार में बड़ा आदर व सम्मान दिया जाता था, क्योंकि वधू ही घर की वास्तविक स्वामिनी बनती थी। ऋग्वेद के दशम मण्डल में वधू को श्वसुर, सास, ननद तथा देवरों पर साम्राज्य करने का आशीर्वाद दिया गया है।[23] अथर्ववेद में भी उसे घर की सम्राज्ञी बताया गया है और परिवार के अन्य सदस्यों को उसके शासन में रहने के लिए निर्देशित किया गया है।[24] इससे पता चलता है कि उस समय स्त्री पर कितना विश्वास किया जाता था। वैदिक युग में ऐसे समाज की कल्पना की गई है, जहां नारी का स्थान अत्यन्त गौरवपूर्ण था और उसे घर की महारानी समझा जाता था। सम्भवत: इसी कारण आज के समय में लोग घर की वधू को 'बहूरानी' कहकर सम्बोधित किया जाता है।[25] साधारणत: इस युग में एक पुरुष एक ही स्त्री से विवाह करता था और एक विवाह को अत्यन्त श्रेष्ठ और पवित्र समझा जाता था, परन्तु प्रतिष्ठित धनी व्यक्ति एवं राज-घरानों में व्यक्ति अनेक विवाह भी किया करते थे। वरवधू को घर के लिए मंगलकारी मानने का वर्णन भी वेदों में मिलता है।

विवाह के अवसर पर वधू को दिखाकर सब से मंगलकामना करने को कहा जाता है,[26] इस कथन से परिलक्षित होता है कि उस समय **पर्दा प्रथा** का प्रचलन नहीं था। स्त्रियाँ बिना पर्दे के स्वतन्त्रतापूर्वक पुरुषों के साथ विद्वद्गोष्ठियों और दार्शनिक वाद-विवादों में सम्मिलित होती थीं तथा उत्सवों एवं बाहरी कार्यो में भी स्वेच्छा से भाग लेती थीं। स्त्रियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण उदार एवं स्नेहपूर्ण था।

बाल-विवाह एक बुराई है, जिस के बारे में आज भी संचार माध्यमों से सुनने को मिलता है। परन्तु वैदिक काल में बाल-विवाह की प्रथा बिल्कुल नहीं थी। ब्रह्मचर्य का पालन बालक-बालिकाओं के लिए अनिवार्य था, जिसकी अवधि पच्चीस वर्ष थी। परिपक्वावस्था से पूर्व लड़की का विवाह पूर्णतया निषिद्ध था। अत: बालिकाओं को पूर्ण शिक्षा देने के पश्चात् वयस्क होने पर ही उनका विवाह संस्कार किया जाता था। वेद स्पष्ट रूप से विवाह योग्य आयु का संकेत करता है।[27] इसके अतिरिक्त वेद में अन्य स्थानों पर भी स्पष्ट उल्लेख मिलते हैं, जिनमें युवा पुरुष और युवा लड़की का विवाह ही श्रेष्ठ माना गया हैं।[28] इस काल में **दहेज-प्रथा** एवं **सती प्रथा** को भी हतोत्साहित किया गया है। अत: कहा जा सकता है कि वैदिक युग में **बाल-विवाह, दहेज-प्रथा** एवं **सती प्रथा** का अभाव था।

वैदिक काल में **विधवा स्त्री के पुनर्विवाह** की व्यवस्था थी। ऋग्वेद में एक स्थल पर विधवा स्त्री को सम्बोधित करते हुए कहा गया है कि तुम अपने मृत पति को छोड़कर भावी पति को प्राप्त करो।[29] महर्षि यास्क ने देवर शब्द का अर्थ द्वितीय वर किया है, इस आधार पर भी कहा जा सकता है की पति की मृत्यु के पश्चात विधवा स्त्री द्वितीय विवाह कर सकती थी।[30] अथर्ववेद से भी विधवा-विवाह या पुनर्विवाह की पुष्टि होती है।[31] वर्तमान समय में भी हमारे समाज में विधवा की उपस्थिति को विशेष अवसरों पर अच्छा नहीं समझा जाता है और विधवा का विवाह तो बहुत ही साहसी कदम होता है। वेद का इस सम्बन्ध में यह कितना दूरगामी एवं श्रेष्ठ चिन्तन है कि यदि दुर्भाग्यवश कोई स्त्री अल्पायु या युवावस्था में ही विधवा हो जाती है तो उसे अपना लम्बा जीवन जीने के लिए पुनर्विवाह का अधिकार है।

वैदिक वाङ्मय में नारी का चित्रण '**अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आंखों में पानी**' जैसा नहीं किया गया है, प्रत्युत उसके सबला रूप को दर्शाया गया है। उसे सुवीरा, शूरपत्नी एवं इन्द्रपत्नी आदि अनेक गौरवास्पद पदों से सम्बोधित किया गया है। एक स्थान पर तो नारी को सबला के रूप में चित्रित करते हुए कहा गया है कि आप गृहस्वामिनी हो तथा अपने सौहार्द से सबको वश में कर लेती हो और विदथ में भी बोलती हो।[32]

वैदिक काल में नारियों के लिए **सैनिक शिक्षा** की व्यवस्था थी। नारी भी अपने पति के साथ अध्ययन-अध्यापन से लेकर रणक्षेत्र में भी जाती थी और युद्ध में हिस्सा लेती थी। इसका एक उदाहरण विश्वपला का है जो एक महारानी थी, जिसने युद्ध में लड़ते समय अपना एक पैर युद्ध में गवां दिया था और देव-वैद्य अश्विनीकुमारों

द्वारा बाद में लोहे का पैर बनवा लिया था। एक और वीरांगना मुद्गलानी महर्षि मुद्गल की पत्नी थी[33] जिसने अपने पति के शत्रुओं को पराजित किया और पति की रक्षा भी की। ऋग्वेद में एक स्थल पर वर्णन मिलता है कि दैत्यराज 'नमुचि' ने 'बभ्रु' ऋषि की गौओं का अपहरण कर लिया। ऋषि के आह्वान पर जब देवराज इन्द्र दैत्य से युद्ध करने के लिए रणभूमि में आए तो उन्होंने वहां बहुत बड़ी सेना देखी, जिसमें अधिकांश स्त्रियां थी।[34] एक स्थल पर इन्द्राणी का सेनानी के रूप में वर्णन उपलब्ध होता है, वहां बताया गया है कि वह अजेय है, सेना के आगे चलती है और उसके पैरों में शक्ति है। तैत्तिरीय संहिता में कहा गया है कि इन्द्राणी सेना की देवता है। वही सेना में प्राण फूंकती है और उसके नेतृत्व में निर्बल सेना भी सबल हो जाती है।[35] इन कतिपय उदाहरणों से सिद्ध होता है कि उस समय नारियों को सैनिक शिक्षा दी जाती थी। जिसके फलस्वरूप वे वीरांगना बन जाती थी। इसके अतिरिक्त आर्य महिलाओं का युद्ध में भाग लेना उस समय की सामरिक आवश्यकता भी प्रतीत होता है।

आर्थिक स्थिति–वैदिक काल में स्त्रियों की आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बता पाना मुश्किल है। विवाह के समय जो कन्या को पति गृह जाते हुए स्नेह वश माता-पिता, भाई व रिश्तेदारों से भेंट रूप में उपहार या अन्य धन प्राप्त होता था उस पर ही उसका अधिकार होता था तथा उसे स्त्री धन कहा जाता था।[36] विवाह के समय प्राप्त होने वाले इस धन को तैत्तिरीय संहिता में पारिणाह्य कहा गया है और उस पर स्त्री का पूर्ण स्वत्व था।[37] परिवार की सम्पत्ति में भी उसका हिस्सा होता था और वह उसे स्वेच्छा से अपने पास रख सकती थीं। मनुस्मृति(3.52) में पति की मृत्यु हो जाने के पश्चात् नारी को उसके स्त्री-धन से वंचित न करने की व्यवस्था की है। स्त्री-धन के अर्न्तगत परिवार की भूमि के अतिरिक्त उसके मूल्यवान् वस्त्राभूषण भी होते थे, जिनका वह स्वयं उपयोग करती थी। सम्पत्ति में विधवा को वैदिक काल में कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं था।[38] भाई के न होने पर ही बहन का अपने पिता की सम्पत्ति पर अधिकार होता था। इसके अतिरिक्त अविवाहित कन्याएँ जो वृद्धावस्था तक पिता के घर में रहकर ही जीवन-यापन करती थीं, उनकी ओर से पिता की सम्पत्ति में अधिकार प्राप्ति हेतु ऋग्वेद संहिता(10.85,13,38) तथा अथर्ववेद संहिता(14.1.13) में प्रार्थना की गई है। पत्नी के रूप में स्त्री घर की स्वामिनी होती थी। विवाह में पुरुष को स्त्री के भरण-पोषण का पूरा दायित्व उठाने का वचन देना होता था। उस समय नारी समाज के धनोपार्जन के दो मुख्य साधन थे- गो-पालन और वस्त्र-निर्माण। वे कृषि एवं गो-पालन का कार्य किया करती थीं। इसके अतिरिक्त वस्त्र बुनतीं और दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं बनाती थीं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि नर की अपेक्षा नारी की आर्थिक स्थिति अत्यन्त कमजोर एवं सीमित थी, परन्तु, पिता, पति एवं पुत्र की छत्र-छाया में रहते हुए उसे सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक अधिकारों की तरह आर्थिक अधिकारों के उपयोग की पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त थी।

इस प्रकार वैदिक साहित्य के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि वैदिक समाज में नारी का स्थान बहुत ही उन्नत, सम्मानित, पूज्यतम और गौरवपूर्ण था। पुरुष नारी को गृहलक्ष्मी, ज्ञानदात्री सरस्वती एवं शिवकारिणी शिवा के रूप में देखता है। नारी यज्ञ, प्रशासन, न्याय, युद्ध आदि कार्यो को सम्पादित करने का अधिकार तो रखती ही थी। साथ ही ज्ञान -विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी उसकी अच्छी पैठ थी, जिसके कारण वह राष्ट्र के विकास के कार्यो में पुरुष के कन्धे से कन्धा मिलाकर हिस्सा लेती थी। वर्तमानकाल में स्त्रियाँ जिस तरह शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर, प्रतिभासम्पन्न, बलवती एवं सशक्त होती जा रही हैं, साथ ही नारियों को इक्कीसवीं सदी में अनेक अधिकार दिए जा रहे हैं और उन्हें अधिक सशक्त बनाने के प्रशंसनीय प्रयास किए जा रहे हैं। आज नारी नर के कन्धे से कन्धा मिलाकर निरन्तर उन्नति की ओर बढ़ रही है और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बहुत आगे तक जाना चाहती है, जहाँ उन्मुक्तता, सृजन एवं सबलता का अहसास हो, जहाँ उसकी प्रतिभा की पहचान हो और व्यक्तित्व का निर्माण हो। आज पुरुषों के साथ बराबर शिक्षा ग्रहण कर उसने स्त्री की परिभाषा ही बदल दी है। शिक्षा ने उसे अधिक सशक्त बनाया है और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नारी ने सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। आज महिलाएँ आत्मनिर्भर, स्वनिर्मित एवं आत्मविश्वासी हैं, जिसने पुरुष प्रधान चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता प्रदर्शित की है। वह केवल शिक्षिका, नर्स, स्त्री रोग की डाक्टर न बनकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, तकनीशियन, सेना, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों को अपना रही है। आई. पी. एस. किरण वेदी, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स आदि ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके विविध क्षेत्रों में अपने बुद्धि कौशल का परिचय दिया है। आज दुनिया में भारतीय नारी ने अपनी एक सम्मानजनक जगह कायम कर ली है। इक्कीसवीं शताब्दी की नारी राजनैतिक क्षेत्र में भी नये आयाम स्थापित कर चुकी है। राजनीति के क्षेत्रों में महिलाओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद को श्रीमती प्रतिभा पाटिल तथा प्रधानमन्त्री पद पर स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी को सुशोभित कर चुकी हैं वैदिक काल में तो नारी को पहले से ही अनेक अधिकार प्राप्त थे और उसे अबला नहीं प्रत्युत् सबला रूप में दर्शाया गया

है। तत्कालीन समय में नारियों को उपनयन का अधिकार प्राप्त था। अतएव स्त्रियाँ स्वतन्त्र रूप से शिक्षा प्राप्त करती थीं। इसी कारण शैक्षणिक, राजनैतिक, सामाजिक, अध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टि से महिलाओं की स्थिति अत्यन्त समादृत, प्रतिष्ठित एवं गौरवपूर्ण थीं। विदथ जैसी संस्थाओं में इनका सामाजिक, प्रशासनिक एवं राजनैतिक हस्तक्षेप भी था। अत: नारी का यह युग भारत के इतिहास में 'स्वर्णिम युग' था।

सन्दर्भ सूची

1. ऋग्वेद, 1.66.3
2. वही, 3.53.4
3. यजुर्वेद, 8.1, आश्वलायन गृह सूत्र, 3.8.11
4. अथर्ववेद, 11.5.18
5. ऋग्वेद, 10.7.11
6. स्त्रियश्चोयपजेरम्ना चरित्वात्। -पारस्कर गृह सूत्र, 2.20
7. अष्टाध्यायी, 4.10.48 पर महाभाष्य वार्तिक
8. ऋग्वेद, 8.91.5.6
9. तैत्तिरीय संहिता,6.1.6.5
10. शर्मा, प्रियवत, वेदों के राजनीतिक सिद्धान्त, मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, नई दिल्ली पृ. 203-205
11. अहं वदामि नेत्त्वं सभायामह त्वं वद। अथर्ववेद, 7.38.4
    सत्याय च तपसे देवताभ्यो निधिं शेवधिं परि दध्य एतम्। अव गान्मा समित्यां। अथर्ववेद, 12.3.46
    यत्समित्यां यद्धा वदा वित्तकाम्या। अथर्ववेद, 12.3.52
12. यजुर्वेद, 10. 26-27
13. ऋग्वेद, 4.18.6
14. ऋग्वेद, 10.134.6, 10.154.3, 10.108.2
15. अध: पश्यस्व मोपरि सन्तरां पादकौ हर।
    मा ते कशप्लकौ दृशन्स्त्री हि ब्रह्म बभूविथ।। वही, 8.33.19
16. मा विदन् परिपन्थिनो य आसीदन्ति दंपती। वही, 10.85.32
    पावका न सरस्वती.....। वही, 1.3.10-11
17. इमा नारीरविधवा: सुपत्नीरांजनेन सर्पिषा सं विशन्तु।
    अनश्रवोऽनमीवा: सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे।। वही, 10.18.7
18. ऋग्वेद, 5.53.15, 5.1.73
19. अर्थववेद, 11.1.17-27
20. ऋग्वेद, 5.28.1
21. कुमार, डॉ. दीपक, भारतीय संस्कृति, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2011, पृ. 131
22. नारी समनं वाव गच्छति। ऋग्वेद, 10.86.10
    गच्छन्ति समनं न योष:। वही, 10.168.2
    अभिप्रवन्त समनेव योष:। वही, 4.58.8
23. सम्राज्ञी श्वसुरे भव सम्राज्ञी श्वश्रवा भव।
    ननान्दरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधिदेवेषु। । वही, 10.85.46
24. अथर्ववेद, 14.1.43
25. शर्मा, डॉ. मालती, वैदिक संहिताओं में नारी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1990, पृ. 197
26. अदुमंगली: पतिलोकमा विश शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे। अर्थववेद, 10.85.43
    सुमंगलीरियं वधू:। वही, 10.85.33
27. तमस्मेरा युवतयो युवानं मर्मृज्यमाना: परियन्त्यापः।
    स शुक्रेभि: शिक्रभि: रेवदस्मे दीदायनिध्मो घृतनिर्णिगप्सु।। वही, 2.35.4
28. वही, 3.55.16, 1.123.10
29. उदीष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुप शेष एहि।
    हस्तग्रामस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जमित्वमभि संवभूव।। वही, 10.18.8
30. विधवेव देवरं देवर: तस्मादद्द्वितीयो वर उच्यते।। निरुक्त, 1.3.15
31. अथर्ववेद, 9/5/27-28
32. गृहान्गच्छ गृहपत्नी यथासो वशिनी त्वं विदथमा वदासि। वही,10.85.26
33. ऋग्वेद, 1.116.15
    वही, 10.102.2 और 10.86.9
34. स्त्रियो हि दास आयुधनि चक्रे किं मा करन्नबला अस्य सेना:।
    अन्तर्ह्यख्यदुभे अस्य धेने अथोप प्रैद्युधये दस्युमिन्द्र:।। वही, 5.30.9
35. इन्द्राणी वै सेनायै देवता।सैवास्य सेनां सं श्यति। तैत्तिरीय संहिता, 2.2.8.1
36. मिश्र, डॉ. जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2013, पृ. 417
37. पत्नी वै पारिणाह्यस्य ईश:। तैत्तिरीय संहिता, 6.2.1.1
38. वही, 6.5.4.2

झारखण्ड के कँवर आदिवासियों में स्वास्थ्य सम्बन्धी अवधारणाएँ एवं मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाएँ

मीना कुमारी

शोधार्थी, सेंटर फॉर ट्राइबल एंड कस्टमरी लॉ, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखण्ड, रांची (झारखण्ड)

शमशेर आलम

प्राध्यापक, सेंटर फॉर ट्राइबल एंड कस्टमरी लॉ, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखण्ड, रांची (झारखण्ड)

शोध सारांश

भारत गणराज्य के आदिवासी बहुल झारखण्ड राज्य के 24 जिलों में व्याप्त 32 आदिवासी समूहों में से एक जनजाति कंवर है। किसी भी मानव समूह की भाँति उनमें भी बीमारी एवं स्वास्थ संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए अपनी पारंपरिक उपचार पद्धतियों का प्रचलन मौजूद है। वर्तमान शोध-पत्र में उनकी स्वास्थ्य संबंधी अवधारणाएं तथा उनके बीच व्याप्त शारीरिक विकारों के उपचार हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली मानवजाति चिकित्सीय उपायों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। अध्ययन में 35 व्याधियों का उल्लेख किया गया है जिनके विवरण में उन बीमारियों के मेडिकल नाम, उनके स्थानीय नाम, उनके लक्षण, इलाज हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले उपायों तथा उनके उपयोग के तरीकों को प्रस्तुत किया गया है। शोध परिणाम मार्च-अप्रैल 2011 के दौरान झारखण्ड राज्य के सिमडेगा जिले के कुरडेग ब्लॉक के बड़कीब्युरा गाँव में कँवर आदिवासियों के बीच किये गए क्षेत्र-कार्य पर आधारित है।

संकेताक्षर : *झारखण्ड, कंवर, एथनो-मेडिसिन, मानवजाति चिकित्सा, ट्रेडिशनल नॉलेज*

आदिकाल से मनुष्य अपने स्वास्थ्य संबंधी विकारों से निपटने के लिए परिक्षण-त्रुटि *(ट्रायल एंड एरर)* विधि का प्रयोग करता आ रहा है। शुरूआती समय में जादू-टोना, धार्मिक उपचार, परालौकिक विधियाँ या पेड़-पौधों के कुछ भाग या कोई भोज्य पदार्थ से राहत मिलने से उसका, उन पर विश्वास बढ़ा। सफलता मिलने के साथ-साथ लोगों ने अपना परीक्षण जारी रखा तथा पीढ़ी दर पीढ़ी यह अनुभवजन्य ज्ञान *(इम्पेरिकल नॉलेज)* आज के आधुनिक *बायो-मेडिसिन* तथा वैकल्पिक उपचार पद्धतियों के रूप में उद्विकसित हुआ।[1] इन वैकल्पिक उपचार पद्धतियों को उनके उपयोग में भिन्नता के आधार पर सामान्यत: चार प्रमुख भागों में वर्गीकृत किया जाता है। पहला *ट्रेडिशनल मेडिसिन*, जो की पारम्परिक समय से लिखित स्वरूप में आज भी हमारे बीच विद्यमान है, जैसे कि - आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी आदि। दूसरा *एथ्नोमेडिसिन/ फोल्क मेडिसिन*, जिसका ज्ञान ज़्यादातर मौखिक तथा अलिखित स्वरुप में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित हो कर वर्तमान समय तक चला आ रहा है। तीसरा, *स्पिरिचुअल/शमनिस्टिक मेडिसिन* जिनके उपचार प्रविधि में परालौकिक शक्तियों का प्रमुख योगदान होता है, तथा चौथा *अलाइड फॉर्मस ऑफ हेल्थ नॉलेज* जिसमें - योगा, समाधि, ध्यान आदि प्रकार के उपचार प्रविधियों का समायोजन होता है।[2]

भारत में 600 से ज्यादा आदिवासी समूह हैं। इन सभी समूहों में स्वास्थ्य विकारों से निपटने के लिए मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाओं का उपयोग किया जाता है। झारखंड के संदर्भ में बात की जाए तो यहाँ के 24 जिलों में व्याप्त सभी 32 आदिवासी समूहों में भी मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाओं का व्यवहार देखा जाता है। तथाकथित रूप से इन्हें आर्थिक, शैक्षिक, जनसांख्यकीय तथा प्रौद्योगिकीय रुप से पिछड़ा माना जाता है, परन्तु चिकित्सा संबंधी पारंपरिक ज्ञान के परिप्रेक्ष्य में ये बहुत ही धनी है। यह ज्ञान उनके अभौतिक सांस्कृतिक विरासत का द्योतक है। अलिखित होने तथा आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव के कारण यह ज्ञान धीरे-धीरे लुप्त होने की ओर अग्रसर हो रहा है। इस पारम्परिक ज्ञान को बचाने के लिए इनका दस्तावेजीकरण करना बहुत ही जरुरी है। इस महत्वपूर्ण पक्ष को ध्यान मे रखते हुए वर्तमान अध्ययन में झारखंड राज्य के कंवर आदिवासियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाओं को अभिलेखित करने का प्रयास किया गया है। इस प्रयास में झारखण्ड में किये गए कुछ पूर्ववर्ती अध्ययन उल्लेखनीय है।

पूर्ववर्ती अध्ययन

झारखण्ड 15 नवम्बर 2000 के दिन, बिहार राज्य से अलग होकर, अस्तित्व में आया। आदिवासी बहुल राज्य की स्थापना के समय झा (2000) के द्वारा पीलिया के उपचार के लिए छोटानागपुर के आदिवासियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले पेड़-पौधों के बारे में अध्ययन किया गया।[3] वर्ष 2003 में प्रशांत कुमार मिश्रा ने राज्य के औषधीय वनस्पतियों का वर्णन कर उनके उपचार के तरीकों तथा उनसे ठीक होने वाले विकारों का विवरण प्रस्तुत किया।[4] कालान्तर में पी. कुमारी (2006) ने राज्य के आदिम समूहों में बीमारी एवं उनके उपचार संबंधी प्रचलनों का वर्णन पी. दास शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक में किया।[5] आगामी वर्षो में मानवजाति चिकित्सा विज्ञान में शोध-कार्य जारी रहे। रबिश चंद्रा तथा उनके सहयोगियों ने 2007 में राँची जिले में प्रचलित पारंपरिक उपचार पद्धतियों का विस्तारपूर्वक चित्रण अपने शोध-पत्र में प्रस्तुत किया।[6] वर्ष 2009 में आई. पी. गुप्ता एवं उनके सहयोगियों ने झारखण्ड के राँची जिले के ओरमांझी ब्लॉक में ओझा, पाहन समेत अन्य चिकित्सकीय मानवों की भूमिका व उनके द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले जड़ी-बूटियों का विवरण दिया।[7] आगामी वर्ष 2010 में शीतल मिंज एवं कुनुल कंडीर ने राज्य के राँची जिले के आदिवासी पुरुषों में नपुंसकता से मुक्ति के लिए प्रयुक्त औषधियों का उल्लेख प्रस्तुत किया।[8] उसी साल कंडीर (2010) ने अपने दूसरे शोध-पत्र में झारखण्ड में मधुमेह के लिए उपचार हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले *एथनो-मेडिसिनल* उपायों पर प्रकाश डाला।[9]

पिछले दशक की तुलना में वर्तमान दशक में झारखण्ड में मानवजाति चिकित्सकीय संबंधी शोधों में तेजी आई है। वर्ष 2012 में कुमार एवं अब्बास ने झारखण्ड के साल के जंगलों में तथा आस-पास रहने वाले आदिवासियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाली जड़ी-बूटियों का अध्ययन कर यह बात प्रकाश में लाया कि उनके प्रयोग का स्वरुप एवं विन्यास बहुत हद तक उनके वानस्पतिक वितरण पर निर्भर करता है।[10] इस क्रम को जारी रखते हुए मोण्डल एवं रहमान ने 2012 में राज्य के दुमका जिले में आदिवासियों द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले देशज चिकित्सकीय उपायों को एकीकृत करने का प्रयास किया।[11] वर्ष 2014 की बात की जाए तो उस साल जहाँ एक ओर कुमारी एवं महाता (2014)[12] ने राज्य के सिंहभूम पठार में प्रचलित मानवजातीय औषधीय उपचारों पर प्रकाश डाला, वहीं दूसरी ओर मरांडी एवं ब्रिटो (2014)[13] ने राज्य के लातेहार जिले के उराँव आदिवासियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले स्थानीय *एथनो-मेडिसिनल* उपचार पद्धतियों को उजागर करने का प्रयास किया।

आगामी वर्ष अर्थात 2015 में भी मानवजाति चिकित्सा संबंधी शोध जारी रहे। इस वर्ष कल्पना प्रसाद (2015)[14] ने बोकारो जिले के औषधीय पौधों की वस्तु-स्थिति पर प्रकाश डाला। इस क्रम में दिवाकर एवं प्रसाद (2015)[15] ने राज्य के लातेहार एवं हजारीबाग जिले में पाए जाने वाले *इनवेसिव एलियन* वनस्पति प्रजातियों के औषधीय गुणों का मुण्डा और बिरहोर आदिवासी समूहों में उपयोग, पर अध्ययन किया। गितांजलि सिंह एवं ज्योति कुमार (2015)[16] ने खूँटी जिले के मुण्डा आदिवासी समूह में रतालू के औषधीय गुणों का वर्णन प्रस्तुत किया। सलोमी कुजूर एवं कंडीर (2015)[17] ने राज्य में प्रचलित पेय 'हड़िया' के बनाने के क्रम में उपयोग में लाये जाने वाले औषधीय जड़ी-बूटियों के बारे में वर्णन किया तथा दारा सिंह गुप्ता एवं सहयोगियों (2015)[18] ने रांची के तमाड़ ब्लॉक में उपयोग होने वाली मानवजाति चिकित्सकीय जड़ी-बूटियों के बारे में शोध-पत्र प्रकाशित किया। पिछले वर्ष-2016 मे किये गए अध्ययनों में हेमकांत झा एवं सहयोगियों (2016)[19] द्वारा राज्य के संथाल परगना में रहने वाले पहाड़िया आदिवासियों के मानवजाति चिकित्सकीय उपायों पर शोध तथा गीतांजलि एवं ज्योति कुमार (2016)[20] द्वारा राज्य के खूंटी जिले में रहने वाले मुंडा आदिवासियों में प्रचलित पेड़-पौधों से उपचार पद्धतियों का वर्णन - प्रमुख रूप से शामिल रहे।

शोध-प्रविधि

अध्ययन के लिए झारखण्ड राज्य के सिमडेगा जिले के कुरडेग ब्लॉक के बड़कीब्युरा गाँव में 30 मार्च 2011 से 13 अप्रैल 2011 तक कंवर आदिवासियों के बीच क्षेत्र कार्य किया गया। पहले 3-4 दिनों में गाँव के लोगों के साथ अनुकूलता स्थापित करने के उपरांत अध्ययन संबंधी प्रमुख सूचना-दाताओं को *स्नोबॉल सैम्पलिंग* द्वारा चिह्नित किया गया। उसके बाद उनसे सहभागी अवलोकन, साक्षात्कार तथा अनुसूची प्रविधियों का उपयोग करते हुए मानवजाति चिकित्सा संबंधी तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सूचनाएं एकत्र की गयी। सहभागी अवलोकन से लोक-चिकित्सा विज्ञान संबंधी तथ्य जैसे कि धार्मिक प्रथाएँ, भूत-भगाना, स्वास्थ्य संबंधी अवधारणाएं, झाड़-फूंक, जड़ी-बूटियों के उपयोग आदि पर जानकारी प्राप्त की गयी। साक्षात्कार के माध्यम से गाँव में रोगों के समाधान से जुड़े लोगों से उनके बीमारी संबंधी अनुभव, जड़ी-बूटियाँ, पारलौकिक उपचार आदि के बारे में सूचना ली गयी तथा अनुसूची द्वारा कंवर आदिवासियों के बीच व्याप्त बीमारियों के स्थानीय नाम तथा उपचार के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाओं के बारे में जानकारियाँ संकलित की गयी।

शोध-क्षेत्र

भारत गणराज्य एशिया महाद्वीप के दक्षिणी भाग में अवस्थित एक प्रमुख देश है। 32,87,263 वर्ग किमी भू-भाग के साथ यह क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में सातवाँ स्थान रखता है तथा 2011 सेन्सस के अनुसार 1,21,01,93,422 लोगों की जनसंख्या, इसे चीन के बाद दूसरी सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बनाता है।[21] विश्व मानचित्र पर भारत देश का विस्तार $68^0$07' पूर्व देशान्तर से $97^0$25' पूर्व देशान्तर तथा $08^0$04' उत्तर अक्षांश से $37^0$06' उत्तर अक्षांश तक है (गूगल मैप्स, 2017)। प्रशासनिक रूप से पूरे भारत देश को 29 राज्यों तथा 07 केन्द्र शासित प्रदेशों में बाँटा गया है। इन 29 राज्यों में से एक राज्य झारखण्ड है। 79,714 वर्ग किमी भू-क्षेत्र के साथ यह राज्यों में 15वाँ स्थान पर है तथा 3,29,66,238 की जनसंख्या (2011 सेन्सस) इसे 13वें स्थान पर स्थापित करती है। राज्य निर्माण के समय झारखण्ड में कुल 18 जिले थे परन्तु प्रशासनिक व्यवस्था में सुदृढ़ता लाने के लिए छ: नए जिलों का निर्माण किया गया जिसके बाद राज्य में कुल 24 जिले हो गए। इन 24 जिलों में से एक जिला सिमडेगा है।

सिमडेगा जिले को कुल 10 ब्लॉकों में विभक्त किया गया है। इन 10 ब्लॉको में से एक ब्लॉक कुरडेग है। कुरडेग के अंतर्गत कुल 15 ग्राम पंचायत हैं। इन 15 पंचायतों में से एक ग्राम बड़कीब्युरा है। इसके अंतर्गत 2 राजस्व गाँव पड़ते हैं, लबडेरा तथा बड़कीब्युरा। मानचित्र के अनुसार बड़कीब्युरा राजस्व गाँव की ज्यामितीय अवस्थिती अक्षांश $22^0$35' 02.1618'' उत्तर तथा देशान्तर $84^0$06' 15.0012'' पूर्व है (गूगल मैप्स, 2017)। गाँव से जिला मुख्यालय लगभग 45 किमी की दूरी पर स्थित है तथा कुरडेग ब्लॉक से इसकी दूरी 7-8 किमी है। बड़कीब्युरा गाँव में कई छोटे-छोटे टोले हैं। उनमें से बड़कीब्युरा-खास, ड़ोंगा पानी, गरबु टांड, ऊरुम केला, भैंसा मारा, फुटकु सराय, सराय पानी, चेंगझरिया, टुकु पानी, बरगोड़ा, गिरांग, रावण खोता, बंदर खासा, करमड़ीह, रंगमटिया, करमटोली तथा केराकचार कुछ प्रमुख टोले हैं। इन टोलों में रहने वाली विभिन्न जनजातियों में कंवर सर्वाधिक संख्या में है। उनके अलावा खड़िया, चीक-बड़ाइक, लोहरा, खैरवार, कोरवा, उराँव तथा लोहरा आदिवासियों का भी यहाँ निवास है।

बड़कीब्युरा गाँव के कंवर

कंवर मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के रायगढ़, बिलासपुर, सरगुजा, रायपुर तथा राजनांदगांव जिलों में निवास करते हैं। झारखंड में रहने वाले कंवर उन्हीं का विस्तार हैं। झारखंड में कंवर को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में विधि एवं न्याय मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा 8 जनवरी 2003 को गजट में प्रकाशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आर्डर (संशोधन) एक्ट 2002, के तहत सम्मिलित किया गया। दंत कथाओं के अनुसार कंवर अपना उद्गम महाभारत के कौरवों से मानते हैं। महाभारत के युद्ध में कौरवों के पराजय के बाद दो गर्भवती महिलाएं भागकर छत्तीसगढ़ के महानदी के उत्तर के पहाड़ी क्षेत्र में आ गई। एक ने चरवाहे तथा दूसरे ने धोबी के घर में शरण लिया, जहाँ उन्होंने एक लड़का और एक लड़की को जन्म दिया। मान्यताओं के अनुसार वही लड़का एवं लड़की इस जनजातीय समूह के पूर्वज माने जाते हैं। इस प्रकार कंवर अपने को कौरव पूर्वजों के उत्तरजीवियों के रूप में स्वीकारते हैं। प्रजातीय दृष्टिकोण से कंवर आदिवासियों को प्रोटो-ओस्ट्रोलॉयड वर्ग में रखा गया है।[22] सामान्यत: उनकी त्वचा का रंग काला, नाक चौड़ा, होठ मोटा, कद मध्यम, मुख चौड़ा, तथा बाल काले एवं खुरदरे होते हैं।

बड़कीब्युरा में कंवर आदिवासियों के घर मुख्यत: मिट्टी के बने हैं। छत खपरैल तथा घर में एक-दो कमरों के साथ एक बरामदा जरूर होता है। घर की फर्श मिट्टी से बनी होती है तथा गोबर या मिट्टी से नीपी हुई होती है। घर में सामान के नाम पर एकाध खाट, पीढ़ा, मचिया, संदूक, चटाई तथा अल्युमिनियम या स्टील के बर्तन पाये जाते हैं। इसके अतिरक्ति घर में शिकार के लिए तीर-धनुष, मछली मारने के लिए कुमनी जाल तथा कृषि संबंधी उपकरण जैसे की कुदाल, कुल्हाडी, झाडू, सूप, टोकरी, गैंती, खुरपी आदि देखने को मिल जाएंगे। वर्तमान समय में वैश्वीकरण का प्रभाव साफ तौर से देखा जा सकता है। परिवार की आर्थिक स्थिति के अनुसार घर में प्लास्टिक कुर्सी, पलंग, मोबाईल-फोन, सोलर लैम्प, रेडियो, टीवी, सीडी/डीवीडी प्लेयर, डीटीएच आदि मौजूद होते हैं।

सामान्य दिनचर्या में पुरुष धोती, लुंगी, बनियान तथा गमछा का प्रयोग करते हैं तथा औरतें साड़ी पहनती हैं, परन्तु आधुनिकता के प्रभाव के कारण परिवर्तन आने लग गए हैं। पुरुष अब *पैन्ट शर्ट* तथा महिलाएँ साड़ी के साथ *ब्लॉउज* भी पहनने लग गई हैं। अंत:-वस्त्रों का प्रयोग दोनों लिंगों द्वारा किया जाने लगा है। किशोर एवं कम उम्र के लड़के *जीन्स, टी-शर्ट, हाफ-पैन्ट* आदि अन्य आधुनिक वस्त्रों को ज्यादा पसंद करते हैं तथा किशोरियाँ सलवार-सूट और लड़कियाँ *फ्रॉक* पहने देखी जा सकती हैं। साज सज्जा के लिए महिलाऐं ललाट, नाक, कान, गला, उँगली तथा पैरों में चाँदी के आभूषण का प्रयोग करती हैं। *बॉडी टैटू* (गोदना) का प्रचलन अब अपने ढ़लान पर है तथा शहरीकरण के प्रभाव में सौन्दर्य प्रसाधन जैसे कि *नेल-पॉलिश, लिप-स्टिक, क्रीम, पॉउडर*, काजल आदि का उपयोग युवतियों तथा लड़कियों में जोर पकड़ता देखा जा सकता है।

गाँव के कंवर मुख्यत: खेती पर निर्भर हैं परन्तु गाँव में कुछ ही लोगों के पास उनकी खुद की कृषि-भूमि है। जिनके पास अपनी जमीन नहीं है, वो दूसरों के खेतों में मजदूरी करते हैं। खेती में प्रमुख रूप से चावल, उड़द दाल, सरसों, कुर्थी, अरहर, गेहूँ, मकई तथा बादाम की खेती की जाती है। इसके अलावा

मौसम के अनुरूप सब्जी जैसे कि खीरा, बोदी, आलू, लहसुन, प्याज, चना, हल्दी, अदरक, पत्ता-गोभी, कोहड़ा, लौकी, कान्दा, टमाटर, भिन्डी, पेक्ची आदि भी उपजाये जाते हैं। खेती के अतिरिक्त महुआ बेचना, ताड़ी/हड़िया बनाना, तेन्दु पत्तों की बिक्री, पत्तल-दोना बनाना, लकड़ी बेचना, मुर्गी, बकरी, गाय-भैंस तथा सूअर पालन, मधु निकलना, जड़ी-बूटी बेचना, आदि गाँव में जीविकोपार्जन के अन्य प्रमुख साधनों में से है। आर्थिक सुदृढता के लिए लगभग सभी कवंर अपने पेशे के साथ-साथ गाँव में चल रहे *महात्मा गाँधी नरेगा* स्कीम के अन्तर्गत काम भी करते हैं। बेरोजगारी के कारण आजकल युवाओं में रोजगार के लिए पलायन देखा जा रहा है। 15-35 साल तक के ज़्यादातर किशोर - राँची, कोलकाता, दिल्ली, मुंबई तथा अंडमान-निकोबार में ठेका मजदूर के रूप में काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं। गाँव के कुछ पढ़े-लिखे कंवर अपनी दुकान चला रहे हैं, कुछ ईंटा-भट्ठी चलाते हैं, कुछ शिक्षण के क्षेत्र में हैं तथा कुछ क्षेत्रीय एनजीओ से भी जुड़े हुए हैं।

बड़कीब्युरा में कंवर पितृसत्तात्मक, पितृवंशीय तथा पितृस्थानीय हैं। उनमें सामान्यत: एकल परिवार का चलन है जिसमें पति-पत्नी और उनके अविवाहित संतानें शामिल होती हैं। उत्तराधिकार पुरुष-पंक्ति में चलता है। कंवर आदिवासी आठ अन्तर्विवाही वर्गो में विभक्त हैं - दूध कंवर, तनवर या नागवंशी कंवर, कमलवंशी कंवर, पैकरा कंवर, राठिया कंवर, चेरवा कंवर, रावतिया कंवर एवं चांटी कंवर। ये सभी ढेर सारे बहिर्विवाही गोत्रों में विभक्त हैं। गोत्र का निर्धारण जन्म के आधार पर होता है तथा एक ही गोत्र में विवाह करना वर्जित है। बच्चे अपने पिता के गोत्र को ग्रहण करते है तथा पत्नी अपने पति के गोत्र को अपनाती है। गाँव में व्याप्त कुछ प्रमुख गोत्र समूहों में आण्डिल, बिच्छी, बिलवा, बोकरा, चुवा, चंपा, ढेक़ी, हुण्डार, कोठी, मामा, महादेव, नुनमुतारिया, सुआ एवं तेलासी शामिल हैं। राजनैतिक संगठन की बात की जाए तो गाँव के संचालन और नियंत्रण के लिए गाँव में परंपरागत जाति-पंचायत व्यवस्था मौजूद है। इसका संचालन *प्रधान* द्वारा होता है। यह गांव में झगड़ों का निपटारा, यौन व्यभिचार, चोरी, भूमि विवाद तथा अपराध आदि से संबंधित मामलों को सुलझाने का कार्य करती है। झारखण्ड में वर्ष 2010 में पंचायत चुनाव संपन्न हुए है। इस कारण अब गांव में सरकारी पंचायतें भी चलने लग गई हैं। गाँव में वार्ड सदस्य, उप-मुखिया, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा पार्षद अस्तित्व में आ गए हैं। उनके अस्तित्व में आ जाने के कारण परंपरागत पंचायतें कमजोर पड़ने लगी हैं। गाँव में लोग अब उनको ज्यादा महत्व देते हैं।

शोध-क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं

गाँव में केवल एक स्वास्थ्य उपकेन्द्र है, जहाँ कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहता। वहाँ मात्र एक *औक्ज़िलरी नर्स एंड मिडवाइफ.* (एएनएम) तथा एक सहायक कार्यरत है। समीपवर्ती उपकेंद्रों में मानव संसाधन की कमी के कारण एएनएम सप्ताह में केवल एक या दो दिन ही यहाँ अपनी सेवाएँ दे पाती हैं। गाँव में मरीजों की देख-रेख ज़्यादातर सहायक के जिम्मे रहता है। उपकेन्द्र में दवाइयों का नितान्त अभाव है। सुविधाओं के नाम पर केवल सर्दी-खाँसी, घाव, कुपोषण, खुजली तथा कुष्ठ रोग संबंधी दवाइयां उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा मुफ्त कंडोम तथा महिलाओं के लिए कॉपर-टी यहाँ उपलब्ध रहता है। अन्य किसी भी प्रकार के विकार एवं *पैथोलॉजिकल* परीक्षणों के लिए ग्रामीणों को कुरडेग, सिमडेगा, जशपुर (छत्तीसगढ़) या राँची जाना पड़ता है। गाँव में एक आंगनबाड़ी केन्द्र है, जहाँ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, उनके लिए *आईरन-विटामिन* की गोलियों का वितरण, नामांकित बच्चों के बीच पोषाहार का वितरण तथा गाँव में प्राथमिक चिकित्सकीय ज्ञान को प्रसारित करने का कार्य किया जाता है। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि बड़कीब्युरा गाँव में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का स्तर काफी निम्न है।

कंवर आदिवासियों में स्वास्थ्य संबंधी अवधारणाएं

तथाकथित सभ्य समाज तथा आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में किसी भी बीमारी या स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के पीछे व्याप्त वैज्ञानिक कारणों तथा उसके हल को ढूंढ़ने पर जोर दिया जाता है। इसके विपरीत आदिवासी तथा तथाकथित कम विकसित समाजों में अस्वस्थता के पीछे अलौकिक शक्तियाँ या मानवीय कारकों को जिम्मेदार माना जाता है। कुछ ऐसी ही धारणा बड़कीब्युरा के कंवर आदिवासियों में भी देखने को मिली। इन अवधारणाओं तथा मान्यताओं को उनके बीमारी के दौरान व्यवहार में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

गाँव में चेचक होने पर लोगों में मान्यता है कि रोगी पर *देवी माँ* आई हुई हैं। चिकित्सक मानव या ओझा को बुलाकर उसे मंत्रों द्वारा झाड़ा जाता है। बुखार कम करने के लिए उसे प्रतिदिन पीसा हुआ नीम एवं गुड़ पिलाया जाता है तथा नीम युक्त पानी से नहाने की सलाह दी जाती है। चावल की सात रोटियाँ, नारियल, अगरबत्ती तथा लाल फूल के साथ 3-5 दिनों तक *देवी माँ* की पूजा की जाती है। पूजा समाप्ति के बाद, प्रयोग में लाई गई सामग्रियों को गाँव के चौराहे पर रख दिया जाता है। बीमारी के दौरान रोगी पर दैवीय नाराजगी का प्रकोप माना जाता है। गाँव के लोग इस दौरान रोगी से बिल्कुल नहीं मिलते-जुलते हैं तथा रोगी को भी काम करने की मनाही होती है। लोगों के अनुसार पूजा-पाठ तथा इन निषेधों के पालन से *देवी माँ* की नाराजगी कम हो जाएगी तथा धीरे-धीरे प्रभावित व्यक्ति के हालत में सुधार आने लगेगा।

गाँव में मलेरिया के संबंध में भी मिलती-जुलती धारणा देखी गई। कंवर आदिवासियों के अनुसार यदि व्यक्ति को लगातार कंप-

कंपाती ठंड के साथ बुखार तथा उल्टी हो तो, उस पर बुरी आत्मा का प्रकोप माना जाता है। व्यक्ति के काँपने तथा ज्वर को आत्मा के क्रोध के रूप में देखा जाता है। ऐसी परिस्थिति में इलाज के लिए चिकित्सक मानव या ओझा 3-4 दिनों तक प्रभावित व्यक्ति को झाड़ते हैं तथा लाल मुर्गे की बलि दी जाती है। मच्छर द्वारा काटे जाने पर मलेरिया होता है - यह वैज्ञानिक अवधारणा, उनमें बहुत कम देखी जाती है। गाँव में कुछ बच्चों की मृत्यु के बाद से बुखार के परिप्रेक्ष्य में लोगों के विश्वास में परिवर्तन आना शुरू हो गया है, तथा लोग अब अपने बच्चों को अस्पताल ले जाना ज्यादा हितकर समझते हैं। कान में घाव होने या पक जाने को लोग एक प्राकृतिक अवस्था मानते हैं तथा इसके उपचार हेतु गाँव के चिकित्सक मानव (वैद्य) द्वारा दिए गए तेल का प्रयोग करते हैं। चिकित्सक मानव उस तेल में कुछ मंत्रों को पढ़ कर मरीज को प्रयोग के लिए देते हैं। स्थिति विकट होने पर झाड़-फूंक करने की भी सलाह दी जाती है। अनपच तथा डकार आने के संबंध में गाँव में यह विश्वास व्याप्त है कि प्रभावित व्यक्ति को किसी की बुरी नजर लग गई है। इस कारण उसके द्वारा ग्रहण किया गया भोजन नहीं पच पाया। बुरी नजर के अलावा कभी-कभी लोग बदलते मौसम को भी इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं। एक-दो दिनों तक ऐसी परिस्थिति की अनदेखी की जाती है परन्तु यदि उसके बाद भी यह बना रहे, तब इसे गंभीरता से लेते हुए चिकित्सक मानव को संपर्क किया जाता है। उनके द्वारा जड़ी-बूटियों के अलावा खाने से पहले कुछ मंत्रों का जाप करने को कहा जाता है।

दमा से ग्रसित व्यक्ति की लगातार खाँसी तथा साँस लेने में परेशानी को देखकर लोग यह मानते हैं कि रोगी की आत्मा पर किसी बुरी आत्मा ने अपना अधिकार कर लिया है। खाँसी को लोग मामूली समझ कर नजर अंदाज करते हैं तथा इसी कारण यह बढ़ते-बढ़ते टी. बी. का विकराल रूप धारण कर लेता है। स्थिति अत्यधिक खराब होने पर ही लोग चिकित्सक मानव के पास जाते हैं। वह उन्हें जड़ी-बूटियों के अलावा मंत्रों द्वारा झाड़ते हैं तथा खाने संबंधी कुछ निषेधों को पालन करने की सलाह देते है। शरीर में खून की कमी के कारण स्वास्थ्य में आई गड़बड़ियों को गाँव के लोग देवी-देवताओं की नाराजगी के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार प्रभावित व्यक्ति ने पूर्व में जरूर कोई ऐसा कार्य किया होगा जिस कारण देवी-देवता उनसे खिन्न है तथा दण्ड-स्वरूप उन्हें इस परिस्थिति से शापित किया गया है। इस परिस्थिति से निपटने के लिए रूष्ट हुए देवी-देवता की आराधना के साथ-साथ बलि देने का चलन कंवर आदिवासियों में सामान्य बात है।

मधुमेह को गाँव के लोग चीनी-बीमारी के नाम से जानते हैं। कुछ पढ़े-लिखे लोगों को छोड़कर, लगभग पूरे बड़कीब्युरा में माना जाता है की यह प्रभावित व्यक्ति के इस जन्म अथवा पूर्व जन्मों के बुरे कर्मों का नतीजा है, जिस कारण अब उसे चावल, आलू, चीनी आदि खाने की मनाही हो गई है। यह मनाही चिकित्सक मानवों द्वारा लगायी जाती है तथा जड़ी-बूटियों के सेवन के अलावा खाद्य संबंधी निषेधों का तत्परता से पालन करने की सलाह दी जाती है। मिर्गी को लेकर गाँव वासियों में धारणा है कि प्रभावित व्यक्ति के अंदर प्रेतात्मा का वास हो गया है तथा वह यदा-कदा शरीर से बाहर निकलने का प्रयास करता है। उनके अनुसार यह एक असामान्य परिस्थिति है जिसमें अलौकिक शक्ति काफी समय तक व्यक्ति के शरीर में मौजूद रहती है। बेहोशी की हालत में किसी को भी प्रभावित व्यक्ति के पास जाने की मनाही होती है। इलाज के लिए झाड़-फूंक, मंत्रों से सिद्ध-जल तथा ताबीज़ की सलाह दी जाती है एवं उस दौरान घर में बने खाने-पीने के समान के अलावा कुछ और खाद्य-पदार्थ को ग्रहण करना वर्जित होता है। इसी प्रकार अन्य बीमारियाँ जैसे भगन्दर, पीलिया, दाद, अनियमित मासिक धर्म, गठिया, पेशाब में खून आदि को भी लोग परालौकिक कारणों के साथ जोड़कर देखते हैं।

बड़कीब्युरा के कंवर आदिवासियों में बीमारी एवं अस्वस्थता को लेकर इन अवधारणाओं से यह बात काफी हद तक स्पष्ट हो जाती है कि लोग अपने शारीरिक तथा मानसिक कष्टों के लिए बुरी आत्माओं का शरीर में प्रवेश, देवी-देवताओं की नाराज़गी, किसी आत्मा या भगवान का अनादर, परिवार पर बुरी आत्माओं का प्रकोप, डायन-बिसाही या बुरी नज़र को ही जिम्मेवार मानते हैं। ग्रामीणों में यह भी विश्वास व्याप्त है कि यदि उनके द्वारा सामाजिक, धार्मिक या जंगल/कृषि संबंधी कोई भी निषेध की अवहेलना की जाएगी, तो उनके देवी-देवता नाराज हो जायेंगे तथा दण्ड स्वरूप उन्हें बीमारी या शारीरिक कष्टों से गुजरना होगा। इस कारण गाँव के लोग बिमारी या अस्वस्थता को दैवीय दण्ड के रूप में देखते हैं। आदिवासी ग्रामीणों के समान, चिकित्सक मानव भी परालौकिक शक्तियों की नाराजगी तथा उनके विरूद्ध किए कार्यों को ही बीमारी के लिए उत्तरदायी कारक मानते हैं। पूरे कंवर समाज में इसी सोच के कारण गाँव के लोग बीमारियों के ईलाज के लिए डॉक्टर से ज्यादा चिकित्सक मानव या ओझाओं पर विश्वास करते हैं। ग्रामवासी अपने अनुभव तथा बीमारियों के लक्षण के आधार पर यह जानते है कि उन्हें घरेलू उपचार करना है या चिकित्सक मानव के पास जाना है। यदि सर्दी-खाँसी, बदन-दर्द, सर-दर्द जैसा मामूली विकार है तो उसे काफी सामान्य तरीके से लिया जाता है तथा किसी प्रकार के परालौकिक कारकों से जोड़कर नहीं देखा जाता है। उन्हें घरेलू नुस्खों से ठीक करने की कोशिश की जाती है। इसके विपरीत, यदि कोई गंभीर विकार उत्पन्न हो जाए तो तुरन्त ही चिकित्सक मानव से संपर्क साधा जाता है। जाँच के उपरान्त जड़ी-बूटी या झाड़-फूंक की सलाह दी जाती है। सामान्यत: इन गंभीर परिस्थितियों के लिए परालौकिक शक्तियों को उत्तरदायी माना जाता है तथा झाड़-फूंक, जड़ी-बूटी

के अलावा बलि भी दी जाती है। मान्यता यह होती है कि बलि से प्रसन्न होकर वह शक्ति मरीज को छोड़ देगा/देगी तथा इससे वह व्यक्ति रोग मुक्त हो जाएगा।

कंवर आदिवासियों में मानवजाति चिकित्सा

किसी भी अन्य जनजाति की भाँति, झारखण्ड के कंवर आदिवासियों में भी उपचार करने की अपनी विशिष्ट पद्धतियाँ मौजूद हैं। यह उपचार व्यवस्था उनमें सदियों से चली आ रही है तथा आज भी उनके द्वारा अनुसरित की जाती है। उनमें पाए जाने वाले कुछ प्रमुख बीमारियों के उपचार हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले उपायों का वर्णन निम्नलिखित है। सभी जानकारियाँ गाँव के चिकित्सक मानवों से एकत्र की गयी है। विवरण में बीमारियों के *मेडिकल* नाम, स्थानीय नाम, उनके लक्षण, प्रयोग में लाए जाने वाली वस्तुएँ/वनस्पतियाँ/*जुथेराप्युटिक* उपायों के अतिरिक्त उनके उपयोग के तरीके को भी उल्लेखित किया गया है।

क्रम	मेडिकल नाम	स्थानीय नाम	बीमारी के लक्षण	प्रयोग में लायी जाने वाली सामग्री	प्रयोग की विधि
1.	एक्यूट ओटिटिस मीडिया	कान पकना	कान में घाव के साथ दर्द	मोर का पैर, लाल सिन्दूर, आम पेड़ की लकड़ी तथा नदी का फेन	इन सब को मिलाकर सरसों तेल में पकाने के उपरान्त ठंडा कर लें। दर्द होने पर इसे कान में डालें।
2.	एनीमिया	खून की कमी	कमजोरी तथा रक्त की कमी के कारण शरीर का रंग हल्का लगना	पताल विन्धी, दूध तथा जीरा	इन सब को रात भर फूलाने के उपरान्त सुबह-सुबह गर्म करके खाली पेट सेवन करें।
3.	अस्थमा	दमा	अत्यधिक खाँसी, बलगम तथा साँस लेने में तकलीफ	हंस का अण्डा, घी, सोंठ पीपड़ा, गोलकी, लौंग तथा कमल फूल का कंदा	इन सब को घी में पकाने के बाद प्रभावित समय के दौरान हर रोज़ खाली पेट में एक-एक चम्मच सेवन करें।
4.	बेल्चिंग	डकार आना	अनपच आदि के कारण पेट में *गैस* बनना	पपीता, गोलकी तथा नमक	पके पपीते के ऊपर गोलकी तथा नमक छिड़क कर सेवन करें।
5.	कोलेलिथिएसिस	पथरी	पित्ताशय में पत्थर तथा पेट दर्द	कुर्थी दाल तथा ओल का छिलका	इनको सेन्धा नामक के साथ पीसकर 3-4 दिनों तक सुबह-सुबह खाली पेट में सेवन करें।
6.	कंजंक्टिवाइटिस	आँख आना	आँख का लाल होना, सामान्य से ज्यादा पानी आना तथा खुजलाना	दूधिया का दूध	साफ कपड़े को दुधिया के दूध में भिगोकर आँख के ऊपर रखें।
7.	सयानोसिस	रंगबाद	शिशुओं में होठ नीला होना, शरीर का रंग काला पड़ना तथा पेट फूलने की शिकायत रहना	अरन्डी की जड़, डहु पेड़ की छाली तथा पपीता की जड़	इन सब को कूच कर लेप बनाने के बाद उसे सखुआ के पत्ते में लपेट कर बच्चे के पेट में एक माह रोज़ाना 15-20 मिनट तक बाँधे।
8.	डायबिटीज़	चीनी रोग	चीनी पचाने में असमर्थता	जामुन का बीज, आम की गुठली एवं मोथा-कांदा	इन सब को पीसकर पानी में घोल लें। घोल को 15-20 दिनों तक सुबह-सुबह खाली पेट में सेवन करें।
9.	डाईरिया	दस्त	अत्यधिक पानी युक्त पखाना एवं उल्टी	बेर का जड़, केन्दु-वृक्ष का छाल तथा अमरूद-वृक्ष का छाल	इन सब को चीनी के साथ पीस कर उसके रस को दिन में 3-4 बार पिलाऐं।
10.	डिसफेजिय़ा	टंका बिमारी	बोलने के तकलीफ होना	केन्द की जड़ी तथा नीर-बीस जड़ी	इनको गर्म पानी में पीसकर डाल दें। छानने के बाद दिन में तीन बार सेवन करें।
11.	डिसयुरिया	पेशाब में जलन	मूत्र-विसर्जन के समय जलन एवं तकलीफ	लाल रनपावन	इस जड़ी को मिश्री के साथ पीसकर दिन में 2-3 बार सेवन करें।
12.	एपिलेप्सी	मिर्गी	शरीर कांपना, सिर पटकना तथा चक्कर	खटमल तथा केला	6 पके केलों में 6 खटमल डालकर 6 दिनों तक सुबह-सुबह सेवन करें।
13.	जिंजिव्हिटिस	दांत दर्द	मसूड़ों में विकार के कारण दर्द	छुई-मुई की जड़ी तथा सरसों तेल	इन्हें गर्म कर मसूड़ों पर दिन में 2-3 बार मालिश करें।
14.	हिमाटुरिया	परदैवल	मूत्र में खून आना	सामरभांज जड़ी, ईश्वरजाट का जड़ तथा एरी-बरीया की जड़ी	इन तीनों को मिलाकर घड़े में उबालने के उपरान्त सरसों तेल एवं लहसुन का छोंक लगाकर खाली पेट में 3 दिन तक सेवन करें।

क्रम	मेडिकल नाम	स्थानीय नाम	बीमारी के लक्षण	प्रयोग में लायी जाने वाली सामग्री	प्रयोग की विधि
15.	हेमिक्रेनिया कॉन्टिनुआ	अर्ध कपारी	सिर के आधे हिस्से में दर्द होना	हिरण का सींग, सरसों तेल तथा बनकस्सा का बीज	इन सभी को पीसने के उपरान्त अच्छे से मिलाकर सर पर सुबह-शाम मालिश करें।
16.	हिमोपटायसिस	क्षय	अत्यधिक खाँसी के साथ खून आना	बांदन का छाल, आपा-भार जड़ी, हर्रा जड़ी, केला का कान्दा तथा गोलकी	गोलकी को बाकी सभी जड़ियों के साथ पीसकर खाली पेट में 4-6 दिन तक सेवन करें।
17.	हेमोर्रोइड्स	भगंदर/बवासीर	पैखाने के रास्ते में सूजन, घाव तथा खून आना	कछुआ का सर तथा बड़े आकार का गोम्ही कीड़े का खोल	इन दोनों को एक गढ़े में डालकर आग लगा दें। उससे निकलने वाले धुएँ से प्रभावित अंग में सेक लगाएँ।
18.	हिप्टोनिया	पूनी	शिशु में कमजोरी तथा हाथ पैर ऐंठना	अमरबेल	शिशु को अमर बेल से निर्मित चूड़ी बनाकर हाथ-पैर में पहनाएं एवं घी से मालिश करें।
19.	हाईपर बिलिरुबिनेमिया	पांढ़ा/पीलिया	शरीर का पीला पड़ना, मूत्र-पीला होना	पूतरी जड़ी, बरकत्ता जड़ी, अरख जड़ी, डगडूहा-जड़ी, कोटे-जड़ी, अथरी जड़ी तथा गुद्दा-जड़ी	इन सभी जड़ियों को एक साथ मिला कर कूच लें। उसके बाद उसे उबाल कर पूरे शरीर में मालिश करें।
20.	ल्युकोडर्मा विटीलीगो	दाद	प्रभावित जगह सफेद हो जाना तथा संवेदनहीनता	चितावेर, पेनलेवा कंदा, लोअर पत्ता, बिरनी का छत्ता तथा कंजूरी का तेल	इन सब को एक साथ अच्छे से पीसने के उपरान्त गर्म करके सेवन करें।
21.	लिंब डिफॉर्मिटी	छंदा	जन्म से शिशु का हाथ-पैर मुड़ा होना	धतुरा का जड़	जड़ को सरसों तेल में पकाने तथा छानने के बाद उस से शिशु को प्रतिदिन 2 बार मालिश करें।
22.	मलेरिया	बुखार	कंपन के साथ ठण्ड एवं ज्वर	धनबुड़ा, भाई नीम, कोइल खम्मा, गुद्दा बेर, सीहार-जड़ी एवं पेन्धोई के पत्ते	इन सभी को पानी में पीसने के उपरान्त छान कर आधे ग्लास पानी के साथ खाली पेट में 3 दिनों तक सुबह-सुबह सेवन करें।
23.	ओलिगोमेनोर्रहिया	महावारी गड़बड़ी	नियत समय से देरी से मासिक धर्म होना	सोहाय जड़	जड़ी को उबाल कर उसके पानी को एक महीने तक हर रोज तीन बार पीएं।
24.	नेब्युलस युरीन	ढ़नकी चरका	मूत्र का सफेद होने के साथ जलन	कच्चा उड़द दाल तथा चार के पत्ते	पीसा हुआ उड़द तथा चार के पत्तों को 1 ग्लास पानी में रात भर फूलने के लिए छोड़ दें। प्रतिदिन प्रात: उसे छान कर विकार ठीक होने तक सेवन करें।
25.	नाईट ब्लाइंडनेस	रतौन्धी	कम रोशनी में नहीं दिखना	भग जोगनी (जुगनु)	2-3 जुगनुओं को गूड़ में मिलाकर एक महीने तक सेवन करें।
26.	ओनिकोमयकोसिस	छीछनी	हाथ या पैर के नाखुन के चारों ओर घाव या फूंसी-फोड़ा होना	सापटेमू जड़ी तथा निरबीस जड़ी	इन जड़ियों को एक साथ पीसने के बाद प्रभावित ऊँगलियों पर 3-4 दिनों तक लेप लगाएँ।
27.	ऑस्टियो आर्थरइटिस	गठिया	जोड़ों में दर्द रहना	गुगला तथा पहाड़ी-बाँस के नन्हें पौधे का जड़	इन दोनों को सरसों तेल में मिलाकर पका लें। उसके उपरान्त छान कर उसके तेल से हर दिन रात में सोते वक्त प्रभावित भागों में मालिश करें।
28.	ऑस्टियोपोरोसिस	कमजोर हड्डी	शरीर में कैल्शियम की कमी के कारण सामान्यत: वृद्धों में हड्डी की कमजोरी तथा उनका आसानी से टूट जाना	हर जोड़ी	हड्डी टूटने से बचने के लिए इस जड़ी को पीस कर दिन में 2 बार सेवन करें।

क्रम	मेडिकल नाम	स्थानीय नाम	बीमारी के लक्षण	प्रयोग में लायी जाने वाली सामग्री	प्रयोग की विधि
29.	ओटालजिया	कान दर्द	संक्रमण के कारण कान में दर्द होना	कुंदरी पत्ता	इसे कूचने से निकलने वाले पानी को हल्का गर्म कर कान में दिन में 2-3 बार डालें।
30.	सेबोरिह्या	रूसी	सर की त्वचा से छोटे-छोटे सफेद चमड़े का अलग होना	इमली	इमली को रात भर पानी में फुलाने के उपरान्त अगली सुबह उसे हल्की आँच में गर्म करें। उस पानी से सर को सप्ताह में एक दिन धोयें।
31.	डर्मल रैशेस	पीतघोर	गर्मी के वक्त चमड़े पर छोटे-छोटे लाल-फूंसी आना तथा खुजली	भिन्डी	भिन्डी के पत्तों एवं टहनियों को प्रभावित जगह पर धीमे-धीमे रगड़ें।
32.	थर्मोप्लेजिया	लू-लगना	बुखार, उल्टी तथा बैखाना होना	कच्चा आम	कच्चे आम को पका कर मिसरी या चीनी के साथ सेवन तथा मालिश करें।
33.	ओरल थ्रश	वधरात	मुँह के अंदर फुंसी या घाव	चीर-चीढ़ी का पत्ता	पत्ते को घी के साथ पीसकर ठीक होने तक हर रोज़ 2-3 बार चटाएँ।
34.	टॉन्सिलाइटिस	खाँसी	टॉन्सिल में संक्रमण के कारण सूजन तथा खाँसी	महाजनी, घी तथा गोलकी	इन सभी को मिला कर हर दिन (प्रभावित समय के दौरान) 2-3 बार सेवन करें।
35.	ज़ेरोडेर्मा	बीस	शरीर के चमड़े का सूख जाना तथा रगड़ने पर महकना	खडहल जड़ी, नीर-बीस जड़ी, बरजड़ी तथा ईश्वर जट	इन सभी जड़ियों को पीस कर रात-भर पानी में फूलने दें। सुबह उसे महुआ निर्मित हड़िया के साथ प्रतिदिन ठीक होने तक एक बार सेवन करें।

निष्कर्ष

किसी भी अन्य समाज की भाँति, आदिवासियों में भी अस्वस्थता तथा बीमारी की समस्या विद्यमान है। उन व्याधियों के निदान हेतु उनके द्वारा अपने देशज ज्ञान एवं पारम्परिक प्रथाओं को आज भी उपयोग में लाया जा रहा है, परन्तु वैश्वीकरण, आधुनिकता तथा *बायो-मेडिसिन* के बढ़ते प्रचार-प्रसार के कारण, अब यह विलुप्त होने की ओर अग्रसर हो रहा है। इन कारकों के अलावा, औषधीय पौधों की अनुपलब्धता तथा युवा पीढ़ी में मानवजाति चिकित्सकीय प्रथाओं में बढ़ते अविश्वास के कारण भी, इस ज्ञान का हस्तांतरण बाधित हुआ है। और तो और, तथाकथित सभ्य समाज द्वारा आदिवासियों के उपचार व्यवस्था को पुराना तथा अवैज्ञानिक बताकर दरकिनार किया जाता रहा है। ऐसा व्यवहार उन पर सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के रूप में देखा जा सकता है, जिसे खत्म करने की जरूरत है। यह पारम्परिक ज्ञान उनकी विरासत है तथा उसे सहेजने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इस कोशिश में सामाजिक, वैज्ञानिक और विधायी, तीनों स्तर पर संरक्षण हेतु व्यापक रणनीति बनाने पर ही वांछित सफलता की उम्मीद की जा सकती है।

सन्दर्भ सूची

1. रामावत, कृष्ण गोपाल, दास, एस. एवं माथुर, मीता, द केमिकल डाइवर्सिटी ऑफ बायोएक्टिव मोलिक्युल्स एंड थेराप्यूटिक पोटेंशियल ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स, *हर्बल ड्रग्स : एथ्नोमेडीसीन टू मॉडर्न मेडिसिन* (सम्पादित रामावत, .ष्ण गोपाल), स्प्रिंगर साइंस एवं बिजनेस मीडिया, 2008, पृ. 08
2. उपाध्याय, विनायक., हेगड़े, हर्ष., भट्ट, श्रीपद एवं खोलकुटे, संजीव, नॉन-कोडिफाईड ट्रेडिशनल मेडिसिन प्रैक्टिसेज फ्रॉम बेलगाम रीजन इन सदर्न इंडिया : प्रेजेंट सिनारियो, *जर्नल ऑफ एथ्नोबिओलॉजी एंड एथनोमेडिसिन*, 2014, खंड-10, अंक-49, पृ. 01-13
3. झा, राधा कृष्ण, एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स स्पेशली यूज़्ड इन जॉन्डिस बाई ट्राइबल्स ऑफ छोटानागपुर, झारखण्ड, इंडिया, *जर्नल ऑफ फइटोलॉजिकल रिसर्च*, 2000, खंड-13, अंक-02, पृ. 203-204
4. मिश्रा, प्रशांत कुमार, एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स ऑफ झारखण्ड, *पोटेंशियल्स ऑफ लिविंग रिसोर्सेज* (सम्पादित-त्रिपाठी, जी. एवं कुमार, ए), डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2003, पृ. 343-353
5. कुमारी, प्रतिभा, इटीयोलॉजी एंड हीलिंग प्रैक्टिसेस : ए स्टडी इन प्रिमिटिव सोसाइटीज़ ऑफ झारखण्ड, *एंथ्रोपोलॉजी ऑफ प्रिमिटिव ट्राइब्स इन इंडिया* (सम्पादित-शर्मा, पी. डी.), सीरियल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2006, पृ. 487-499
6. चंद्र, रबिश., महतो, मालती., मंडल, एस. सी., कुमार, कामिनी एवं कुमार, ज्योति, एथ्नोमेडिसिनल फॉर्मूलेशन्स यूज़्ड बाई ट्रेडिशनल हर्बल प्रैक्टिशनर्स ऑफ रांची, झारखण्ड, *इंडियन जर्नल ऑफ ट्रेडिशनल नॉलेज*, 2007,खंड-06, अंक-04, पृ. 599-601

7. गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद., साहू, हेम बचन एवं शर्मा, हनुमान प्रसाद, स्टडीज ऑन एथ्नोमेडिसिनल युसेस ऑफ प्लांट रिसोर्सेज इन ओरमांझी ब्लॉक ऑफ झारखण्ड स्टेट, इंडिया. *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्लांट साइंसेज*, 2009, खंड-04, अंक-02, पृ. 607-609

8. मिंज, शीतल शमा एवं कंडीर, कुनुल, फोल्क हर्बल मेडिसिन यूज़्ड फॉर मेल स्टेरिलिटी इन रांची डिस्ट्रिक्ट ऑफ झारखण्ड, *एनाल्स ऑफ फार्मेसी एंड फार्मास्यूटिकल साइंसेज*, 2010, खंड-01, अंक-02, पृ. 56-58

9. कंडीर, कुनुल, एथ्नोमेडिसिनल फॉरेस्ट ट्रीज़ यूज़्ड अगेंस्ट डायबिटीज़ मेलिटस इन झारखण्ड, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फारेस्ट यूसुफ्रक्ट्स मैनेजमेंट*, 2010, खंड-11, अंक-01, पृ. 68-72

10. कुमार, कौशल एवं अब्बास, एस. जी., एथ्नोमेडिसिनल कम्पोज़ीशन डिपेंडस ऑन फ्लोरिस्टिक कम्पोज़ीशन : ए केस स्टडीड इन साल फॉरेस्ट्स ऑफ झारखण्ड, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मेसी एंड लाइफ साइंसेज*, 2012, खंड-03, अंक-05, पृ. 1710-1719

11. मोंडल, स्वर्णेन्दु एवं रहमान, चौधरी हबीबुर, मेडिसिनल प्लांट्स यूज़्ड बाई द ट्राइबल पीपल ऑफ बीरभूम डिस्ट्रिक्ट ऑफ वेस्ट बंगाल एंड दुमका डिस्ट्रिक्ट ऑफ झारखण्ड इन इंडिया, *इंडियन जर्नल ऑफ ट्रेडिशनल नॉलेज*, 2012, खंड-11, अंक-04, पृ. 674-679

12. कुमारी, शिल्पी एवं महत्ता, माणिक चंद्र, प्लांट्स एंड एनिमल्स ऑफ एथ्नोमेडिसिनल वैल्यूज़ ऑफ सिंघभूम प्लेट्यू, झारखण्ड, इंडिया, *प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल सेमिनार ऑन ट्रेडिशनल नॉलेज एंड सोशल प्रैक्टिसेज*, 2014, पृ. 73-84

13. मरांडी, रफैल रंजीत एवं ब्रिट्टो, जॉन, एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स यूज़्ड बाई द उरांव ट्राइबल्स ऑफ लातेहार डिस्ट्रिक्ट ऑफ झारखण्ड, इंडिया, *एशियन जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल रीसर्च*, 2014, खंड-04, अंक-02, पृ. 126-133

14. प्रसाद, कल्पना, करेंट स्टेटस ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स इन द बोकारो डिस्ट्रिक्ट ऑफ झारखण्ड, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंटिफिक एंड रिसर्च पब्लिकेशन्स*, 2015, खंड-05, अंक-10, पृ. 01-05

15. दिवाकर, बारगुर एवं प्रसाद, संतोष, एथ्नोमेडिसिनल इम्पोर्टेंस ऑफ इनवेसिव एलियन फ्लोरा ऑफ लातेहार एंड हजारीबाग डिस्ट्रिक्स : झारखण्ड, *इंडियन फोरेस्टर*, 2015, खंड-141, अंक-11, पृ. 1172-1175

16. सिंह, गीतांजलि एवं कुमार, ज्योति, डाइवर्सिटी ऑफ वाइल्ड एडिबल याम्स एंड इट्स ट्रेडिशनल नॉलेज अमंग मुंडा ट्राइब ऑफ डिस्ट्रिक्ट खूंटी, झारखण्ड, इंडिया, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बायो एसेस*, 2015, खंड-33, अंक-04, पृ. 4440-4442

17. कुजूर, सलोमी एवं कंडीर, कुनुल, स्टडीज़ ऑन एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स यूज़्ड इन राइस-बियर (हँड़िया) बाई हो ट्राइब ऑफ झारखण्ड, *इंटरनेशनल जर्नल फॉर एक्सचेंज ऑफ नॉलेज*, 2015, खंड-02, अंक-01, पृ. 104-108

18. गुप्ता, दारा सिंह., कुमार, अशोक एवं लिंडा, पुष्पा सालो, एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स यूज़्ड इन द हेल्थकेयर सिस्टम इन तमाड़ ब्लॉक ऑफ रांची डिस्ट्रिक्ट, झारखण्ड, *इंटरनेशनल जर्नल फॉर एक्सचेंज ऑफ नॉलेज*, 2015, खंड-02, अंक-02, पृ. 90-97

19. झा, हेमकांत., सिंह, बिजय एवं वर्षनेय, अनिल, एथ्नोमेडिसिनल प्लांट्स यूज़्ड बाई पहाड़िया ट्राइब इन संथाल परगना डिवीजन ऑफ झारखण्ड, *द जर्नल ऑफ इंडियन बोटैनिकल सोसाइटी*, 2016, खंड-95, अंक-03 एवं 04, पृ. 297-300

20. सिंह, गीतांजलि एवं कुमार, ज्योति, डाइवर्सिटी एंड ट्रेडिशनल नॉलेज ऑन सम लेस नोन एडिबल वाइल्ड हर्बेसियस प्लांट रिसोर्स फ्रॉम डिस्ट्रिक्ट खूंटी, झारखण्ड, इंडिया, *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बायो एसेस*, 2016, खंड-05, अंक-05, पृ. 4557-4562

21. कोहेन, स्टीफेन, *इंडिया : इमर्जिंग पावर*, ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन प्रेस, वाशिंगटन, यू.एस.ए., 2004, पृ. 27

22. सिंह, कुमार सुरेश, *हमारी आदिवासी विरासत - आवर ट्राइबल हेरिटेज*, रीजनल डेवलपमेंट कमिश्नर एवं ऐंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कलकत्ता, 1982, पृ. 27

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय प्रणाली का इतिहास एवं विकास

शंकरसिंह पोटलिया

इतिहास विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

शोध सारांश

किसी समाज की संस्कृति उसकी पुस्तकों में सुरक्षित रहती है तथा यही पुस्तकें ज्ञान के रुप में समाज की समृद्धि की योजना बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। पुस्तकें, ग्रन्थालयों में सुरक्षित रखी जाती है। इस प्रकार ग्रन्थालय किसी समाज की संस्कृति के वाहक होते हैं। वर्तमान युग में ग्रन्थालय का अर्थ तथा क्षेत्र बहुत ही विस्तृत हो चुका है। आज ग्रन्थालय केवल पुस्तकें रखने का स्थान ही नहीं अपितु सभी प्रकार के ज्ञान का केन्द्र बन गये हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इसकी स्थापना महामना मदन मोहन मालवीय के असीम प्रयासों से 5 फरवरी 1916 को हुई थी। विश्वविद्यालय के साथ-साथ इसकी ग्रंथालय-प्रणाली के भी 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन 100 वर्षों में विश्वविद्यालय के इतिहास पर अभी तक कोई विस्तृत अध्ययन नहीं हुआ है। इस शोध-पत्र का मुख्य उद्देश्य काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली के इतिहास को जानना है। इसके साथ ही इसकी संरचना तथा संग्रह में समय-समय पर होने वाली वृद्धि, विकास तथा परिवर्तनों को बताने का प्रयास भी किया जायेगा। विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली से जुडे. विभिन्न व्यक्तियों से मौखिक वार्तालाप, विश्वविद्यालय के वार्षिक-प्रतिवेदन, केन्द्रीय ग्रन्थालय के शिलापट्ट आदि प्राथमिक स्रोत शोध-पत्र को लिखने में प्रयुक्त किये गए हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं इसके ग्रन्थालय की वेबसाइट व कुछ अन्य वेबसाइट्स तथा यथावश्यक विभिन्न साहित्यिक स्रोत इस हेतु प्रयोग में लिये गए हैं। यह लघु शोध-पत्र मुख्य रूप से 3 भागों में विभाजित किया गया है। प्रथम भाग में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली का परिचयात्मक विवरण दिया गया है। द्वितीय भाग में विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली में हुए विकास एवं परिवर्तनों को बताया गया है। एक मुख्य ग्रन्थालय से ग्रन्थालय-प्रणाली तक की यात्रा व इसके विभिन्न क्षेत्रों में हुई वृद्धि को विस्तार से बताने का प्रयास किया है। शोध-पत्र का अंतिम भाग निष्कर्ष एवं नीतिगत सुझावों के रूप में है।

संकेताक्षर : *ग्रंथालय-प्रणाली, केन्द्रीय ग्रन्थालय, संग्रह, कैटलॉग, प्रकाशन, इन्फलिबनेट कार्यक्रम*

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली उतनी ही प्राचीन है, जितना कि यह विश्वविद्यालय। यद्यपि विश्वविद्यालय के आरम्भिक वर्षो में किसी ग्रन्थालय-प्रणाली का अस्तित्व नहीं था अपितु विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की ग्रन्थालय सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसका केवल एक मुख्य ग्रन्थालय ही होता था। जैसे-जैसे विश्वविद्यालय में नये संस्थान तथा संकाय बनने लगे (जो पहले अलग-अलग महाविद्यालय के रुप में स्थापित थे) तो उनमें भी ग्रन्थालयों का विकास होने लगा। सन् 1983-84 में विश्वविद्यालय में कुल लगभग 50 ग्रन्थालय स्थापित हो चुके थे तथा इन्होंने एक ग्रन्थालय-प्रणाली का आकार ले लिया था।[1] एक मुख्य ग्रन्थालय से शुरू हुआ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय अब एक ग्रन्थालय-प्रणाली में परिवर्तित हो चुका है। जिसमें शीर्ष पर सयाजीराव गायकवाड केन्द्रीय ग्रन्थालय तथा इसके नीचे विभिन्न संस्थान, संकाय व विभागीय ग्रन्थालय एवं कुछ अन्य विशेष ग्रन्थालय आते हैं।

सन् 1916 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही इसका ग्रन्थालय भी स्थापित हो गया था। प्रारम्भ में यह कमच्छा में स्थित सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज (Central Hindu College) के तैलंग हॉल में स्थापित किया गया, जहाँ वह आज भी विश्वविद्यालय से सम्बंधित सेन्ट्रल हिन्दू ब्वाय़ज स्कूल के पुस्तकालय के रूप में, अस्तित्व में है। विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय

सन् 1921 तक, जब तक कि यह कमच्छा के सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज से संचालित होता था, न्यायमूर्ति श्री काशीनाथ त्र्यबंक तैलंग के नाम पर तैलंग ग्रन्थालय के नाम से जाना जाता था। सन् 1921 में विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय इसके मुख्य परिसर के आर्ट्स कॉलेज (Arts College) (वर्तमान कला संकाय) के सेन्ट्रल हॉल, जो वर्तमान में राधाकृष्णन् भवन के नाम से जाना जाता है, में स्थानान्तरित कर दिया गया।[2]

विश्वविद्यालय के विस्तार के साथ-साथ एक पृथक एवं विशाल ग्रन्थालय भवन की आवश्यकता पड़ने लगी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के वर्तमान केन्द्रीय ग्रन्थालय का निर्माण सन् 1927 में बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ द्वारा दिए गए 2.00 लाख रूपये के दान से प्रारम्भ हुआ। पुस्तकालयों के प्रति प्रेम एवं रूचि तथा विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय के निर्माण के लिए दिये गए दान के कारण ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय का नामकरण, उन्हीं के नाम पर सयाजीराव गायकवाड. केन्द्रीय ग्रन्थालय किया गया।[3] सन् 1938 में, यद्यपि इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ था, विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय यहीं से संचालित होने लगा। इसका विधिवत् उद्घाटन, जब यह पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया, 4 मार्च 1941 को हुआ था।[4]

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय का मुख्य भवन ब्रिटिश संग्रहालय, लन्दन के स्वरूप पर बनाया गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पण्डित मदन मोहन मालवीयजी जब सन् 1931 में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने ब्रिटेन गये तो उन्हें ब्रिटिश संग्रहालय के भ्रमण का भी मौका मिला। वे इसके आकर्षक स्वरूप एवं भव्यता से काफी प्रभावित हुए थे। वापस लौटकर उन्होंने विश्वविद्यालय के ग्रन्थालय को भी उसी के स्वरूप पर बनाने का सुझाव दिया।[5]

मालवीयजी सदैव पूर्व और पश्चिम के सामन्जस्यपूर्ण एकीकरण की कल्पना करते थे, विशेषकर वास्तुशिल्प के प्रतिनिधित्व में। इसका प्रमुख उदाहरण सयाजीराव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रन्थालय की भव्यता एवं निर्माण शैली है। यह परिष्कृत 'इण्डो-सारासिनी शैली' में विशालता के साथ बनाया गया है। इसके मुख्य भवन का पठन-कक्ष भव्य एवं मनमोहक गोल घुमावदार आकृति में बनाया गया है। भवन की पूरी इमारत दो मंजिला है किन्तु मुख्य पठन-कक्ष की ऊँचाई दो मंजिलों के बराबर है। यह पठन-कक्ष सुन्दर एवं रूचिपूर्ण कस्टम निर्मित अलमारियों से घिरा हुआ है। यह बर्मा (वर्तमान म्यान्मार) के जंगलों की प्रसिद्ध व दुर्लभ किस्म की टीक-लकडी से फर्नीचर-युक्त है। इसके मानक ब्लूम्सबरी, लन्दन के ब्रिटिश पुस्तकालय के पठन-कक्ष की याद दिलाते हैं। यह पूरक पठन-कक्षों और अनुभागों से रेडियटिंग विंग्स (Radiating Wings) से जुड़ा हुआ है।[6]

चित्र 1 : सयाजीराव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रन्थालय।

जब 1950 के दशक से विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों तथा विभागों में ग्रन्थालय बनने लगे तो उनके लिए भी पृथक ग्रन्थालय-भवन बनाये गए। 1980 के दशक में केन्द्रीय ग्रन्थालय के परिसर में एक अतिरिक्त-भवन का निर्माण किया गया। वर्तमान में विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली में केन्द्रीय ग्रन्थालय के दो भवनों के अतिरिक्त इसके अन्तर्गत आने वाले विभिन्न ग्रन्थालयों के ग्रन्थालय-भवन शामिल हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का प्रथम ग्रन्थालय प्रो. पी.के. तैलंग द्वारा दान किये गए संग्रह से स्थापित किया गया था। उन्होंने यह संग्रह अपने स्वर्गीय पिता जस्टिस काशीनाथ त्र्यंबक तैलंग के व्यक्तिगत ग्रन्थालय से, उनकी स्मृति में सन् 1917 में विश्वविद्यालय के संस्थापक पण्डित मदन मोहन मालवीयजी को सौंपा था। इसी संग्रह से विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय प्रारंभ हुआ। प्रो. पी.के. तैलंग के बाद देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों एवं परिवारों द्वारा कीमती ग्रन्थों एवं संग्रहों का दान विश्वविद्यालय ग्रन्थालय को समय-समय पर मिलता रहा। इनमें दिल्ली के लाला श्रीराम, कलकता के सर आशुतोष चौधरी एवं सेठ रूपमल गोयनका, वर्धा के जमनालाल बजाज, बम्बई के कान्जी मूलजी तथा टैगोर एवं नेहरू परिवार आदि के नाम प्रमुख हैं। दान से प्राप्त ये संग्रह, जिनमें कुछ 18वीं शताब्दी की दुर्लभ पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं शामिल हैं, ग्रन्थालय-प्रणाली के विभिन्न ग्रन्थालयों में आज भी सुरक्षित हैं। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त दान के फलस्वरूप विश्वविद्यालयी ग्रन्थालय का कुल संग्रह सन् 1931 तक 60,000 खण्डों में पहुँच गया था।[7] ग्रन्थालय में व्यक्तिगत और परिवारों द्वारा दान की प्रवृत्ति 1940 के दशक के अन्त तक, (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के राष्ट्रीयकरण होने तक) जारी रही। यद्यपि केन्द्रीय

ग्रन्थालय तथा उसके अधीन विभिन्न ग्रन्थालयों को आज भी कुछ पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ (जर्नल्स) दानस्वरूप नि:शुल्क प्राप्त होती है। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीयकरण होने के बाद इसके ग्रन्थालय के संग्रह में तेजी से वृद्धि होने लगी। विश्वविद्यालय के सन् 1960-61 के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुसार केन्द्रीय ग्रन्थालय का कुल संग्रह 4,10,000 की संख्या तक पहुँच गया था। परिणामस्वरूप यह उस समय देश का दूसरा सबसे बड़ा ग्रन्थालय, (कलकता के राष्ट्रीय ग्रन्थालय (National Library of calcutta) के बाद) एवं सबसे बड़ा विश्वविद्यालयी ग्रन्थालय बन गया। सन् 1990-91 में विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली का संग्रह 10 लाख की जादुई संख्या तक पहुँच गया।[8] वर्तमान में (सन् 2016-17 में) केन्द्रीय ग्रन्थालय सहित इसका कुल संग्रह लगभग 16 लाख की संख्या में है।[9]

विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली में समय-समय पर विविध प्रकाशन एवं संग्रह शामिल होते गये। 1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र संघ तथा इसके विभिन्न अधिकरणों (Agencies) के प्रकाशनों के लिए विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय को देश के 4 भण्डार पुस्तकालयों (Depository Libraries) में शामिल किया गया। सन् 1973 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अपने प्रकाशनों के मुफ्त में जमा करने की योजना [Scheme of Depositing (Free of Cost)] के बन्द करने के बाद भी यह इसके प्रकाशनों को नॉडल एजेन्सी के रूप में क्रय करता है।[10] सन् 1983-84 में सयाजीराव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रन्थालय को विश्व बैंक (World Bank) ने अपने प्रकाशनों के लिए 'भण्डार पुस्तकालय योजना' (Depository Library Plan) में शामिल किया।[11]

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय को आजादी से पूर्व ब्रिटिश भारत की सरकार एवं कुछ ब्रिटिश प्रान्तों की सरकारों द्वारा अपने प्रतिवेदन तथा प्रकाशन भेजे जाते थे। आजादी के बाद स्वतंत्र भारत की सरकार तथा कुछ राज्यों की सरकारों ने अपने सरकारी प्रकाशन केन्द्रीय ग्रन्थालय को भेजने प्रारंभ किये, जिन्हें सुरक्षित रखने के लिए इसके मुख्य भवन में एक अलग अनुभाग बनाया गया। 1960 के दशक में विश्वविद्यालय के ग्रन्थालय को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), अखिल भारतीय कांग्रेस परिषद् (AICC) तथा जर्मनी, चीन एवं रूस के दूतावासों द्वारा बहुमूल्य संग्रह मिलना प्रारंभ हुआ।

1990 के दशक में जब भारत में कम्प्यूटर क्रान्ति का सूत्रपात हुआ तो विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली का भी संगणकीकरण (Computerisation) किया जाने लगा। केन्द्रीय ग्रन्थालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन्फलिबनेट कार्यक्रम (INFLIBNET Programme), अहमदाबाद द्वारा ग्रन्थालय के डिजिटलीकरण तथा आधुनिकीकरण के लिए देश के चयनित 11 विश्वविद्यालयी ग्रन्थालयों में शामिल किया गया।[12] इसी दौरान ग्रन्थालय-प्रणाली के संग्रह के लिए डिजिटल एवं ऑनलाईन कैटलॉग (Catalogue) की सुविधा प्रारंभ की गई। सन् 2009 में केन्द्रीय ग्रन्थालय में इन्टरनेट की सुविधा के लिए ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्किंग की गई। वर्तमान में ग्रन्थालय-प्रणाली के लगभग सभी ग्रन्थालयों में इसकी व्यवस्था की जा चुकी है।

केन्द्रीय ग्रन्थालय को भारत सरकार द्वारा सन् 2003 में पाण्डुलिपियों के संरक्षण के लिए शुरू किये गए मिशन के तहत 'पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र' (Manuscripts Conservation Centre) बनाया गया है।[13] केन्द्रीय ग्रन्थालय द्वारा विश्वविद्यालय की सभी पाण्डुलिपियों तथा कुछ दुर्लभ ग्रन्थों का डिजिटलीकरण (Digitization) सन् 2006 में प्रारंभ किया गया। 5 सितम्बर 2015 को डिजिटल पाण्डुलिपि का शुभारंभ कुलपत्ति श्री गिरीशचन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया।[14]

वर्तमान में ग्रन्थालय-प्रणाली का संचालन पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की नवीनत्तम विधियों द्वारा किया जा रहा है।

समय के साथ-साथ विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली से लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय के बाहर के विद्वानों की संख्या में भी वृद्धि होती गई। विश्वविद्यालय की स्थापना के स्वर्ण-जयन्ति वर्ष (1966-67) में लगभग 1,45,850 विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने केन्द्रीय ग्रन्थालय का प्रयोग वर्षभर में किया।[15] यह संख्या इसकी स्थापना के शताब्दी वर्ष (2016-17) में बढ़कर लगभग 5,00,000 तक पहुँच चुकी है।[16] ग्रन्थालय-प्रणाली के समस्त ग्रन्थालयों को मिलाकर यह संख्या इससे भी अधिक है। ग्रन्थालय-प्रणाली के सदस्यों की संख्या एवं पुस्तक वितरण तथा पुन: जमा करने की सेवा से लाभ-अर्जित करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों की संख्या भी वर्ष-दर-वर्ष बढ़ी है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सन् 1940-41 के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुसार इसके ग्रन्थालय का कुल बजट लगभग 32,000 रूपये था। ग्रन्थालय की आवश्यकतानुसार इसमें प्रतिवर्ष बढ़ोतरी होती गयी। सन् 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) बनने के बाद इसने विश्वविद्यालय को ग्रन्थालय के विकास के लिए अलग से अनुदान देना प्रारंभ किया। 1960 के दशक में विश्वविद्यालय ने अपने महाविद्यालयों (जो अब संकाय तथा संस्थान बन चुके हैं) एवं विभागों को उनके ग्रन्थालयों के विकास के लिए भी धन आँवटित करना प्रारंभ किया। सन् 2015-16 में विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली का कुल बजट 5,25,65,063 रूपये था।[17]

विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली को देश-विदेश की विभिन्न

सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी संस्थाओं द्वारा भी विशेष अनुदान दिया जाता रहा है। सन् 1954-55 में यू.एस.ए. की सरकार ने केन्द्रीय ग्रन्थालय को अपने प्रकाशन एवं पुस्तकें भेजने के लिए 17,000 अमेरिकी डॉलर का विशेष अनुदान स्वीकृत किया। इसके अगले ही वर्ष U.S.-Indian Wheat Loan: Educational Exchange Programme द्वारा अमेरिकी प्रकाशन खरीदने के लिए कुछ धनराशि केन्द्रीय ग्रन्थालय हेतु विशेष रूप से स्वीकृत की गई।[18]

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय सहित ग्रन्थालय-प्रणाली के अन्य ग्रन्थालयों का समय-समय पर देश-विदेश के विद्वानों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण (Visit) किया जाता रहा है। इनमें विश्वविद्यालय के संस्थापक पंण्डित मदन मोहन मालवीय, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू, प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् आदि के नाम उल्लेखनीय है। इनके अलावा विश्वविद्यालय के सभी कुलपत्तियों एवं कुलाधिपतियों द्वारा विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय एवं अन्य ग्रन्थालयों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता रहा है।

निष्कर्ष

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली देश की सबसे बड़ी विश्वविद्यालयी ग्रन्थालय-प्रणाली है। इसका विविध व बहुआयामी संग्रह इसे और भी अद्वितीय बनाता है। विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली में देश के कई प्रतिष्ठित एवं आम व्यक्तियों का भी योगदान रहा है। इसकी यह विशेषता इसे अन्य विश्वविद्यालयी ग्रन्थालयों से खास बनाती है। वर्तमान में विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली डिजिटल युग की सभी नवीनतम ग्रन्थालयी सुविधाएँ अपने उपयोगकर्ताओं को प्रदान करती है। ग्रन्थालय-प्रणाली पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की नवीनत्तम विधियों द्वारा संचालित की जा रही है।

विश्वविद्यालय की ग्रन्थालय-प्रणाली में रिक्त पदों की संख्या निराश करती है। इन्हें यथाशीघ्र भरना आवश्यक है, ताकि ग्रन्थालय-प्रणाली का संचालन और भी सुचारू रूप से किया जा सके। केन्द्रीय ग्रन्थालय में ऑडियो-विडियो कलेक्शन के लिए एक पृथक अनुभाग बनाये जाने की आवश्यकता है, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के भाषणों, विभिन्न कार्यक्रमों आदि का डिजिटल संग्रह हो।

किसी भी विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय उसकी आत्मा होती है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसे विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थान में एक विश्वस्तरीय ग्रन्थालय अपरिहार्य है। विश्वविद्यालय की वर्तमान ग्रन्थालय-प्रणाली इस शर्त को अवश्य ही पूरा करती है। यह विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु देश-विदेश के विभिन्न विद्यार्थियों एवं ज्ञान-पिपासु विद्वानों की ग्रन्थालयी आवश्यकताएँ पूरा करती है।

सन्दर्भ सूची

1. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 1983-84
2. शुक्ला, अर्चना, ''असेसिंग यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज इन उत्तर प्रदेश विथ एम्फेसिस टू इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इनफार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी ऐप्लिकेशन्स,'' डीईएसआईडीओसी *जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एण्ड टेक्नोलॉजी*, नई दिल्ली, 2015, पृ. 266-272
3. लाइब्रेरीज ऑफ वाराणसी बाई एस. एन. राघव, आईएएसएलआईसी *कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स*, हेल्ड एट बी.एच.यू., वाराणसी
4. सयाजी राव गायकवाड़ केन्द्रीय ग्रन्थालय के अभिलेख के अनुसार
5. विकिपीडिया- बी.एच.यू. सेन्ट्रल लाइब्रेरी
6. सिंह, राणा पी.बी., 'महामना मालवियाज विजन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी : ए फ्रेम ऑफ आर्कीटैपल आर्किटेक्चर एण्ड कॉस्मिक प्लान', *काशी जर्नल ऑफ सोशल साइन्सेज*, वाराणसी, 2015, पृ. 61-76
7. शुक्ला, अर्चना, ''असेसिंग यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज इन उत्तर प्रदेश विथ एम्फेसिस टू इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इनफार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी ऐप्लिकेशन्स,'' *DESIDOC जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एण्ड टेक्नोलॉजी*, नई दिल्ली, 2015, पृ. 266-272
8. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 1990-91
9. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 2016-17
10. उपर्युक्त
11. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, 1983-84
12. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, 1990-91
13. विकिपीडिया- नेशनल मिशन फॉर मैनुस्क्रिप्ट्स.
14. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 2016-17
15. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 1966-67
16. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 2016-17
17. उपर्युक्त
18. वार्षिक प्रतिवेदन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सन् 1955-56

भारतीय राजनीति में वंशवाद : एक विश्लेषण

अरुणा शर्मा

प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान

राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, सद्दू, बड़ी (बीदासर), चूरू, (राज.)

शोध सारांश

राजनीति में वंशवाद को लेकर हमारे पब्लिक डोमेन में अरसे से कई सारी चर्चा, परिचर्चा और विमर्श होते रहे हैं। हमारे देश की राजनीति में गहराते परिवारवाद के काले बादलों ने लोकतंत्र को धूमिल कर दिया है। राजनीतिक परिवारों के लिए भारतीय राजनीति से ज्यादा उर्वरक जमीन पूरे विश्व में कहीं नहीं है। वर्तमान परिदृश्य में वामपंथी दलों को छोड़कर सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल कुनबे की राजनीति के दलदल में कमोबेश फँसे हुए हैं। भारत में वंशवादी राजनीति पर हुए सर्वे और अध्ययन दर्शाते हैं कि वर्तमान संसद में ऐसे सांसदों की संख्या में 2 प्रतिशत और सरकार में ऐसे मंत्रियों की संख्या में 12 प्रतिशत की कमी आई है, जो राजनीतिक घरानों से ताल्लुक रखते हैं। तथापि ज्वलन्त प्रश्न यही है कि आखिर भारतीय लोकतंत्र में कुनबावाद कब तक हावी रहेगा और इससे कभी निजात मिलेगी भी या नहीं? देश में परिवारवाद की राजनीति के लिए गांधी, अब्दुल्ला, सिंधिया, यादव, ठाकरे व बादल परिवार मशहूर या यूँ कहें बदनाम हैं। 28 फीसदी राज्य सरकारें किसी न किसी राजनैतिक कुनबे के हाथों में ही है। वंशवाद की राजनीति ने भाई भतीजावाद, अवसरवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया तथा प्रतिभातंत्र का ह्रास किया है। अगर समय रहते इसे दूर नहीं किया गया तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी राजनीति केवल कुछ परिवारों की बपौती बनकर रह जायेगी। अत: भारतीय लोकतंत्र को वंशवाद की अजगरी जकड़न से मुक्त करवाने हेतु मतदाता, राजनेता और राजनीतिक दल सभी के द्वारा जमीनी स्तर पर गंभीर सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

संकेताक्षर : *पब्लिक डोमेन, परिवारवाद, कुनबे की राजनीति, भाई-भतीजावाद, अवसरवाद, प्रतिभातंत्र*

वंशवाद या परिवारवाद शासन की वह पद्धति है जिसमें एक ही परिवार, वंश या समूह से एक के बाद एक कई शासक बनते जाते हैं अथवा राजसत्ता में भावी पीढ़ियों को अग्रिम बढ़त और अतिरिक्त लाभ पारिवारिक विरासत के रूप में प्राप्त हो जाता है। राजनीति में परिवारों के वर्चस्व का मुद्दा विश्व राजनीति के लिए नया नहीं है। अमेरिका के रूजवेल्ट, कैनेडी परिवार तथा ब्रिटेन के चर्चिल परिवार की सियासत इसी ओर संकेत करती है। लेकिन भारतीय राजनीति का नेहरू गाँधी राजवंश संपूर्ण विश्व में बेमिसाल है। नेहरू-गाँधी परिवार में महान दादा से महान पोते तक राजनीतिक उत्तराधिकार की अटूट श्रृंखला रही है।[1] दक्षिण एशिया में गाँधी, भुट्टो, भण्डारनायके और हसीना परिवारों की पीढ़ियों ने एक समय तक एकछत्र राज किया और भारत में वंशवाद की यह कहानी आज भी जारी है।[2]

भारतीय राजनीति में गहराता वंशवाद का संकट

भारत की राजनीति में वंशवाद/परिवारवाद जड़ें जमाए बैठा है। एक अरब इक्कीस करोड़ की जनसंख्या वाला भारत यूँ तो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहाँ लोगों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों की सरकार बनती है लेकिन सत्ता की राजनीति पर केवल कुछ घरानों का ही वर्चस्व है। भारतीय राजनीति में परिवारवाद का बीजारोपण करने के आरोप कांग्रेस पर प्रारंभ से ही लगते रहे हैं लेकिन आज आलम यह है कि वामपंथी दलों को छोड़कर कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है ... हमाम में सभी नंगे हैं। इसी प्रकार त्रिपुरा, केरल, दिल्ली और कुछ पूर्वोतर के राज्यों के अतिरिक्त उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सभी राज्यों में वंशवाद का सर्प कुण्डली मारकर बैठा है। उत्तर में जम्मू कश्मीर में अब्दुल्ला और सईद परिवार, हिमाचल में धूमल परिवार, पंजाब में बादल परिवार, हरियाणा

में देवीलाल, बंशीलाल व भजनलाल परिवार, उत्तरप्रदेश में मुलायम, कल्याणसिंह और राजनाथ परिवार, दक्षिण में - तेलंगाना में चन्द्रशेखर राव व औवेसी परिवार, आंध्रप्रदेश में एनटी रामाराव, वाईएस आर रेड्डी परिवार, तमिलनाडू में एम. करुणानिधि, शशिकला परिवार, कर्नाटक में येदि्दयुरप्पा व रेड्डी परिवार, पूर्व में - असम में गोगोई परिवार, अरुणाचल में खांडू परिवार, पश्चिम बंगाल में दासमुंशी परिवार, प्रणव मुखर्जी व ममता बनर्जी परिवार, झारखण्ड में शिबू सोरेन परिवार, बिहार में लालू प्रसाद यादव, रामविलास पासवान परिवार, ओडिशा में पटनायक परिवार, पश्चिम में - महाराष्ट्र में ठाकरे, पवार, चव्हाण व राणे परिवार, मध्यप्रदेश में सिंधिया, दिग्विजय सिंह परिवार, छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी, रमन सिंह परिवार, राजस्थान में सिंधिया, जसोल, मदेरणा, मिर्धा और ओला परिवार वंशवादी राजनीति के पर्याय हैं।[3]



उपर्युक्त परिदृश्य देखकर भारत की संसद रिश्तेदारों का 'गैट-टुगेदर' लगती है और मानो राजनीति में वंशवाद नहीं बल्कि राजनीति का वंशवाद चल रहा हो। यूपी में समाजवादी पार्टी के परिवारवाद के हालिया घमासान को देखकर ऐसा लगा जैसे किसी औद्योगिक घराने में संपत्ति को लेकर झगड़ा चल रहा है। आश्चर्य होता है कि इस देश में सबसे बड़े लोकतंत्र का कितना जोरशोर से ढ़ोल बजाया जाता है। चुनाव होते हैं तो लोकतंत्र के महान उत्सव के जैकारे लगने लगते हैं लेकिन बारीकी से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि ये तो एक तरह से राजे-रजवाड़ों की ही कोई प्रतियोगिता सरीखी हो रही है। इन्हीं रुझानों और प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हुए ब्रिटिश लेखक और इतिहासकार पैट्रिक फ्रेंच ने 2011 में आई अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''इंडिया : अ पोर्ट्रेट'' में लिखा था कि ''वो दिन दूर नहीं जब भारत में एक तरह की राजशाही जैसी कायम हो जाएगी। ऐसा समय जहाँ पीढ़ीगत व्यवस्था के तहत कोई शासक

गद्दी पर होगा। उन्होंने तो ये आशंका भी जाहिर कर दी थी कि भारतीय संसद कुनबों का सदन हो जाएगा।[4]

भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों में वंशवाद का स्वरूप और वंशवादी राजनीति का दुष्प्रभाव

भारतीय राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें सभी राजनीतिक दल परिवारवाद के आगोश में हैं। वंशवादी राजनीति को समाप्त करने की प्रतिबद्धता का दावा करने वाली बीजेपी भी वंशवाद से अछूती नहीं है। बीजेपी के 15 प्रतिशत सांसद वंशवाद के ही उत्पाद हैं।[5] भारतीय राजनीति में परिवारवाद को लेकर 15वीं लोकसभा के 545 सांसदों की पारिवारिक पृष्ठभूमि पर **पैट्रिक फ्रेंच** द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार राजनीतिक पार्टियों में वंशवाद कुछ इस प्रकार है:-

एनसीपी	77.8 प्रतिशत	9 में से 7 सांसद
बीजेडी	42.9 प्रतिशत	14 में से 6 सांसद
कांग्रेस	37.5 प्रतिशत	208 में से 78 सांसद
सपा	27.3 प्रतिशत	22 में से 6 सांसद
बीजेपी	19 प्रतिशत	116 में से 22 सांसद

फ्रेंच के अनुसार इस दृष्टि से राष्ट्रीय लोकदल एक ऐसी पार्टी है जो सौ प्रतिशत खानदानी है जिसके पाँचों सांसद खानदानी है।[6] **प्रो. कंचन चन्द्रा** की शोध डाटा के मुताबिक 15 वीं लोकसभा में कांग्रेस के 37 फीसदी सांसद किसी न किसी राजनीति परिवार से थे, वही राम विलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के लगभग 73 प्रतिशत सांसदों को वंशवाद से प्रेरित होकर टिकट मिली थी। वहीं इस लिस्ट में सबसे आगे शरद पवार की एनसीपी है।[7]

चुनावी राजनीति में परिवारवाद, भाई-भतीजावाद लगभग हर दल में कम या ज्यादा हैं लेकिन इस सवाल से अधिक महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि भारत के राजनीतिक दलों में संगठनात्मक स्तर पर परिवारवाद या वंशवाद की स्थिति क्या है? इस दृष्टि से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की राजनीतिक बुनियाद ही परिवारवाद पर टिकी नजर आती है। भाजपा इस मामले में परिवारवादी नहीं लगती और वंशवादी तो खैर नहीं ही है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का बेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, ऐसा सोचना भी कल्पना से परे लगता है। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, बंगारू लक्ष्मण, वैंकेया नायडू, नितिन गडकरी, राजनाथसिंह भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं लेकिन इनमें से किसी का भाई अथवा बेटा पार्टी का अध्यक्ष तो दूर किसी प्रदेश का अध्यक्ष भी न बन पाया हो। राजनाथ सिंह के पुत्र पंकजसिंह डेढ़ दशकों तक सक्रिय राजनीति में रहकर संगठन की प्रक्रियाओं से गुजरकर महज उत्तर प्रदेश के महामंत्री तक पहुँच पाए हैं।[8] प्रो. कंचन चंद्रा के अनुसार 2014 की लोकसभा में 48 प्रतिशत पारिवारिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों के साथ कांग्रेस सबसे ज्यादा वंशवादी पार्टी के रूप में उभरी है। भारतीय जनता पार्टी अक्सर गैर-राजवंशीय पार्टी के रूप में वर्णित की जाती है लेकिन यह वास्तव में सच नहीं है। यद्यपि यह सत्य है कि बीजेपी कांग्रेस से कम राजवंशीय है। भाजपा के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति राजनीतिक परिवारों से नहीं है और इसके कांग्रेस के 48 प्रतिशत की तुलना में वर्तमान सांसदों के केवल 15 प्रतिशत ही वंशवादी पृष्ठभूमि से है लेकिन संसद में सीटों का बहुमत भाजपा नियंत्रित करता है अत: वर्तमान में इसमें राजवंशीय सांसदों की संख्या सर्वाधिक है।[9] इस प्रकार कुनबापरस्ती बीजेपी में भी कम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह व पौत्र संदीप सिंह, राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह, मेनका गाँधी के पुत्र वरुण गाँधी, वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह, जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह, रमन सिंह के पुत्र अभिषेक, यशवन्त सिन्हा के पुत्र जयन्त सिन्हा, पी.के. धूमल के पुत्र अनुराग ठाकुर भाजपा में वंशवाद के फलते-फूलते चेहरे हैं। लेकिन भाजपा में सत्ता के शीर्ष पर एक ही कुनबे से पीढ़ी दर पीढ़ी किसी को गद्दी नहीं मिली।[10]

भारतीय राजनीति पर हावी यह परिवारवाद भारतीय लोकतंत्र के मुक्कमल विकास के लिए घातक है। यद्यपि वंशवादी लोकतंत्र जातियों में ऐसी क्रांति ला सका है जिससे परम्परागत तौर पर सत्ता विहीन रहने वाले लोग भी सशक्त हो गए हैं तथापि वंशवाद एक नकारात्मक प्रवृत्ति है जिसकी दुनियाभर में आलोचना की जाती है। वंशवाद भारतीय राजनीति का विशेष लक्षण और कड़वा सच है। वंशवाद से समान अवसर का सिद्धान्त पीछे छूट जाता है और यह सच्चे लोकतंत्र को मजबूत नहीं होने देता। वंशवाद के कारण नए लोगों का राजनीति में आने का सपना मात्र सपना ही रह जाता है जिससे प्रतिभातंत्र के बजाय मेडियोक्रेसी को बढ़ावा मिलता है। वंशवाद के आधार पर केवल चुनाव ही नहीं लड़ा जाता वरन् चुनावों के पश्चात् संकीर्ण मुद्दों पर होने वाला घमासान भी वंशवादी ही होता है।[11] आम जनता में कुण्ठा की भावना घर करने लगती है। दुष्प्रचार (प्रोपेगैण्डा), चमचातंत्र, धनबल तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता है ताकि जनता का ध्यान वंशवाद की कमियों से दूर रखा जा सके। देश की सभी प्रमुख संस्थाएँ पंगु बनाकर रखी जाती हैं, ऐसे कानून व नीतियाँ बनायी जाती है, जो वंशवाद का भरण पोषण करती रहती हैं।

भारतीय राजनीति में वंशवाद : बदलाव का संकेत?

भारत में वंशवादी राजनीति पर किए गए तमाम सर्वे और अध्ययन इस ओर इशारा करते हैं कि पिछली संसद के मुकाबले मौजूदा संसद में राजनीतिक घरानों से आने वाले सांसदों की संख्या में कमी आई है और बगैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नई पीढ़ी के राजनीतिज्ञ सामने आए हैं। 'द हिन्दू' अखबार के एक सर्वे के मुताबिक 15वीं लोकसभा में 156 सांसद पारिवारिक पृष्ठभूमि से पहुँचे थे जबकि 16वीं लोकसभा में 130 सांसदों का संबंध वंशानुगत राजनीति से है।

क्या यह राजनीति के पुराने ढर्रे में बदलाव का संकेत है? इस संदर्भ में सौंतिक बिस्वास ने अपने विश्लेषण में बताया है कि न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय की राजनीतिक वैज्ञानिक **कंचन चन्द्रा** ने अपने नए शोध में पाया कि '16वें आम चुनावों के बाद मई में अस्तित्त्व में आई संसद में महज 21 प्रतिशत सांसदों की पृष्ठभूमि राजनीतिक घरानों से थी जबकि पिछली संसद में यह 29 प्रतिशत थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में गठित नए मंत्रिमण्डल में राजनीतिक घरानों से ताल्लुक रखने वाले मंत्रियों की संख्या 24 प्रतिशत है जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सराकर में यह संख्या 36 प्रतिशत थी।[12]

2014 के लोकसभा चुनाव ने जहाँ एक ओर देश के सभी छोटे-बड़े राजनीतिक परिवारों और दलों के नेताओं को हाशिए पर धकेल दिया, वहीं दूसरी ओर अविवाहित क्षेत्रीय नेताओं को शीर्ष पर पहुँचाया है। मौजूदा हालात में देश की राजनीति में इन एकल राजनेताओं (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, हरियाणा सीएम मनोहरलाल खट्टर, असम सीएम सर्वानन्द सोनोवाल, ममता बनर्जी) का ही बोलबाला है। भारतीय राजनीतिक विश्लेषक और ब्रिटिश उपन्यासकार **जॉन ऑस्टिन** ने भी इस ओर इशारा करते हुए अपने एक लेख में लिखा कि, ''आने वाले समय में भारतीय राजनीति में जहाँ एकल राजनेताओं का ही वर्चस्व होगा, वहीं वंशवाद हाशिए पर रहेगा।''[13]

बीजू जनता दल के सांसद बैजयंत जयपांडा का भी मानना है कि चीजें बदल रही हैं, बिना घरानों की पृष्ठभूमि वाले नई पीढ़ी के राजनीतिज्ञों की संख्या बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी का उदाहरण देकर वे कहते हैं कि सोशल मीडिया का आगमन यह दिखाता है कि चुनावी जीत में वंशवादी नेटवर्क के आधार पर बढ़त अब टूट रही है और राजनीति बहुकोणीय क्षेत्र बनता जा रहा है। स्थानीय शासक घरानों में फूट पड़ेगी और उनकी चमक फीकी पड़ती जाएगी।

हालांकि **प्रोफेसर चन्द्रा** इससे सहमत नहीं है। वे कहती हैं कि सत्तारूढ़ भाजपा समेत अधिकांश दल वंशवादी राजनीतिज्ञों के अनुकूल हैं। अभी संसद में 36 राजनीतिक दलों के पास कम से कम एक सीट है, जबकि 13 दलों के नेता (करीब 36 प्रतिशत) राजनीतिक घरानों से थे। 2014 के चुनावों में हाशिए पर धकेले जाने के बावजूद 15 राजघराने अभी भी राजनीतिक रूप से प्रभावशाली बने हुए हैं। प्रोफेसर चन्द्रा भी इस ओर इशारा करती है और इसमें कोई ताज्जुब नहीं कि वंशवादी राजनीति न केवल जीवित है बल्कि प्रदेशों में इसकी अच्छी पैठ है।[14]

पैट्रिक फ्रेंच का भी मानना है कि जो लोग यह मानते हैं कि भारतीय समाज आम तौर पर गुणतंत्र पर अधिकाधिक जोर देने लगा है, उन्हें यह बात रास नहीं आती कि वंशवाद अभी भी चुनावी राजनीति पर हावी है - लेकिन अब इनका प्रभाव इतना नहीं रह गया है, जितना कि पहली नजर में दिखाई देता है।

16वीं लोकसभा सांसदों के परिवारवादी पृष्ठभूमि संबंधी आंकड़ों के आधार पर भारतीय राजनीति में वंशवाद से मोहभंग का कयास लगाने में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इसके पीछे सोशल मीडिया और बीजेपी की भारी बहुमत से जीत की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। वंशवादी राजनीति में परिवर्तन के इस संकेत के बावजूद आज यक्ष प्रश्न यही है कि क्या भारतीय राजनीति वंशवाद के अजगरी शिकंजे से कभी आजाद होगी? वंशवादी नेताओं को पराजित किए बिना देश में वंशवादी शासन का अंत कैसे हो सकता है? और वंशवाद के इन शंहशाहों को उनके 'कम्फर्ट जोन' में चुनौती दिए बिना कैसे पराजित किया जा सकता है। वस्तुत: राजनीतिक परिवार अपने वंशजों को चुनावी राजनीति में उतारना अपना विशेष अधिकार समझते हैं।[15] चिंता और चिन्तन का विषय है कि कुनबे की राजनीति को भारत में लोगों ने सहजता से लेना भी शुरू कर दिया है, मानो वे इसके अभ्यस्त हो चले हैं। वंशानुगत राजनीति के प्रतिनिधियों को चुनने में मतदाताओं के रवैये को लेकर हुए विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि युवा मतदाता हों या अधेड़ या बुजुर्ग, उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि वो किसी राजनैतिक दल को वोट दे रहे हैं या कुनबे को या किसी व्यक्ति की राजनैतिक क्षमता को तौलकर।[16] प्रोफेसर कंचन चन्द्रा के अनुसार, ''युवा और नई आकांक्षाएँ पालने वाले मतदाता वंशवादी राजनीति का हल नहीं होते।''[17]

इस बात की तस्दीक दिल्ली के सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज द्वारा वर्ष 2011 में युवा मतदाताओं पर किए गए एक सर्वे से भी होती है जिसके अनुसार हालांकि 18 से 30 वर्ष की उम्र

वाले युवा मतदाता सामान्यतया वंशवादी राजनीति की मुखालफत करते हैं लेकिन जब राजनीतिक घराने से युवा उम्मीदवार आता है तो वे उसे ही मत देने को वरीयता देते हैं।[18] बीबीसी संवाददाता **मार्क टुली** के अनुसार पश्चिम के न्यूक्लियर परिवारों के विपरीत भारत की मजबूत पारिवारिक परम्परा ही मतदाताओं की नजर में वंशवाद को जायज ठहराती है। भारत में इसे काफी स्वाभाविक और स्वीकार्य माना जाता है कि किसी भी तरह का अधिकार रखने वाले माता-पिता अपने बेटे या बेटी को उसे सौंप दे।[19] **इन्दर मल्होत्रा** ने इसे अपनी पुस्तक 'डायनस्टीज ऑफ इंडिया एण्ड बियांड'' में बहुत अच्छी तरह स्पष्ट करते हुए कहा है कि, ''वंशवाद की मुखर अल्पसंख्यक भर्त्सना खासकर भारत में ज्यादा तेज है और इसका मुख्य लक्ष्य नेहरू-गांधी परिवार है लेकिन इसकी वास्तव में शांत बहुसंख्यक जनता की चुप्पी से कोई तुलना नहीं है। उपमहाद्वीप की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा राजनैतिक सत्ता की विरासत माँ-बाप से संतान को देने में कुछ भी आपत्ति जनक नहीं मानता।''[20]

द्रष्टव्य है कि योग्यता के आधार पर किसी को आगे आने का अवसर मिलता है तो वंशवाद में कोई बुराई नहीं है लेकिन काबिल लोगों की उपेक्षा कर सिर्फ वंशवाद के नाम पर ही किसी को मौका मिल जाए, यह कदापि उचित नहीं। दशकों तक एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी आज नेतृत्व के संकट से गुजर रही है जिसका मूल कारण परिवारवाद ही है। एक प्रभावशाली नेता के रूप में व संघर्षरत पार्टी को उबारने में राहुल गाँधी की विफलता के बावजूद कांग्रेस का परिवारवाद से मोहभंग नहीं हो रहा। अभी भी कांग्रेस में पूँजी और दायित्व मौजूद हैं लेकिन कांग्रेस को गाँधी परिवार से इतर सोचना होगा। अकेला वंशवाद कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल को जिंदा नहीं रख सकता।[21]

निष्कर्ष

भारतीय राजनीति में गहराते जा रहे वंशवाद को यथासमय अगर नहीं रोका गया तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे लेकतंत्र का जनाजा ये वंशवाद निकाल देगा। भारत की वर्तमान जनतांत्रिक संसदीय प्रणालीजन्य राजनीति यदि जन आंदोलन, जनसरोकार, जनचेतना व जनकल्याण जैसे मुद्दों से पलायन कर चुकी है तो इसकी एक प्रमुख वजह यह है कि भारतीय युवा 'भ्रांत स्थिति' में है व युवा नेतृत्त्व सुषुप्तावस्था में है। परिवारवाद के युवा खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि चुनावी राजनीति में किस प्रकार बिना हींग, फिटकरी लगाए मलाई मिलती रहती है। शक्तिशाली संचार साधनों की उपलब्धता के बावजूद सार्थक संपर्क साहचर्य बेहद कमजोर है। अत: वंशवाद की बेड़ियों से भारतीय लोकतंत्र की मुक्ति के लिए आवश्यकता है देश के आम युवा, सत्ता के नेतृत्त्वकर्त्ता और राजनीतिक दलों द्वारा परिवार केन्द्रित मोहवादी राजनीति से ऊपर उठकर भारतीय लोकतंत्र के जमीनी संघर्षों, सामाजिक सरोकारों और नेतृत्त्व कौशल को परखने की। देश में पब्लिक लीडरशिप की नयी पौध की एक ऐसी राजनीतिक नर्सरी उगानी होगी जिसमें, योग्यता, ईमानदारी, अवसर की समानता जनसमस्याओं के प्रति विराट संवेदनशीलता और गुड-गवर्नेस के प्रति प्रतिबद्धता हो।

संदर्भ सूची

1. अली, तारिक, एन इण्डियन डायनेस्टी : द स्टोरी ऑफ द नेहरू-गाँधी फैमिली, बुक सेल्स आइएनसी, यू.एस.ए., 1986
2. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू, प्रयुक्ति. नेट >ऐडिटोरिया, 2017
3. राजस्थान पत्रिका, सितम्बर 2017
4. फ्रेंच, पैट्रिक, इंडिया : अ पोर्ट्रेट, पेंगुइन, 2012
5. आरों, सुनीता, द डायनेस्टी : बॉर्न टू रूल, हे हाउस इण्डिया, 2016
6. एचटीटीपीएस //खबर.एनडीटीवी.कॉम, 2014
7. चन्द्रा, कंचन, डेमोक्रेटिक डायनेस्टीज: स्टेट पार्टी एण्ड फैमिली इन कंटेम्प्रेरी इण्डियन पॉलिटिक्स, केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 2016
8. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. नेशनलिस्ट ऑनलाइन.कॉम. 2017
9. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. कारवां मैगज़ीन.इन, चन्द्रा, कंचन, द फैमिली वे: व्हाई पॉलिटिकल डायनेस्टीज सक्सीडेड इन इण्डिया, सितम्बर 2016
10. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. जनसत्ता.कॉम, 2017
11. सांघवी, वीर, मेंडेट : विल ऑफ द पीपुल, वेस्टलैण्ड, 2015
12. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. बी.बी.सी.कॉम > हिन्दी > इण्डिया, 2017
13. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. पत्रिका.कॉम, जुलाई 27, 2017
14. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. बी.बी.सी.कॉम, पूर्वोक्त
15. आरों, सुनीता पूर्वोक्त
16. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.डी..डब्ल्यू.कॉम, सितम्बर, 2016
17. चन्द्रा, कंचन, पूर्वोक्त
18. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.बी.बी.सी.कॉम, पूर्वोक्त
19. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.कारवां मैगज़ीन.इन., पूर्वोक्त
20. मल्होत्रा, इन्दर, डायनस्टीज ऑफ इण्डिया एण्ड बियांड: पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, हार्पर कॉलिन्स इण्डिया, 2003
21. सरदेसाई, राजदीप, 2014 : द इलेक्शन दैट चेन्ज्ड इण्डिया, पेंगुइन इण्डिया, गुड़गॉव, 2015

भारत के संदर्भ में क्षेत्रीय संघर्ष तथा सहयोग के परिप्रेक्ष्य में महाशक्तियों की भूमिका

डॉ. दीपिका कुमारी

जयपुर (राज.)

शोध सारांश

क्षेत्रीय संघर्ष और सहयोग उस प्रक्रिया का संकेत है जिसमें किसी क्षेत्र विशेष के राष्ट्रीय प्रतिनिधि, पारस्परिक क्रिया द्वारा या आपसी आदान प्रदान के द्वारा सहयोग की ओर अग्रसर होते हैं और संघर्ष का समाधान करते हैं। जिससे आर्थिक, राजनैतिक सुरक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए कार्यो का लाभ उनके लिए व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से अधिकतम होता है। विगत वर्षों के दौरान भारत में जहां एक ओर आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं सैनिक विकास की प्रक्रिया में वृद्धि हुई वहीं दूसरी ओर भारत को लेकर अन्य देशों विशेष रूप से महाशक्तियों में एक असुरक्षात्मक वातावरण में वृद्धि हुई है। अपनी बदली हुई विदेश नीति के कारण भारत उन देशों के करीब आ गया जिनसे उनका कोई संबंध भी नहीं था। ऐसे में भारत के विकास में कई महाशक्तियां बाधा उत्पन्न कर रही है वहीं कुछ महाशक्तियां भविष्य में भारत की महत्ता को जानते हुए उसके साथ खडी है। ऐसे में चीन के विरोधी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है वहीं रूस से उसे सहयोगात्मक रवैया मिल रहा है। जापान के साथ उसके संबंध अच्छे हो रहे हैं वहीं अमेरिका के संबंधों की स्थिति में असमंजस बना है।

संकेताक्षर : *सहयोग, संघर्ष, भारत, सार्क, महाशक्तियां*

जब-जब राष्ट्रों में अन्तरिम विवाद हुए है अन्य बाह्य देशों ने उसमें अपने-अपने अनुसार राय प्रकट की है और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप किया है। दक्षिण एशियाई देशों की आकांक्षाओं की पूर्ति किस हद तक हुई? उन आकांक्षाओं की पूर्ति करने हेतु उनके मध्य क्या-क्या मतभेद हुए? उन मतभेदों से उनमें क्या-क्या विवाद उत्पन्न हुए? यह स्पष्ट होने के बाद यह ज्ञात करना आवश्यक प्रतीत होता है कि इन विवादों में महाशक्तियों की क्या भूमिका रही?

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद महाशक्तियों का उदय हुआ। विश्व का नेतृत्व ग्रेट-ब्रिटेन के हाथ से निकल कर संयुक्त राज्य अमेरिका के हाथ में चला गया तथा साम्यवादी रूस में भी नेतृत्व की भावना जाग्रत हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका ने विश्व राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेना प्रारंभ कर दिया। साम्यवादी प्रभाव के कारण विश्व में दो गुटों का प्रादुर्भाव हुआ। गैर साम्यवादी गुट का नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका के हाथ में आया और साम्यवादी गुट का नेतृत्व सोवियत रूस के। 1949 में साम्यवादी क्रांति के बाद एक शक्तिशाली एवं सुसंगठित चीन का अभ्युदय हुआ। चीन को विश्व की तीसरी महाशक्ति के रूप में स्वीकार किया गया।[1]

परस्पर प्रतियोगी होने के कारण महाशक्तियां संपूर्ण विश्व राजनीति को प्रभावित करती है। इस प्रकार दक्षिण एशिया का क्षेत्र भी इनकी पकड़ से अछूता नहीं रह सका। महाशक्तियों द्वारा दक्षिण एशिया में प्रभाव विस्तार की प्रक्रिया और दक्षिण एशियाई देशों की परस्पर संघर्ष की स्थिति में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की भूमिका ने इस क्षेत्र की स्थिति को और भी अधिक जटिल बना दिया है। महाशक्तियों ने दक्षिण एशिया को शांति स्थायित्व और परस्पर सहयोग क्षेत्र बनाने के बजाए तनाव और संघर्ष का क्षेत्र बना दिया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस क्षेत्र में साम्यवादी प्रसार को रोकने तथा अपनी साम्राज्यवादी नीति को पूर्ण करने के लिए श्रीलंका एवं पाकिस्तान को अधिक से अधिक मात्रा में अनेक प्रकार की सैनिक सहायता प्रदान करके अपने हितों के अनुकूल बनाने का प्रयास किया है। सोवियत संघ ने भी चीन एवं अमेरिका के बढ़ते हुए प्रभाव को कम करने के लिए भारत को अधिक से अधिक शक्तिशाली बनाने में योगदान दिया है। साम्यवादी चीन एशिया

में नेतृत्व की भावना के कारण भारत के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के पड़ोसी पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल एवं भूटान आदि को भड़काता रहता है। जिसका स्वाभाविक रूप से दक्षिण एशियाई देशों के पारस्परिक संबंधों पर प्रभाव पड़ता है तथा यह क्षेत्र तनावरहित नहीं रह पाता। तनावपूर्ण स्थिति को बनाए रखने के लिए महाशक्तियां विभिन्न देशों के मध्य हुए विवादों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है।[2]

दक्षिण एशियाई देशों के पारस्परिक विवादों में अमेरिका की भूमिका

अमेरिका वर्तमान विश्व के राजनैतिक मानचित्र पर अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसकी भौगोलिक स्थिति, उन्नत आर्थिक व्यवस्था, सैनिक शक्ति, विदेशों को सहायता तथा साम्यवादी विस्तार के विरूद्ध मोर्चा आदि अनेक ऐसे तत्व है जिसके कारण आज विश्व की प्रत्येक राजनैतिक एवं आर्थिक घटना से इसका संबंध है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भी संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रभावी भूमिका स्वाभाविक है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकी विदेश नीति की आधारभूत विशेषता साम्यवाद का अवरोध एवं अपनी साम्राज्यवादी नीति का विस्तार रही है। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने स्वतंत्रता, न्याय, लोकतंत्र, विश्वशांति एवं सुरक्षा के नारों के सहारे एशियाई देशों को आर्थिक एवं सैनिक सहायता देना प्रारंभ कर दिया था। दक्षिण एशिया के नवोदित देश अमेरिका की नीतियों से अछूते नहीं रह पाए क्योंकि लगभग समस्त दक्षिण एशियाई देशों ने उसी समय स्वतंत्रता प्राप्त की थी तथा ये समस्त देश आर्थिक, राजनैतिक एवं सैनिक दृष्टि से काफी पिछड़े हुए थे। अपनी आर्थिक एवं राजनैतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इन समस्त देशों को अमेरिका से अनेक प्रकार की सहायता लेनी पडती थी तथा अमेरिका इन देशों के पिछड़ेपन का लाभ उठाते हुए इन्हें अपने हाथों की कठपुतली बनाए हुए था। अपनी साम्राज्यवादी एवं साम्यवादी विरोधी नीति पर चलते हुए अमेरिका ने इस क्षेत्र में सीटो एवं सेंटों जैसे संधि संगठन निर्मित किए। पाकिस्तान ने इन संगठनों की सदस्यता भी ग्रहण की जिसके कारण संपूर्ण दक्षिण एशियाई क्षेत्र तनावग्रस्त हो गया।

अमेरिका की ये गतिविधियां उसके वृत्ताकरण की नीति का ही अंग है। अपनी वृत्ताकरण की नीति द्वारा अमेरिका इस प्रयास में रहता है कि ये देश तटस्थता की नीति त्याग दे और साम्यवाद को अस्वीकार कर दे और अमेरिका का प्रभाव स्वीकार करें। सैनिक और आर्थिक सहायता के नाम पर अमेरिका न केवल इन देशों की दुर्बलता से लाभ उठाने का प्रयास करता रहा है वरन् उसका यह भी प्रयास रहा है कि ये देश सहायता के भार से इतना अधिक लद जाए कि अमेरिका के प्रभाव के वृत्त से बाहर निकलने के लिए इनके पास कोई मार्ग ही न बचे।

भारत-पाक संघर्ष के दौरान अमेरिका ने नाटो एवं सीटो के माध्यम से इन देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया। भारत के विरूद्ध पाकिस्तान को युद्धों में भरपूर आर्थिक एवं सैनिक सहायता दी और बंगाल की खाड़ी में अपने जहाज के साथ बेड़े को भेजने से भी नहीं हिचकिचाया। इसी प्रकार डियागोगार्सिया में सैनिक अड्डे की स्थापना भी उसकी इसी नीति का एक उदाहरण है। डियागोगार्सिया द्वीप पर अमेरिका ने अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और वहां अणु आयुधों से सुसज्जित अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा रखा जा रहा है। अमेरिका आज भी इस अड्डे के विकास के लिए प्रयत्नशील है। अमेरिका की डियोगोगार्सिया में जैसे-जैसे पकड़ बढ़ती जा रही है भारत की चिंता बढ़ रही है क्योंकि डियागोगार्सिया भारत के दक्षिण तट से केवल 1000 मील दूर है तथा हिंद महासागर में बसे अन्य द्वीप भी यहां से नियंत्रित किए जा सकते हैं।

हिंद महासागर के सामरिक एवं आर्थिक महत्व के कारण अमेरिका ने सदैव श्रीलंका एवं मालदीव को अनेक प्रकार की सहायता प्रदान करके सैनिक अड्डे स्थापित करने चाहे इसमें समय-समय पर अमेरिका को सफलता भी प्राप्त हुई। हिंद महासागर में किसी विदेशी शक्ति की उपस्थिति संपूर्ण दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए चुनौती है इसलिए दक्षिण एशिया के समस्त देश हिंद महासागर को शांति क्षेत्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं किंतु अमेरिका अपने आर्थिक एवं सामरिक हितों के कारण तथा अपनी साम्राज्यवादी नीति पर चलते हुए सदैव ही इस मांग को अस्वीकार करता है।[3]

दक्षिण एशियाई देशों के मध्य तनाव एवं अशांति उत्पन्न करने में अमेरिका की भूमिका

1965 में कश्मीर विवाद को लेकर भारत व पाकिस्तान के मध्य हुए युद्ध में अमेरिका ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई। यद्यपि जून 1951 से अप्रैल 1971 तक अमेरिका ने भारत को 7422 करोड़ 23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी थी किंतु इस युद्ध में उसने खुलकर भारत का विरोध और पाकिस्तान का समर्थन किया। 5 अगस्त, 1965 को पाकिस्तानियों ने कश्मीर में घुसकर जब उत्पात मचाना प्रारंभ किया और अमेरिका को इसकी सूचना मिली तो अमेरिकी समाचार पत्र ने कहा कि भारत के विरूद्ध कश्मीर निवासियों ने विद्रोह कर दिया है। तत्कालीन परिस्थितियों को देखकर यह विचार किया गया कि अमेरिकी सरकार को घटना का वास्तविक ब्यौरा प्राप्त हुआ होगा। अमेरिका ने प्रबल दुश्मन

चीन के साथ पाकिस्तान के बढते हुए संबंधों को देखकर कश्मीर के संबंध में अमेरिका का दृष्टिकोण परिवर्तित होगा किंतु यह आशा निराधार सिद्ध हुई और अमेरिका ने वही रूख अपनाया जो कश्मीर के प्रश्न पर अब तक उसका रहा।

पाकिस्तान ने 1965 में जब भारत पर आक्रमण किया तो संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारी मात्रा में पाकिस्तान को सैनिक सहायता की जो अमेरिकी शक्ति को प्रतिबिम्बित करती थी। पाकिस्तान ने भारत के विरूद्ध अमेरिका में बने पाकिस्तान को मदद के रूप में दिए गए पैंटन टैंक, हवाई बमवर्षक तथा अन्य अमेरिकी शस्त्रास्त्रों को युद्ध में झोंक दिया।

ऐसा विश्वास किया जाता था कि अमेरिका इसका विरोध करेगा किंतु भारत द्वारा ध्यानाकर्षित करने के बाद भी अमेरिका प्रशासन ने इस तथ्य की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया और पाकिस्तान को अमेरिकी शस्त्रास्त्रों को रोकने में अपनी असमर्थता प्रकट की।

3 दिसम्बर, 1971 को बांग्लादेश की समस्या को लेकर भारत व पाकिस्तान के मध्य पुन: युद्ध हो गया। अमेरिकी विदेश विभाग से इस विषय पर एक लंबा वक्तव्य जारी किया गया जिसमें युद्ध छिड़ने के लिए भारत को दोषी ठहराया गया। युद्ध के पूर्व ही अमेरिकी विदेश सचिव विलियम रोजर्स ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि चीन और पाकिस्तान ने मिलकर भारत पर आक्रमण किया तो अमेरिका भारत की सहायता नहीं करेगा। 6 दिसम्बर, 1971 को अमेरिकी प्रशासन ने यह घोषणा की कि 876 लाख डॉलर की सहायता के संबंध में भारत के साथ जो समझौता हुआ था रद्द किया जाता है। इसके अतिरिक्त भारत को हथियारों की खरीद के बचे हुए सभी लाइसेन्सों को रद्द कर दिया गया। इसके विपरीत अमेरिका पश्चिमी पाकिस्तान को निरंतर आर्थिक व सैनिक सहायता देता रहा। जब भारत ने इसका विरोध किया तो उसने कहा कि पूर्वी बंगाल की घटनाओं से पहले भी इस सहायता के लिए अमेरिका पाकिस्तान को वचन दे चुका था।[4]

अत: स्पष्ट है कि भारत व पाकिस्तान संबंधों की दरार को सुदृढ़ करने में अमेरिका ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका मुख्य कारण यह था कि भारत के साथ सोवियत संघ मदद कर रहा था। साम्यवाद का विरोध अमेरिकी नीति की आधारभूत विशेषता रही है। दक्षिण एशिया में साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए तथा अपना प्रभुत्व कायम रखने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान को अपना मोहरा बनाया। भारी मात्रा में पाकिस्तान को सैनिक सहायता देकर भारत के प्रतिद्वंद्वी के रूप में तैयार करने के लिए अमेरिका प्रयत्नशील रहता है।

श्रीलंका एवं भारत संबंधों में भी अमेरिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीलंका की हिंद महासागर में महत्वपूर्ण सामरिक स्थिति प्राप्त है इसलिए अमेरिका की नीति श्रीलंका के प्रति प्रारंभ से ही रूचिपूर्ण रही है। अमेरिका प्रारंभ से ही श्रीलंका को भी सैनिक और आर्थिक सहायता देकर हिंद महासागर में श्रीलंका जैसे सामरिक उपनिवेश को प्राप्त कर लेने के लिए प्रयत्नशील रहा है।

अमेरिका के प्रति झुकाव के कारण श्रीलंका व भारत के बीच मतभेद स्थापित हुए। 1950 में श्रीलंका ने कोरिया मार्ग के लिए बंदरगाह उपयोग करने की सुविधा प्रदान कर दी तथा 1954 में प्रधानमंत्री कोटलेवाला ने अमेरिका की सेना के जहाजों को फ्रांस से हवाई जाने के लिए कटुनायके का हवाई अड्डा प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर दी थी। भारत ने स्वाभाविक रूप से श्रीलंका की नीतियों का विरोध किया जिससे दोनों देशों में मतभेद उत्पन्न हो गया। अमेरिका द्वारा हिंदमहासागर में डियागोगार्सिया आदि अड्डे के निर्माण की योजना श्रीलंका एवं तटीय देशों की सुरक्षा के लिए खतरनाक है। भारत एवं श्रीलंका के समस्त जल मार्ग हिंदमहासागर से होकर गुजरते है। हिंदमहासागर में अमेरिका सैन्यशक्ति की उपस्थिति का मुख्य कारण तेल तथा अन्य कच्चे माल के स्त्रोतों पर नियंत्रण प्राप्त करना तथा महत्वपूर्ण मार्गो एवं समुद्री मार्ग पर नियंत्रण स्थापित करना है। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अमेरिका हिंदमहासागर के तटीय देशों को सैनिक एवं आर्थिक सहायता देकर आपस में विवाद उत्पन्न करने की नीति का अनुसरण करता है। श्रीलंका के द्वारा कभी कभी भारत के समान उच्च स्तर में हिंदमहासागर में महाशक्तियों की उपस्थिति के विषय में आलोचना की गई है।

तमिल समस्या के विषय में भी श्रीलंका ने विदेशी शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की सहायता प्राप्त करके इस समस्या को अंतर्राष्ट्रीय समस्या का स्थान प्रदान किया है। तमिल समस्या के विभिन्न चरणों में श्रीलंका सरकार ने आर्थिक सैनिक और नैतिक समर्थन मांगा। सैनिक सहायता के कारण ही भारत एवं श्रीलंका के मध्य मतभेद अधिक बढ़े।

हाल ही 2016 में अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान बेचने का सौदा किया है। इससे यह लगता है कि अमेरिका पुन: सार्क सदस्यों के बीच विवाद खड़ा करना चाहता है। अमेरिका की नीति अभी नकारात्मक नहीं मानी जा सकती है क्योंकि परमाणु क्लब में शामिल करने के लिए वह भारत के पक्ष में है जबकि चीन भारत के विरोध में और पाकिस्तान के पक्ष में है।[5]

दक्षिण एशियाई देशों के पारस्परिक विवादों में सोवियत संघ की भूमिका

सोवियत संघ अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में विशिष्ट स्थान रखता था। सोवियत संघ की नीति सदैव से साम्यवादी प्रसार एवं पूंजीवाद के उन्मूलन की रही। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ ने एक ओर साम्यवादी क्रांति के प्रसार हेतु उग्रनीति अपनाई तथा दूसरी ओर पश्चिमी प्रभावों से बचने के लिए लौह आवरण की नीति का आश्रय लिया।

सोवियत संघ की यूरोप और एशिया महाद्वीप में महत्वपूर्ण स्थिति, अत्यधिक आर्थिक संसाधन, उच्च तकनीकी स्तर आदि अनेक तथ्यों ने इसको शक्तिशाली स्वरूप प्रदान किया था। विश्व की प्रत्येक राजनैतिक घटना के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सोवियत संघ का संबंध रहा है। दक्षिण एशियाई क्षेत्र को अमेरिकी साम्राज्यवाद से बचाने के लिए सोवियत संघ ने इस क्षेत्र को अधिकाधिक सहायता प्रदान की तथा इस क्षेत्र के देशों में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलनों का खुलकर समर्थन किया। अपनी लौह आवरण की नीति पर चलते हुए सोवियत संघ ने भारत को अधिकाधिक मात्रा में सहायता प्रदान की तथा भारत को शक्तिशाली बनाने में योगदान दिया। परिणामस्वरूप दक्षिण एशिया के अन्य छोटे देश भारत के प्रति असुरक्षा की भावना से सशंकित रहने लगे तथा उनका झुकाव पश्चिमी शक्तियों के प्रति होता गया जिसके कारण दक्षिण एशियाई देशों के बीच विद्वेष तथा वैमनस्य का बीजारोपण हो गया।

सोवियत संघ ने दक्षिण एशिया के देशों के मध्य हुए विवादों में निम्न प्रकार अपनी भूमिका निभाई

सर्वप्रथम 1962 के अक्टूबर-नवम्बर में जब चीन और भारत के मध्य युद्ध हुआ तो सोवियत संघ के लिए एक बड़ी कठिन समस्या उत्पन्न हो गई। युद्ध में एक ओर तो सोवियत संघ का भाई चीन था तो दूसरी ओर मित्र भारत। एक ओर तो उसने अपने भाई चीन पर दबाव डालकर उसकी आक्रमणकारी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने पर बाध्य किया और दूसरी ओर अपने वचन के अनुसार भारत को सहायता भी दी जिसमें सैनिक सहायता भी शामिल थी। रूस की सरकार ने चीन को चेतावनी दी कि रूस भारत की ओर अपने सब सैनिक तथा व्यापारिक वचनबद्धताएं पूरी करने का इरादा रखता है। 1965 में सोवियत महाशक्ति इस उपमहाद्वीप में पूर्ण रूप से सक्रिय हो गई और 1965-67 के समय उत्पन्न समस्याओं में चीनी साम्यवाद के साथ विभिन्नता को लेकर एक वृहद पैमाने पर सोवियत संघ ने अर्थपूर्ण सक्रिय भूमिका अदा की।

कश्मीर प्रश्न पर सोवियत संघ ने भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा अनेकों बार की। जब-जब अमेरिकी गुट ने भारत को परेशान किया तब-तब सोवियत संघ ने सुरक्षा परिषद में वीटो का प्रयोग करके भारत की सहायता की।

विश्व की महाशक्तियों में सोवियत संघ ऐसा देश रहा जिसने कश्मीर की स्थितियों को उचित ढंग से समझा। खुश्चैव ने प्रारंभ से ही घोषित किया कि कश्मीर को वह भारत का अभिन्न अंग मानता है। कश्मीर की समस्या की जटिलता का कारण सोवियत दृष्टि से साम्राज्यवादी देशों की नीति है जो एशिया के दो पड़ोसी देशों को लड़ाकर अपना हित सुरक्षित करते हैं। इस विचार को सोवियत नेता अनेक बार व्यक्त कर चुके हैं। 1971 के भारत पाक युद्ध में भी रूस ने शांति पूर्वक रूप से युद्ध समाप्त करने की अपील की। युद्ध के लिए पाकिस्तान का विरोध किया और उसे दोषी ठहराया।[6] भारत और रूस के मध्य संबंध वर्तमान में भी बहुत अच्छे हैं। सार्क देशों के मध्य रूस कभी भी संघर्ष का कारण नहीं बना और सार्क देशों की समस्याओं पर उसने बिना पक्षपात के अपनी राय रखी है।

दक्षिण एशियाई देशों के पारस्परिक विवादों में साम्यवादी चीन की भूमिका

1949 की साम्यवादी क्रांति के बाद विश्व राजनीति में एक शक्ति के रूप में चीन का उदय हुआ। आज परमाणु शक्ति के क्षेत्र में चीन पश्चिमी देशों के समान स्थान रखता है। चीन की बढती हुई शक्ति के परिप्रेक्ष्य में वर्षो पूर्व जॉन हे ने कहा था - विश्व की शांति चीन पर निर्भर है जो कोई चीन को समझ सकेगा उसी के हाथ में आगामी पांच वर्षों तक विश्व राजनीति की कुंजी होगी।

चीनी विचारधारा के अनुसार किसी भी अंतर्राष्ट्रीय विशेषत: एशिया से संबंध रखने वाली समस्या का समाधान तब तक संभव नहीं है जब तक चीनी गणराज्य इसमें भाग न ले। चीन अपने प्रभाव का विस्तार एशिाय में विशेषत: दक्षिण एशिया में करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहा। चीन ने सदैव अपने को एशिया की महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है इसलिए दक्षिण एशिया के देशों के संबंधों में चीन का विस्तारवादी नीति की प्रभावी भूमिका स्वाभाविक है।

1954 में भारत ने तिब्बत पर चीन की प्रभुता को स्वीकार किया। दक्षिण एशिया में महाशक्तियों में चीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उसका विचार था कि भारत इस क्षेत्र में सर्वेसर्वा है। अत: इस भावना से प्रभावित होकर चीन ने भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन लाना प्रारंभ कर दिया जिसका परिणाम हुआ मई 1962 का युद्ध।

1965 में भारत पाक युद्ध में चीन ने पाकिस्तान को पूरा पूरा समर्थन दिया और भारत को आक्रामक बताया। चीन ने भारत को चेतावनी देते हुए मांग की कि तीन दिनों के अंदर भारत सिक्किम चीन सीमा पर गैर कानूनी ढंग से बनाए गए मठों को हटा ले अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे। चीन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने का आश्वासन दिया। चीन ने पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया।

1971 के युद्ध में यह विचार किया गया था कि चीन बांग्लादेश के प्रश्न को समाजवादी सिद्धांत के दृष्टिकोण से देखेगा। चीन उन असहाय बंगालियों के साथ केवल सहानुभूति ही नहीं प्रकट करेगा वरन् उनको सक्रिय मदद भी देगा क्योंकि चीन आरंभ से ही पद दलित मानवता का मुख्य प्रवक्ता रहा है। इस समय अंतर्राष्ट्रीय राजनीति एक विचित्र करवट ले रही थी और चीन ने बांग्लादेश के प्रश्न को समाजवादी सिद्धांत से नहीं वरन् अपने राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देखा। पश्चिमी पाकिस्तान के तानाशाही की निंदा करने के बजाए उसका समर्थन करना प्रारंभ कर दिया। अप्रैल 1971 को चीन ने कहा कि कुछ समय से पाकिस्तान ने बार बार सख्त विरोध की उपेक्षा करते हुए भारत सरकार ने पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में अधिकतम हस्तक्षेप किया है। एशिया में नेतृत्व की भावना से चीन सदैव भारत के विरूद्ध अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए प्रयत्नशील रहा है। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए चीन भारत के पड़ोसी देशों को सहायता देकर भारत के विरूद्ध भड़काता है।[7]

चीन की नीति भारत विरोधी रही है। वर्ष 2016 में ही उसने भारत को परमाणु क्लब का सदस्य नहीं बनाने की पहल की जबकि इसके लिए वह पाकिस्तान का समर्थन कर रहा है। साथ ही चीन सार्क देशों में विवाद कायम रखना चाहता है। इसीलिए हाल ही में उसने पाकिस्तानी आंतकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर को आतंकी मानने से मना करते हुए उसे वीजा दे दिया। भारत की सीमा पर चीन अपनी सेना बढ़ा रहा है।

भारत-चीन के बीच निम्न मुद्दों को लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन की यात्रा की। यह मुद्दे निम्न प्रकार है-[8]

1. सीमा विवाद - भारत-चीन 4 हजार कि.मी. की सीमा है जो कि निर्धारित नहीं है। इसे एलएसी कहते है। भारत और चीन के सैनिकों का जहां तक कब्जा है वही नियंत्रण रेखा है। जो कि 1914 में मैकमोहन ने तय की थी लेकिन इसे भी चीन नहीं मानता और इसीलिए अक्सर वो घुसपैठ करने की कोशिश करता रहता है।
2. अरूणाचल प्रदेश - चीन अरूणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताता है और इसीलिए अरूणाचल को विवादित बताने के लिए ही चीन वहां के निवासियों को स्टेपल वीजा देता है। जिसका भारत विरोध करता है।
3. अक्साई चिन रोड़ - लद्दाख में इसे बनाकर चीन ने नया विवाद खड़ा किया।
4. जम्मू कश्मीर - चीन जम्मू कश्मीर को भारत का अंग मानने में आनाकानी करता है और इसमें वह पाकिस्तान का समर्थन करते हुए सार्क क्षेत्र में विवाद उत्पन्न करता है।
5. पीओके - चीन पीओके को पाकिस्तान का भाग मानता है और इसके लिए वह पाकिस्तान का समर्थन करता है। उसके इस समर्थन से ही पाकिस्तान और भारत का विवाद और अधिक गहरा जाता है।
6. पीओके में चीन की गतिविधियां - हाल ही में चीन ने यहां 46 बिलियन डॉलर की लागत का प्रोजेक्ट शुरू कर दिया। इसके साथ ही भारत पाकिस्तान के संबंधों को कटु बना दिया।
7. तिब्बत - तिब्बत को भारतीय मान्यता प्राप्त है जिससे चीन भारत से खफा रहता है।
8. ब्रह्मपुत्र नदी - चीन इस नदी पर बांध बनाकर सारा पानी अपनी ओर मोड़ रहा है जिसका भारत विरोध करता है।
9. हिंद महासागर - चीन भारत को असुरक्षित करते हुए हिंद महासागर में भी अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है।

निष्कर्ष

भारत व पाकिस्तान संबंधों की दरार को सुदृढ़ करने में अमेरिका ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीलंका एवं भारत संबंधों में भी अमेरिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत और रूस के मध्य संबंध वर्तमान में भी बहुत अच्छे है। सार्क देशों के मध्य रूस कभी भी संघर्ष का कारण नहीं बना और सार्क देशों की समस्याओं पर उसने बिना पक्षपात के अपनी राय रखी है। भारत से चीन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विवाद पैदा करता रहता है और भारत से अपनी शत्रुता निभाने के लिए पाकिस्तान और चीन एक साथ खड़े है। ऐसे में सार्क सदस्यों के दो प्रमुख देश अपने आपसी विवाद सुलझाने के बजाए चीन के कारण और अधिक खराब करते जा रहे है।

संदर्भ सूची

1. बोहरा, पंकज, दक्षिण एशिया में अंतरराष्ट्रीय संबंध, एक वैकल्पिक प्रतिमान, सेज पब्लिकेशन भारत (प्रा.) लिमिटेड, 2008, पृ. 14
2. सूबा, सशस्त्र संघर्ष और दक्षिण पूर्व एशिया, ऑफसेट प्रेस, नई दिल्ली, 2007, पृ. 131
3. चंद्र प्रकाश और अरोड़ा, प्रेम; तुलनात्मक राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध, ब्रह्मांड प्रा. लिमिटेड, 26 वें संस्करण, दिल्ली, 2007, पृ. 87
4. छिब्बर, भारती, क्षेत्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग, एक तुलना: आसियान और सार्क, नई सदी प्रकाशन, नई दिल्ली का अध्ययन, 2004, पृ. 121
5. खोसला, पड़ोसियों पर स्पॉटलाइट, कोणार्क पब्लिशर्स (प्रा) लिमिटेड, दिल्ली, 2008, पृ. 114
6. कृष्णानंद, भारतीय उपमहाद्वीप में शांति स्थापना और विकास की संभावनाएं, महावीर एंड सन्स, दिल्ली, 2008, पृ. 43
7. मकवेन सी और हेनरी, विश्व 1945 के बाद से अंतरराष्ट्रीय संबंध का इतिहास, चिरायु बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, 6 संस्करण, नई दिल्ली, 2006, पृ. 213
8. पंडित, लता ए, सार्क - भविष्य के आगे, विश्व फोकस जर्नल जुलाई 2010, पृ. 83

शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता

श्रीमती ज्योति खत्री

व्याख्याता

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

सामाजिक और आर्थिक विकास की जडें शिक्षा के जल और शिक्षार्थियों की दक्षताओं की उर्वरकों से ही मजबूत होती है। इसी से फल, पत्तियों और पुष्पों की सुगन्धों से कोई भी प्रान्त महकने लगता है, फलता-फूलता सभी को सुख देता है। शिक्षा ही एक महत्वपूर्ण प्रेरक है। शिक्षा के द्वारा राष्ट्र की उन्नति तभी सम्भव है जब राष्ट्र शिक्षा का ढांचा इस प्रकार तैयार किया जाये जिसमें संस्कृति को उन्नत करने व संरक्षित करने की व्यवस्था हो और अनेकता में एकता का समावेश हो। शिक्षा एक बहुआयामी प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिकीकरण, कार्य संस्कृति, कार्य नीति का विस्तार किया जा सके। आज भारत सहित पूरा विश्व शिक्षा को एक मौलिक अधिकार मान चुका है तथा अनिवार्य व नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित कर चुका है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आज बहुत बड़ी संख्या में प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है। भारत में शिक्षक शिक्षा नीति को समय के हिसाब से निरूपित किया गया है और यह शिक्षक शिक्षा समितियों/आयोगों की विभिन्न रिपोर्टों में निहित सिफारिशों पर आधारित है।

संकेताक्षर : *शिक्षक योग्यता, व्यावसायिक कुशलता, प्रशिक्षण*

आज के सन्दर्भ में शिक्षण की जटिल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता लाना एक महत्वपूर्ण कार्य है। आज भारत सहित पूरा विश्व शिक्षा को एक मौलिक अधिकार मान चुका है तथा अनिवार्य व नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा का लक्ष्य निर्धारित कर चुका है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आज बहुत बड़ी संख्या में प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है। भारत में शिक्षक शिक्षा नीति को समय के हिसाब से निरूपित किया गया है और यह शिक्षा समितियों/आयोगों की विभिन्न रिपोर्टो में निहित सिफारिशों पर आधारित है जिनमें महत्वपूर्ण है कोठारी आयोग (1966), चट्टोपाध्याय समिति (1985), राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई. 1986/92), आचार्य राममूर्ति समिति (1990), यशपाल समिति (1993) एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा (एन.सी.एफ. 2005)। नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा आधार (आर.टी.ई.) अधिनियम 2009 जो 1 अप्रेल 2010 से लागू हुआ, जिसकी देश में शिक्षक शिक्षा में महत्वपूर्ण भागीदारी है।

देश के संघीय ढाँचे में शिक्षक शिक्षा पर विस्तृत नीतिगत और विधिक ढाँचा केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है और विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का कार्यान्वयन प्रमुखत: राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। स्कूली बच्चों की शिक्षा उपलब्धियों में सुधार के विस्तृत उद्देश्य की दोहरी कार्यनीति है -

(क) स्कूली प्रणाली के लिए अध्यापकों को तैयार करना (सेवा पूर्व प्रशिक्षण)।

(ख) मौजूदा स्कूल अध्यापकों की क्षमता में सुधार करना (सेवाकालीन प्रशिक्षण)।

भारतीय संसद ने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों में गुणवत्ता बढाने हेतु 1995 में एक विधेयक पारित किया और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) एक सांविधिक संस्था बनायी। जिसने पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों में योग्य, प्रभावी, कुशल व व्यावसायिक योग्य शिक्षक तैयार किये जाने हेतु एक प्रारूप तैयार किया। एन.सी.टी.ई. विभिन्न शिक्षक शिक्षा के नियोजित और समन्वित विकास का जिम्मेदार है। एन.सी.टी.

ई. विभिन्न शिक्षक शिक्षा के पाठ्यक्रमों के मापदण्ड व मानक, न्यूनतम योग्यतायें, पाठ्यक्रम व घटक अवधि निर्धारित करती है। यह ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने की इच्छुक संस्थानों को मान्यता भी प्रदान करती है और उनके मानदण्ड व गुणवत्ता विनियमित करने और उन पर निगरानी की निमित व्यवस्था भी करती है।

शिक्षा में योग्यता व दक्षता भारत सरकार की योजनाओं का एक बहुत बडा व महत्वपूर्ण प्रयास है। शिक्षा के सभी स्तरों पर उच्चतर परिणाम हेतु सरकार शिक्षक शिक्षा पर काफी जोर दे रही है और शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का एक संरचनात्मक ढाँचा तैयार करती है जिसमें ऐसे शिक्षक तैयार किये जायें जो विषय ज्ञाता, व्यवहार कुशल, तकनीकी कौशल से युक्त हो एवं विद्यालयों व कक्षाओं में प्रभावशाली कार्य कर सके।

प्रारम्भ में शिक्षा विद्वानों व पादरियों का कार्यक्षेत्र थी जिनके लिये किसी विशेष प्रकार का प्रशिक्षण नहीं दिया जाता था। शायद इन सब के पीछे एक मान्यता बडे प्रभावशाली रूप से कार्य करती थी कि शिक्षक पैदा होते हैं बनाये नहीं जाते।

यह विश्वास तब तक बना रहा जब तक शिक्षा शास्त्र का आर्विभाव नहीं हुआ और शिक्षण एक कला व विज्ञान है इस बात को सर्वमान्य ढंग से स्वीकार नहीं कर लिया गया। 19 वीं शताब्दी तक यह तथ्य काफी प्रभावशाली ढंग से कार्य करता रहा कि शिक्षक पैदा होते हैं। इस क्षेत्र में नई सोच का विकास किया विभिन्न शिक्षा मनोवैज्ञानिकों ने। उन्होनें कुछ ऐसी तकनीकों, शिक्षण मशीनों व प्रशिक्षण मॉडल/प्रतिरूप का निर्माण कर यह प्रमाणित किया कि शिक्षक विशेष प्रशिक्षित कार्यक्रम के द्वारा बनाये जा सकते हैं। आज के शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय इन्हीं प्रशिक्षण मॉडलों, शिक्षा तकनीकी के माध्यम से शिक्षक तैयार कर रहे हैं।

शिक्षक योग्यता व निपुणता

शिक्षक योग्यता अर्थात गुणवत्ता, नेतृत्व क्षमता, कुशलता आदि गुणों का समावेश है। इन गुणों का विकास अर्थात् एक विद्यार्थी का प्रभावी विकास। शिक्षक गुणवत्ता एक जीवन चक्र का निर्माण करती है जो छात्राध्यापकों को व्यावसायिक कुशलता से विकास की ओर ले जाती है। शिक्षक योग्यता शिक्षा के विकास की एक बुनियादी आवश्यकता है। एक अच्छी शिक्षा ही एक अच्छे परिवार, समाज व देश का निर्माण करती है इसीलिए कोठारी आयोग ने कहा भी है कि भारत का भविष्य यहाँ के कक्षा-कक्ष में बन रहा है। इतने बड़े उद्देश्य की प्राप्ति हेतु कई अनुसन्धानकर्ता, नीति निर्माता, मूल्यांकन कर्ता, शिक्षक योग्यता, शिक्षक अधिगम को अधिक प्रभावी बनाने के लिये नवीन खोज व प्रयास कर रहे है।

भारत में इसका प्रारम्भ अध्यापक शिक्षा योजना (1987-88) के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा किया गया जिसके कुछ उद्देश्य निर्धारित किये गये -

- प्राथमिक अध्यापक शिक्षण संस्थान का विकास आवश्यकतानुसार करना तथा डाइट की स्थापना (जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान) करना।
- द्वितीयक अध्यापक शिक्षण संस्थान का स्तर बढ़ाना।
- कॉलेज शिक्षा उच्च अध्ययन संस्थान व शैक्षिक शोध व प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) को मजबूत बनाना।

वर्ष 2003 में इसमें संशोधन किया गया तथा लक्ष्य रखा कि डाइट/सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई./एन.सी.ई.आर.टी. की योजनाओं को तेजी से पूरा किया जाये। इस क्रम में 11 वीं योजना के माध्यम से भी कुछ प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जैसे -

- अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक क्षेत्रों में अध्यापक शिक्षण क्षमता बढाना।
- सेवारत प्राथमिक व द्वितीयक अध्यापकों का व्यवसायिक विकास करना।
- रिफ्रेशर पाठ्यक्रम व फैलोशिप कार्यक्रम चलाना।

हाल ही इस दिशा में एक नवीन प्रयोग किया जिसमें एन.सी.ई.आर.टी. ने वर्ष 2014 में एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये है जिसके अन्तर्गत एन.ए.ए.सी. व क्यू.सी.आई. प्रारम्भिक व द्वितीयक स्तर के शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम चलाने वाली संस्थाओं को दी जाने वाली मान्यता व ग्रेड के आधार तय करेंगे। क्यू.सी.आई. ने एक प्रस्ताव तैयार किया है जिसमें शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के कुछ आवश्यक व महत्वपूर्ण मानक तय किये गये हैं।

इसके अन्तर्गत एक नवाचार के रूप में आत्मावलोकन को भी जोड़ा गया जिससे आत्मसुधार से गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जायें।

वास्तव में ये समस्त प्रयास शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता बढाने हेतु ही है क्योंकि एक शिक्षक ही वास्तव में -

शि- शिखर तक ले जाने वाला

क्ष- क्षमा की भावना रखने वाला

क- कमजोरी दूर करने वाला अर्थात जो विद्यार्थी की हर गलती को क्षमा करने की भावना रखता हो तथा उसकी हर कमजोरी को दूर कर उसकों शिखर (सफलता) तक ले जाता है, वही सच्चा शिक्षक कहलाता है।

क्यू.सी.आई. के द्वारा गुणवत्ता के कुछ निम्न आधारभूत लक्षण बताये गये हैं -

- गुणवत्ता एक अनुभूति है तर्क नहीं।
- इसकी प्रासंगिकता लक्ष्य व उद्देश्यों से जुडी है।
- इसका सम्बन्ध मात्रात्मक व गुणात्मक मूल्यांकन से है।
- यह एक आत्मनिष्ठ प्रक्रिया है।
- यह अपने आकलन के आधार स्वयं तय करते है।

गुणवत्ता का अर्थ तब भी सही कार्य करना जब आपको कोई देख नहीं रहा। -हेनरी फोर्ड

वास्तव में शिक्षक की व्यावसायिक कुशलता व योग्यता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारभूत आवश्यकता है। शिक्षक का व्यावसायिक विकास यह तय करता है कि व्यावहारिक स्तर पर शैक्षिक सिद्धान्तों व प्रतिमानों का कितना प्रभावी प्रयोग किया गया है। गुणवत्ता यह तय करती है कि शिक्षण अधिगम में किये गये प्रयोग व सुधार कक्षाकक्ष तक पहुँच रहे है या नहीं। यही सैद्धान्तिक व व्यावहारिक एकरूपता इन प्रयोगों को कक्षा कक्ष मे सफल बनाती है और शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाती है।

शिक्षक शिक्षा की चुनौतियाँ

यह तो सर्वस्वीकार्य तथ्य है कि शिक्षक शिक्षा के माध्यम से शिक्षा में सुधार व विद्यालयों को विकास की ओर ले जाया जा सकता है परन्तु यह राह काफी चुनौतीपूर्ण है। भारत जैसे विकासशील देशों में जहाँ संसाधनों की विशेष कमी है वहाँ मात्रात्मक कार्य करते हुये गुणात्मकता बढाना काफी मुश्किल है।

भारत में लगभग 300 मिलियन बच्चे विद्यालयी शिक्षा के योग्य हैं जिसमें 200 मिलियन नि:शुल्क व अनिवार्य शिक्षा के अन्तर्गत आते हैं। इन सब के लिये लगभग 5 मिलियन शिक्षकों की आवश्यकता है। ये बच्चे अलग-अलग आयु वर्ग के है तथा सीखने की क्षमता भी अलग। परिणामस्वरूप शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित होती है। हर स्तर के बालकों के लिये उन्हीं के आधार पर शिक्षक की आवश्यकता होती है।

शिक्षा के हर स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता रहती है जैसे - भाषा, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान आदि। इसी के साथ बच्चों की विशेष आवश्यकताओं के कारण शिक्षक में भी विशेष योग्यता की आवश्यकता होती है जैसे विभिन्न शिक्षा कौशलों का ज्ञान, अधिगम की आवश्यकताओं को समझने की विशेष योग्यता, शिक्षण सामग्री का चयन विषय व बालक की क्षमता के अनुरूप करना। इसके अतिरिक्त भी ऐसे विविध कार्य है जो शिक्षक को प्रभावी शिक्षण व अपेक्षित परिणाम हेतु करने होते हैं। निरन्तर परिवर्तनशील समाज व नवीन आवश्यकताओं से जूझती व्यवस्थाओं में समस्या समाधान कौशल व सृजनात्मक का गुण होना भी अत्यन्त आवश्यक है। एक व्यक्ति जो सभी कौशलों का जानकार हो व आवश्यकतानुसार प्रयोग करना जानता है उसे ही सही मायने में शिक्षक कहा जा सकता है।

इन सभी के साथ आज विज्ञान और तकनीकी का ज्ञान होना भी आवश्यक हो गया है या दूसरे शब्दों में कहें तो शिक्षक को विज्ञान और तकनीकी का मित्र भी होना चाहिये। जिस तरह शिक्षा अर्थात सर्वांगीण विकास वैसे ही शिक्षक अर्थात सर्वज्ञाता।

पर चुनौती यहीं है कि सीमित समय में सीमित संसाधनों व व्यक्तिगत सीमाओं में रहकर सर्वज्ञाता शिक्षक कैसे बनाये जाये? इन सब के अतिरिक्त भी व्यवस्थाओं में कुछ सुधारों की आवश्यकता निरन्तर महसूस की जाती रही है -

- शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम में नवाचार की आवश्यकता।
- शिक्षक शिक्षा पर और अधिक अच्छी पुस्तकों की आवश्यकता।
- शिक्षक निर्माण हेतु विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में भागीदारी की आवश्यकता।
- समय-समय पर प्रभावी वर्कशॉप के आयोजन की आवश्यकता।
- मूल्यांकन प्रक्रिया में भी कुछ संशोधनों की आवश्यकता।
- शिक्षक शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण की आवश्यकता।
- शिक्षक शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत शिक्षार्थियों से समय समय पर प्रतिपुष्टि लेना।

निष्कर्ष

यह सही है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक शिक्षा की व्यवस्था करना व सुचारू रूप से चलाये रखना एक बहुत बड़ा संकल्प है लेकिन यह जितनी बड़ी चुनौती है उतनी ही बड़ी आवश्यकता भी है। वास्तव में हरबर्ट की पंचपदी व्यवस्था सीखना, स्किनर की शिक्षण मशीन को जानना, या फ्लैण्डर के शिक्षण प्रतिमान को समझना ही शिक्षण शिक्षा नहीं है। कभी-कभी इसे प्रशिक्षित कार्य कहना भी उपयुक्त नहीं लगता क्योंकि शिक्षक प्रशिक्षित नहीं किया जा सकता क्योंकि वो किसी निर्जीव वस्तु के संचालन के लिये तैयार नहीं हो रहा। उसे एक बहुत ही कोमल मन को आने वाली चुनौतियों से लड़ने व लक्ष्य प्राप्ति योग्य बनाना है। अत: इसे एक कौशल विकास कार्यक्रम कहना ज्यादा उचित महसूस होता है। इस कार्यक्रम में गुणों का

निर्माण नहीं होता अपितु भीतर छुपी संभावनाओं का विकास होता है। शिक्षक शिक्षा अपने आप में अपूर्ण है जब तक कि उसके आगे गुणवत्तापूर्ण विशेषण का प्रयोग ना किया जाये।

जो धैर्यता का पाठ पढ़ाये, वही सच्चा गुरु कहलाये।

संकट में जो हँसना सिखाये, वही सच्चा गुरु कहलाये। ।

पग-पग पर परछाई सा साथ निभाये, वही सच्चा गुरु कहलाये।

जिसे देख आदर से सिर झुक जाये, वही सच्चा गुरु कहलाये। ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अग्रवाल, जे.सी., लैण्डमार्क्स इन द हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इण्डियन एजुकेशन, विकास पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2009, पृ. 626
2. एड्मस् डॉन, डिफाइनिंग एजुकेशनल क्वालिटी-एजुकेशन प्लानिंग, 1993 9(3) 3-18
3. अली, एस. रिजवी, क्वालिटी इन एजुकेशन टीचिंग एण्ड लीडरशिप इन चैलेन्जिंग टाइम्स, 2007, वो. 2, पृ. 435-869
4. फीटर, एम., स्टूडेन्ट मैथेमेटिक्स एचिवमेंट टेस्ट स्कोर्स, रेट्स एण्ड टीचर केरेक्टरस्टिक्स, टीचर एजुकेशन क्वाटरली, 2001 28: 111, पृ. 151-168
5. इमाम अशरफ, क्वालिटी एण्ड एक्सीलेन्स इन टीचर एजुकेशन : इश्यूज एण्ड चैलेन्जेज इन इण्डिया, जेनिथ, वो. 1
6. कोठारी, डी.एस., चेयरमेन रिपोर्ट ऑफ द एजुकेशन कमीशन (1964-66), गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, न्यू देहली, 1966
7. माहेश्वरी, ए.एन., ऐसेस्मेन्ट एण्ड एक्रीडिएशन इन डिटरमिनेशन एन मेन्टीनेन्स ऑफ नॉर्म्स एण्ड स्टैण्डर्ड फॉर टीचर एजुकेशन
8. घोष, सुनन्दा एवं मोहन राधा, एजुकेशन इन इमर्जिंग इण्डियन सोसायटी : द चैलेन्जर्स एण्ड इश्यूज, 2016 पृ. 40-46

नेहरू का प्रजातांत्रिक समाजवाद : आर्थिक न्याय का एक प्रतिमान

कैलाश चन्द सामोता

सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

सामान्य रूप में समाजवाद एक ऐसी अवधारणा है जो व्यक्ति की अपेक्षा समाज को महत्वपूर्ण एवं निर्णायक इकाई मानती है। समाजवाद की सबसे महत्त्वपूर्ण या आधारभूत विशेषता है-समतावादी समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता। यह उत्पादन, विनिमय एवं वितरण के साधनों पर सम्पूर्ण समाज के स्वामित्व के सिद्धान्त को स्वीकार कर आर्थिक न्याय की संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करती है। यद्यपि यह राजनीतिक अवधारणा एक व्यापक एवं बहुरूपीय दर्शन के समान है। तथापि इसके मूल में पूंजीवादी व्यवस्था के उस अमानवीय और शोषणकारी प्रणाली के अन्त का लक्ष्य निहित है जो कि उस मानव को गरिमापूर्ण जीवन से वंचित करती है जिसके श्रम से उत्पादन या पूंजी का सर्जन होता है। प्रजातांत्रिक समाजवाद इसके विकसित प्रकारों में से एक है जो कि परिवर्तन का आधार संवैधानिक और लोकतांत्रिक साधनों को मानता है। नेहरू के द्वारा आर्थिक न्याय के इसी प्रतिमान को भारत मे अपनाया गया। इस शोध पत्र का मुख्य ध्येय नेहरू के प्रजातांत्रिक समाजवाद की अवधारणा में निहित आर्थिक न्याय के दर्शन की खोज करना है और इसी के साथ इस बात का परीक्षण भी करना कि नेहरू ने किस तरह इसे भारत के जनमानस तक विस्तारित करने के लिए सराहनीय एवं अविस्मरणीय भूमिका का निर्वहन किया। आर्थिक न्याय की संकल्पना को संविधान की प्रस्तावना में भी अभिवयक्त किया गया है और इसी तरह राज्य के नीति निदेशक तत्वों मे भी इसका उल्लेख है।

संकेताक्षर : *आर्थिक न्याय, प्रजातांत्रिक समाजवाद, मानवीय गरिमा, समतावादी समाज*

समाजवाद को एक ऐसे सिद्धान्त और आन्दोलन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो कि उत्पादन और विनिमय के साधनों पर सामान्य स्वामित्व एवं सामूहिक नियंत्रण के माध्यम से आम जनता के हित में समुदाय के संगठन का संचालन करता है। ब्रिटिश राजनीतिज्ञ हर्बट मोरिसन के अनुसार समाजवाद के लिए आवश्यक है कि सभी बड़े उद्योगों एवं जमीन पर समाज का स्वामित्व हो और इनका संचालन निजी लाभ के बजाय सामान्य हित के लिए होना चाहिए।[1] समाजवाद बहुरूपीय स्वरूप में एक आन्दोलन है जो अपने नेतृत्वकर्त्ता के ऊपर निर्भर करता है। यद्यपि सबका ध्येय मानवीय गरिमा, उसका कल्याण एवं सर्वांगीण विकास करना है परन्तु सबका समान लक्ष्यों को प्राप्त करने का अपना भिन्न तरीका है जिसे अलग-अलग नामों से प्रसिद्धि प्राप्त हुई है। समाजवाद एक ऐसी राजनीतिक एवं आर्थिक अवधारणा है जो राज्य व व्यक्ति, व्यक्ति एवं आर्थिक प्रणाली, अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक प्रणाली को एक अलग ही स्वरूप में स्थापित करने का समर्थन करती है। यह सिद्धान्त के साथ-साथ व्यवहार में भी परिवर्तित हो जाती है जो इसे अनिश्चित बनाता है। आर्थिक संसाधनों पर केवल कुछ ही लोगों का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। वरन आजीविका के साधनों तक सबकी आसान पहूंच हो और वे सबके लिए सरलता से सुलभ हो। कोई भी केवल इस आधार पर अन्य व्यक्तियों का शोषण न कर सके। किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन की न्यूनतम आधारभूत आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए दूसरे के शोषण कर शिकार न बनना पड़े।

एनसाईक्लोपिडीया ऑफ ब्रिटेनिका के अनुसार- ''ऐसा सिद्धान्त है जिसका ध्येय केन्द्रीय लोकतांत्रिक सत्ता द्वारा सम्पत्ति का अधिक अच्छा उत्पादन एवं वितरण करना है''

जी.डी.एच. कोल ''समाजवाद का अर्थ है चार समीपस्थ सम्बन्धित वस्तुएँ, एक मानवीय बन्धुत्व जो वर्ग भेदों को अस्वीकार व समाप्त करे, एक सामाजिक व्यवस्था जिसमें कोई व्यक्ति अपने पड़ोसियों

से बहुत अधिक धनवान या अधिक गरीब न हो ताकि वह समानता के स्तर पर उनसे मिलजुल कर रह सके, उत्पादन के सभी साधनों पर समाज स्वामित्व एवं उनका समान प्रयोग तथा सभी नागरिकों पर अपनी क्षमताओं के अनुसार एक-दूसरे की सेवा करने का दायित्व।''

आचार्य नरेन्द्रदेव- ''समाजवाद का लक्ष्य एक वर्गविहीन समाज की रचना करना है। यह वर्तमान समाज को इस प्रकार पुनर्गठित करना चाहता है कि उसमें शोषक व शोषित, उत्पीड़क व उत्पीड़ित जैसे परस्पर स्वार्थ वाले वर्गों का अन्त किया जा सके।''

इस तरह समाजवाद, व्यक्तिवाद या उदारवाद से उदित पूंजीवाद का अन्त चाहता है। राज्य एवं व्यक्ति को पूरक प्रतियोगिता के स्थान पर सहयोग और ''सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र'' में समानता स्थापित करने में विश्वास रखता है। समस्त कार्यप्रणाली का आधार समुदाय व उसका सामान्य हित होता है। यही समाजवाद का वास्तविक अर्थ है।[2] जो इसे अपने लक्ष्य अर्थात आर्थिक न्याय की तरफ ले जाता है।

सामान्य रूप से विचार करें तो इन समाजवादी चिन्तकों को प्राय: क्रान्तिकारी और विकासवादी दो सम्प्रदायों (साम्यवादी और श्रमसंघवादी) में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम नवीन समाज की स्थापना के लिए सीधी कार्यवाही या क्रान्ति को ही प्रभावी साधन या पद्धति मानता है जबकि विकासवादी स्कूल (समुदायवादी और गिल्ड समाजवादी) संवैधानिक एवं शान्तिपूर्ण विकसित साधनों में विश्वास करता है जो इन्हें न केवल संभवकारी वरन् अधिक स्थायी एवं प्रभावी भी मानता है।[3]

समष्टिवाद या राजकीय समाजवाद जिसे राज्य समाजवाद या सबका समाजवाद या कलेक्टिविज्म के नाम से भी जाना जाता है। जहाँ पर प्रथम दोनों विचारधाराएँ (साम्यवाद और सेण्डीकेलिज्म) क्रान्ति के लिए एकमत से सहमत है और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अप्रत्यक्ष संसदीय पद्धतियों को अस्वीकार कर, सीधी कार्यवाही को महत्त्व देती है, वही समष्टिवाद इस ध्येय के लिए लोकतांत्रिक तरीकों में विश्वास रखती हैं यह सामाजिक एवं आर्थिक समानता स्थापित करने में राज्य को महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती है। अपने समाजवादी लक्ष्य शान्तिपूर्ण लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक साधनों द्वारा प्राप्त करने पर बल देती है। यह अवधारणा अपने विशिष्ट स्वरूप में ब्रिटेन में फेबियनवाद के रूप में और अन्य देशों में प्रजातांत्रिक समाजवाद के रूप में विकसित होती है। यह समतावादी समाज की स्थापना के लिए राज्य को सकारात्मक व कल्याणकारी भूमिका प्रदान करती है। आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक प्रणाली लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर संचालित होती है। यह उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के माध्यम से पूंजीवादी प्रणाली को विस्थापित करना चाहती है। सभी सामाजिक व आर्थिक बुराइयों को जन्म देने वाली प्रतियोगिता का अन्त कर सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देती है। केन्द्रीय लोकतांत्रिक सत्ता के द्वारा अधिक अच्छा उत्पादन एवं वितरण सुनिश्चित करती है।[4] समाजवाद को निश्चित ही लोकतंत्र में आगामी चरण या कदम के रूप में विवेचित किया जा सकता है। अन्तत: फेबियनवाद ही प्रजातांत्रिक समाजवाद का ब्रिटिश प्रतिमान है। जिसे 1958 में ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने स्वीकार किया तथा जो अमेरिका में न्यू डील का प्रमुख आधार बन गया।

प्रजातांत्रिक समाजवाद साधारणतया लोकतांत्रिक पद्धतियों, संसदीय सुधारों और आर्थिक नियोजन की प्रक्रिया द्वारा यह विश्वास रखती है कि गरीब और वंचित समूहों तथा कामगारों के निर्वाचित प्रतिनिधि व नेता सार्वजनिक नीति को उनके हितों के अनुरूप ढालने में प्रभावशाली एवं निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। यही कारण है कि बीसवीं शताब्दी में अनेक राष्ट्रों द्वारा इसी विचारधारा को अपनाया गया। यद्यपि आज समय के अनुरूप इसमें बदलाव आ रहा है परन्तु मूल स्वरूप वैसा ही है। इस आन्दोलन का समर्थन करने वाले प्रमुख विचारक- ब्रिटेन के आर.एच. टॉनी, हेराल्ड लॉस्की, ईवान एफ.एम. डर्बिन, फ्रांसिस विलियम, क्लीमेण्ट एटली, सिडनी वैब, बर्नाड शॉ, अमेरिका में नार्मन थॉमस और भारत में आचार्य नरेन्द्रदेव, राममनोहर लोहिया, एम.एन. राय, जयप्रकाश नारायण, जवाहरलाल नेहरू इत्यादि रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान इस विषय पर अनेक बार गंभीर चिन्तन किया गया कि राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात् भावी भारत में आर्थिक व सामाजिक संरचना कैसी होगी? आजादी के उद्देश्य व लक्ष्य क्या है? इस बहस की प्रक्रिया में दो महत्त्वपूर्ण नेतृत्व उभरकर सामन आए- महात्मा गाँधी और जवाहरलाल नेहरू। दोनों ने भावी राष्ट्र के निर्माण के स्वरूप हेतु अलग-अलग ध्रुवों के समान विचारों का प्रतिपादन किया और इसी क्रम में अभिजात वर्ग के अनेक महानुभाव भी शामिल हुए जिसके परिणामस्वरूप दोनों के प्रतियोगी विकल्पों के बीच पारस्परिक संघर्ष भी हुआ। ब्रिटेन से आजादी के पश्चात् भावी भारत के निर्माण की तस्वीर को लेकर एक विचारक राष्ट्रीय आन्दोलन के अग्रदूत रहे तो दूसरी ओर आजाद भारत का लक्ष्य समतावादी समाजवाद को मानने वाले लोकतांत्रिक चिन्तक नेहरू। जिन्होंने स्वयं को अनेक भाषणों व लेखों में समाजवादी, गणतंत्रवादी उद्घोषित भी किया।[5]

जवाहरलाल नेहरू महान् भारतीय लोकतांत्रिक समाजवादी चिन्तक थे। वे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान समाजवादी प्रवृत्तियों के उद्घोषक एवं भारत में उभरते हुए समाजवादी पथ पर एअरक्राफ्ट के रूप में छाये हुए थे। वे लोकतांत्रिक ढाँचे में ही धीमी गति से क्रमश: समाजवाद के उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहते थे। लेकिन इसे प्राप्त करने की पद्धति कैसी हो और इस विचारधारा को समाजवाद की जनइच्छा के रूप में कैसे दिखाया जाये और इसका क्रियान्वयन किस तरह से हो? यह चिन्तन का विषय है। इस सन्दर्भ में उन दिनों ब्रिटिश समाजवाद या फेबियनवाद का नेहरू के विचारों पर व्यापक प्रभाव था।[6] वे फेबियन व ब्रिटिश समाजवाद की धारणा से अस्पष्ट रूप से प्रभावित रहते है लेकिन भारत में एक अलग ही परिदृश्य को देखकर उन्हें बहुत भिन्न स्थिति का एहसास हुआ।[7] नेहरू ने जब भारत के आम आदमी को गरीबी, अशिक्षा व बीमारी की समस्याओं से जुझते हुए देखा तो इस दिशा में बहुत अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने सोच लिया कि केवल समाजवाद ही इन समस्याओं का एकमात्र समाधान हो सकता है। उनका आधुनिक सोच वाला मस्तिष्क व वैज्ञानिक दृष्टिकोण इस केन्द्रीय समस्या के प्रति चिंतित हो गया। वस्तुत: नेहरू व्यावहारिक आदर्शवादी थे।[8] वे अपनी युवा अवस्था में फेबियन सोसायटी, ब्रिटिश समाजवादी विचारकों वेल्स, वेब्स और सबके लिए कार्य करने वाली प्रणाली से व्यापक रूप से प्रभावित थे।[9]

नेहरू के अनुसार मानव अपना मालिक स्वयं होता है और उसके पास प्राकृतिक शक्तियों पर भी विजय पाने एवं अपने को आवश्यकता के अनुसार ढालने की क्षमता होती है। उनका मानना था कि सामाजिक पुनर्निर्माण, ज्ञान की व्यवस्थित प्राप्ति, विज्ञान व तकनीक की खोज ही भारत के विकास का आधार हो सकता है। वास्तविक अर्थो में नेहरू की लोकतांत्रिक समाजवाद की अवधारणा मानव के सम्मान, गरिमा व गर्व से युक्त रही है। वे इस साधन को प्रयोग में लाकर निर्धनता व बेकारी का अन्त करना चाह रहे थे। ताकि इसे (मानवीय गरिमा व प्रतिष्ठा) स्थापित कर सके।[10] मैं समाजवादी हूँ, क्योंकि मुझे लगता है कि विश्व की समस्याओं के लिए समाजवाद एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण है, यह जरूरी नहीं है कि मैं प्रत्येक दूसरे समाजवादी से सहमत होऊं लेकिन आमतौर पर समाजवादी रूख वैज्ञानिक है और इससे मुझे बहुत अधिक प्रेरणा मिलती है। यह इतिहास की समस्याओं को और स्वयं इतिहास को समझने में मेरी सहायता करता है। यदि मैं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इतिहास पर नजर डालता हूँ तो मुझे वर्तमान स्थिति को समझने में सहायता मिलती है क्योंकि वर्तमान की जड़ें अतीत में है।

यदि भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन में गांधी युग (1920-1947) के दौरान समाजवादी आन्दोलन के इतिहास व संघर्ष पर नजर डालने का प्रयत्न करें तो पता चलता है कि इसके प्रति अन्य दलों का कैसा रूख रहा है, विशेषत: भारतीय साम्यवादी (सी.पी.आई.) और कांग्रेस समाजवादी दल (सी.एस.पी.) का। इस दौरान अनेक समाजवादी विचारकों (जो स्वयं को पक्का समाजवादी मानते थे) एम.एन.राय, जयप्रकाश नारायण, नरेन्द्र देव, अच्युत पटवर्द्धन, युसुफ मेहेरली, अशोक मेहता, डॉ. राममनोहर लोहिया, मिनू मसन्त, एन.जी गोर, एस.एम. जोशी और सुभाषचन्द्र बोस इत्यादि भारत की आर्थिक एवं सामाजिक संरचना का अपनी-अपनी शैली के अनुरूप विवेचन कर रहे थे। इन सबके बीच पारस्परिक विरोधाभास एवं संघर्ष जारी था। इसी दौर में गांधी के तीन बड़े आन्दोलन (असहयोग 1920-22, सविनय अवज्ञा 1930-34 और भारत छोड़ो 1942) चले जिनसे गुलामी का अन्त हुआ। द्वितीय महायुद्ध (1939-1945) के बाद लोकतंत्र व स्वतंत्रता का आदर्श पूरी दुनिया की आवाज बन गया। इसीलिए भारतीय इतिहास में इसे 'तूफानी अवस्था के काल' के नाम से जाना जाता है। एक व्यक्तिगत इकाई के रूप में इसी काल में नेहरू ने समाजवादी विचारों पर प्रकाश डाला तथा पूरा देश प्रेरणा एवं निर्देशन के लिए उनकी तरफ देखने लगा। इतना ही नहीं तीस के दशक में (1921-1930) आन्दोलन गांधी एवं नेहरू के संयुक्त नेतृत्व में संचालित हुआ। अत: इन्होंने एक निर्णायक स्थिति को प्राप्त कर लिया, यही कारण है कि इस युग की घटनाओं को नेहरू को केन्द्रीय स्थिति में रखकर वर्णित किया जाता है और भारत के पुनरुत्थान में उनके कार्यो का मूल्यांकन किया जाता है।[11]

गांधी के साथ-साथ नेहरू की विकास की नीति का विजन भी आजादी से पहले लम्बे समय का गठन था। नेहरू मार्क्सवाद, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, फेबियन समाजवाद और सोवियत रूस के नियोजित विकास की क्रियान्विति से व्यापक रूप से प्रभावित रहे परन्तु समाजवाद की उनकी अपनी अवधारणा थी जिसके मूल में गांधी के विचारों से व्यक्त तत्व विद्यमान थे।[12] जैसा कि गांधी के विचारों से व्यक्त होता है। समाजवाद एक सुन्दर शब्द है जहाँ तक मैं जानता हूँ, समाजवाद में समाज के सारे सदस्य बराबर होते है, न कोई नीचा और न कोई ऊंचा। जिस तरह मानव शरीर के सब अंग बराबर है, उसी तरह से समाज रूपी शरीर के सब अंग-बराबर होते है। यही समाजवाद है। इस वाद में राजा व प्रजा, धनी व गरीब, मालिक व मजदूर समान होते हैं।[13]

यह पूर्णत: सत्य है कि गांधी व नेहरू के बीच अनेक मुद्दों पर विवाद

रहा है परन्तु नेहरू का समाजवाद गांधीयन तरीकों को पूर्णत: अपनाता है। इसीलिए तो इसका नाम प्रजातांत्रिक समाजवाद पड़ा। उसने गांधी के नैतिक दृष्टिकोण, साधनों की पवित्रता के आग्रह को स्वीकार किया जबकि मानवीय समस्याओं, निर्धनता, बेकारी को दूर करने के लिए वैज्ञानिक उपागम को अपनाया। नेहरू को सबसे गरीब व्यक्ति की मानवीय गरिमा एवं आत्म सम्मान की और इसके अनुरूप सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था के निर्माण की बहुत चिन्ता थी। ऐसे चिन्तन की जड़ें भारतीय परम्परा के जीवन में रहने वाले तत्वों में विद्यमान थी जिस समय वैश्विक शान्ति व सहयोग को उन्नत करने की भी बात कही गयी। इस तरह समाज का यह समाजवादी स्वरूप लोकतांत्रिक, संवैधानिक, क्रमिक एवं शान्तिपूर्ण साधनों के आधार पर विकसित हुआ। इसकी धुन भारत की राष्ट्रीय प्रतिभा एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई थी जिसे नेहरू ने सिंचित किया। इस तरह नेहरू का समाजवादी नजरिया लोकतांत्रिक समाजवाद के रूप में प्रसिद्ध हुआ। जिसे समतावादी समाजवाद के रूप में देखा जाता है।[14] गांधी व नेहरू में असमानताओं के साथ ही आधारभूत समानताएँ भी विद्यमान है। दोनों को विरासत में दूर दृष्टि प्राप्त हुई है; दोनों की किसी जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा विशेष की तुलना में राष्ट्रीय पहचान स्थापित हुई। दोनों के द्वारा हिंसक साधनों को पूर्णत: अस्वीकार किया गया और तानाशाही की अपेक्षा लोकतांत्रिक शासन का प्रबल समर्थन किया गया है।[15] नेहरू की युवाओं से आजादी के अपील के समानान्तर गांधी के नेतृत्व ने उसकी राजनीतिक सफलता निर्धारित कर दी। नेहरू वास्तविक रूप में एक प्रजातांत्रिक एवं उदारवादी विभूति थे। उन्होंने साम्यवादी दर्शन को विद्यमान दशाओं व उनके विश्लेषण में उपयोगी माना लेकिन उसकी पद्धतियों को हिंसक होने के कारण नकार दिया। इस विभेद के कारण भारतीय साम्यवादी दल ने नेहरू की आलोचना की और उनके बीच न्यूनतम साझा कार्यक्रम (नेहरू व सी.पी.आई. पार्टी) पर सहमति नहीं बनी।[16] इसके अलावा भारत में दूसरे समाजवादी दल, जिसे कांग्रेस समाजवादी दल (सी.एस.पी.) के नाम से जाना गया, जिसका उदय भी सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान उत्पन्न शान्ति शून्यता को भरने के रूप में हुआ था। आन्दोलन के दोषी नासिक जेल में बन्द समाजवादी चिन्तकों (देव, मेहता व नारायण) ने भारतीय समस्याओं के समाधान हेतु अपना वैचारिक दृष्टिकोण रखा। सी.एस.पी. 17 मई, 1934, पटना में देव की अध्यक्षता में स्थापित दल था। जिसकी मेहनत पर द्वितीय महायुद्ध ने पानी फेर दिया व अन्तत: यह असफल हुआ। इस तरह नेहरू ने दक्षिण पंथ को भी नकार दिया। जिसका आभास नेहरू द्वारा कामरेड मसानी के प्रश्न पर कांग्रेस समाजवादी दल (सी.एस.पी.) को दिये गये निम्न सन्देश से भी होता है जैसा कि आप जानते हो मैं समाजवादी दृष्टिकोण के प्रति बेहद रूचिकर हूँ, यह मेरे दिमाग व कार्यों के उद्देश्य को स्पष्ट करने में सहायता करता है। परन्तु मेरे मन में इस दृष्टिकोण के प्रति दो प्रश्न उत्पन्न हो रहे हैं, एक भारतीय परिस्थितियों में इसे कैसे लागू किया जायेगा? दूसरा समाजवाद को भारत की भाषा में कैसे बोलोगे? हम भारत के हृदय तक कैसे पहुँचेगे व उन्हें इसकी आशा व प्रेरणा किस तरह देंगें। इस प्रश्न पर सभी समाजवादियों को विचार करना चाहिए।[17] इस तरह नेहरू ने वाम एवं दक्षिण पंथ दोनों से अपनी लोकतांत्रिक समाजवाद की धारणा को संरक्षित रखा। यद्यपि दोनों की आलोचनाओं से वे नहीं बच पाये है।

नेहरू एक समाजवादी थे। उनके समाजवाद को मानवीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाले आर्थिक दृष्टिकोण के रूप में समझा जा सकता है। नेहरू का समाजवादी सिद्धान्त और .... से मुक्त था।[18] सितम्बर, 1928 में अखिल बंगाल विद्यार्थी परिषद के अध्यक्षीय भाषण में नेहरू अपने विचार अभिव्यक्त कर रहे थे कि - अगर आपका आदर्श सामाजिक समानता और विश्व संघ का है तो उस हालत में हमें समाजवादी राज्य कायम करना चाहिए। इस मुल्क में समाजवाद शब्द बहुत से लोगों को डरा देता है। लेकिन इससे कोई बहुत बड़ा फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि डर तो उनका साथी पहले से ही बना हुआ है। देश के नौजवानों के लिए जरूरी है कि वे उन शक्तियों व विचारों को समझे, जिनसे दुनिया में खलबली मची हुई है और अपने मुल्क में उन्हें लागु करे, क्योंकि आज की परेशान दुनिया के लिए समाजवाद ही एकमात्र आशा है। यह बड़ी ही दिलचस्प चीज है कि महायुद्ध के जमाने में पश्चिम के देशों के लिए एक महान संकट का डर पैदा हो गया था, उस समय यूरोप के पूंजीवादी देश बड़े पैमाने पर समाजवादी साधन अपनाने के लिए मजबूर हो गये थे।[19]

समाजवाद की चर्चा और लोगों के बीच हम इसलिए करना चाहते है कि हमें 'रोटी-कपड़ा व मकान' के मसले को हल करने का रास्ता निकालना है। हिन्दुस्तान में करोड़ों लोगों को न तो भरपेट खाना मिलता है और न ही तन ढ़कने को पूरा कपड़ा सिर्फ आजादी की बातचीत से आजादी नहीं मिल सकती। हम हिन्दुस्तान की समाज व्यवस्था को बदलना चाहते हैं और अपने देशवासियों को दुनिया के आधुनिक राष्ट्रों की बराबरी पर लाना चाहते हैं, ताकि वे ज्यादा आराम की जिन्दगी बसर कर सके और उन्हें खाने के लिए हर रोज खुराक मिल सके।[20] भारत की आजादी के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक बात यह है कि व्यावहारिक रूप में भारतीय लोगों की गरीबी का अन्त हो और उनके जीवन स्तर में बढ़ोतरी हो।

नेहरू कहते हैं कि प्रश्न यह नहीं है कि इसके लिए पूंजीवाद या साम्यवाद या समाजवाद का सिद्धान्त हो वरन् प्रश्न का कठोर सत्य यह है कि यदि हम देश में विद्यमान भोजन, कपड़े व आवास की आधारभूत समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते हैं तो यह कोई मायने नहीं रखता है कि हम स्वयं के लिए पूंजीवादी, समाजवादी, साम्यवादी या और कुछ कहलायें। यदि हम इन समस्याओं के समाधान में विफल हो जाते हैं तो हम चाहेंगे की कोई भी आये और इनके समाधान की कोशिश करे।[21]

राष्ट्रीयता की भावना हिन्दुस्तान में वर्षों से कायम है, लेकिन राष्ट्रीयता के साथ अगर समाजवाद को भी जोड़ दिया जाये तो आजादी का दिन नजदीक आ जायेगा, मैं जानता हूँ कि अगर समाजवादी विचारों का प्रचार करते हैं तो पूंजीपतियों से हमारी टक्कर होना लाजिमी है। परन्तु इस वजह से हम किसानों व मजदूरों की बेहतरी के लिए काम करने से नहीं रूक सकते। धरती माता के सच्चे बेटे वे लोग ही हैं और ये भारत राष्ट्र का वास्तविक प्रतिनिधित्व करते हैं। मुसीबत के सभी मौकों पर हमारा साथ देने वाले लोग तो सिर्फ मजदूर व किसान है। सम्पत्ति के उत्पादन में मदद करने व मेहनत करने वालों को भी उतने ही आराम से रहना चाहिए जितने आराम से दौलतमंद लोग रहते हैं। समाजवाद का मतलब है सहयोग। इसलिए मैं आप सबसे यह कहना चाहता हूँ कि आम जनता को ऊपर उठाने के लिए आप सब मिलकर काम करें।[22] नेहरू के ऐसे ही विचारों ने उसे लोकतांत्रिक समाजवाद का प्रणेता बना दिया। सत्य रूप में उन्होंने समाजवाद को भारतीय रंग में रंग दिया।

सितम्बर, 1929 के अन्त में नेहरू जब कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए तो उनकी आयु महज 39 वर्ष थी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन (दिसम्बर, 1929 लाहौर) में वे एक क्रान्तिकारी चिन्तक के रूप में अपने विचार अभिव्यक्त कर रहे थे। उन्हीं के शब्दों में ''मुझे यह साफ कबूल कर लेना चाहिए कि मैं एक समाजवादी और गणतंत्रवादी हूँ और राजा-महाराजाओं में मेरा विश्वास नहीं है या उस व्यवस्था में ही जो उद्योग-व्यवसाय के उन आधुनिक महाराजाओं को पैदा करती हैं जिनका लोगों की जिन्दगियों और किस्मत पर पिछले राजा-महाराजाओं के भी मुकाबले कहीं ज्यादा बड़ा अधिकार है और जिनके तौर-तरीकों में वैसा ही लूटेरापन है जैसा कि पुरानी सामन्त तानाशाही में था।''[23]

उनके ऐसे विचारों से रूढ़िवादियों को गहरा झटका लगा। वे जानते थे कि कांग्रेस अभी पूर्ण समाजवादी कार्यक्रम को नहीं अपना सकती है लेकिन उन्हें विश्वास था कि उचित समय आने पर भारत इस पथ पर जायेगा.....यदि वह निर्धनता का अन्त करता हुआ दिखायी देता है।[24]

हमें यह समझ लेना चाहिए कि समाजवादी विचारधारा धीरे-धीरे सारी दुनिया के ही सामाजिक ढाँचे में घर कर चुकी है और मतभेद की कुछ बातें रह गई है तो लगभग यही कि उस तक पहुँचने की रफ्तार व तरीके क्या रहे। हिन्दुस्तान को भी यदि गरीबी एवं असमानता को समाप्त करना है तो उसी रास्ते पर जाना होगा, हालांकि वह शायद अपने अलग ही तरीके गढ़कर तैयार करे और इस आदर्श में हेर-फेर करके इसे अपनी जीवनधारा की विशिष्टता के अनुकूल बनाये। हिन्दुस्तान का मतलब है किसान व मजदूर और जिस हद तक हम उन्हें ऊपर उठाते हैं और उनकी जरूरतों को पूरा करते हैं, उसी हद तक अपने लक्ष्य में कामयाब होते हैं।[25]

विस्तृत समाजवादी साहित्य का अध्ययन करने के लिए नेहरू ने आर्थिक विकास एवं सामाजिक समानता को स्थापित करने में समाजवाद को एक अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार कर लिया। कराची अधिवेशन 1931 ई. में पहली बार कांग्रेस द्वारा सार्वजनिक रूप से इसके प्रति अपना पक्ष रखा गया।

कराची कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस के लिए 'न्यूनतम कार्यक्रम' के निर्माण में नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान था, जिसमें भारतीयों के लिए बोलने एवं संगठन बनाने, कानून की समानता, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार और पंथनिरपेक्ष राज्य जैसे अधिकारों की प्रत्याभूति के साथ ही ऐसे ही अनेक सामाजिक व आर्थिक अधिकारों को रखा गया। प्रस्ताव दक्षिणपंथ के कुछ विरोधाभास के पश्चात् पारित हो गया। ये अधिकार लगभग दो दशकों के बाद संवैधानिक रूप में भारत के लोगों तक पहुँचे।[26] प्रस्ताव से स्पष्ट है कि नेहरू का ध्येय 'आर्थिक सुरक्षा एवं स्वतंत्रता' दोनों को ही संरक्षण देना था। ''मौलिक अधिकार एवं आर्थिक कार्यक्रम'' के कराची प्रस्ताव में नेहरू का विजन एक झलक प्रस्तुत कर रहा था।

जैसा कि नेहरू ने स्पष्ट किया कि यह जनता के शोषण की व्यवस्था का अन्त है, राजनीतिक स्वतंत्रता में ही आर्थिक स्वतंत्रता को शामिल किया जाना चाहिए, जिसकी आकांक्षा करोड़ों लोग कर रहे हैं। इनके अभाव में स्वयं का शासन भी असंभव होगा अथवा किसी भी संविधान का निर्माण इन सभी विश्वासों पर होना चाहिए।[27] नेहरू आजाद भारत के लिए निर्मित संविधान में इन्हें शामिल करने में सफल रहे।

लोकतंत्र एवं समाजवाद दोनों के प्रति अटूट विश्वास रखने वाले नेहरू ने अनेक समाजवादी विचारकों एवं अनेक देशों में समाजवाद की स्थिति को ध्यान में रखकर अन्तिम रूप से

भारत की परिस्थितियों के अनुरूप ही समाजवाद के तरीके को स्वीकार किया। जैसा कि सुरजनदास ने लिखा है कि नेहरू ने सभी सैद्धान्तिक अभ्यासों के परिणामस्वरूप निर्धारित किया कि सभी आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं के लिए एकमात्र समाधान समाजवाद ही हो सकता है।[28]

12 अप्रैल, 1963 को लखनऊ कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्षीय भाषण में नेहरू ने अपने विचार व्यक्त किये -

''मेरा विश्वास है कि विश्व एवं भारत की समस्याओं को हल करने की कुंजी समाजवाद के पास ही है और मैं जब इस शब्द का प्रयोग करता हूँ तो अस्पष्ट-मानववादी के रूप में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और आर्थिक सिद्धान्त से भी कुछ बड़ी बात है, यह एक जीवन दर्शन है और इस रूप में मुझे प्रभावित करता है। समाजवाद के अलावा गरीबी, विकराल बेकारी अध: पतन और भारतीय जनता की गुलामी को समाप्त करने का कोई दूसरा रास्ता मुझे नजर नहीं आता है। इसके लिए हमें हमारी राजनीतिक एवं सामाजिक संरचना में विद्यमान-जमीन एवं उद्योग धन्धों में निहित स्वार्थों और भारतीय रजवाड़ों की सामन्ती एवं स्वेच्छाचारी व्यवस्था को समाप्त करना अनिवार्य है। इसका मतलब सीमित अर्थ में व्यक्तिगत सम्पत्ति का विलोप और लाभ प्रणाली पर आधारित व्यवस्था को सहकारिता (पारस्परिक सहयोग) के उच्च आदर्श में परिवर्तित करना है और अन्तत: मूल वृत्तियों, आदतों एवं इच्छाओं को बदल देना। संक्षेप में इसका मतलब होगा एक नवीन सभ्यता की स्थापना जो विद्यमान पूंजीवादी व्यवस्था से बुनियादी तौर पर भिन्न होगी।[29]

राष्ट्र निर्माण के सामाजिक संगठन के लिए समाजवाद एक आर्थिक नीति है और केवल वही देश की समस्याओं का समाधान कर सकती है। जहाँ तक ग्रामीण ऋणों का सवाल है, देहात के लोग पहले से ही विद्यमान आर्थिक प्रणाली से शोषित है और यह प्रणाली अपनी उपयोगिता खो चुकी है। आप चाहें या ना चाहें, समाजवाद आकर रहेगा। दुनिया के बदलते हालात से यह बात जाहिर है। हालात रोजाना बदलते हैं मेरी तो बात ही क्या है, मेरे जैसे हजारों लोग भी नये उभरते विचारों को रोक नहीं सकते। मेरा विश्वास है कि समाजवाद ही सबसे सफल माध्यम है।[30] इस तरह नेहरू ने अपने प्रभावी विचारों से भारतीय जनमानस के मन को गहरायी से स्पर्श कर लिया।

समाजवाद अच्छा या बुरा हो सकता है, यह सुदूर भविष्य का कोई सपना हो सकता है। परन्तु हिन्दुस्तान के प्रत्येक विद्यालय स्तर के बच्चे को भी जानना चाहिए कि समाजवाद एक ऐसा आर्थिक सिद्धान्त है जो उन समस्याओं को समझने एवं उनका समाधान खोजने की कोशिश करता है जो दुनिया को परेशान कर रहे हैं। यह इतिहास को देखने की एक दृष्टि है। राजनीतिक संघर्ष में भी समाजवादी दृष्टिकोण से मदद मिलती है, आजादी का मतलब होना चाहिए-जनसाधारण के शोषण का अन्त अथवा आर्थिक न्याय की प्राप्ति। इसकी नजर और आगे तक जाती है। इसका ध्येय एक ऐसे समाज का पुनर्निर्माण जिसमें लाभ कमाने की प्रेरणा के लिए कोई स्थान न हो। सामाजिक सहयोग की भावना प्रेरणा का स्रोत बने। यह उत्पादन का न्यायपूर्ण वितरण कर लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाता है।[31] इसे और विस्तृत रूप से सोवियत संघ के प्रतिनिधि मण्डल के गठन से पूर्व इन शब्दों में व्यक्त किया गया -

''हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें दिखाया है कि हमें अपने घर के दरवाजे एवं खिड़कियों को खुला रखना चाहिए ताकि पृथ्वी पर चारों ओर से आने वाली ताजा हवाओं के झोंके अन्दर प्रवेश कर सकें, परन्तु गांधी यह चेतावनी भी देते हैं कि हम बाहर से आने वाले उस तूफान को अनुमति नहीं देवें जो कि हमारे घरों को उड़ा दे।[32] अर्थात् हमारे देश में विद्यमान परिस्थितियों के अनुकूल ही समाजवाद के स्वरूप को अपनाकर भारत को कल्याणकारी राज्य बनाना है।

एक मित्र ने नेहरू के प्रति भविष्यवाणी करते हुए कहा कि ''ट्राटस्की के समान ही तुम्हारा भी अन्त हो जायेगा'' नेहरू ने उदासी के साथ मुस्कुरा दिया। ऐसी ही एक चेतावनी मोहम्मद अली के द्वारा की गयी -''तुम्हारे कुछ वर्तमान साथी तुम्हें निर्जन कर देंगे, तुम्हारे कांग्रेसमेन तुम्हें फांसी के तख्ते पर भेज देंगे।'' लेकिन नेहरू फिर भी इसमें और ज्यादा शामिल रहे। वे जानते थे कि उसका भाग्य भी राष्ट्र की नियति का ही एक भाग है। नेहरू का समाजवाद ''आर्थिक एवं सामाजिक न्याय'' का शुभ संकेतक बन गया।[33]

मानवता की शान्तिप्रिय एवं अनन्त प्रगति तार्किक या विवेकशील समाजवाद के रूप में ही संभव है, जहाँ आधुनिक विश्व का संचालन करने वाली वास्तविक शक्तियाँ परोपकारी आदर्शों एवं मूल्यों से निर्देशित होती है। जिसका आभास हम टेविसन के इस वाक्य से कर सकते हैं कि - ''प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को सभी अच्छे लोगों में पाये और सभी लोगों के लिए कर्म ही महान बन्धुत्व या भातृत्व की भावना हो''[34] निश्चित रूप से ऐसे विचार विश्व बन्धुत्व की भावना को पोषित कर वैश्विक मानव समाज के आदर्श को स्थापित करने के लक्ष्य को व्यक्त करते हैं। इस मानवीय समाज में सब अच्छे मानव होते हैं। नेहरू पश्चिम में

प्रचलित समाजवाद के हितैषी या नेकदिल प्रशंसक नहीं थे, उन्होंने इस सिद्धान्त को भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल, अनुभव किये गए आवश्यक बदलाव करके रूपान्तरित कर दिया।[35]

नेहरू पर नियति की मेहरबानी बरसी और उन्हें अपने विचारों को व्यवहार में लागू करने का अवसर आजादी के बाद प्राप्त हुआ। नेहरू ने समाजवाद का एकमात्र विकल्प पंचवर्षीय योजनाओं एवं मिश्रित आर्थिक प्रणाली के रूप में खोजा। आर्थिक-नियोजन की प्रक्रिया में वामपंथी 1956 ई. की औद्योगिक नीति में समाजवादी स्वरूप को तो स्वीकार कर रहे थे परन्तु समतावादी प्रारूप को नहीं।[36] इन सबके बावजूद भी नेहरू किसी भी रूप में भारत में विद्यमान समस्याओं का समाधान करने की कोशिश कर रहे थे।

उनका समाजवाद एक लोकतांत्रिक समाजवाद था। यह कम या अधिक रूप में ईरान एफ.एम. दुर्बिन के ब्रिटिश लोकतांत्रिक समाजवाद के समान ही था। नेहरू ने सामाजिक पुनर्निर्माण एवं वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के सम्बन्ध में समय रहते समाजवाद के महत्त्व को समझ लिया था। समाजवाद के माध्यम से भारत के लिए प्राप्त किये जाने वाले लक्ष्यों को 1948 की औद्योगिक नीति प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया। इस प्रस्ताव में मिश्रित अर्थव्यवस्था के साथ तकनीक परिवर्तन की शर्त पर समाजवादी आर्थिक प्रणाली के महत्त्व को समझाया गया। उन्होंने 15 मार्च, 1950 ई. को योजना आयोग की स्थापना की और नियोजन के माध्यम से आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय के अवसर प्राप्त कराने के प्रयास किये। योजना आयोग तो उनके विचारों को-व्यावहारिक रूप देने वाला उपकरण साबित हुआ।

इसमें सरकारी व निजी के साथ-साथ विदेशी सहभागिता को भी स्वीकार किया गया। उनकी नियोजित प्रणाली लोकतांत्रिक और पूर्ण आर्थिक वृद्धि के प्रति उदार थी। वास्तव में नेहरू ने भारत को लोकतांत्रिक राज्य की तुलना में ज्यादा समाजवादी राज्य बनाया। नेहरू एक व्यावहारिक आदर्शवादी थे न कि पारस्परिक विरोधाभासी।[37]

दिसम्बर, 1963 को आयोजित जयपुर अधिवेशन में लोकतंत्र और समाजवाद पर चर्चा की गई। बाद में भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 8,9 10 फरवरी, 1964 को आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में 'लोकतंत्र और समाजवाद' के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। श्री यू.एन. ढ़ेबर की अध्यक्षता में वर्किंग कमेटी ने मई, 1964 को इस पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जो मुम्बई में स्वीकृत हुई। नेहरू के निर्देशन ने कांग्रेस पार्टी को सही दिशा दी। नेहरू ने अपने विचारों को एक निश्चित प्रारूप प्रदान किया जिन्हे अब लागू करने का समय था। इस प्रारूप में - ''भोजन, कपड़े, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए, महिला एवं बच्चे प्रसन्न रहें, विभिन्न समुदायों, वर्गो के बीच विद्यमान सामाजिक एवं आर्थिक स्टेट्स की चौड़ी खाई को कम करना, लोगों के जीवन स्तर में परिवर्तन और प्रत्येक व्यक्ति लोकतांत्रिक सुविधाओं का उपयोग करते हुए अपने व्यक्तित्व के विकास के समान अवसर प्राप्त करेगा, राष्ट्र इन लक्ष्यों को पांचवीं योजना के अन्त तक प्राप्त कर सकेगा।''[38]

यह प्रस्ताव स्पष्ट कर रहा था कि नेहरू अपने उस लक्ष्य से दूर नहीं गये जो उन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान तय किया था, वे अपने वादे से नहीं मुकरे वरन् उसे अपने अन्तिम समय तक पूर्ण करने का प्रयत्न करते रहे। वे हिंसक क्रान्ति के बिना लोकतांत्रिक साधनों की सहायता से समाज के समाजवादी पुनर्निर्माण हेतु सिद्धान्तों एवं विचारों के समूह को विकसित कर रहे थे। उन्हें यह दृढ़ विश्वास था कि समाजवाद, लोकतंत्र के बिना भारत में निरंकुश हो जायेगा। भारत में विद्यमान दशाओं में द्रुत परिवर्तन इतना आसान नहीं था, क्योंकि भारतीय जनता में अन्धविश्वास, धार्मिक कट्टरता और अज्ञानता ने गहरी जड़ें जमा रखी थी। यहाँ वर्ग विभेद उतना गहरा नहीं था क्योंकि सर्वहारा वर्ग कुछ औद्योगिक केन्द्रों तक ही सीमित था। यद्यपि किसान वर्ग भारतीय समाज का एक विशाल खण्ड था, परन्तु इसमें सामाजिक चेतना का अभाव था और वे बहुत रूढ़िवादी थे। इसीलिए नेहरू को सब तथ्यों को ध्यान में रखकर ही अपने विचारों के अनुरूप समाजवाद के एक नवीन स्वरूप को अपनाना पड़ा।

नेहरू के समाजवाद में एक ओर अनोखा तत्व रहा है जिसे जमीनी लोकतांत्रिक समाजवाद या वास्तविक समाजवाद कहा जा सकता है। निश्चय ही वह दुनिया में एक अद्वितीय विचार रहा है जिसने आर्थिक न्याय की प्राप्ति की ओर सच्चा कदम बढ़ाया। भूमि सुधार प्रणाली उनकी सामाजिक नीति का अनिवार्य अंग था। स्थायी बन्दोबस्त बंगाल तक पहले ही विद्यमान थी जिसे नेहरू ने अभियान चलाकर उत्तरप्रदेश व अन्य राज्यों के तालुकेदार व जमींदारों तक विस्तृत किया। भूमिपतियों या जमींदारों ने इसका जबरदस्त विरोध किया और संविधान द्वारा प्रदत्त सम्पत्ति के अधिकार की सुरक्षा का सहारा लिया। जमींदारी प्रथा उन्मूलन करने के लिए नेहरू संवैधानिक संशोधन लेकर (9वीं अनुसूची जोड़ी गई) आये परन्तु फिर भी किसानों को इस भूमि सुधार का अन्तिम रूप से लाभ अपर्याप्त रहा। बहुत से जमींदार स्वाभाविक रूप से निष्ठावान कांग्रेसी थे, जो इस प्रथा के लिए प्रतिरक्षक हवा का काम कर रहे थे।[39]

भूमि की समस्या एक छिद्र के समान हो गयी और भूमिहीन मजदूरों की समस्या को गंभीरता से नहीं उठाया गया, विनोबा भावे ने अपने-भूदान आन्दोलन और ग्रामदान आन्दोलन के माध्यम से 14 हजार मील पैदल चलकर स्वैच्छिक भू-त्याग (उपहार) से

भूमि की समस्या का समाधान किया जिसे सुलझाने में सरकार का कानून विफल हो गया था। पौधरोपण, ग्रामीण उत्थान, ग्रामीण सहयोग, स्वास्थ्य सेवाएं इत्यादि नेहरू के सामान्य दृष्टिकोण के भाग थे। वे गांव एवं नगर में विद्यमान 'हम' और 'वे' के भेद को समाप्त करने का प्रयत्न कर रहे थे।[40]

भारत में सभी प्रान्तों में विद्यमान भू-स्वामित्व प्रणाली सामाजिक असमानताओं, कृषि सुधारों ने कल्याणकारी राज्य की स्थापना को अपरिहार्य बनाया। वस्तुत: नियोजन प्रणाली नेहरू के दूरगामी दृष्टिकोण 'समतावादी समाज के ढांचे' को ही स्थापित करने की रणनीति थी। जमींदारी व्यवस्था के कारण वास्तव में भूमि पर खेती करने वाले किसानों का शोषण किया जाता था और अन्तत: उन्हें भूमि से बेदखल कर दिया जाता था। जब भूमि खेतिहर लोगों को हस्तांतरित की गयी तो इसका एक विशेष महत्त्व स्थापित हुआ क्योंकि संस्थात्मक ढांचे के परिणामस्वरूप उत्पादन में वृद्धि हुई। खेतिहर मजदूरों को कानून द्वारा जमीन की सुरक्षा और संरक्षण दिया गया। उसके व उपभोक्ता के बीच विद्यमान मध्यवर्तियों व बिचौलियों के कारण लदे हुए ऋण का भार समाप्त हो गया।

इस प्रकार उन्हें समान सामाजिक स्थिति प्राप्त करने, समानता के अवसर को समझने तथा अन्य लोगों के साथ आनन्दमयी जीवन को महसूस करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असमानता को दूर करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 'सहकारिता के सिद्धान्त' को स्थापित किया गया और सहकारी समितियों का सर्जन किया गया तथा सहकारी कृषि एवं सहकारी विपणन की व्यवस्था भी की गयी। इस प्रकार अन्य सुधारों के रूप में भारतीय कृषि को फायदे के सौदे में बदलने का प्रयास किया गया। इस प्रकार की योजना के माध्यम से विकास की प्रक्रिया की शुरूआत ने भारत के कोने-कोने को स्पर्श किया। अन्तत: पुन: कहें तो निश्चय ही वे अपने लक्ष्य की ओर (समतावादी समाजवाद या आर्थिक न्याय) आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे थे।[41]

इस तरह आधुनिक भारत के शिल्पकार अपने भाग्य को भारत के लोगों (गरीब किसानों, मजदूरों, कामगारों) की तकदीर का एक हिस्सा मानकर आजीवन राष्ट्र के भाग्य को उज्वल बनाने में लगे रहे। आजादी के सपने को सच करने के संघर्ष की जो शुरूआत असहयोग आन्दोलन से की, वह समाजवाद, आर्थिक न्याय और लोकतंत्र के रास्ते से गुजरती हुई पूरी दुनिया को एक अनन्त प्रेरणा दे गयी। अपनी ब्रिटिश शिक्षा के द्वारा जो उदारवाद, व्यक्तिवाद, समाजवाद व लोकतंत्र के आदर्शों का अध्ययन किया उन्हें भारत में आकर पारम्परिक जीवन में खोजने की कोशिश की। गांधी के निष्ठावान अनुयायी बनकर भारत में समाजवाद, आर्थिक न्याय व लोकतंत्र के बीच अच्छे गुणों को मिश्रित स्वरूप देने की अद्भुत क्षमता का उपयोग किया।

नेहरू ने मानव की गरिमा और प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए समाजवाद और इन्हें प्राप्त करने एवं बनाये रखने के लिए लोकतंत्र (समानता, न्याय बिना हिंसा के) अर्थात् लोकतांत्रिक समाजवाद के सिद्धान्त को भारत में व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया। यद्यपि वे अपने समतावादी लोकतांत्रिक समाजवाद के आदर्श को पूर्णत: स्थापित किये बिना ही इस संसार से विदा हो गये। परन्तु इस दुनिया को सिखाये गये मूल्यों एवं आदर्शो के लिए वे विश्व इतिहास में अमर हो गए। आर्थिक न्याय की प्राप्ति के लिए नेहरू के प्रयास हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे।

सन्दर्भ सूची

1. अप्पादुरई, ए., दि सब्सटेन्स ऑफ पॉलिटिक्स, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली, 2015, पृ. 115
2. प्रभु, आर.के. (संग्राहक), 'गांधीजी, मेरे सपनों का भारत, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 2006, पृ. 27
3. वही, पृ. 116
4. अप्पादुरई, ए., दि सब्सटेन्स ऑफ पॉलिटिक्स, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली, 2015, पृ. 122-123
5. विशेषत: 1929 में लाहौर अधिवेशन के सभापति के रूप में।
6. विश्वनाथन, के.वी., जवाहरलाल नेहरू डेमोक्रेटिक सोशियालिज्म, इण्डिन जर्नल आफ पॉलिटिकल साईंस, आई. पी.एस.ए., वाल्यूम 26, अक्टूबर, 1965, पृ. 91-99
7. गांगुली, बी.एन., नेहरू एण्ड सोशियालिज्म इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल विकली, स्पेशन ईश्यू, जुलाई 1964, पृ. 1213
8. विश्वनाथन, के.वी., जवाहरलाल नेहरू डेमोक्रेटिक सोशियालिज्म, इण्डिन जर्नल आफ पॉलिटिकल साईंस, इण्डियन पॉलिटिकल सांईस एसोसिएशन, वाल्यूम 26, अक्टूबर-दिसम्बर 1965, पृ. 91-99
9. उपर्युक्त
10. साची, सव्या, नेहरू कॉन्सेप्ट ऑफ सोशियालिज्म, इकोनॉमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, स्पेशल ईश्यू, जुलाई 1964, पृ. 1227-1230
11. भांभरी, सी.पी. एण्ड भांभरी, सी.पी., नेहरू एण्ड सोशियालिस्ट मुवमेण्ट इन इण्डिया (1920-47), द इण्डियन जर्नल ऑफ पॉलिटिकल साईंस, इण्डियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन, वाल्यूम 30, नं. 2, अप्रैल-जून 1990, पृ. 130-131
12. भट्ट, वी.वी., डवलपमेंट प्रोबल्म स्ट्रेट्जी एण्ड टेक्नोलॉजी चॉईस : सर्वोदय एण्ड सोशियालिस्ट एप्रोच इन इंडिया इकोनोमिक चेंज एण्ड कल्चरल डवलपमेंट, वॉल्यूम-31, 1 अक्टूबर, 1982, दि यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, पृ. 91-92

13. गांधी, मेरे सपनों का भारत, प्रभु आर. के. (संग्राहक), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 2006, पृ. 25-28
14. भट्ट, वी.वी., डवलपमेंट प्रोबल्म स्ट्रेट्जी एण्ड टेक्नोलॉजी चॉईस : सर्वोदय एण्ड सोशियालिस्ट एप्रोच इन इंडिया इकोनोमिक चेंज एण्ड कल्चरल डवलपमेंट, वॉल्यूम-31, 1 अक्टूबर, 1982, दि यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, पृ. 91-92
15. गुहा, रामचन्द्र (सम्पादित), मेकर्स ऑफ मॉडर्न इंडिया, पेग्विन बुक्स इण्डिया, 2012, पृ. 327
16. भांभरी, सी.पी. एण्ड भांभरी, सी.पी., नेहरू एण्ड सोशियालिस्ट मुवमेण्ट इन इण्डिया (1920-47), इण्डियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन, वाल्यूम 30, नं. 2, इण्डियन पॉलिटिकल साईंस एसोसिएशन, अप्रैल-जून, 1969, पृ. 130-131
17. उपर्युक्त, पृ. 134-140
18. सहगल, नयनतारा (सम्पादित), नेहरूज इण्डिया ऐसे ऑन दि मेकर ऑफ ए नेशन स्पीकिंग टाईगर पब्लिशिंग प्रा.लि., नई दिल्ली, 2015, पृ. 09
19. नेहरू, जवाहरलाल, अखिल बंगाल छात्र परिषद के अभिनन्दन का उत्तर 25 सितम्बर, 1928, गोपाल, एस. (मुख्य सम्पादक), ''जवाहरलाल नेहरू वाङ्मय'' खण्ड-3, सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली, पृ. 186
20. नेहरू, जवाहरलाल, लाहौर में दिया गया भाषण 1929, गोपाल एस. मुख्य सम्पादक, समाजवाद और साम्यवाद जवाहरलाल नेहरू वाङ्मय, खण्ड-3, सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली, पृ. 2,3
21. नन्दा, वी.आर., जवाहरलाल नेहरू रेबेल एण्ड स्टेटसमेन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, न्यूयार्क, 1995, पृ. 192-193
22. उपर्युक्त, पृ. 2-3,
23. सिंह, आर.एन.पी., नेहरू ए ट्रबल्ड लेगेसी विजडम ट्री अंसारी रोड, नई दिल्ली, 2015, पृ. 142
24. ब्रेचर, माईकल, नेहरू : ए पॉलिटिकल बायोग्राफी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, शिकागो, 1959, पृ. 144
25. नेहरू, जवाहरलाल, लाहौर में दिया गया भाषण 1929, गोपाल एस. मुख्य सम्पादक, समाजवाद और साम्यवाद जवाहरलाल नेहरू वाङ्मय, खण्ड-3, सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली, पृ. 194-196
26. थरूर, शशि, नेहरू दि इनवेन्शन ऑफ इण्डिया, पेग्विन बुक्स, 2012, पृ. 75
27. सीतारम्मैया, डॉ. पट्टाभि, दि हिस्ट्री ऑफ दि इण्डियन नेशनल कांग्रेस, वॉल्यमू-1, 1885-1955, पदमा पब्लिकेशन लिमिटेड, मुम्बई, 1946, पृ. 463-465
28. दास, सुरजन, दि नेहरू ईयर्स इन इण्डियन पॉलिटिक्स, एनीवर्ग पेपर्स इन साउथ एशियन स्टडीज, 2001, पृ. 14-15
29. दंतावते, मधु, जयप्रकाश नारायण : स्ट्रगल विथ वेल्यूज, एलाईड पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2002, पृ. 180-181
30. नेहरू, जवाहरलाल, लायलपुर के व्यापारियों के शिष्टमण्डल को जबाव, जून, 1936, (द ट्रिब्यून, 2 जून, 1936), गोपाल एस. (सम्पादित), समाजवाद और साम्यवाद जवाहरलाल नेहरू वाङ्मय से खण्ड-7, सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली, 1976, पृ. 258
31. गोपाल एस. (स.), जवाहरलाल नेहरू वाङ्मय से खण्ड-7, सस्ता साहित्य मण्डल, 1979, दिल्ली, पृ. 269
32. आनंद, मुल्कराज, जवाहरलाल नेहरू एण्ड सोशियालिस्ट ह्यूमनिज्म इन शर्ले, ए.एच., 'जवाहरलाल नेहरू सेवण्टी ईयर्स', (सम्पादित), जय गुजरात प्रिंटिंग प्रेस, बाम्बे, 1959, पृ. 8-10
33. हाजरी, नारायन, डमोक्रेटिक सोशियालिज्म एण्ड जवाहरलाल नेहरू, द इण्डियन जर्नल ऑफ पॉलिटिकल साईंस, वाल्यूम-26, नं. 4, इण्डियन पॉलिटिकल साइंस एसोसीयेशन, अक्टूबर-दिसम्बर 1965, पृ. 100-101
34. उपर्युक्त, पृ. 25-26
35. उपर्युक्त, पृ. 27-28
36. दास, सुरजन, द नेहरू ईयर्स इन इंडियन पॉलिटिक्स, एनीवर्ग पेपर्स इन साउथ एशियन स्टडीज, 2001, पृ. 14-15
37. विश्वनाथन, के.वी., जवाहरलाल नेहरू कान्सेप्ट ऑफ डेमोक्रेटिक सोशियालिज्म, इण्डिन जर्नल आफ पॉलिटिकल साईंस, इण्डियन पॉलिटिकल सांईस एसोसिएशन, वाल्यूम 26, अक्टूबर-दिसम्बर 1965, पृ. 91-99
38. उपर्युक्त, पृ. 96-99
39. स्पीयर, पर्सिवल, नेहरू, मॉडर्न एशियन स्टडीज, वाल्यूम-1, नं. 1, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 1967, पृ. 25-26
40. उपर्युक्त, पृ. 25-26
41. सी.सेन, जिओ काश्यप, जवाहरलाल नेहरू, सिविलाइजेशन्स, वाल्यूम 14, नं.1/2, इन्स्टीट्यूट डे सोशियोलॉजी डेल यूनिवर्सिटी डे बर्कलेस, 1964, पृ. सं. 30

गुटनिरपेक्ष आंदोलन : कल, आज और कल, उसका बदलता हुआ स्वरूप एवं प्रासंगिकता

डॉ. राम चन्द्र

अतिथि शिक्षक, राजनीति विज्ञान विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.)

शोध सारांश

गुट-निरपेक्षता की नीति का अर्थ था गुटों की राजनीति से दूर रहना, दोनों गुटों के साथ मैत्री रखना, किसी के साथ भी सैनिक संधियाँ न करना और एक स्वतंत्र नीति का विकास करना। इन देशों के सामने स्वतंत्रता बनाये रखने, अपना आर्थिक और वैज्ञानिक विकास करने एवं जीवन की आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने की चुनौतियां थी। ऐसी स्थिति में भारत के पास दो विकल्प थे। या तो वह किसी सैन्य गुट में शामिल हो या इन गुटों से दूर रहते हुये स्वतन्त्र नीति का अनुसरण करे। दूसरी ओर कुछ देश ऐसे भी हैं जो साम्यवादी अथवा गैर-साम्यवादी गुट के साथ बंधे हुए थे पर बाद में गुट के बंधन से मुक्त होकर गुटनिरपेक्षता के रास्ते पर आ गए (इनके उदाहरण हैं क्यूबा, ईराक और यूगोस्लाविया)''। गुटनिरपेक्षता की बढ़ती हुई लोकप्रियता का प्रमाण हमें गुटनिरपेक्ष देशों के विभिन्न शिखर सम्मेलनों से मिलता है। शिखर सम्मेलन में प्राय: चार प्रकार के सदस्य भाग लेते हैं-पूर्व सदस्य पर्यवेक्षक राज्य सदस्य, पर्यवेक्षक गैर-राज्य सदस्य और अतिथि। शिखर सम्मेलन में निर्णय सर्वसम्मति से होते हैं। गुटनिरपेक्षता की नीति समय के साथ अधिकाधिक सक्रिय, गतिशील और व्यवहारिक बनती जा रही है। आज का युग अर्थात 21वीं शताब्दी आर्थिक युद्ध की होगी। इसलिए आज यह आवश्यक है, कि गुट निरपेक्ष देशों में प्रत्येक को यह तय करना होगा, कि वह यूरोप, अमरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस आदि के साथ अपने सम्बन्धों को कैसे बेहतर आर्थिक रूप दे ? इसमें अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के साथ-साथ विश्व बाजार की जरूरतों का ध्यान भी रखना होगा। अत: विकासमान देशों का अधिक लाभ इसी में हैं कि सूचना संचार प्रणाली और आधुनिक बाजार द्वारा प्रदान किये गये अवसरों का अधिक से अधिक प्रयोग कर विश्व समुदाय में अपना उचित स्थान बनायें। आज जो देश स्वयं को जितना ही आधुनिक बनायेगा, नई विश्व-व्यवस्था बनाने में उतना ही उपयोगी होगा।

संकेताक्षर : *नव-साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद, प्रासंगिकता, गुट निरपेक्ष, पृथकता, विस्तारवाद, तटस्थता*

द्वितीय महायुद्धोत्तर विश्व परिदृश्य में जबकि दुनिया दो विचारधाराओं में अमेरिका और सोवियत संघ के नेतृत्व में बंटी थी, नव स्वतंत्र देशों के लिए इन्हीं में से किसी के साथ होने के अतिरिक्त कोई तीसरा विकल्प उपलब्ध नहीं था। किन्तु भारत, मिस्र और यूगोस्लाविया के, पंडित जवाहर लाल नेहरू, कर्नल नासिर और मार्शल टीटो जैसे नेताओं के सतत् प्रयासों से उक्त दोनों गुटों से भिन्न जनतांत्रिक वैश्विक आन्दोलन के रूप में समय के साथ गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का सूत्रपात हुआ, जो कि कालक्रम में तीसरी दुनिया के रूप में नव स्वाधीन देशों की एक सांगठनिक शक्ति के रूप में विकसित हुआ, जिसे दोनों महाशक्तियाँ भी नजर अंदाज नहीं कर सकती थी।[1] गुटनिरपेक्षता का विकल्प उपलब्ध होने में 15 वर्षो का समय लगा। पुन: राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से कमजोर राष्ट्रों का आन्दोलन होने के कारण इसकी आरम्भिक विश्वसनीयता स्वाभाविक रूप से कम थी, यही कारण है कि द्वितीय महायुद्धोत्तर विश्व परिदृश्य में 'सामूहिक सुरक्षा' की अवधारणा के अनुरूप सैनिक एवं राजनैतिक गठबंधनों का सिलसिला मिलता है। इस दृष्टि से अमेरिका और पश्चिमी यूरोपीय मित्र देशों का नाटो संगठन, सोवियत संघ और पूर्वी यूरोपीय देशों का वार्सा वैक्ट, अरब देशों का सेंटो, दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों का सीटो, इनके अतिरिक्त अरब लीग जैसे विशुद्ध राजनैतिक संगठन बनाये गये। दूसरे शब्दों में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राजनैतिक और सैनिक गुटबंदी यूरोप तक सीमित नहीं रही, अपितु विश्वव्यापी हो गई। दूसरी ओर आण्विक शस्त्रों के रूप में सर्वविनाशक हथियारों की उपलब्धता के कारण महाशक्तियों

की रुचि सशस्त्र संघर्ष में ना होकर संघर्ष की धमकी तक सीमित रह गई। दूसरे शब्दों में द्वितीय महायुद्ध के बाद महाशक्तियों में उपलब्ध होने वाली 'नाभिकीय प्रतिरोधकता' ने युद्ध का स्वरूप बदल कर 'शान्ति युद्ध' के रूप में अन्तरित कर दिया, जिसका राजनैतिक परिणाम परम्परागत क्षेत्रीय साम्राज्यावाद के स्थान पर विचारधारात्मक विस्तारणवाद अथवा नव साम्राज्यवाद के रूप में सामने आया। दूसरे शब्दों में महाशक्तियां अपनी प्रतिरोधक क्षमता के आधार पर अपेक्षित देशों में राजनैतिक, सैनिक और आर्थिक सुविधायें बिना प्रत्यक्ष नियंत्रण के ही प्राप्त करती, अर्थात नव उपनिवेशवादी प्रवृत्ति का विस्तार समूचे वैश्विक परिदृश्य में उपस्थित हो गया।

गुटनिरपेक्षता की नीति पिछले पांच दशकों से अधिक समय से चल रही हैं और आज संयुक्त राष्ट्र संघ के दो-तिहाई से अधिक सदस्य इसे व्यवहार में ला रहे हैं, तथापि जहां तक 'गुटनिरपेक्षता' शब्द की सही-सही व्याख्या का प्रश्न है, इसके निहितार्थ को लेकर आजतक राजनीतिक-विश्लेषकों में भ्रांतियां बनी हुई हैं। जॉर्ज श्वार्जन बर्गर ने गुटनिरपेक्षता को स्पष्ट करने के लिए इससे संबंधित छ: अर्थो की व्याख्या की है और गुटनिरपेक्षता को इन सबसे भिन्न बताया है। ये छ: धारणाएं हैं-

- **अलगाववाद-** ऐसी नीतियों का समर्थन करता है, जिनसे राष्ट्र विश्व राजनीति में कम से कम भाग ले या उससे बिल्कुल अलग रहें।
- **अप्रतिबद्धता-** का अभिप्राय है, किन्हीं दो अन्य शक्तियों से समान सम्बन्ध रखते हुए उनमें से किसी एक के साथ पूरी तरह से प्रतिबद्ध न होना।
- **तटस्थता-** एक देश की वह कानूनी एवं राजनीति स्थिति है, जो किसी युद्धों के दौरान दोनों ही योद्धा राष्ट्रों में से किसी के भी साथ युद्ध में संलग्न होने की अनुमति नहीं देती।
- **तटस्थीकरण-** अर्थात् देश हमेशा के लिए तटस्थ है, और अपनी तटस्थीकृत स्थिति को कभी नहीं छोड़ सकता है।
- **एकपक्षवाद-** इस सिद्धान्त का मत है, कि प्रत्येक देश को नि:शस्त्रीकरण जैसे आदर्शों का पालन करने की नीति अपनानी चाहिए और ऐसा करने में इस बात पर बिल्कुल ध्यान नहीं देना चाहिए कि अन्य देश भी ऐसा करते हैं, या नहीं।
- **असंलग्नता-**विभिन्न परस्पर विरोधी विचारधाराओं के मध्य हो रहे संघर्ष से उत्पन्न खतरों को समझने पर जोर देती है, और यह बताती है, कि हमें इस संघर्ष से अलग रहना चाहिए।[2]

श्वार्जन का अभिमत है कि गुटनिरपेक्षता उपर्युक्त सभी अवधारणाओं से भिन्न एवं विशिष्ट है। वस्तुत: यह मैत्री संधियों या गुटों से बाहर रहने की नीति है। गुटनिरपेक्षता का सार तत्व यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में नीति एवं कार्यवाही की पर्याप्त स्वतंत्रता बनायी रखी जाये। गुट निरेपक्ष शब्द का अर्थ, तटस्थता, पृथकता इत्यादि से लगाया जाने लगा। जिसके विरोध के संदर्भ में 17 अक्टूबर 1960 को ''संयुक्त राष्ट्र महासभा'' में भारतीय प्रतिनिधि 'कृष्ण मेनन' ने कहा था कि ''हम तटस्थतावाद की संज्ञा स्वीकार नहीं कर सकते। वस्तुत: यह शब्द उन लोगों ने गढ़ा है, जिन्हें हमारी नीति पसन्द नहीं थी। हम युद्ध एवं शांति के संदर्भ में तटस्थ नहीं रह सकते, साम्राज्यवादी या अन्य देशों के प्रभुत्व के संदर्भ में तटस्थ नहीं रह सकते, नैतिक मूल्यों के संदर्भ में तटस्थ नहीं रह सकते। हम बड़ी शक्तियों को इस बात की छूट नहीं दे सकते कि वे हमारे लिए, सामाजिक आर्थिक समस्याएं उत्पन्न करे। अपने हित से सम्बन्धित मामलों में हिस्सा लेंगे, तथा विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं।''

स्वतंत्र भारत का उदय द्वितीय विश्वयुद्ध के उपरान्त उस समय हुआ जब विश्व दो गुटों में विभक्त हो चुका था और पूंजीवादी गुट के नेता अमेरिका की विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य साम्यवाद को सीमित करना तथा साम्यवाद गुट के नेता सोवियत संघ के विस्तारवाद को रोकना था। इसके लिए अमेरिका ने 'मार्शल प्लान' के तहत जहाँ नवोदित देशों को आर्थिक सहायता देकर अपने प्रभाव क्षेत्र में शामिल करने की नीति अपनायी, वहीं कई सैन्य गठबंधनों का भी सहारा लिया जाने लगा था।[3] जबकि भारत ने अपने उदय के प्रारंभ से ही गुटनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके इन दोनों से भिन्न अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का बीजारोपण किया जो अमेरिका को अनुकूल नहीं लगा। जवाहरलाल नेहरू भारत की विदेश नीति की स्वतंत्रता के प्रति काफी सजग थे। वे नहीं चाहते थे कि जिस स्वतंत्रता को पाने में इतनी मेहनत करनी पड़ी थी, उसे गुटों की राजनीति में संलग्न होकर खो दिया जाये। नेहरू जानते थे कि गुटनिरपेक्षता की नीति के द्वारा हम एक ओर जहाँ शक्तिवादी गुटों की राजनीति से तथा महाशक्तियों के मध्य युद्धों से दूर रह सकते हैं, वहीं विश्व शान्ति व स्वतंत्रता को विकसित करने में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।[4] भारतीय दृष्टिकोण में शीतयुद्ध साम्राज्यवादी सम्भावनाओं को संजोयें हुये था और अमेरिका द्वारा लड़े गये दोनों विश्व युद्ध स्वतंत्रता की रक्षा के लिये न होकर अपने साम्राज्यवादी प्रभुत्व को कायम रखने का एक साधन था।[5] जबकि अमेरिका के लिए साम्यवाद को सीमित करना तथा सोवियत विस्तारवाद को

रोकना इतना महत्वपूर्ण बन गया था कि उसके अतिरिक्त संबंधों के लिये उसकी विदेश नीति में कोई जगह नहीं थी। भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति भी अमेरिका के लिए प्रतिकूल लगने लगा, क्योंकि इस नीति के द्वारा अमेरिकी हितों को कोई लाभ नजर नहीं आ रहा था। उन्हें यह भी संदेह होने लगा कि यह नीति अप्रत्यक्ष तौर पर सोवियत संघ को सहयोग देगी। चूकि भारत के लिये साम्यवाद कोई खतरा नहीं था जैसा कि अमेरिका के लिये था। साथ ही साथ भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न तरह के सैन्य गठबंधनों का भी विरोध किया जो अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा व शान्ति के लिये स्वत: एक खतरा उत्पन्न कर रहे थे। फलत: भारत अमेरिकी संबंधों में सन्देह का वातावरण और भी बढ़ गया। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण जान फॉस्टर ड्यूलस द्वारा भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति को अनैतिक कहकर भर्त्सना करना शामिल है। उसने यहाँ तक कह डाला ''जो हमारे साथ नहीं हैं वे हमारे विरोधी है।'' इस प्रकार गुटनिरपेक्षता भारत अमेरिकी संबंधों के मध्य एक ऐसा मुद्दा था, जिसने अधिकतर अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं के संदर्भ में दोनों देशों के मध्य पूरे शीतयुद्ध के दौरान संदेह का वातावरण कायम रखा और दोनों के विदेश नीति के उद्देश्यों को विपरीत दिशा में लाकर खड़ा कर दिया।

गुटनिरपेक्षता के अलावा भारत की विदेश नीति में उपनिवेशवाद का विरोध करना प्रमुख रहा और भारत ने सदैव चाहा कि एशिया में सर्वोच्च शक्तियों के प्रभुत्व व प्रभाव का अन्त हो। एक क्षेत्रीय शक्ति होने के कारण भारत क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण प्रभाव को कायम रखना चाहता था, जबकि अमेरिका की साम्यवाद विरोधी नीति विपरीत परिस्थितियाँ उत्पन्न करती रही।''[6] दो सौ वर्षों तक यूरोपीय प्रभुत्व के अधीन रहने के बाद स्वतंत्र हुये भारत के लिए यह स्वाभाविक ही था कि वह साम्राज्य विरोधी नीति का अनुसरण करे। जैसा कि नेहरू ने कहा था- 'एशिया के संकट का समय उपनिवेश बनाम उपनिवेशवाद का खतरा है।''[7]

गुटनिरपेक्षता का सार तत्व यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में नीति एवं कार्यवाही की पर्याप्त स्वतंत्रता बनायी रखी जाये। यहां उल्लेखनीय है कि गुटनिरेपक्षता की वास्तविक संवेदना के बोध के लिए इतना बता देना ही पर्याप्त नहीं है कि गुटनिरपेक्षता क्या है ? यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि गुटनिरपेक्षता क्या नहीं है-

1. गुटनिरपेक्षता अन्तर्राष्ट्रीय मामलों या अन्य देशों के प्रति निषेधात्मक नीति या दृष्टिकोण नहीं है, इसके विपरीत यह सकारात्मक दृष्टिकोण का द्योतक है।
2. गुटनिरपेक्षता अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में तटस्थता या निष्क्रियता की नीति नहीं है, अपितु जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में- जहां स्वतंत्रता के लिए खतरा पैदा होता है या न्याय पर आंच आने लगती है या कोई देश दूसरे पर आक्रमण कर देता है वहां न हम तटस्थ रह सकते हैं और न ही रहेंगे।
3. गुटनिरपेक्षता अस्वस्थ और निष्क्रिय अन्तर्मुखी प्रवृत्ति नहीं है अपितु इसमें कम्बोडिया के पूर्व नरेश नारोदम सिंहानुक के शब्दों में, ''अन्तर्राष्ट्रीय जीवन का एक गतिशील स्वरूप परिलक्षित होता है।''
4. गुटनिरपेक्षता का अर्थ वैश्विक मामलों से दरकिनार रहना नहीं है और ना ही अपना काम निकालने की नीति की अवसरवादिता ही है, अपितु गुट निरपेक्ष देश अन्तर्राष्ट्रीय ज्वलन्त प्रश्नों के प्रति उदासीन ना रहकर स्वतंत्र और दृढ़ दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।
5. गुटनिरपेक्षता अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में न्यायाधीश जैसी निरपेक्षता की द्योतक नहीं है अर्थात गुटनिरपेक्ष राष्ट्र वैश्विक मामलों में निर्णायक की भूमिका की तलाश में नहीं रहते अपितु वे प्रत्येक प्रश्न अथवा स्थिति के सन्दर्भ में गुण दोषों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय देने का प्रयत्न करते हैं।
6. गुटनिरपेक्षता आत्मोत्सर्ग भी नहीं है अथवा गुटनिरपेक्ष राष्ट्र 'निरे-परोपकारी' भी नहीं होते, अपितु गुटनिरपेक्षता भी उतनी ही राष्ट्रहितपरक नीति है, जितनी की गुटबद्धता है।
7. गुटनिरपेक्षता कोरे सिद्धान्तों अथवा कोरी कल्पना पर आधारित नीति नहीं है, वरन यह नितांत व्यावहारिक नीति है इसका जन्म अन्तर्राष्ट्रीय समाज की यथार्थताओं में हुआ है और वही इसका आधार भी है।
8. गुटनिरपेक्षता सदा-सर्वदा के लिए अथवा कैसी भी परिस्थिति में बंधकर चलने की नीति नहीं है, जैसाकि अल्जीरिया के पूर्व प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ''हम किसी से बंधे नहीं ..... गुटनिरपेक्षता से भी नहीं।''
9. गुटनिरपेक्षता कोई एकान्तिक नीति नहीं है, यह किसी अन्य राष्ट्र अथवा राष्ट्रों के समूह के साथ मैत्री और सहयोग का रास्ता नहीं रोकती है।
10. गुटनिरपेक्षता का लक्ष्य किसी विचारधारा, गुट अथवा राष्ट्र का विरोध करना नहीं, इसका ध्येय सभी राष्ट्रों के साथ शान्ति और मैत्री को बढ़ावा देना है, भले ही उनमें वैचारिक अथवा राजनीतिक मतभेद ही क्यों न हो।[8]

अन्तत: गुटनिरपेक्षता किसी तीसरी शक्ति का द्योतक नहीं है, न उसका ध्येय किसी तीसरे शिविर अथवा राष्ट्रों के गुट की उद्भावना

करना है, वस्तुत: ऐसा ध्येय तो गुटनिरपेक्षता के आधार के ही विरूद्ध है। गुटनिरपेक्षता एक नीति है अथवा मनोवृत्ति और दृष्टिकोण है या वह नीति के किन्हीं निर्दिष्ट साध्यों को प्रोत्साहित करने का साधन है? डॉ. एम.एस. राजन के अनुसार ''यह तीनों का समन्वित रूप है।''

गुटनिरपेक्ष आन्दोलन यद्यपि सोवियत संघ और अमेरिका शक्ति गुटों के सापेक्ष में तृतीय विश्व की आवाज के रूप में पर्याप्त प्रासंगिक माना गया है, किन्तु शीतयुद्ध समाप्त होने और औपचारिक रूप से वार्सा पैक्ट एवं सोवियत गुट के विघटन के बाद अमेरिका के नेतृत्व में बने एक ध्रुवीय विश्व के परिप्रेक्ष्य में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की प्रासंगिकता को प्रश्नगत किया जाने लगा है। वस्तुत: इस प्रकार की आपत्तियां 1989 में होने वाले गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के अधिवेशन में उठाई गई। इस अधिवेशन में जर्मनी के एकीकरण अथवा बर्लिन दीवार के टूटने तथा पूर्वी यूरोपीय देशों के साम्यवाद विरोधी प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में यह स्वीकार किया गया कि गुटीय शक्तियों का समान रूप से विरोध करने वाले इस आन्दोलन की आवश्यकता नहीं रह गई है। किन्तु इसी अधिवेशन में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन को पुनर्गठित करने और इसके आदर्शों को पुन: संयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। यही कारण है कि इस आन्दोलन की प्राथमिकताओं में राजनैतिक दृश्यों के स्थान पर आर्थिक विषयों को शामिल किया गया तथा विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों के साथ आर्थिक नीति के परिप्रेक्ष्य में किये जाने वाले भेदभाव को समाप्त करने का लक्ष्य शामिल किया गया। सामान्य रूप से इस प्रकार के विवादों को ''उत्तर-दक्षिण'' विवाद कहा गया, और इसी के शांतिपूर्ण समाधान की दृष्टि से गुटनिरपेक्ष सदस्यों में से 15 अग्रणी सदस्यों को अग्रगामी दस्ता (ळ.15) के गठन की आवश्यकता पर बल दिया गया।[9] पुन: 1992 और अन्तत: 1995 अधिवेशन में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के पुनर्गठित स्वरूप को अन्तिम रूप दिया गया। उदाहरण- 1995 के कार्टागेना अधिवेशन में वैश्वीकरण से संबंधित तृतीय विश्व की आर्थिक समस्याओं जैसे असमान प्रतिद्वन्द्विता, पर्यावरण और श्रम जैसे विषयों को विश्व व्यापार संगठन से अलग रखने जैसे मुद्दों के साथ अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और जनसंख्या जैसे सामान्य विषयों के लिए समेकित और कारगर नीति अपनायें जाने पर बल दिया गया। साथ ही यहीं ''कोलम्बिया घोषणा'' के अनुरूप अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद तथा सीमा पार इसके प्रायोजन जैसे ज्वलंत विषयों पर भी आन्दोलन के प्रमुख उद्देश्यों के रूप में शामिल किया गया। इससे स्पष्ट है कि 1989 में हरारे अधिवेशन से लेकर कोलम्बिया के कार्टागेना अधिवेशन तक आन्दोलन ने अपना स्वरूप राजनैतिक विषयों से बदलकर सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बना लिया है। पुन: इसके इस स्वरूप में वैश्वीकरण से संबंधित आवश्यकताओं गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की और समस्याओं का भी समायोजन है। यहां उल्लेखनीय है कि प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए भारत का दृष्टिकोण गुटीय तर्क पर ही आधारित है। दूसरे शब्दों में भारत का मत है कि यद्यपि सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप के राजनैतिक विघटन के बाद यह अवश्य ही राजनैतिक और सैनिक शक्ति गुट नहीं रहे, किन्तु एक ध्रुवीय विश्व में इस प्रकार के राजनैतिक गुटों का स्थान आर्थिक गुटों ने ले लिया है। ऐसी स्थिति में आर्थिक गुटों के परिप्रेक्ष्य में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है जितना कि राजनैतिक गुटों के समय इसकी प्रासंगिकता राजनैतिक थी। इससे स्पष्ट है कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विषयों तथा आण्विक शस्त्रों जैसे वैश्वीकरण मुद्दों पर गुटनिरपेक्ष आन्दोलन वैश्वीकरण के बाद भी प्रासंगिक एवं प्रभावशाली है।[10] दिनोंदिन इसकी सदस्य संख्या में होने वाली वृद्धि इसका प्रमाण है।

गुटनिरपेक्षता की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण गुटनिरपेक्ष देशों के विभिन्न शिखर सम्मेलनों से मिलता है, जो इस प्रकार है-[11]

क्र.सं.	वर्ष	स्थान	सम्बन्धित विषय-वस्तु
1.	1961	बेलग्रेड	उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद, प्रजातिवाद की निंदा। उपनिवेशों के स्वतंत्र आन्दोलन का समर्थन।
2.	1964	काहिरा	''शांति और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए योजना'' की घोषणा।
3.	1970	लुसाका	''गुटनिरपेक्षता तथा आर्थिक विकास'' के शीर्षक से छ: प्रमुख प्रस्तावों की स्वीकृति।
4.	1973	अल्जीयर्स	निर्गुट देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर बल।
5.	1976	कोलम्बो	एशिया में सम्पन्न इस प्रथम सम्मेलन में सामूहिक आत्मनिर्भरता के विचार पर बल।
6.	1979	हवाना	सदस्यों में पहली बार अन्तर्विरोध के कारण कोई स्पष्ट प्रस्ताव पारित नहीं।
7.	1983	नई दिल्ली	शान्ति और निरस्त्रीकरण के साथ मानवाधिकारों और नई अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकता पर बल।

क्र.सं.	वर्ष	स्थान	सम्बन्धित विषय-वस्तु
8.	1986	हरारे	'अफ्रीकी कोष' की स्थापना तथा नामीबिया की स्वतंत्रता एवं दक्षिण अफ्रीका की रंगभेदी सरकार से संबंधित विषयों पर विशेष समिति का गठन।
9.	1989	बेलग्रेड	अफगानिस्तान तथा पश्चिमी एशिया की समस्या पर अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति सम्मेलन का आह्वान और पूर्ण नि:शस्त्रीकरण की माँग।
10.	1992	जकार्ता	उत्तर-दक्षिण संवाद और सहयोग पर बल। पहली बार एक ध्रुवीय विश्व में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की प्रासंगिकता पर मिश्र द्वारा प्रश्नचिन्ह भी लगाया गया।
11.	1995	कार्टागेना	आन्दोलन की वैधता, उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए आतंकवाद की निन्दा।
12.	1998	डरबन	नि:शस्त्रीकरण, आतंकवाद, सुरक्षा परिषद के पुनर्गठन और विस्तार संबंधी विषयों के साथ 'अणुमुक्त विश्व' की माँग।
13.	2003	क्वालालम्पुर	उत्तर-दक्षिण सहयोग के साथ-साथ दक्षिण-दक्षिण सहयोग को सभी क्षेत्रों में संवर्धित करना तथा वैश्वीकरण का लाभ सभी देशों के लिए सुनिश्चित करना।
14.	2006	हवाना	इस सम्मेलन में कुल 118 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में हैती और सेंट किट्स को संगठन का नया सदस्य बनाया गया।
15.	2009	काहिरा	इस सम्मेलन में नाम देशों के बीच वैश्विक वित्तीय संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई। भारत समेत सभी सदस्य देशों के नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता पर जोर दिया। उनके बीच शांति के विस्तार और विकास के मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन के 16 वें शिखर सम्मेलन में विदेशी हमले का खतरा झेल रहे ईरान मे गुटनिरपेक्ष देशों के 120 नेताओं के शिखर -सम्मेलन का आयोजन अपने आप में एक बड़ी बात है। इस सम्मेलन में ही यह भी पता लगा कि अमरीका के सहयोगी माने जाने वाले देशों के नेता और संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव बान की मून भी अमरीकी दबाव को मानने और उसके सामने झुकने के लिए उस तरह से तैयार नहीं है, जैसे अमरीका चाहता है। दुनिया के आधे से ज्यादा देशों के तेहरान पहुंचने से यह भी दिखाई दिया कि दुनिया में ईरान को अलग-थलग करने की पश्चिमी देशों की कोशिशों में उन्हें एक बड़ी सफलता नहीं मिली है। रेडियो रूस के विशेषज्ञ और रूस के सामरिक अनुसंधान संस्थान के सहकर्मी बरीस वलखोन्स्की लिखते हैं-भारत के मीडिया ने आम तौर पर उन्हीं पहलुओं पर ध्यान दिया है। जो भारत के प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह की तेहरान यात्रा से जुड़े हुए थे। उनकी ईरान-यात्रा वास्तव मे बड़ी व्यस्त यात्रा थी और उनकी इस यात्रा का असर न सिर्फ ईरान और भारत के दीर्घकालीन सम्बन्धों पर, बल्कि इस इलाके के अन्य देशों के साथ विकसित होने वाले आपसी सम्बन्धों पर भी पड़ेगा। तेल और गैस के क्षेत्र मे ईरान के साथ भारत का सहयोग आग जारी रखने की तैयारी के बारे में डॉ. मनमोहन सिंह की घोषणा और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ उनकी मुलाकात को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रपति जरदारी के साथ हुई मुलाकात में भी उन तेल गैस पाइपलाइनों के बारे में ही बातें हुई, जिन्हें पाकिस्तान के रास्ते ईरान से भारत तक बनाने की योजना है।

17-18 सितंबर 2016 को दो दिवसीय 17वें गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में सदस्यों की संख्या 120 हो गई है। साथ ही साथ वर्तमान में इसके 17 देश तथा 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठन पर्यवेक्षक हैं।

- वेनेजुएला के 'मार्गारिता द्वीप' में 17-18 सितंबर 2016 को दो दिवसीय 17वें गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया।
- भारतीय उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मजबूत होने से भारत की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और गुटनिरपेक्ष आंदोलन का महत्व बना हुआ है। इस सम्मेलन की प्राथमिकता शांति, संप्रभुता और विकास के लिए एकजुटता बनाना है।
- इस सम्मेलन में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की 55 वीं वर्षगांठ मनाई गई। 17वें गुटनिरपेक्ष सम्मेलन का मुख्य विषय 'शांति, संप्रभुत्ता और विकास के लिए एकता' थी।

- 17वें शिखर सम्मेलन में शीतयुद्ध काल के पश्चात् गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया गया।
- वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के मूल्य में गिरावट के कारण वर्ष 2014 के मध्य से वेनेजुएला संकट से घिरा हुआ है, जिसके कारण देश के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का समाजवादी मॉडल हाशिए पर आ गया है।
- इस शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, संयुक्त राष्ट्र सुधार, पश्चिमी एशिया की स्थिति, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों, जलवायु परिवर्तन, सतत-विकास, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, शरणार्थी समस्या और परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।
- ज्ञातव्य हो कि 16वें गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी वर्ष 2012 में ईरान ने की थी।
- भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक सदस्यों में से एक है और इसने वर्ष 1983 में नई दिल्ली में सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी की थी।
- गुट निरपेक्ष आंदोलन के सदस्य देशों में अफ्रीका से 53 देश, एशिया से 39 देश, लातिन अमेरिका एवं कैरेबिया से 26 तथा यूरोप से 2 देश (बेलारूस और अजरबैजान) शामिल हैं।[12]

जबकि पिछली सदी के आखिरी दशक में सोवियत संघ और समाजवादी शिविर के पतन के बाद पश्चिम में बहुत से लोग यह कहने लगे थे, कि अब गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का कोई महत्व नहीं रह गया है। जब दुनिया में एक शक्ति-ध्रुव खत्म हो गया तो उसकी जगह चीन दूसरे ध्रुव के रूप में खड़ा हो गया और अमरीका और चीन दोनों ही दुनिया के ज्यादा से ज्यादा देशों को अपनी नीतियों की तरफ करने की कोशिश कर रहे हैं, मानो कोई तीसरा रास्ता है ही नहीं। लेकिन तीसरा रास्ता फिर सामने आ गया है, इन परिस्थितियों में भारत को यह मौका मिल गया है कि वह उन देशों के साथ, जिन्हें दोनों शक्ति-ध्रुवों की धौंस-पट्टी मे नहीं रहना है, विकास के अपने तीसरे स्वतन्त्र और गुटनिरपेक्ष रास्ते पर आगे बढ़ें। हमारा ख्याल है कि तेहरान शिखर सम्मेलन का महत्व इसी बात में है कि उनके इस तीसरे रास्ते की संभावना को फिर से खोलकर सामने रख दिया है। गुटनिरपेक्षता की नीति समय के साथ अधिकाधिक सक्रिय, गतिशील और व्यावहारिक बनती जा रही है। प्रारंभ में इस नीति में नैतिकता और आदर्शवाद का पुट अधिक था, लेकिन गुटनिरपेक्ष देश अब यह अच्छी तरह समझने लगे हैं कि कोई भी नीति तभी सार्थक और उपादेय हो सकती है जब उसे यथार्थवाद के धरातल पर उतारा जाय।

आज का युग अर्थात 21वीं शताब्दी आर्थिक युद्ध की होगी। इसलिए आज यह आवश्यक है, कि गुट निरपेक्ष देशों में प्रत्येक को यह तय करना होगा, कि वह यूरोप, अमरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस आदि के साथ अपने सम्बन्धों को कैसे बेहतर आर्थिक रूप दे ? इसमें अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के साथ-साथ विश्व बाजार की जरूरतों का ध्यान भी रखना होगा। विकसित और विकासशील देशों के बीच ठोस सीमा रेखा नहीं रह गयी जो पहले थी। चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देश बाजारतंत्र और आधुनिक वित्तीय व्यवस्था अपनाते हुए विश्व समुदाय के शक्तिशाली अंग बनते जा रहे हैं।

सन्दर्भ सूची

1. मजरूई अली, 'फरवर्ड', पीटर विलेट्टरस, द नॉन अलाईड मूवमेण्ट लन्दन, 1978, पृ. 13
2. रक्षार्थ, वाल्यूम 3 नं0 3-4, 2001; पृ. 42
3. अप्पादुरई, ए. एवं एम. एस. राजन, इंडियाज फॉरन पांलिसी एण्ड रिलेशन्स', न्यू दिल्ली, पृ. 215
4. प्रसाद, विमल, 'एन ऑवरभिउ' विमल प्रसाद द्वारा सम्पादित पुस्तक, इंडियाज फॉरन पॉलिसी: स्टडिज इन कॉन्टिन्यूटी एण्ड चेन्ज, नई दिल्ली
5. राणा, ए. पी., इण्डिया एण्ड अमेरिका, नैन्सी जैटली द्वारा सम्पादित पुस्तक इंडिया फॉरन पॉलिसी: चैलेन्जेज एण्ड प्रोस्पेक्ट', न्यू दिल्ली, 1999, पृ. 250
6. अप्पादुरई, ए., एवं एम. एस. राजन, पूर्वोक्त, पृ. 216
7. वारण्डस, विलियम जे., इंडिया पाकिस्तान एण्ड ग्रेट पावर, न्यूयार्क, 1979, पृ. 59
8. फाडिया, डॉ. बी.एल., अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, 2009, पृ. 313
9. हिन्दुस्तान टाइम्स, 2 सितम्बर 1992
10. ''नान अलाईण्ड मूवमेन्ट : रिट्रोस्पेक्ट एण्ड प्रोस्पैक्ट'' (लेख श्रृंखला), वर्ल्ड फोक्स, वाल्यूम 18, अंक 7, जुलाई 1997
11. अरिहन्त समसामयिकी महासागर, सितम्बर 2009, पृ. 55
12. समसामयिकी घटनाचक्र, नवम्बर-दिसम्बर, 2016, पृ. 7

अलवर जिले में जल संसाधन व जल संरक्षण की परम्परागत विधियों का शोधपरक अध्ययन

नरेन्द्र सिंह

शोधार्थी, भूगोल विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

विश्वभर में उपयुक्त जल की मात्रा अत्यन्त सीमित है। जब कहा जाता है कि जल ही जीवन है तब हमारे सामने एक कठिन चुनौती उपस्थित होती है। निरन्तर बढती जल की आवश्यकता एवं मानव उपयोग हेतु उपलब्ध जल के मध्य व्युत्क्रमानुपाती सम्बन्ध है। यह सत्य है कि हजारों वर्ष से स्वच्छ जल की उपलब्धता में कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं हुआ परन्तु जल स्रोत अति दोहन के अक्रांत होकर धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य के कुल 237 विकास खण्ड़ों में से सुरक्षित भू-जल वाले क्षेत्रों का अनुपात 57 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत ही रह गया हैं। 237 ब्लॉकों में से 232 ब्लॉकों के भू-जल की पेयता पर प्रश्नचिन्ह लग गया हैं। भूमिगत जल स्तर में तीव्र गिरावट के कारण भू-जल की गुणवत्ता में निरम्तर ह्रास हो रहा हैं। अनुमान हैं कि राज्य के 40,941 गांव व ढाणियों के लोग प्रदूषित जल का सेवन करते हैं। यही नहीं, देश के 51 प्रतिशत फ्लोराइड व 42 प्रतिशत लवणता से प्रभावित क्षेत्र अकेले राजस्थान में हैं। अत: राज्य के बिगड़ती जल स्थिति को प्राथमिकता में लेना होगा। जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन हेतु राज्य सरकार को कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। जल की बूंद-बूंद का सदुपयोग करना होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य को वर्षा जल-संचयन, जल-संरक्षण व भू-जल के कृत्रिम पुर्नभरण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम अपनाने होंगें। जल के अति दोहन के कारण संपूर्ण अलवर जिला अति दोहित (डार्क जोन) में परिवर्तित हो चुका है। अलवर जिला पूर्णत: भूमिगत जल पर आधारित है। अत: हमें पुर्नभरण की तकनीकी को सुधार के साथ-साथ परम्परागत स्रोत पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रस्तुत अध्ययन इन्हीं पहलुओं को लेकर किया गया है।

संकेताक्षर : *जल प्रबन्धन, अपवाह तंत्र, पुनर्भरण*

प्रत्येक वस्तु जल से उत्पन्न हुई है और प्रत्येक वस्तु जल के द्वारा ही जीवित है। जल पृथ्वी पर पाया जाने वाला वह अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है। जो प्रकृति की रचना में सहभागी होकर सम्पुर्ण जीवमण्डल को आधार प्रदान करता है। यह प्रकृति में विभिन्न स्थानों में विभिन्न रूपों में वितरित हैं तथा सदैव गतिशील रहता है। यह कही जलवाष्प में कही हिम या द्रव के रूप में पाया जाता हैं। जलवायु एवं स्थिती के अनुसार यह स्वरूप निर्धारित होता है तथा इसके स्वरूप परिवर्तन में सूर्य से प्राप्त ऊष्मा की प्रमुख भूमिका होती है। स्थलमण्डल, जलमण्डल, तथा वायुमण्डल में विद्यमान जल विभिन्न अवस्थाओं (ठोस, द्रव, गैस) में अपनी भौगोलिक स्थिती बदलता रहता है। यह परिवर्तन जलीय चक्र के माध्यम से पूर्ण हो जाता है। बढ़ते जल संकट के लिए एक सीमा तक विश्व में ''बढ़ता वैश्विक तापमान एवं जलवायु परिवर्तन'' भी उत्तरदायी है। विश्व मौसम संगठन ने वर्तमान जल-संकट के 20 प्रतिशत भाग के लिए जलवायु परिवर्तन को दोषी ठहराया है। ''ग्लोबल एनवायरमेंटल आउटलुक'' ने जल संकट के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई को भी जिम्मेदार माना है। वैश्विक जल संकट की भयावहता को दृष्टिगत रखते हुए इस संकट के समाधान हेतु तत्काल प्रभावी कदम उठाये जाने की सख्त आवश्यकता है। यूनेस्को ने 2006 में अपनी रिपोर्ट में यह उजागर किया है कि जल प्रबंधन व्यवस्था के लिए समग्र व एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

पिछले 60 सालों में भारत में पानी की उपलब्धता एक तिहाई रह गई है। यानी 1952 के मुकाबले अब 2011-12 में 33 फीसदी पानी खत्म हो चुका है, जबकि आबादी 36 करोड़ से बढ़कर 115 करोड़ हो चुकी है, अर्थात तीन गुना से भी ज्यादा। इसका नतीजा यह निकल रहा है कि हम लगातार भूजल पर निर्भर हो चुके हैं। भूजल स्तर हर साल औसतन एक फीट की रफ्तार से नीचे जा

रहा है। आज देश में कूल 5723 में से 839 ब्लॉक डार्क जोन में जा चुके हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। देश के दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले 35 शहरों में किसी में भी औसतन एक घंटे से अधिक पानी की आपूर्ति नहीं की जाती है। देश में फरवरी माह से ही जल संकट की स्थिति गम्भीर होना चालू हो जाती है। देश का सबसे बड़ा राज्य मरूस्थलीय एवं शुष्क प्रदेश होने के कारण सदैव जल-संकट से जूझता आया हैं। पिछले 50 वर्षो में से 43 बार राज्य में कहीं न कहीं अकाल पड़ा हैं। इस राज्य का क्षेत्रफल देश के क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत तथा जनसंख्या 5.5 प्रतिशत हैं। किन्तु इस विस्तृत राज्य में सम्पूर्ण देश के सतही जल का मात्र 1.16 प्रतिशत तथा दोहन योग्य जल 1.12 प्रतिशत ही उपलब्ध हैं। राज्य का अधिकांश सतही जल मौसमी नदियों एवं नालों से प्राप्त होता हैं। देश में होने वाली वर्षा का केवल एक प्रतिशत जल ही राज्य को उपलब्ध होता हैं।

राज्य के कुल 237 विकास खण्ड़ों में से सुरक्षित भू-जल वाले क्षेत्रों का अनुपात 57 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत ही रह गया हैं। 237 ब्लॉकों में से 232 ब्लॉकों के भू-जल की पेयता पर प्रश्नचिन्ह लग गया हैं। भूमिगत जल स्तर में तीव्र गिरावट के कारण भू-जल की गुणवत्ता में निरन्तर ह्रास हो रहा है। अनुमान है कि राज्य के 40,941 गांव व ढाणियों के लोग प्रदूषित जल का सेवन करते हैं। यही नहीं, देश के 51 प्रतिशत फ्लोराइड व 42 प्रतिशत लवणता से प्रभावित क्षेत्र अकेले राजस्थान में हैं। अत: राज्य के बिगड़ती जलस्थिति को प्राथमिकता में लेना होगा। जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन हेतु राज्य सरकार को कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। जल की बूंद-बूंद का सदुपयोग करना होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य को वर्षा जल-संचयन, जल-संरक्षण व भू-जल के कृत्रिम पुर्नभरण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम अपनाने होंगे। जल के अति दोहन के कारण संपूर्ण अलवर जिला अति दोहित (डार्क जोन) में परिवर्तित हो चुका है।

शोध के लिए अलवर जिले को इसलिए चुना गया हैं क्योंकि यहाँ प्राकृतिक अनुकूलतायें होने के बावजूद स्थिति इतनी गम्भीर क्यों बनी ? अलवर जिला 14 पंचायत समितियों तथा 16 तहसील मुख्यालयों में बंटा हुआ हैं। जलवायु शुष्क एवं औसत वार्षिक वर्षा 625.41 मि.मी. (1901-2011) हैं। गत कई वर्षो से जिले में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई हैं। समस्या यह हैं कि भू-जल के अधिक दोहन से जिले में भू-जल सतह लगातार नीचे जा रहा है। अति दोहन के कारण वर्ष 2011 में जिले की भू-जल सतह करीब एक मीटर नीचे गिरी है। सन् 1995 से 2011 तक का अवलोकन करें तो स्पष्ट होता हैं कि प्रति वर्ष औसतन 0.62 मीटर की दर से जल स्तर गिरा हैं। जिले में बोरवैल, ट्यूबवैल की अत्यधिक संख्या ने व अधिक पानी वाली फसलों के कारण यह समस्या को अधिक गंभीर बना दिया हैं। समस्या केवल जल की कमी की ही नहीं हैं अपितु पेयजल की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा हैं। अधिकांशत: क्षेत्र के जलस्तर घटने से फ्लोराइड की मात्रा में इजाफा हुआ है। वर्षा की पर्याप्तता के बावजूद 50 प्रतिशत पानी व्यर्थ बह जाता हैं और रिचार्ज से दुगना दोहन होने के कारण जल संकट की स्थिति पैदा हुई हैं। जिलें में 125 बांध व जलाशय हैं जिनमें से 67 या तो सूख चुके हैं या इनका पानी गहराई में चला गया हैं। जिले में 23 मुख्य बांध हैं जिनमें से मात्र 3 बांधों में ही पानी रहता है। अलवर जिले का कुल क्षेत्रफल 8729.46 वर्ग किलोमीटर हैं एवं सामान्य वार्षिक वर्षा 629.25 मिलीमीटर हैं। रेतीले क्षेत्रों में वार्षिक वर्षा का लगभग 12 प्रतिशत एवं चट्टानी क्षेत्रों में 7 प्रतिशत जल ही भूमि में जाता हैं। जिसमें लगभग 794.82 मिलियन घनमीटर भ-ूजल जमा होता हैं लेकिन जिले में वर्ष 1998 में भू-जल दोहन 98.68 प्रतिशत था जो वर्तमान में बढ़कर 166.56 प्रतिशत हो गया एवं जिला अतिदोहित क्षेत्रों में आ गया। अत: जल संकट की स्थिति जिले में लगातार बनी हुई है।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय

अलवर जिला राजस्थान के उत्तरी-पूर्वी भाग में $27^0 4'$ से $28^0 4'$ उत्तरी अक्षांश एवं $75^0 8'$ से $77^0 13'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जिले के उत्तर में हरियाणा राज्य का भू-भाग एवं दक्षिण में इसकी सीमा राज्य के दौसा एवं जयपुर जिले को स्पर्श करती है। इसके पूर्व में भरतपुर तथा पश्चिम में जयपुर एवं उत्तर में हरियाणा राज्य तथा दक्षिण में दौसा जिला है। अलवर जिले को राजस्थान के सिंहद्वार के नाम से भी पहचाना जाता है, राजस्थान की राजधानी जयपुर तथा भारत की राजधानी देहली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 08 पर अरावली पर्वतमाला की गोद में बसा हुआ है। अरावली पर्वत-श्रृंखला की तलहटी में बसा होने से पूर्वी राजस्थान के कश्मीर नाम से भी विख्यात है। अलवर जिला उत्तर से दक्षिण में 80 मील तथा पूर्व से पश्चिम में 60 मील की दूरी तक फैला हुआ है। इस जिले में 14 उपखण्ड तथा 16 तहसील हैं। भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 8382 वर्ग कि.मी. है, जो कि राजस्थान के क्षेत्रफल का 2.45 प्रतिशत है।



शोध उद्देश्य

1. अलवर जिले के प्रमुख जल स्त्रोतों का अध्ययन करना
2. अलवर जिले में जल संरक्षण की परम्परागत विधियों का अध्ययन करना
3. अलवर जिले के वर्तमान अपवाह तंत्र का अध्ययन करना

शोध परिकल्पना

1. अध्ययन क्षेत्र में बदलते हुऐ पारिस्थितिक असन्तुलन के परिणाम स्वरूप भू-जल स्तर का गिरना।
2. अध्ययन क्षेत्र में गिरते हुऐ भू-जल स्तर के परिणाम स्वरूप जल संकट की भीषण समस्या उत्पन्न हो रही है।

विधि तंत्र एवं आकड़ों का संकलन

प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक व द्वितीय आकड़ों का संकलन किया गया है तथा आवश्यकता अनुसार सारणीयन व आरेखन किया गया है।

अलवर जिले में प्रमुख जल स्रोत

(1) तालाब व बांध–अलवर क्षेत्र में भिन्न-भिन्न भराव क्षमता के 14 बांध व छोटे- बड़े 140 जोहड़ व तालाब है वर्षा की बदतर स्थिति के कारण जल की उपलब्धता पर्याप्त नहीं हो पाती है जिस कारण जल स्तर नीचे ही बना रहता है। जिस कारण जोहड़ सूखे व छिछले बने हुए रहते हैं। निम्नलिखित सारणी में बांधों की भराव क्षमता व वास्तव में जलभराव को दर्शाया गया है। इस सारणी में सिलिसेढ़ जिसकी भराव क्षमता 28.9 फीट व वास्तव में 21.11 फीट, जयसागर 30.1 फीट भराव क्षमता 14.9 फीट ही अच्छी भराव-स्थिति को दर्शाती है जबकि शेष बांधों में जल प्राप्ति की स्थिति कुछ ही मात्रा में प्राप्त होती है जिसमें सिंचाई व पीने की व्यवस्था अपर्याप्त रह जाती है।

अलवर के मुख्य बांध

क्रम संख्या	बांधों का नाम	तहसील	कुल भराव (FTL)	भराव क्षमता (MCFT)	सी.सी.ए (हैक्टर में)
1	जयसमंद	अलवर	23'1''	952	4790
2	सिलीसेढ़	अलवर	28'9''	492	1124
3	मंगलांसर	राजगढ	46'0''	659	958
4	मानसरोवर	राजगढ	21'6''	340	843
5	रामपुर	थानागाजी	15'0''	262	1052
6	जयसागर	थानागाजी	30'4''	232	947
7	देवती	राजगढ	13'0''	214	1410
8	धमरेड़	राजगढ	11'0''	170	637
9	लक्ष्मणगढ़	लक्ष्मणगढ़	5'0''	106	512
10	बघेरीखुर्द	कोटकासिम	5'3''	125	316
11	झिरोली	तिजारा	11'3''	126	425
12	खानपुर	किशनगढ़	9'0'	203	920
13	हरसौरा	बानसूर	4.20 मी.	137	1821
14	जैतपुर	थानागाजी	16'3''	100	518

क्रम संख्या	बांधों का नाम	तहसील	कुल भराव (FTL)	भराव क्षमता (MCFT)	सी.सी.ए (हैक्टर में)
15	बावरिया	बानसूर	14'0''	196	1432
16	सिलीबेरी	अलवर	10'0''	199	826
17	बिगोता	राजगढ	20'0''	49.52	410
18	तुसारी	कठूमर	19'0''	106.40	718
19	निम्बाहेड़ी	तिजारा	3'0''	49.75	451
20	ढ़कवासन	मुण्डावर	7'0''	13.93	138
21	आमका	थानागाजी	23'5''	50.71	288
22	सारणखुर्द	तिजारा	15'0''	145.00	915
23	बिटोली	मुण्डावर	15'6''	20.50	176
24	समर सरोवर	थानागाजी	क्षतिग्रस्त	-	379
25	अतरिया	रामगढ़	डाइवर्जन	-	-
			कुल योग	**4948.81**	**22006**

स्त्रोत सिंचाई विभाग, अलवर

(2) कुंआ व ट्यूबवैल–जलसंकट को जानने के लिए भूमिगत जलस्तर को जानना आवश्यक है। अलवर क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में मानसून काल में ट्यूबवैल प्रतिवर्ष सिंचाई हेतु बना लिए जाते है। जिसके कारण भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है और जलस्तर 25 वर्षो में 25 मीटर नीचे चला गया है। और अधिकतर कुआँ व ट्यूबवैल या तो सूख गये है या जल की मात्रा बहुत कम रह गई है। निम्नलिखित सारणी अलवर क्षेत्र की अनियन्त्रित जल दोहन को दर्शाती है। दण्ड आरेख के माध्यम से यह परिकल्पना सिद्ध होती है कि कुँओं व ट्यूबवैलों के अत्याधिक प्रयोग के कारण जल संकट उत्पन्न हुआ है। क्योंकि जिस दर से दोहन होता है उस दर से इनमें जलभराव नहीं होता।

तहसील वार कुंऐं की संख्या(2015-16)

क्रम संख्या	तहसील	कुल कुऐं	उपयोगी	अनुपयोगी
1	अलवर	9296	6563	2733
2	राजगढ़	11345	8685	2660
3	लक्ष्मणगढ़	4869	2476	2393
4	तिजारा	6261	1355	4906
5	किशनगढ़बास	4920	4264	656
6	मुण्डावर	9290	8810	480
7	बहरोड़	11152	9777	1375
8	बानसूर	6895	6540	355
9	थानागाजी	6374	4890	1484
10	रामगढ	5137	2858	2279
11	कोटकासिम	3679	307	3372
12	कठूमर	4614	1175	3439

उपरोक्त सारणी के माध्यम से कुओं की चालू और सूखे की स्थिति को बताया जा सकता है इससे घटते हुए जल की स्थिति का भी अवलोकन किया जा सकता है। यदि यही स्थिति बनी रही तो अलवर का निम्न जल क्षेत्र भी जल संकट से ग्रसित हो जाएगा उपरोक्त ब्लॉकों में दिये गये जल भराव के विश्लेषण से जब विषय का पता चलता है कि प्राप्ति और व्यय में बड़ा अन्तराल है क्षेत्र में

अनियन्त्रित सिंचाई के कारण सूखे की स्थिति विकसित हुई जिसमें तिजारा, बहरोड़, रामगढ़ और अलवर ब्लॉक उल्लेखनीय है।

(3) नहरें–पिछले पैराग्राफ में छोटे बड़े बांधों का उल्लेख किया गया है जिनका उपयोग सिंचाई हेतु किया जाता है यह सभी बांध आजादी से पूर्व अलवर महाराजा ने बनवाया था उसी काल में पक्की व कच्ची नहरें भी बनायी गयी जिसे सिंचाई बागवानी की व्यवस्था की जाती थी और सरकार को इसमे आय प्राप्त होती थी। अलवर व भरतपुर रियासतों के जल प्रबंधन पर यह समझौता हुआ कि नटणी के बारां से एक भाग अलवर के लिए जो जयसमंद बांध में जाएगा जबकि दूसरा भाग रूपारेल नदी के रूप में सीकरी बांध में जाएगा। अलवर क्षेत्र में सिलिसेढ़ उपरी नहर सिलिसेढ़ निचली नहर जयसमन्द, प्रतापबंध, जटका बंध, इकरोटिया आदि नहरों का निर्माण किया गया।

(4) अवरोधक बांध–छोटे-छोटे बांध या एनिकट वर्षा के जल को संरक्षित करने का उत्तम साधन है। स्वर्गीय महाराजा अलवर श्री सवाई जयसिंह ने अरावली क्षेत्र में छोटे-छोटे चैक डैम बनवाये जो इस पर्वतीय क्षेत्र में वर्षा के जल को संरक्षित करते थे तथा मृदा अपरदन को रोकने में भी सहायक थे। स्वतंत्रता के पश्चात् पी.डब्लू.डी, सिंचाई विभाग, वन विभाग, मृदा संरक्षण विभाग तथा गैर सरकारी संस्थानों ने भी चैक डैम बनवाये इनमें तरूण भारत ने थानागाजी क्षेत्र में लगभग 200 चैक डैमों का निर्माण करवाया।

अलवर जिले में जल संरक्षण की परम्परागत विधियां

(1) जोहड़–अलवर के लगभग प्रत्येक गांव में जोहड़ मिल जाएंगे, यह वर्षा के जल का संचयन कर जनसामान्य को पेयजल आवश्यकता को पूरा करते थे।

(2) तालाब–जिले में कई छोटे-बड़े तालाब हैं जहाँ जल को एकत्रित कर अनेक उपयोग में लिया जाता था। अलवर शहर में लाल डिग्गी, सागर व राजऋषि महाविद्यालय के प्रांगण में बना विस्तृत तालाब इसके सर्वोत्तम उदाहरण हैं।

(3) बावड़ी–प्राचीन काल से बावड़ियाँ पीने के पानी व सिंचाई में महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में प्रसिद्ध हैं। पुरातन काल में हैंडपम्प या नलों की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण बावड़ियों का प्रयोग किया जाता था। यहाँ सेठ की बावड़ी, मोदियों की बावड़ी, नसियांजी की बावड़ी प्रसिद्ध बावड़ी हैं यदि अभी भी इन बावड़ियों के जीर्णोद्धार व संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था की जाये तो इनकी सहायता से जल-संरक्षण करना संभव है।

(4) झीलें–अलवर जिले में कृत्रिम झीलों का निर्माण राजा-महाराजाओं ने करवाया। जयसमन्द झील, सीलीसेढ़ झील जहाँ वर्ष भर जल की प्राप्ति रहती है, पहाड़ों से बहता हुआ जल एकत्रित होता है।

(5) कुएँ–कुएँ जल के महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। यहाँ पर विविध प्रकार के कुएँ पाये जाते हैं। साधारण कुओं का स्वामी व्यक्ति विशेष होता है जबकि बड़े कुओं पर स्वामित्व सम्पूर्ण समुदाय का होता है। जल संचयन व्यवस्था को पूर्ण करने हेतु बूंद-बूंद को खोजना होगा।

अपवाह तंत्र

विश्व की सभ्यता नदियों व झीलों के बेसिन में निवास करती है क्योंकि जल जीवन के लिए अति आवश्यक है। अलवर क्षेत्र में तीन नदी बेसिन है साबी नदी उत्तर पश्चिम भाग को, रूपारेल दक्षिण-पश्चिम भाग को तथा चूहड़सिद्ध मध्य भाग में प्रवाहित होती है व अनेक सहायक नदी-नाले वर्षा के समय बहते हैं। अलवर क्षेत्र में एक तरफ पहाड़ी व दूसरी तरफ समतल भूभाग है इन पहाड़ी क्षेत्रों से मौसमी नदी नाले मानसून काल में सक्रिय होकर अलवर में जलापूर्ति करते हैं। यहां मुख्यत: तीन नदी तंत्र पाये जाते हैं:- 1. साबी नदी तंत्र 2. रूपारेल नदी तंत्र 3. चूहड़सिद्ध नदी तंत्र हैं। जिले के दक्षिणी भाग की सीमा में बाण गंगा का अपवाह क्षेत्र भी पाया जाता है। वर्षा काल में इन नदी तंत्रों से आस-पास के क्षेत्रों को जल की प्राप्ति होती है। यदि इस जल का संरक्षण व संचय कर लिया जाये तो जिले में जल की समस्या दूर की जा सकती है।

(1) साबी नदी–साबी नदी मानसून के दौरान जबरदस्त पानी लेकर आती है जिसके परिणाम स्वरूप निचले भागों में पानी भर जाता है। यह नदी तंत्र अलवर जिले के उत्तरी भाग में बहती है। इस नदी का उद्गम जयपुर जिले की सेवर पहाड़ियों में से होता है और अधिकांशत: यह बानसूर, बहरोड, मुण्डावर, किशनगढ़ व तिजारा तहसील में बहती हुई हरियाणा के रेवाड़ी जिले के नजफगढ़ झील में समाप्त हो जाती है। इस नदी का अपवाह क्षेत्र 2795 वर्ग किलोमीटर जो कि 5640 घन फुट जल भराव क्षेत्र है। यह नदी अपनी विभिन्न सहायिकाओं के साथ उत्तरी व उत्तरी पूर्वी दिशा में बहती है। मुख्य सहायक नदिया:- सोता बानगंगा, सोहनाला, गूंथा शाहपुर नाला, इन्दर नाला और सोनामुखी प्रमुख है।

(2) रूपारेल नदी–बाराह, रूपारेल या लसवारी अलवर जिले की मुख्य नदी तंत्र है। जो पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है। रूपारेल नदी थानागाजी की उदयनाथ पहाड़ी से इसका उद्गम होते हुए उमरैण, भर्तृहरि, थाना-नाला गांव से पानी लेती हुई भरतपुर के सीकरी बंध में समाप्त हो जाती है। इस नदी का अपवाह क्षेत्र 1583

वर्ग किमी. और जल भराव क्षमता 5330 घन फीट है। इसकी मुख्य सहायिकाएं चूहडसिद्ध, गाजूकी, भर्तृहरि, सिरवास, कासली खोल, सूकड़ी, श्यामगंगा और बिनाक है। यह सभी मानसून काल में ही सक्रिय हो पाती हैं।

(3) बाण गंगा नदी–यद्यपि बाण गंगा नदी अलवर जिले में नहीं बहती लेकिन जिले का दक्षिणी भाग इस नदी के अपवाह क्षेत्र में छोटे छोटे नालों द्वारा जल प्रवाहित करती है। यह नदी जयपुर के बैराठ से प्रारम्भ होकर दक्षिण में जमुवा रामगढ़ झील की तरफ बहती है, जहां से वह पूर्व की तरफ घूम जाती है। इस तरह बाण गंगा नदी अलवर जिले के दक्षिणी व पश्चिमी सीमा के पास से बहती है इसकी मुख्य सहायिकाएं प्रतापगढ़, भूरिया वास और अंगरी कला लंका है।

निष्कर्ष

उपरोक्त शोध पत्र में अलवर जिले के प्रमुख जल स्त्रोतों का अध्ययन किया गया है। जिनमे तालाब व बांध, कुएँ व ट्यूबवेल, नहरें एवं अवरोधक बांधों का वर्ष 2015-16 तक विस्तृत विश्लेषण किया गया है जिन्हें आवश्यकता अनुसार सारणीयन व आरेखों द्वारा प्रदर्शित किया गया है साथ ही अलवर जिले के जल संसाधन की परम्परागत विधियों जोहड़, तालाब, बावड़ी, झीलें व कुओं का ऐतिहासिक परिदृश्य प्रस्तुत किया गया है। साथ ही अलवर जिले के मुख्य जल तंत्र का वर्णन किया गया है। अत: निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि अलवर जिले में जल के संचित भण्डार तो है परन्तु उनका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। वर्तमान प्रांसगिकता में अलवर जिले के जल संसाधन को मद्देनजर रखते हुए सतत विकास के आधार पर जल का समुचित उपयोग किया जाएं तथा भावी पीढ़ी को मद्देनजर रखा जाएं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. गुप्ता, जितेन्द्र, पर्यावरण की दशा और संवर्धन का रास्ता, तथ्य भारती, जून 2000, पृ. 21-26
2. श्रीवास्तव, एस. के., पर्यावरण संरक्षण- शताब्दी की चुनौती, पर्यावरण (त्रैमासिक पत्रिका) दिल्ली, दिसम्बर 1997, पृ. 2
3. लखेडा, एस. के. एवं संगम ह्यानी, जल, जंगल, दावानल, योजना 1999, पृ. 23-24
4. यादव, आर.एन., नदियों का प्रदूषण, पर्यावरण, दिसम्बर 1998, पृ. 54-55
5. भारती, सुदेश, कितना कारगर है हमार जल प्रबंधन, योजना दिसम्बर 1999, पृ. 21
6. दुग्गल, वी.के., योजना, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, जून 2005, पृ. 17-18
7. दैनिक भास्कर, 26 अप्रैल 2010, जल है तो कल है, पृ. 6
8. शर्मा, वी.के., जल संसाधन योजना व प्रबंधन, हिमालय पब्लिकेशन हाउस, बाम्बे, 1985, पृ. 4-8

नई सदी में भारत चीन सम्बन्ध

चन्द्रकला शर्मा

व्याख्याता, राजनीति विज्ञान विभाग
राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.)

शोध सारांश

भारत जहां सन् 1947 में स्वतन्त्र हुआ, वही चीन भी विदेशी आधिपत्य से मुक्त होकर सन् 1949 में साम्यवादी चीन बना। चीन के प्रति भारत का दृष्टिकोण प्रारम्भ से ही मित्रतापूर्ण रहा है। 1954 में भारत के प्रधानमंत्री नेहरू तथा तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई द्वारा सह अस्तित्व के लिये प्रतिपादित ''पंचशील सिद्धान्त'' दोनों देशों के बीच सहयोग एवं सम्मान हेतु स्थापित किये गये। तत्कालीन समय में ही 'हिन्दी चीनी भाई - भाई का नारा बहुत लोकप्रिय रहा। 1962 में भारत व चीन के बीच युद्ध की स्थिति कायम हो गई जिसका प्रमुख कारण सीमा विवाद रहा। यद्यपि चीन भारत पर आक्रमण कर अपनी विस्तारवादी नीति का प्रदर्शन भी करना चाहता था। भारत चीन के मध्य सीमा विवाद के अतिरिक्त तिब्बत की समस्या भी महत्वपूर्ण रही है। पाकिस्तान को समय - समय पर आर्थिक सहायता प्रदान कर भी चीन ने दोनों देशों के मध्य कटुता को बढ़ाया है। वर्तमान में चीन डोकलाम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर सीमा विवाद को और बढ़ा रहा है। अनेक विवादो के पश्चात भी आज दोनों देश अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के दबाब के कारण इस वैश्वीकरण के युग में अपने संबंधों को सुधारने के लिये निरन्तर वार्तायें कर रहे हैं। चीन व भारत 21 वी सदी में वार्ताओं के माध्यम से मित्र बनने की कोशिश कर रहे हैं ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन के मानकों में भेदभाव नीति, थ.ढ.ज. की नीतियां तथा ण.छ.ज. में हुये विभिन मसलों पर दोनों देशों ने आम सहमति दिखाई है। चीन व भारत दोनों आज एक दूसरे के बड़े व्यापारिक मित्र बन रहे हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग हेतु व सीमा व्यापार हेतु सिकिम्म में ''नाथुला दर्रा'' खोलने की स्वीकृति हुई है। 21 वी शताब्दी के चीन व भारत प्रतिद्वंद्वी भी हैं, और मित्र भी, अर्न्तराष्ट्रीय मामलों में दोनों की व्यापक सहमति है। ण.छ.ज में होने वाले विभिन मतदानों में भारत व चीन का पक्ष समान रहा है। आज दोनों देशों की सरकार की समान अभिलाषा है कि दोनों देश आपसी संबंधों को गहनता से विकसित कर आगे बढ़े।

संकेताक्षर : *नाथुला दर्रा, ग्लोबल इकोनॉमी, ग्लोबल वार्मिंग, स्किल डवलपमेन्ट, चिकेन नेक, अक्साई चीन*

भारत व चीन विश्व के दो बड़े विकासशील देश हैं। दोनों ने विश्वशान्ति व विकास के लिये अनेक कार्य किये। भारत और चीन न केवल पड़ोसी राष्ट्र है, अपितु उनमें प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक सम्बन्ध चले आ रहे थे जिसका इतिहास भी गवाह है। भारत जहां 1947 में स्वतंन्त्र हुआ वही चीन भी विदेशी आधिपत्य से मुक्त होकर सन् 1949 में साम्यावादी चीन बना। चीन के प्रति भारत का दृष्टिकोण प्रारम्भ से ही मित्रतापूर्ण रहा है। भारत ने शुरू से ही चीन का साम्यवादी सरकार को मान्यता प्रदान कर दी थी, तथा भारत ने अमेरिका को दरकिनार करते हुये कोरियाई युद्ध में चीन का समर्थन किया। वर्ष 1954 में भारत के प्रधानमंत्री नेहरू तथा तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई द्वारा सह अस्तित्व के लिये प्रतिपादित 'पंचशील सिद्धान्त' दोनों देशों के बीच सहयोग व सम्मान हेतु स्थापित किये गये। नवविकासशील देशों की स्वतन्त्रता व विकास को बढ़ावा देने के लिये 1955 में ''बाण्डुंग सम्मेलन'' में भी दोनों देशों ने आपसी सहयोग से कार्य किया। तत्कालीन समय में राजनीतिक हिन्द चीन भाई-भाई' का नारा बहुत लोकप्रिय रहा। चीन व भारत के बीच राजनीतिक संबंधों की औपचारिक स्थापना के बाद के पिछले 64 वर्षों में चीन-भारत संबंध कई सोपानों से गुजरे। 70 वर्षो में दोनों देशों के बीच कुछ मीठे व कुछ कड़वी स्मृतियां भी रही। इसलिये यह कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण के इस युग में दोनों ही देश अपने संबंधों को सुधारने का निरन्तर प्रयत्न कर

रहे हैं। सुगम संबंधों की स्थापना करने में समय-समय पर होने वाली वार्ताओ की महत्वपूर्ण भूमिका है।

1962 से भारत व चीन संबंध :- 1949 से 1957 तक

दोनों देशों के बीच संबंधों में शान्ति की स्थिति बनी रही लेकिन तकनीकी व विज्ञान के इस युग में दोनों देशों के बीच कुछ तनाव की स्थिति भी पैदा हो गयी है। चीन व भारत के बीच सामान्यत: दो ही विवाद ऐसे थे जो कि तात्कालिक समय में प्रमुख थे(1) तिब्बत समस्या (2)सीमा विवाद। 1960 के दशक में भारत-चीन संबंध शीत काल के युग में प्रवेश कर गये तथा 1962 में दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया जिसके कारण 1962 में भारत-चीन युद्ध हुआ।

भारत पर चीन का आक्रमण-भारत चीन युद्ध जो भारत चीन सीमा विवाद के रूप में भी जाना जाता है, 1962 में हुआ युद्ध था। चीनी सेना ने 20 अक्टुबर 1962 को लद्दाख में और मैकमोहन रेखा के पार एक साथ हमले शुरू किये। चीनी सेना ने पश्चिमी क्षेत्र में चुशूल में रेजांग - ला एवं पूर्व में तवांग पर अवैध कब्जा कर लिया। चीन का भारत पर आक्रमण करने के कई कारण थे। जिनमें से प्रमुख कारण यह है कि चीन विस्तारवादी नीति का प्रदर्शन करना चाहता था, तथा वह तिब्बत के प्रति भारतीय नीति अपनाई जाने से भी नाराज था। वह भारत पर युद्ध का बोझ डालकर उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के पक्ष में था तथा वह दक्षिण एशिया में एक महाशक्ति के रूप से स्वयं को पदस्थापित करना चाहता था। वर्ष 1962 में इस युद्ध में चीन ने 20 नवम्बर 1962 को युद्ध विराम की घोषणा की तथा इस युद्ध के पश्चात एशिया व अफ्रीका के कुछ मित्र राज्यों ने दोनों देशों के सीमा विवाद को हल करवाने के लिये 1962 में 'कोलम्बो प्रस्ताव' रखवाया। **10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 1962 में श्रीलंका के कोलम्बो में भारत व चीन के बीच सीमा विवाद हल करने के लिए बना प्रस्ताव। इस प्रस्ताव में 5 सूत्र तैयार किये गये :-**

1. वर्तमान नियन्त्रण रेखा भारत-चीन विवाद के समाधान का आधार मानी जाये।
2. पश्चिमी क्षेत्र में चीन वर्तमान रेखा से 20 कि.मी. तक अपनी सेना हटा लेगा।
3. पूर्वी क्षेत्र में वर्तमान नियन्त्रण रेखा को युद्ध विराम रेखा माना जाये।
4. मध्यक्षेत्र में सीमा का निश्चय शान्तिपूर्ण साधनों से किया जाऐ।
5. दोनों देशों के बीच परस्पर वार्ता के द्वारा निर्णय लिया जाये।

1962 के युद्ध में पाक-चीन गठबंधन–1962 के युद्ध का एक घातक परिणाम चीन-पाक गठबंधन के रूप में आया। पाक ने कश्मीर के अधिकृत हिस्से को चीन को सौंप दिया जो कि अक्साई चीन के नाम से जाना जाता है। चीन ने पाकिस्तान को सैनिक सहायता भी प्रदान की तथा पाक को विकास के नाम पर अरबों रुपये की सहायता देकर भारत में पाक प्रायोजित आंतकवाद को भी बढ़ावा दिया। चीन में पाक को आणविक सामग्री भी प्रदान कर उसके केटा अणु संयंत्र के विकास को आगे बढ़ाया।

चीन-पाकिस्तान सम्बन्ध और भारत–पाकिस्तान के साथ चीन का संबंध सदैव ही विशिष्ट रहा है। तथा दोनों के रिश्तों की सामरिक नींव 1950 के उतरार्द्ध में ही पड़ गई थी जब चीन और भारत के संबंधों में गिरावट की शुरुवात हुई। चीन और पाकिस्तान की मित्रता को हम 'अक्साई चीन' के रूप में देख सकते हैं। अनेक बार चीन ने अर्न्तराष्ट्रीय राजनिति के पटल पर पाकिस्तान को समर्थन दिया है। चीन पाकिस्तान को निरन्तर आर्थिक सहायता प्रदान करता है। उस आर्थिक सहायता से ही पाकिस्तान भारत में प्रायोजित आंतकवाद को फैलाता है। हाल ही में चीन ने पाक अधिकृत कश्मीर में 46 बिलियन डॉलर की लागत का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका मुख्य लक्ष्य चीन-पाकिस्तान के बीच आर्थिक गलियारा कायम करना था है। जो अरब सागर के तट पर स्थित पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को उतर-पश्चिम चीन में शिनजियोंग से जोड़ेगा जब यह परियोजना पूर्ण हो जायेगी तो पूरी संभावना है कि इससे दक्षिण एशिया का व्यापार और ऊर्जा समीकरण मौलिक रूप से बदल जाएगा। कश्मीर को लेकर भी चीन व पाकिस्तान की नीति एक है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक भाग को चीन को दे दिया जिसे आज अक्साई चीन के नाम से जाना जाता है। चीन इस क्षेत्र में सड़क निर्माण कर भारत की सुरक्षा चिंता बढ़ा रहा है। भारत दक्षिण एशिया में चीन के इरादों को लेकर आशंकित है। और यह मानता है कि या तो वह किनारे हो जायेगा या रावलपिंडी को छिपे तौर पर समर्थन देने वाले बीजिंग के साथ संघर्ष करेगा और चीन के प्रभाव को रोकने का प्रयास करेगा। संक्षेप में चीन-पाकिस्तान के द्विपक्षीय रिश्तों को सामान्य रूप में नहीं देखा जा सकता, क्योंकि यह भारत के लिये अहितकर होगा।

भारत व चीन के बीच तनाव व टकराव के मुद्दे

भारत व चीन जो कि विश्व की एक-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन दोनों देशों के बीच अनेक ऐसे तनाव के मुद्दे हैं जिन पर अर्न्तराष्ट्रीय राजनीति की दशा व दिशा निर्भर करती है। ये मुद्दे अग्रलिखित हैं–

1. भारत व चीन के बीच में सबसे बड़ा तनाव सीमा विवाद है भारत व चीन के बीच 4000 कि.मी. की सीमा है जो कि निर्धारित नहीं है। इसे LAC* कहते हैं। भारत और चीन के सैनिकों का जहाँ तक कब्जा हैं वही नियंत्रण रेखा है लेकिन चीन इसे नहीं मानता।

2. विवाद का दूसरा कारण तिब्बत समस्या है। भारत ने तिब्बत के धर्म गुरु दलाई लामा व करमापा को भारत में शरण दिये जाने से चीन खफा है।

3. विवाद का तीसरा कारण है अरूणाचल प्रदेश, चीन इस पर अपना दावा जताता है तथा अरूणाचल को विवादित बताने के लिये ही चीन वहां के निवासियों को 'स्टेपल वीजा' देता है जिसका भारत विरोध करता है।

4. दक्षिण चीन सागर में भारत की पेंठ से भी चीन चिन्तित है। पिछले लगभग एक दशक से भारत ने जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और सिंगापुर से आर्थिक सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करनी शुरू की है। इस क्षेत्र में भारत की उपस्थिति चीन को नागवार लगने लगी है।

5. विवाद का एक अन्य कारण चीन का जम्मू कश्मीर को भारत का अंग नहीं मानना तथा अक्साई चिन रोड़ को लद्धाख में बनाकर चीन ने विवाद को और बढ़ा दिया।

6. चीन, पाक अधिकृत कश्मीर (POK) को पाकिस्तान का भाग मानता है। हाल ही में चीन ने यहाँ 46 बिलियन डॉलर की लागत का प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिससे भारत खुश नहीं है।

7. बह्मपुत्र नदी भी दोनों देशों के बीच विवाद का कारण है। चीन यहां बांध बनाकर सारा पानी अपनी ओर मोड़ रहा है। जिसका भारत विरोध करता है।

8. आसियान राष्ट्रों से बढ़ती हुई नजदिकीयाँ तथा हिन्द महासागर में भारत की बढ़ती हुई पेंठ को भी चीन पचा नहीं पा रहा है।

9. चीन कुछ दिनों पूर्व ही हिन्द महासागर के उत्तरी-पश्चिमी छोर पर 'जिबूती' में अपना पहला विदेशी नेवी बेस स्थापित कर रहा है तथा श्रीलंका के हम्बनटोटा बन्दरगाह में भी चीन अपना प्रभुत्व बढ़ा रहा है जिससे भारत की सुरक्षा चिंतायें बढ़ी हैं।

डोकलाम विवाद–डोकलाम एक ट्राई-जंक्शन है। जहाँ भारत चीन और भूटान की सीमा मिलती है। वर्तमान में यहाँ चीन का कब्जा है और भूटान उस पर दावा करता है। अगस्त 2017 में चीन ने डोकलाम क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जिसके कारण दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति कायम हो गई। क्योंकि अगर चीन यहां तक सड़क बनाने में कामयाब हो जाता है तो वह भारत के पूर्वोतर हिस्से तक आसानी से अपनी पहुंच बना सकता है। भारत के लिए सामरिक तौर पर महत्वपूर्ण उस 20 कि.मी. लंबे कॉरिडोर तक पहुंच बना सकता है जिसे भारतीय सेना की भाषा में 'चिकेन नेक'कहा जाता है और इसके जरिये वह भारत के पूर्व के सातों राज्यों में प्रवेश कर सकता है।

डोक़लाम क्षेत्र में भारतीय सेना की उपस्थिति के कारण भारत भूटान रक्षा संधि है जिसे चीन नहीं मानता। लेकिन भारत ने इस क्षेत्रीय सामरिक क्षेत्र से पीछे हटने को चीन को मजबूर कर दिया जिसे भारत की कुटनीति विजय मानी जाती है।

भारत व चीन के बीच संवाद व सहयोग

भारत और चीन दोनों एशिया महाद्वीप की बड़ी शक्तियां हैं। पिछले 5 दशक से भी अधिक समय से दोनों के सम्बन्ध खराब है। दोनों देश द्विपक्षीय वार्ता के द्वारा संवाद कायम कर समस्या का समाधान करने की कोशिश करते हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक तकनीकी और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का संकल्प किया गया है, जिससे दोनों के रिश्तों पर जमी बर्फ आहिस्ता-आहिस्ता पिघल रही है। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिये चीन द्वारा मुम्बई मे तथा भारत द्वारा शंघाई में महावाणिज्य दूतावास स्थापित करने का निर्णय किया गया। चीन व भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच भी आवाजाही बढ़ी है। वर्ष 2003 में भारतीय प्रधानमंत्री वाजपेयी ने चीन की यात्रा कि जिससे दोनों देशों ने एक घोषणा पत्र तैयार किया। घोषणा पत्र में अनेक दिपक्षीय व क्षेत्रीय समस्याओं पर अपना रूख स्पष्ट किया।

विदेश नीति पर चीन और भारत बहुध्रुवीय दुनिया की स्थापना का पक्ष लेते हैं। प्रभुत्ववादी व बल की राजनीति का विरोध करते हैं। चीन व भारत मानते हैं कि उनके द्वारा प्रवर्तित किये गये शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धान्त न्छण्ड के चार्टर के लक्ष्यों को प्रतिबंधित करते हैं।

आज चीन और भारत मित्र बनने की कोशिश कर नये युग में प्रवेश कर रहे हैं जो कि व्यापारिक व आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण व सामयिक पहल है। चीन ने भारत में ढाँचागत विकास और संसाधन के क्षेत्र में 50 करोड़ डॉलर के निवेश की इच्छा व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग हेतु व सीमा व्यापार हेतु सिक्किम में ''नाथुला दर्रा'' खोलने की स्वीकृति हुई है तथा सिक्किम के ''छांगु'' में चीन का व्यापार केन्द्र तथा तिब्बत के ''रेनिगगैग'' में भारतीय व्यापार चौकी स्थापित करने की सहमति हुई है।

भारत व चीन के बीच में 1999 व 2000 में जहां व्यापार 18.25 मिलियन डॉलर था वहीं 2010.11 में यह 21.25 अरब डॉलर तक पहुँच गया है। इसके साथ ही व्यापारिक वीजा की अवधि भी बढ़ाई गई है। 2014 में चीन ने भारत में 116 बिलियन डॉलर का निवेश किया जो कि 2017 तक 160 बिलियन डॉलर हो गया।

भारत व चीन 21 वी सदी में मित्र के रूप में उभर रहे हैं। अर्न्तराष्ट्रीय मामलो में दोनों ने व्यापार सहमति दिखाई है। ग्लोबल वार्मिंग ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के मानकों में भेदभाव नीति, W.T.O की नीतियाँ तथा U.N.O. में हुये विभिन्न मसलों पर दोनों देशों ने आम सहमति दिखाई है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी विभिन्न अर्न्तराष्ट्रीय मंचो से चीन के साथ संबंध सुधारने पर बल दिया। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बीजिंग यात्राके दौरान दोनों देशों के बीच 24 अहम समझौते हुये। अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने कहा कि अगर रिश्तों को मजबूती के साथ आगे ले जाना है, तो चीन को कुछ मुद्दों पर अपने नजरिए पर नये सिरे से सोचना होगा। मोदी के द्वारा किये गये 24 समझौतों में कुछ इस प्रकार है–

1. चीन के सहयोग से अहमदाबाद में महात्मा गांधी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट बनाया जायेगा।
2. भारत के सहयोग से चीन में योग कॉलेज खुलेगा।
   चीन की सरकारी प्रसारण कंपनी सीसीटीवी और दूरदर्शन के बीच सहयोग।
3. इंडिया चाइना थिंक टैंक की स्थापना।
4. वोकेशनल एजुकेशन और स्किल डवलपमेंट में सहयोग।
5. समुद्र विज्ञान और क्लाइमेट चेंज के क्षेत्र में सहयोग।
6. दोनो देशों के राज्यों और म्यूनिसिपैलिटीज के बीच सहयोग इंडो चाइना लीडर्स फोरम की शुरूआत।

अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर वाकई अगली शताब्दी एशिया की होनी है तो यह भारत और चीन पर निर्भर करेगा कि वे कठिनाइयों से उभरकर आधुनिक बनें। तथा एक दूसरे पर राजनीतिक भरोसा बढाने के लिए बेहतर कम्यूनिकेशन बढाना होगा।

ब्रिक्स सम्मेलन में भारत व चीन 5 दिसम्बर 2017 को चीन के जियामेन में 9वां ब्रिक्स सम्मेलन हुआ जिसमें एक बार चीन व भारत के बीच अन्तराष्ट्रीय मंच पर सहयोग बढाने की बात की। इस सम्मेलन में मोदी ने कहा कि सभी देशों में शान्ति के लिये एकजुट रहना आवश्यक है। सम्मेलन में कुछ ऐसे बिन्दु थे जहां दोनों देशों में मतभेद था। चीन ने मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित नहीं करने दिया तथा छैळ में भारत की सदस्यता का विरोध किया। ब्रिक्स समिट के दौरान मोदी ने कहा कि आंतकवाद क खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा क्योंकि आंतकवाद एक वैश्विक समस्या है। इसके अतिरिक्त ग्लोबल इकोनामी को स्टेबल करने कोल्डवॉर, ग्लोबल वार्मिंग आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

निष्कर्ष

वैश्वीकरण के इस युग में भारत व चीन अपने अपने शांतिपूर्ण विकास में लगे हैं। 21वीं शताब्दी के चीन व भारत प्रतिदंद्वी भी है और मित्र भी। अन्तरराष्ट्रीय मामलों में दोनों की व्यापक सहमति है। UNO में होने वाले विभिन्न मतदानों में भारत व चीन का पक्ष समान रहा है। आज दोनों देशों के सामने आर्थिक विकास और जनता के जीवन स्तर को सुधारने का लक्ष्य है। इसलिये दोनों को आपसी सहयोग की आवश्यकता है। आज दोनों देशों की सरकार की समान अभिलाषा है कि दोनों देश आपसी संबंधों को गहनता से विकसित कर आगे बढ़ो।

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति नारायण ने कहा ''मेरा विचार है कि चीन और भारत को द्विपक्षीय मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करना चाहिए हमारे बीच सहयोग दुनिया विकास को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका अदा कर सकेंगे।'' अत: चीन व भारत एशिया के दो ऐसे इन्जन है। जो एशिया के विकास की रेलगाड़ी को तेज रफ्तार से खींच सकते हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. खन्ना, वी.एन, इन्टरनेशनल रिलेशन, एस. चाँद एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली, 2013
2. माधव, राम, असहज पडौसी, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2015
3. मधुकर, गुरुजी रामजी विश्वकर्मा, भारत - तिब्बत - चीन का अस्तित्व ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2011
4. शर्मा, श्री राम, भारत चीन सम्बंध, डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली 2001
5. शौरी, अरूण, चीन मित्र या ... प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2006
6. पंत, पुष्पेश, भारत की विदेश नीति, टाटा मैग्रा हिल्स, नई दिल्ली 2013
7. जौहरी, जे.सी, अर्न्ताष्ट्रीय राजनीति, कल्पना प्रकाशन, दिल्ली, 2010
8. शौरी, अरूण, भारत चीन संबंध, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2008
9. दीक्षित, जे. एन. भारतीय विदेश निति, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2008
10. दीपक, बी. आर, इंडिया चायना रिलेशन इन दा फस्ट हॉप ऑफ दा 20 सैन्चुरी, ए.पी.एच. पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2001
11. कामथ, पी.एम. इंडिया चायना रिलेशन ''एन एजेन्डा फोर दा एशियन सैन्चुरी, ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2011

प्राचीन जल-प्रबंधन के उपायों का जोधपुर के विशेष संदर्भ में विश्लेषण

मीनाक्षी

शोधार्थी, इतिहास विभाग
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.)

शोध सारांश

सृष्टि के प्रारम्भ से ही लोग नदियों, झरनों एवं पानी के भराव के आसपास के स्थानों पर रहते आये थे और वहीं पर उत्पन्न होने वाले फल-फूलों पर अपना जीवन-निर्वाह करते थे। बाद में वे लोग नदियों, झरनों और पोखरों से नालियाँ निकालकर खेती करने लगे। वर्षा के बाद नदी-नालों का पानी कम होने पर उन्होंने अपनी फसल को पानी देने के लिए नदियों में पानी रोकना शुरू किया, जिससे कुछ समय के लिए उनको पानी उपलब्ध हो जाता था। खेती सम्बन्धी ज्ञान बढ़ने पर नदियों के किनारे कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया गया, जोधपुर नगर सहित गांव-गांव में वर्षा की एक-एक बूंद को सहेजकर रखने के तीरके खोजे एवं जगह-जगह उनको बनाने का बहुत ही व्यावहारिक, व्यवस्थित और विशाल संगठन खड़ा किया। इनके निर्माण की तकनीकी में उतरोत्तर विकास होता गया। जोधपुर जैसे शहर में सदियों से वर्षा के पानी की एक-एक बूंद का संग्रह करने के लिए उच्च कोटि की तकनीकों से नहरों का निर्माण कर जमीन के नीचे, उसके ऊपर साईफन से 20 फीट ऊंची दीवारों पर मेहराब बनाकर और बहुत सी जगह पहाड़ों में 20-30 फीट गहरी एवं 20 फीट चौड़ी खाइयां खोदकर सिर्फ ढलान से शहर में पानी उपलब्ध कराया जाता था।

संकेताक्षर : *मरू भूभाग, जलाशय निर्माण, कुओं, बावड़ियों, नाडियाँ, टांके*

भारत में दीर्घकाल से कुएँ, बावड़ियाँ, झालरे, नाडे, नाडियाँ और टांकों आदि का निर्माण करना धर्म का सर्वोच्च स्वरूप समझा जाता रहा है। इस कार्य में आस्था रखने वाले लोग सदियों से इनका निर्माण करते आ रहे हैं, सृष्टि के प्रारम्भ से ही लोग नदियों, झरनों एवं पानी के भराव के आसपास के स्थानों पर रहते आये थे और वहीं पर उत्पन्न होने वाले फल-फूलों पर अपना जीवन-निर्वाह करते थे। बाद में वे लोग नदियों, झरनों और पोखरों से नालियाँ निकालकर खेती करने लगे। वर्षा के बाद नदी-नालों का पानी कम होने पर उन्होंने अपनी फसल को पानी देने के लिए नदियों में पानी रोकना शुरू किया, जिससे कुछ समय के लिए उनको पानी उपलब्ध हो जाता था। खेती सम्बन्धी ज्ञान बढ़ने पर नदियों के किनारे कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया गया, जिससे उन्होंने खेती शुरू की और वर्षा के बाद खेतों में पानी दिया जाने लगा। इस प्रकार कुओं और बावड़ियों का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति एवं वातावरण परिस्थिति अलग प्रकार की है। यह अन्य राज्यों से बिल्कुल भिन्न है। थार रेगिस्तान का 66 प्रतिशत (3.71 लाख वर्ग किलोमीटर में से 2.08 लाख वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र राजस्थान में है। राजस्थान के भू-भाग जिसे मुख्यत: मारवाड़ कहा जाता है, वहां अल्प वर्षा, नियमित रूप से अकाल की स्थिति, भू-जल के स्तर में अनवरत गिरावट एवं तापमान में असामान्य परिवर्तन के दृष्टिगत ही राहत एवं बचाव के जो जतन किए जाते रहे, उन्हीं से तरह-तरह के जलाशयों का निर्माण इस भूभाग पर हुआ। जल की कमी को दूर करने के लिए जल संरक्षण ढांचों का निर्माण किया जाना अत्यधिक महत्वपूर्ण गतिविधि रहा।[1] मरू भूभाग में भूमि बालू, कम वर्षा तथा जल के भूमि में रिसने की गति अधिक होने के कारण जल का सतह पर बहकर जाना संभव नहीं होता, इसीलिए जल संग्रह एवं प्राप्ति के तरह-तरह के स्वरूप यहां बने। मरू मानवों ने जोधपुर नगर सहित गांव-गांव में वर्षा की एक-एक बूंद को सहेजकर रखने के तीरके खोजे एवं जगह-जगह उनको बनाने का बहुत ही व्यावहारिक, व्यवस्थित और विशाल संगठन खड़ा किया। सीधे बरसात से मिलने वाला जल जो धरातल पर बहता है और उसे तालाब, नदी आदि में रोका जाता है। जल का दूसरा रूप पाताल जल है जो कुओं, बावड़ियों, झालरों से निकाला जाता है। तीसरा रूप रेजाणी जल

है। धरातल से नीचे उतरा परन्तु पाताल में न मिल पाया जल ही रेजाणी जल है इसे समेटकर संगृहीत करने का स्वरूप ही कुई है।[2]

देश के सबसे कम वर्षा के क्षेत्र राजस्थान और उनमें भी सबसे अधिक सूखा माने जाने वाले, थार रेगिस्तान में बसे सैंकड़ों गांवों के नाम ही तालाब के आधार पर मिलते हैं। गांवों के नाम के साथ ही जुड़ा है 'सर'। सर यानी तालाब। सर नहीं तो गांव कहां? तालाब बनाने के लिये वैसे तो दसों दिशाएं खुली है, फिर भी जगह का चुनाव करते समय अनेक बातों का ध्यान रखा गया।तालाब निर्माण के लिए जगह चयनित हो जाने के पश्चात् आगोर जहां से जल आएगा, उसकी साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित कर लिया जाता है। इसी तरह आगर, जहां पानी आएगा, उसका स्वभाव परख लिया जाता है। पाल कितनी ऊंची होगी, कितनी चौड़ी होगी, कहां से कहां तक बंधेगी तथा तालाब में जल पूरा भरने पर उसे बचाने के लिए अपरा कहां बनेगी, इसका आकलन भी कर लिया जाता है।

वर्षा की बूंदों यानी पालर के जल को साफ सुथरी जगह पर रोक कर उनका संग्रह करने के जतन ने ही कुंड-कुंडी, टांका आदि का स्वरूप बनाया। इस भू-भाग के समाज ने जल को अनगिनत बूंदों में देखा और इन्हें टांकों, कुण्ड-कुण्डियों, वेदियों, नाडा-नाडियों, तालाबों, बावड़ियों, कुओं एवं कुइंयों में भर कर संचित, संगृहीत तथा सुरक्षित कर लिया। जलाशय निर्माण में मुख्य शिल्पियों में प्रथम गजधर-प्रारूप ढांचा बनाने वाले तथा द्वितीय सूत्रधार अर्थात प्रबन्ध करने वाले होते थे।[3] निर्माण पूर्व अधिकारियों को जलाशय के स्थल का चुनाव नाप एवं जाँच पड़ताल हेतु भेजा जाता था। महाराजा स्वयं भी कई बार जलाशय निर्माण के समय उपस्थित रहते थे।[4] मालवा आदि से अच्छे कारीगर, मजदूर बुलाये जाते थे। पत्थर, लोहा आदि बांध निर्माण से संबंधित सामग्री को उपयुक्त स्थानों से मंगवाया जाता था।[5]

भूमिगत जल का सही आकलन करने में सिद्धहस्त व्यक्तियों द्वारा बताये गये स्थान पर कुएं, बावड़ियां आदि खोदे जाते थे। नदियों एवं सरोवरों के रिसाव क्षेत्र में इनका निर्माण अधिक किया जाता था, क्योंकि वहां जल की उपलब्धता निश्चित होती थी।[6] जल-आवक क्षेत्र का पता लगाने के पश्चात् जहां कहीं स्थान मिले, वहां बिना प्रमाण[7] के सरोवर भी बनाये जा सकते हैं। दो पहाड़ों के बीच या पहाड़ी की घाटी को बांधकर कम व्यय में बड़े तालाब बनाये जाये। जहां आसपास अधिक जमीन हो तो उसकी जल भराव क्षमता बढ़ सकती है। ऐसे सरोवर अच्छे माने जाते थे।[8] इनके निर्माण की तकनीकी में उतरोत्तर विकास होता गया। राजवल्लभ में मकान, जलाशय आदि की नींव इतनी गहरी खोदने के निर्देश हैं कि नीचे पक्का पत्थर आ जाये।[9] कठोर पत्थरों की खुदाई हेतु चिनियां, सबल आदि को अग्नि-जल एवं औषधियों में बुझाकर उनको नुकीला बनाया जाता था। औजारों को कठोर बनाने के लिए बबूल, तेंदुए, पलास, इमली, बेर का पानी, छाछ, नीम की छाल, गाय का मूत्र और तेल-छाछ एवं पानी को मिलाकर प्रयुक्त किया जाता था।[10] अन्य औजार वहीं प्रयोग में लिय जाते रहे थे, जो आज भी प्रचलित हैं।

देश भर में जोधपुर ही ऐसा शहर है जहां सदियों से वर्षा के पानी की एक-एक बूंद का संग्रह करने के लिए उच्च कोटि की तकनीकों से नहरों का निर्माण कर जमीन के नीचे, उसके ऊपर साईफन से 20 फीट ऊंची दीवारों पर मेहराब बनाकर और बहुत सी जगह पहाड़ों में 20-30 फीट गहरी एवं 20 फीट चौड़ी खाइयां खोदकर सिर्फ ढलान से शहर में पानी उपलब्ध कराया जाता था।

उम्मेद सागर नामक झील का निर्माण पिछली शताब्दी के उत्तरार्द्ध में कराया। वर्तमान में जिस स्थान पर यह झील है वहां पहले महाराजा अमनसिंहजी ने बांध का उद्यान बनवाया था और महाराजा जसवंतसिंह जी द्वितीय ने सन् 1893 में उसे चौपासनी बांध नाम दिया था। उसकी मरम्मत महाराजा सरदारसिंहजी ने सन् 1908 में तथा महाराजा सुमेरसिंहजी ने सन् 1918 में उसके टूट जाने पर कराई थी लेकिन सन् 1924 में यह फिर से टूट गया। इसके बाद इसकी मरम्मत नहीं कराई गई और उसे उद्यान का स्वरूप प्रदान कर दिया गया।

महाराजा उम्मेदसिंहजी ने सन् 1938 में पुन: तखत सागर का निर्माण कराया। तखत सागर एवं नहर का कार्य पूरा हो जाने पर इसका उद्घाटन समारोह 29 अप्रैल 1938 को आयोजित किया गया। इससे जोधपुर शहर को स्वच्छ जल मिलने लगा।

बाल समन्द झील जोधपुर का सबसे पुराना जल स्रोत है। यह झील जोधपुर की स्थाना से भी बहुत पहले बनी थी। इस झील का निर्माण मण्डोर से कुछ पहले संवत् 1175 में नाहड़ राव के भाई बालाराव परिहार ने करवाया था। इसका नए सिरे से पुन: निर्माण जोधपुर नगर के संस्थापक राव जोधा ने कराया। बाद में इस झील का विस्तार महाराजा सूरजसिंहजी ने कराया।

जोधपुर नगर की विशाल आबादी के लिए जलापूर्ति का मुख्य स्रोत आज भी कायलाना झील है। इस झील का निर्माण महाराजा तख्तसिंह जी के समय नाजर सालगराम ने कराया था। उस समय झील पर बांध तथा बाग बनाने के साथ ही महल का निर्माण भी कराया गया था। संवत् 1905 में कायलाना झील का निर्माण

कार्य शुरू हुआ तथा महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय के समय पूरा हुआ। कायलाना झील पर जो दो प्राचीन उद्यान थे, उन्हें जोधपुर के शासक महाराजा भीमसिंह तथा महाराजा तख्तसिंह ने अपने शासनकाल के दौरान बनवाया था। ये दोनों उद्यान तब नष्ट कर दिए गए जब जोधपुर नगर की जलापूर्ति के लिए इस कृत्रिम झील के निर्माण का कार्य शुरू किया गया। यह झील जोधपुर नगर की जलापूर्ति का मुख्य स्रोत बनी हुई है।

मारवाड़ के हृदय स्थल जोधपुर की बावड़ियों का महत्व है। जोधपुर नगर में बनी स्थापत्य कला की प्रतीक इन नामचीन बावड़ियों में से कुछ का जहां एक ही प्रवेश द्वार है, वहीं कई बावड़ियों में प्रवेश के लिए दो और तीन द्वार भी बनाए गए। इसी तरह कई बावड़ियां एक मंजिला रही तो कई बावड़ियां दो और तीन मंजिला भी बनाई गई। इन मंजिलों के प्रांगण में ही जन समुदाय विश्राम करता रहा और सामाजिक बैठकें तथा धार्मिक आयोजन होते रहे। बावड़ी किस स्थान पर बनेगी यह निर्धारण मारवाड़ में पारखी लोग करते हैं जिन्हें जनवाणी में 'पानी वाले महाराज' कहा जाता है। इनमें प्रमुख बावड़ियां-इमरती बावड़ी, चांद बावड़ी, जालप बावड़ी, तापी बावड़ी, नाजरजी की बावड़ी, गोराधाय (गोरूंदा) बावड़ी, बलूंदा हवेली की बावड़ी, चैनपुरा अखाड़ा की बावड़ी, नाजरजी की दूसरी बावड़ी, राजसिंह चांदावत की बावड़ी, रंगराय की बावड़ी रायका का बाग ऊपरी बावड़ी, पंडित जी की बावड़ी, माहेश्वरियों की बावड़ी, कंदोइयों की बावड़ी, सेवापुरी की बावड़ी, धर्मपुरा की बावड़ी, मोदीजी की बावड़ी, व्यासजी की बावड़ी, सूरजकुंड बावड़ी, राम बावड़ी, नैणसी मुहता बाग की बावड़ी, मियां का बाग की बावड़ी, खरबूजा बावड़ी, धाय की बावड़ी, पुरोहित की बावड़ी, रघुनाथ की बावड़ी, बीजेराज जोशी की बावड़ी, रावटी की बावड़ी आदि है। ये सभी बावड़ियां जोधपुर नगर के लिए प्रमुख जल स्रोत रही और इसका निर्माण भविष्य की आवश्यकता को देख-समझ कर शासक तथा समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने समय-समय पर कराया।

बावड़ियां-कुएँ जहां भू-जल के मुख्य स्रोत रहे वहीं बरसात के जल को संगृहीत और सुरक्षित रखने के प्रमुख आशय तालाब रहे। बड़ी संख्या में लोग जल का उपयोग कर सके, इसके लिए जोधपुर नगर के भीतर एवं बाहर अनेक तालाब समय-समय पर बने। नगर के बाहरी क्षेत्रों में पहाड़ियों के मध्य किसी गहराई वाले स्थान पर ये तालाब बनाए गए वहीं नगर के भीतरी भागों में तालाबों को चारों ओर ऊंची दीवारों से घेर कर बनाया गया तथा घाट बनाए गए। पहाड़ी क्षेत्रों में बने तालाबों में बरसात का जल पहाड़ों से बहकर स्वत: पहुंचकर एकत्र होता था जबकि नगर के भीतरी भागों में बने तालाबों तक जल लाने के लिए पक्की नहरों का निर्माण किया गया। तालाबों की सफाई के प्रति जन-जन सजगता बरतता रहा, कारण कि वह जानता था कि जीवनदायी जल की स्वच्छता एवं निर्मलता ही उसके, उसके परिवार, उसके समाज और उसके नगर की खुशहाली का मुख्य आधार है।

मरूभूमि में बरसने वाले अल्प जल को पूरी तरह रोक लेने की महारत पालीवाल ब्राह्मणों को हासिल थी। जोधपुर के निकट पल्ली नगर में दसवीं शताब्दी के आस-पास बसने के कारण ही पल्लीवाल यानी पालीवाल ब्राह्मण कहलाए। वे खड़ीन के अच्छे निर्माता थे। मरूभूमि का ऐसा कोई टुकड़ा जहां जल बहकर आता हो, वहां दो या तीन तरफ से मेड़बन्दी करके जल को रोककर विशिष्ट ढंग से तैयार बांधनुमा खेत को खड़ीन कहा जाता है। खड़ीन खेत बाद में है, पहले तो तालब ही है। मरूभूमि से सैकड़ों मन-अनाज इन्हीं खड़ीनों में पैदा किया जाता रहा है। आज भी जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर क्षेत्र में सैकड़ों खड़ीन खड़ी है।

कुएँ मानव जीवन में जलापूर्ति के लिए कितने महत्वपूर्ण रहे हैं, यह इसी से स्पष्ट हो जाता है कि जितने मुहावरे-लोकोक्तियां कुओं को लेकर प्रचलन में है, उतनी अन्य किसी जलाशय को लेकर नहीं। 'कुआं खोदना', 'कुआं चलाना', 'कुएं में झांकना', 'कुआं टूटना', 'कुएं की मिट्टी कुएं में लगाना', 'कुएं पर से प्यासा आना', 'कुएं में फैंकना', 'कुएं में बांस डालना', 'कुएं में भांग पड़ना', 'कुएं में डालना' आदि इतने मुहावरे और लोकोक्तियों का इस जलाशय से जुड़े हुए होना उसके महत्व को प्रतिपादित अच्छी तरह कर देते हैं।

जोधपुर नगर में कुएं बनाने का क्रम राव जोधा के साथ शुरू होकर बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक बना रहा। सूरसागर तालाब निर्माण के साथ ही सूरज बेरा भी बनाया गया। उसके बाद सूरसागर तालाब के पास ही बनाए गए बगीचे में कुआं बनवाया गया। महाराज सूरसिंह के समय भाटी गोविन्ददास ने राजबाग क्षेत्र में महल कुआं, महाराजा गजसिंह के समय सूरसागर क्षेत्र में बागपोल कुआं, सूरसागर क्षेत्र में ही संवत् 1671 में कूंपावत रामसिंह ने कुआं बनवाया। माराजा मानसिंह के समय कोतवाल जीवनदास ने और महाराजा तख्तसिंह के समय कोतवाल शेषकरण पंवार ने जो कुएं बनवाए, वे आज भी कोतवाली तथा नवचौकियां इलाके में मौजूद हैं। महाराज जसवंतसिंह की रानी ने हरमंदिर के पास कुआं बनवाया। सूरसागर क्षेत्र में ही शंकर जोशी ने कुआं बनवाया जो जाजा बेरा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह कुआं संवत् 1717 में बना। इसके सोलह साल बाद यानि संवत् 1733 में रूपा झीपा

ने जो कुआं बनवाया वह रूपा बेरा के नाम से आज भी मौजूद है। अधिक दोहन करने व अकालों के कारण इन झीलों में पानी की मात्रा कम होने लगी। ओटो के नाले नहीं चलने के कारण सभी कुएँ, बावड़ियाँ और झालरे आदि सूख गये और कुछ का पानी काम में नहीं लेने से गन्दा हो गया। तब लोगों ने जलकल (वाटर पम्प) की ही शरण ली और इन परम्परागत जलस्रोतों को भूल गये।

संदर्भ सूची

1. एनुअल एडमिनिस्ट्रेटिव रिपोर्ट ऑफ जोधपुर स्टेट, 1884-1946
2. ओझा, गौरीशंकर, जोधपुर का इतिहास, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, 2010, पृ. 35
3. शर्मा, श्रीराम, महाराणा राजसिंह एण्ड हिज टाईम्पस, पृ. 46
4. राजप्रशस्ति, सर्ग 1, श्लोक 10; सर्ग 9, श्लोक 9 व 19-21; जयसमुद्र प्रशस्ति; सर्ग 12
5. वीर विनोद, भाग 2, पृ. 667
6. आवरगढ़, उदयपुर, गोगून्दा, चावण्ड आदि का सर्वे।
7. विश्ववल्लभ; में बिना प्रमाण के जलाशय बनाने का निर्देश यहां की भौगोलिक स्थिति को देखकर दिया गया है। मेवाड़ में पहाड़ों के कारण निश्चित प्रमाण के जलाशय बनाने की अपेक्षा जल-संसाधन की वृद्धि पर बल देने की मंशा झलकती है। साथ ही कम खर्च में इनके निर्माण पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। कुम्भलगढ़ दुर्ग में एक के नीचे दूसरा जलाशय बनाया गया है, इस तकनीक से सम्पूर्ण क्षेत्र का जल एकत्रित किया जाता था। शोध पत्र; महाराणा कुम्भाकालीन सुरक्षा के प्रमुख पहलू, कुम्भा स्मारिका, 1998-99, पृ. 69
8. विश्ववल्लभ, उल्लास 1
9. राजवल्लभ, अध्याय 1, श्लोक 27
10. विश्ववल्लभ, उल्लास 2, श्लोक 25-39

पश्चिमी राजस्थान में दलित पाक विस्थापितों की नागरिकता एवं पुनर्वास : अम्बेडकरवादी परिप्रेक्ष्य में सामाजिक न्याय

डॉ. मेहरा राम

शोधार्थी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

संपूर्ण दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए शरणार्थियों का मुद्दा एक ज्वलंत समस्या बन चुका हैं। गत पांच दशकों से भी अधिक समय से यह उपमहाद्वीप राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, नृजातीय, धार्मिक, भाषाई और आर्थिक संघर्ष के कारण चर्चित रहा है। भारत सभी दक्षिण एशियाई देशों से बड़ी संख्या में शरणार्थियों की मेजबानी करता रहा है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है जिसकी सीमा पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, बर्मा, चीन, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के साथ है। इस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को पार करके भारत में शरणार्थियों की शरण लेने की सम्भावना अत्यधिक प्रबल है। 1947 में भारत के विभाजन ने एक बड़ी शरणार्थी समस्या उत्पन्न कर दी। लाखों लोगों को नवनिर्मित सीमा को पार कर पलायन करने के लिए मजबूर कर दिया जिसने भारत और पाकिस्तान को विभाजित किया था। वर्षो तक और बाद तक पड़ौसी देशों से बड़ी सख्या में अल्पसंख्यक समूहों ने जिन्होंने विभिन्न रूपों में उत्पीड़न का सामना किया, भारत में पलायन कर दिया। अनेक आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक कारणों से भी आए फिर भी भारत में रहने वाले शरणार्थियों की अपेक्षाकृत बड़ी सख्या के बावजूद देश में कोई सटीक शरणार्थी नीति नहीं है और न ही भारत ने 1951 के शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेशन पर और 1967 के शरणार्थियों के लिए प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं।

संकेताक्षर : *दक्षिण एशिया, शरणार्थी, पाक विस्थापित, नागरिकता, पुनर्वास, सामाजिक न्याय, समावेशी विकास*

सम्पूर्ण दक्षिण एशिया क्षेत्र शरणार्थियों की समस्या से जूझ रहा है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है जो दक्षिण एशियाई देशों से बड़ी संख्या में शरणार्थियों की मेजबानी करता है, लेकिन यहाँ न तो कोई सटीक शरणार्थी नीति है और न ही कोई शरणार्थी आयोग। दलित पाक विस्थापित विभिन्न रूपों में हो रहे उत्पीड़न के कारण भारत आ रहे हैं। इस अध्ययन की आवश्यकता इसलिए है कि पाकिस्तान में ऐसी क्या दशाएं हैं कि दलित भारत की ओर आ रहे हैं, उनकी स्थिति दयनीय क्यों है? भारत में आने पर ये लोग पाकिस्तान वापस क्यूं नहीं जाना चाहते। क्या अम्बेडकरवादी दर्शन से उन्हें भारत में सामाजिक न्याय मिल पाएगा, उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण मिलेगा। भारत में इन्हें नागरिकता कैसे मिलेगी, उनका पुनर्वास पैकेज कैसे तय होगा, भारत की सुरक्षा संबंधी चिन्ताएं आदि कारकों के कारण इस शोध अध्ययन की आवश्यकता है। अम्बेडकर ने इन दलित पाक विस्थापितों को ''भारत के बीमा लोग'' की संज्ञा दी थी। वर्तमान में अम्बेडकरवादी दृष्टिकोण से ही ये दलित नागरिकता के साथ-साथ समावेशी लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में भारत में रहने वाले विभिन्न शरणार्थी समूहों में सबसे अधिक उपेक्षितों में से पाकिस्तान के सिंध प्रांत के शरणार्थी है जो 1965 में या बाद में भारत में स्थानान्तरित हो गए। ये हिन्दू हैं और विभिन्न जातियों के हैं इनमें अधिकतर दलित पाक विस्थापित हैं जो पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर जोधपुर, जैसलमेर व बाड़मेर में रहते हैं। इनमें अधिकतर मेघवाल एवं भील समुदाय से हैं जो भूमिहीन एवं बेघर है साथ ही बंधुआ मजदूरी करते है। ये कशीदाकारी के कार्य में निपुण हैं जो पश्चिमी राजस्थान की प्रमुख हस्तकला है। ये सब लोग भारत में नागरिकता एवं पुनर्वास संबंधी अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन शरणार्थियों में से अधिकांश सिंध में थारपारकर, उमरकोट, मीरपुरखास एवं भावलपुर जिलों से हैं। ये शरणार्थी सिंध हिन्दू शरणार्थियों से अलग है जो 1947 में विभाजन के कारण भारत में स्थानान्तरित हुए जो मुख्य रूप से सिंधी भाषी थे और जातीय रूप से सिंधी थे लेकिन थारपारकर से आए शरणार्थी अलग है इनकी अपनी स्वयं की भाषा ढकटी है और

भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक पहचान रखते हैं और सीमा पार भारत में रहने वाले लोगों से समान परिवेश बोली एवं रहन सहन है। इनमें से अधिकतर भूमिहीन दलित और आदिवासी हैं। सामाजिक परिमंडल में इन दलितों को बहिष्कार और वंचना झेलनी पड़ रही है।

थारपारकर एक शुष्क क्षेत्र, विशाल थार रेगिस्तान का भाग है। यह पश्चिम में राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर से सटा हुआ है। सिन्धु घाटी सभ्यता के समय से थारपारकर में मानव बस्ती के सबूत है। थारपारकर में एक मिश्रित हिन्दू- मुस्लिम आबादी है हिन्दूओं में अधिकतर दलित समुदाय से है। भारत के विभाजन के बाद, थारपारकर के क्षेत्र में कुछ हिंसा और शरणार्थियों के आंदोलन देखे गए। 1965 के भारत पाक युद्ध के दौरान थारपारकर से विशाल संख्या में पाक विस्थापित भारत की ओर पलायन हुए। इसी तरह 1971 के भारत पाक युद्ध के समय भारत ने थारपारकर का एक बड़ा क्षेत्र अपने कब्जे में कर लिया जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के 60 हजार हिन्दू भारत में आ गए और पाकिस्तान न लौटने का निश्चय किया। बाद के वर्षो में धार्मिक उत्पीड़न और भेदभाव के कारण थारपारकर के दलितों का भारत में पलायन बढ़ता गया। यह पलायन आज भी जारी हैं। ये शरणार्थी दलित समुदाय अर्थात् अनुसूचित जाति और जनजातियों से संबंध रखते हैं जो बड़ी संख्या में अशिक्षित, गरीब और भूमिहीन है। ये पाकिस्तान में जमींदारों के खेतों में भूमिहीन मजदूरों के रूप में काम करते थे और भारत में वे लगातार शरणार्थी कैम्पों में रह रहे है। ये कैम्प भारत सरकार द्वारा जोधपुर एवं बाड़मेर जिले में स्थापित किए गए थे। 1978 में जनता पार्टी की भारत सरकार ने इन कैम्पों में रहने वाले शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जिसमें 1967 और 1971 में आने वाले शरणार्थी थे। सरकार ने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत ऐसा किया था। नागरिकता प्रक्रिया के पूर्ण होने के तुरंत बाद राजस्थान सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से 1971 के शरणार्थियों के लिए पुर्नवास पैकेज की घोषणा की थी।

1971 के शरणार्थियों के लिए घोषित पुनर्वास पैकेज में केन्द्र से भूमि और 90 लाख रूपये नकद शामिल थे, लेकिन शरणार्थी परिवारों को प्रशासनिक भ्रष्टाचार और अज्ञानता के कारण बहुत कम लाभ प्राप्त हुआ। पाक दलित विस्थापितों का पलायन भारत में आज भी जारी है जो धार्मिक उत्पीड़न, असुरक्षा, कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, बढते हुए धार्मिक कट्टरवाद, इस्लामी राष्ट्रवाद की छवि, धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करना, जातिगत भेदभाव, अल्पसंख्यक हो जाना, हिन्दूओं के पूजा स्थलों पर हमले, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, आर्थिक असुरक्षा, राजनैतिक उपेक्षा, मार्शल लॉ और इस प्रकार के अन्य मामलों से यह पलायन हो रहा है। वर्तमान में आए इन पलायनकारियों के पास भारतीय नागरिकता नहीं है। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तकनीकी रूप से वे भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 के अंतर्गत भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं, यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5 (I) (C) के तहत, जिसमें कहा गया है कि कम से कम पांच वर्ष तक भारत के राज्य क्षेत्र में जो व्यक्ति निवासी रहा है, वह भारत का नागरिक हो सकता है। इन विस्थापितों के लिए नागरिकता एवं पुनर्वास संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए 1999 में जोधपुर में पाक विस्थापित संघ (PVS) की स्थापना की गई। पीवीएस मुख्य रूप से पलायनकारी समुदाय के साथ कार्य करता रहा है, नागरिकता और पुनर्वास से संबंधित उनकी समस्याओं को उजागर करता रहा है इसी तरह इन शरणार्थियों में सद्भावना कायम करने एवं सीमा पर रह रहे लोगों के साथ शांति को बढ़ावा देने के लिए 2005 में सीमांत लोक संगठन (SLS) का गठन किया गया। इन दोनों संगठनों ने पाक विस्थापितों को आधारभूत मानव अधिकार प्राप्त कराने के लिए प्रयत्न किए हैं। ये सगंठन लोक सुनवाई जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं ताकि सरकारी अधिकारियों के समक्ष पुनर्वास और नागरिकता संबंधी समस्याओं को रखा जा सके। इसी तरह उजास (यूर्निवर्सल जस्ट एक्शन सोसाइटी) की स्थापना भी की गई है जो इन विस्थापितों की सहायता के लिए राहत शिविर एवं जागरूकता, शिक्षा, रोजगारयापन, आदि संबंधी कार्य करती है। हालांकि प्रतिबंध, दीवार और बाड़ लगाने के बावजूद आज भी भारत में बड़े पैमाने पर शरणार्थी आ रहे हैं। अम्बेडकर का मानना था कि एक सभ्य समाज व राष्ट्र का कर्तव्य है कि वह इन शरणार्थियों को नागरिक अधिकार दें। नागरिक अधिकार व्यक्ति के जीवन, आजादी और जायदाद की हिफाजत करते हैं, राजनीतिक अधिकार व्यक्ति को शासन प्रक्रिया में सहभागी बनने की शक्ति प्रदान करते हैं। सामाजिक-आर्थिक अधिकार व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार को सुलभ बनाते हैं।

अम्बेडकर सामाजिक न्याय के बहुत बड़े हिमायती थे। उनका मानना था कि शिक्षा, सगंठन एवं संघर्ष तीन प्रमुख स्वावलम्बी साधन है। अम्बेडकर ने दलितों के लिए राजनीतिक एवं प्रशासनिक सत्ता में भागीदारी की मांग की थी। एक उदार लोकतंत्रवादी के रूप में अम्बेडकर मानव अधिकारों एवं नागरिक स्वतन्त्रताओं के समर्थक थे। उनका मत था कि भारत भूमि के सभी लोगों को

समान राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक अधिकारों के साथ साथ समान नागरिकता मिलनी चाहिए। अधिकारों की एक आदर्श व्यवस्था का उद्देश्य व्यक्ति को शासन की निरंकुशता से बचाना तथा उसे विकास के अवसर देने के साथ ही नागरिक समाज के सभी सदस्यों के बीच स्वतन्त्रता, समानता एवं भाई-चारे के संबंधों की स्थापना भी है। ज्यादातर विस्थापितों के दलित होने के कारण यहाँ अम्बेडकरवादी दृष्टिकोण की सार्थकता है। अम्बेडकर का मानना था कि केवल राजनैतिक अधिकारों मात्र से या नागरिकता से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। लोगों को अर्थिक रूप से सशक्त करना होगा, इन्हें सामाजिक-आर्थिक न्याय देना होगा। समावेशी दृष्टिकोण से अधिकार सम्पन्न करना होगा।

पाक विस्थापितों के लिए कार्य करने वाले संगठन पाक विस्थापित संघ एवं लोक सीमान्त संगठन का मानना है कि अम्बेडकर दर्शन एवं दृष्टिकोण से इन विस्थापितों की नागरिकता का समाधान निकाला जा सकता हैं। अधिकारों को प्राप्त करने के लिए नागरिकता आवश्यक है। नागरिकता के अभाव में बड़ी सख्या में शरणार्थी आधारभूत मानव अधिकारों के साथ साथ शिक्षा, बैंक अकाउंट, रोजगार, न्याय, मतदान, भूमि, सरकारी नौकरी एवं कानूनी अधिकारों से वंचित है। पाक विस्थापित संघ शरणार्थियों के लिए भारतीय नागरिकता एवं पुनर्वास पैकेज के लिए अम्बेडकरवादी दर्शन के सामाजिक न्याय से समाधान के लिए प्रयासरत है। इसके माध्यम से कुछ लोगों को नागरिकता मिली भी है, फिर भी, अभी तक लगभग 4000 शरणार्थी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से वंचित है, यद्यपि ये वापस पाकिस्तान नहीं लौटना चाहते हैं। बिना भारतीय नागरिकता के वे किसी भी सरकारी सेवा का लाभ नहीं उठा सकते हैं, इनके बच्चे सरकारी स्कूल नहीं जा सकते है, इस प्रकार ये गरीबी और निरक्षरता के कुचक्र में फंसे हुए हैं। हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान में दलित पाकिस्तानी शरणार्थियों की समस्याओं को देखने के लिए एक स्थाई सेल के निर्माण की घोषणा की है जो मुख्य रूप से नागरिकता और पुनर्वास संबंधी समस्याओं को देखेंगी। इसके साथ ही दो उपसमितियों का भी गठन किया गया है जो इन विस्थापितों की अनेक समस्याओं के साथ साथ शिक्षा, रोजगार एवं शिविरों से संबंधित व्यवस्थाएँ देखेगी।

हाल ही में एक नई समस्या उत्पन्न हो गई। सरकार ने अचानक भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वालों की फीस बढ़ा दी है जो राजस्थान में पाकिस्तानी दलित विस्थापितों की पहुंच के बाहर है एक ऐसे समुदाय के लिए जो बहुत ही गरीब, निरक्षर और भूमिहीन है। सरकार द्वारा सिटिजनशिप कैम्प लगाए गए थे। जिनके माध्यम से नागरिकता संबंधी कार्य किए गए। हाल ही में भारत सरकार ने एक सार्थक पहल की है, अब जिला मजिस्ट्रेट को यह दायित्व व शक्ति दी गई है कि वे एक सर्वे कराकर दलित पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रदान करे। हाल ही में पाक विस्थापित हिन्दुओं को भारत में शरण देने एवं उनकी नागरिकता को लेकर हो रही अनियमितताओं पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रसंज्ञान लेते हुए एक जनहित याचिका पर सुनवाई की और जोधुपर कलक्टर को निर्देश दिए कि हजारों आवेदनों का निस्तारण कर इनकी नागरिकता सुनिश्चित की जाए ताकि इन्हें मूलभूत मानवाधिकार एवं सामाजिक अधिकार मिल सके। साथ ही राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए ताकि ये शरणार्थी मूलभूत सुविधाओं का लाभ ले सकें।

नागरिकता से संबधित प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के दूसरे भाग और संसद द्वारा बाद में पारित कानूनों में हुआ है। संविधान ने नागरिकता की लोकतात्रिक और समावेशी धारणा को अपनाया है। इसी के फलस्वरूप नागरिकता अधिनियम 1955 और संशोधित नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 में पड़ोसी देशों से आए हिन्दू, सिख व अन्य अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने की बात कही गई है, चाहे उनके पास जरूरी दस्तावेज हो या नहीं। विधेयक के उद्देश्यों में कहा गया है कि प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से नागरिकता अधिनियम की अनुसूची 3 में संशोधन का प्रस्ताव किया गया है ताकि वे 12 वर्ष के बजाय 7 वर्ष पूरा करने पर नागरिकता के पात्र हो सके। वहीं सीमांत लोक संगठन के अध्यक्ष हिन्दू सिंह सोढ़ा बताते है कि यह अवधि 5 साल होनी चाहिए। उनका कहना है कि सरकार की ओर से विस्थापितों के लिए बैंक खाता खोलने, संपति रखने व ड्राईविंग लाइसेंस सहित कई सुविधाएं देने की घोषणाएं की गई, लेकिन उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पाया है। विमुद्रीकरण का इन विस्थापितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा क्योंकि इनके पास पहचान पत्र नहीं था। ये अपनी करेंसी बदल नहीं पाए। दिसम्बर 2016 में संयुक्त संसदीय समिति सांसद डा. सत्यपाल सिंह की अगुवाई में पश्चिमी राजस्थान पहुंची और कालाबेरी, भीलों की बस्ती, मारवाड, आंगणवा, झंवर, नगर और अलकोसर नगर में विस्थापितों से उनकी समस्याएं सुनी और नागरिकता का आश्वासन दिया। भारतीय नागरिकता नहीं होने के कारण पाकिस्तान से आए दलित विस्थापितों को साठ साल बाद भी भारत में हर दिन एक बड़ी परेशानी से गुजरना पड़ता है। यहां तक कि उन्हें शिक्षा, रोजगार और व्यापार की जद्दोजहद में पुलिस, इंटेलीजेंस और अन्य सुरक्षा एजेन्सियों की नजरों में रहना पड़ता है जैसे कि भारत में उनका कोई वजूद ही न हो। इन

सब समस्याओं का समाधान अम्बेडकरवादी दर्शन में मौजूद है। भारत सरकार को अम्बेडकरवादी दृष्टिकोण में इन्हें नागरिकता के साथ साथ समुचित अधिकार देने होंगे। तभी ये सत्ता में हिस्सेदारी के साथ साथ, समाज में मौजूद भेदभाव और बराबरी के लिए संघर्ष कर पाएंगे।

राजनीतिक विश्लेषक प्रताप भानु मेहता का कहना है कि अम्बेडकरवादी दर्शन से भारतीय राजनीति के परिदृश्य विशेषकर दलितों की स्थिति को बदला जा सकता है। वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र में पहली बार भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती मनाई गई जो यह दर्शाता है कि अम्बेडकर भारतीय राजनैतिक परिदृश्य में किस तरह वापसी कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इन पाक दलित विस्थापितों की समस्याओं का समाधान कर सामाजिक न्याय के साथ - साथ सभी नागरिकों को कानून का समान संरक्षण देना होगा तभी परम्परागत सामाजिक - आर्थिक असमानताओं का अंत होगा। तभी नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ इन वंचित तबकों को प्राप्त होगा। तभी यूएनओ ने कहा है कि अम्बेडकर के विचारों से ही असमानताओं को दूर करते हुए हम सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतेरेस ने यूएनएससीआर में कहा कि "संसार के शेष लोगों के लिए भारतीय शरणार्थी नीति अनुसरण करने योग्य हैं"। राष्ट्र एवं समाज की वास्तविक खुशी तभी हासिल की जा सकती है जब कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति का भी कल्याण हो सके। एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा बताई गई शरणार्थी नैतिकता के तहत इन पाक विस्थापितों को मानवीय अधिकार दिए जा सकते हैं। वहीं सीमांत लोक संगठन के अध्यक्ष हिन्दू सिंह सोढ़ा बताते है कि ''विस्थापितों की समस्याओं का स्थाई समाधान करने के लिए एक व्यापक नीति बनानी होगी। गृह मंत्रालय इसमें रूचि ले रहा है और विस्थापितों को जल्द ही भारत की नागरिकता मिलने की उम्मीद है। इन विस्थापितों का संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार अवधारणा तथा अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के अनुरूप पुनर्वास होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. गजदर, हैरिस, ए रिव्यू ऑफ माइग्रेशन् इश्यूज इन पाकिस्तान, सेज पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2009, पृ. 134-138
2. सोढ़ा, हिन्दू सिंह, फेंस बियोन्ड फेन्सिंग : डाईलमा ऑफ पाक माइनॉरिटी माइग्रेटस इन इंडिया वर्सेज रिजिम ऑफ राइट्स, सेज पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2014, पृ. 44-74
3. फिस्के, लकी, ह्यूमन राइट्स, रिफ्यूजी प्रोटेस्ट एण्ड इमिग्रेशन डिटेनशन, पालग्रेव पब्लिशर्स, न्यूयार्क, 2016, पृ. 37-40
4. जयाल, नीरजा गोपाल, सिटिजनशिप एण्ड इट्स डिसकनेक्ट्स : एन इंडियन इस्ट्री, स्वास्तिक पब्लिशर्स, आगरा, 2007, पृ. 57-60
5. सोढ़ा, सुथार, हिन्दूसिंह एवं अशोक, दि नोवेअर पीपल (स्टोरी ऑफ दि स्ट्रगल पाकिस्तान रिफयूजी इन राजस्थान), डीके पब्लिशर्स, जोधपुर, 2010, पृ. 22-34
6. प्रो. राम, रोनकी, अम्बेडकर एण्ड दि डाईलेमा ऑफ सोशल डेमोक्रेसी, ओरिएन्टिक पब्लिशर्स, दिल्ली, 2011, पृ. 27
7. जैफरलाट, क्रिस्टोफर, अम्बेडकर एण्ड अनटचेबिलिटी : एनालिसिस एण्ड फाइटिंग कास्ट, सेज पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1970, पृ. 63
8. बेट्स, एलेक्जेन्डर, यूएनएचसीआर : दि पॉलिटिक्स एण्ड प्रैक्टिस ऑफ रिफयूजी प्रोटेक्शन इन टू दि ट्वीयन्थ फर्स्ट सेंचुरी, रूटलेज पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2013, पृ. 46
9. राजस्थान पत्रिका, समाचार पत्र, 2 सितम्बर, 2017 पृ. 12
10. द हिन्दू, समाचार पत्र (डिस्प्लेस्ड पाकिस्तानी एण्ड इंडियन सिटिजनशिप), 29 अगस्त 2017. पृ. 12
11. द इण्डियन एक्सप्रेस (पाक हिन्दू माईग्रेटस डिमांड रिहेबिलिटेशन), 2 जनवरी 2017, पृ. 9

रामायण में शासन पर जनता व जनमत का नियंत्रण

डॉ. कर्मवीर सिंह

राजनीति विज्ञान विभाग

बाबू शोभाराम राजकीय कला, महाविद्यालय, अलवर (राज.)

शोध सारांश

रामायण में महाकाव्य युग को प्रतिबिम्बित करने वाली शासन के कार्यों में जनता की व्यापक सहभागिता के महत्त्व को स्वीकार किया गया है। राजा से यह अपेक्षा की गई है कि वह जनता व जनमत की इच्छा, लोकाचार व लोक-परम्पराओं के विरुद्ध रीति से शासकीय कार्यों को संचालित नहीं करे, क्योंकि इससे सम्पूर्ण राज्य नष्ट हो जाता है। ग्रन्थ में व्यक्त इस सामान्य दृष्टिकोण के अनुसार शासक को दायित्व-निर्वहन हेतु आवश्यक शक्ति प्रदान करने के लिए ही कतिपय दिव्य गुणों से युक्त किया गया है। रामायण में यह मत अनेकश: व स्पष्टत: व्यक्त हुआ है कि राजा हर परिस्थिति में हर व्यक्ति के द्वारा पूजनीय नहीं है वरन् वह अनेक प्रकार के नैतिक, सैद्धान्तिक व व्यावहारिक व संस्थागत नियन्त्रणों के अधीन है।

संकेताक्षर : *जनमत लोकाचार, लोक-परम्परा, नैतिक नियन्त्रण*

वाल्मिकी कृत रामायण में महाकाव्यकालीन राजव्यवस्था में जनता की सहभागिता एवं शासन कार्यों में जनमत के नियन्त्रण को रेखांकित किया गया है। ग्रन्थ में राज्य के अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करते हुए प्रजा का आध्यात्मिक व नैतिक उत्थान तथा भौतिक कल्याण (प्रजारक्षण व प्रजा रंजन) राजा का प्रमुख व अपरिहार्य दायित्व माना गया है। ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर स्पष्ट किया गया है कि इन दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता ही राजा की लोकप्रियता का आधार बन सकती है। श्री राम के गुणों के सन्दर्भ में ग्रन्थ में एक स्थल पर राजा दशरथ का कथन है कि ''श्री राम सब लोगों के अभ्युदय की कामना करते हैं और सम्पूर्ण जीवों पर दया रखते हैं, वे लोक में वर्षा करने वाले मेघ की भाँति मुझसे बढ़कर प्रिय हो गये हैं।''[1]

ग्रन्थ में उपलब्ध वर्णन के अनुसार शासकीय शक्ति का संव्यवहार मर्यादित शासन के सिद्धांतों से नियंत्रित व निर्दिष्ट होता था। प्रजा सभी आवश्यक राजनैतिक स्वतंत्रताओं का उपयोग करती थी। जनता राजनीतिक कार्यों में पूर्ण रुचि रखती थी तथा नीति-विरुद्ध राजकीय कार्यों की निर्भीकता से आलोचना करती थी। जैसे वनवास में जाते हुए कोसल जनपद के ग्रामवासी कहते हुए सुने गये कि ''अहो! काम में पडे़ हुए राजा दशरथ को धिक्कार है।'' ''हाय! हाय! पापशील, क्रूर व धर्म-मर्यादा का त्याग करने वाली कैकेई को तो दया भी नहीं आई, वह क्रूर अब निष्ठुर कार्य में लगी रहती है।''[2] इससे स्पष्ट होता है कि शासकीय आचरण की समीक्षा करने व आलोचना करने में प्रजा के वाक्-स्वातन्त्र्य के अधिकार को मान्यता प्राप्त थी। ग्रन्थ में शासक को उसकी निन्दा करने वाले वर्ग के प्रति सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाने तथा उसे तिरस्कृत नहीं करने का परामर्श दिया गया है।

ग्रंथ में जनमत के प्रति शासक की संवेदनशीलता आवश्यक मानी गयी है तथा व्यक्त किया गया है कि इससे राजा अपने आचार-विचार में हीनता से बच जाता है, तथा ऐसे राजा की सर्वत्र या कहीं भी बुराई नहीं होती है। जनमत के महत्व का उल्लेख करते हुए श्रीराम ने कहा है ''जनपद के लोग मेरे, सीता, भरत, शत्रुघ्न, लक्ष्मण तथा माता कैकेयी के विषय में क्या-क्या बातें करते हैं? क्योंकि राजा यदि आचार-विचार से हीन हो तो वह सर्वत्र, अपने राज्य में व वन में भी निन्दा के विषय बन जाते हैं- सर्वत्र उन्हीं की बुराइयों की चर्चा होती है।''[3] ग्रन्थ में उपलब्ध वर्णन शासक की जनमत के प्रति संवेदन-शीलता को सिद्ध करते हैं। पुरवासियों में सीता के विषय में फैले हुए अपवाद से श्री राम अत्यंत व्यथित हुए। उनका कथन है कि ''इस समय पुरवासियों और जनपद के लोगों में सीता के विषय में महान् अपवाद फैला हुआ है। मेरे प्रति भी उनका बड़ा घृणा भाव है। उन सबकी घृणा मेरे मर्मस्थल को विदीर्ण किये देती है।''[4] शासक के लिए जनमत के महत्त्व का परिचायक है।

जनपद व पुरवासी जनता में सीता के चरित्र को लेकर चल रहे अपवादों के कारण जनता में सीता की छवि को पुन: प्रतिष्ठित करने के लिए राम ने भी सभा में सीता द्वारा अपनी शुद्धता और चारित्रिक पवित्रता की शपथ लेने को कहा। खुले दरबार में आयोजित सीता का शुद्धता-समारोह भी इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि शासकीय आचरण में लोक परम्पराओं व जनता की भावनाओं का सम्मान किया जाता था।[5]

ग्रन्थ में प्रतिपादित हुआ है कि लोकाचार व लोकनिन्दा का भय शासकीय आचरण पर नियंत्रण रखता था। श्री राम ने लोक-निन्दा के भय से ही सीता का परित्याग करने का निर्णय लिया। श्रीराम ने जनमत के प्रति आदर का भाव व्यक्त करते हुए कहा ''नरश्रेष्ठ बन्धुओं! मैं लोकनिन्दा के भय से अपने प्राणों को और तुम सबको भी त्याग सकता हूँ। फिर सीता को त्यागना कौन सी बड़ी बात है।''[6] ग्रन्थ में एक अन्य स्थल पर सीता की अग्नि-परीक्षा के समय अग्नि देव को राम द्वारा कहे गए अग्रांकित शब्द सिद्ध करते हैं कि अग्नि परीक्षा भी जनमत व लोकाचार के भय से कराई गई थी: ''यदि मैं जनकनन्दिनी की शुद्धता के विषय में परीक्षा न कराता तो लोग यही कहते कि दशरथ पुत्र राम बड़ा ही कामी और मूर्ख है।''[7] ''तथापि तीनों लोकों के प्राणियों को विश्वास दिलाने के लिए एक मात्र सत्य का सहारा लेकर मैंने अग्नि में प्रवेश करती हुई सीता को रोकने की चेष्टा नहीं की।''[8]

ग्रन्थ में प्रजा की इच्छा के अनुरूप शासकीय आचरण को निर्धारित किया जाना राजा का कर्त्तव्य माना गया है जिससे राजा लोक-निन्दा से बच सके। ग्रन्थ में श्री राम ने जनता के बीच चल रही चर्चाओं के विषय में गुप्तचर के समक्ष अपनी जिज्ञासा को प्रकट करते हुए कहा ''पुरवासी मेरे विषय में कौन सी शुभ और अशुभ बातें कहते हैं, उन सबको यथार्थ रूप से पूर्णत: बताओ, जिन्हें वे शुभ मानते हैं उनका मैं आचरण करूँगा तथा जिन्हें अशुभ मानते हैं उनका मैं परित्याग करूँगा।''[9]

ग्रन्थ में राजा को प्रतिदिन, प्रजा में से उससे मिलने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों से भेंट करने तथा समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। ग्रन्थ में एक स्थल पर कहा गया है कि ''जो राजा प्रतिदिन पुरवासियों के कार्य नहीं करता, वह नि:सन्देह सब ओर से निश्छिद्र अतएव वायु संचार से रहित घोर नरक में पड़ता है।''[10]

रामायण में विभिन्न प्रसंगों में हुए वर्णनों से स्पष्ट है कि शासकीय कार्यों में जनता की पूर्ण रुचि व सहभागिता रहती थी। श्री राम के वन से अयोध्या में लौटने पर अयोध्या के सभी नागरिक उनकी अगवानी के लिए उपस्थित हुए।[11]

ग्रन्थ में शासक पर जनमत के नियंत्रण का बहुविध संकेत करते हुए राजा द्वारा कर्त्तव्य विषयक निर्णय, प्रजा पर थोपना व्यावहारिक नहीं माना गया है। परन्तु राजकीय आदेशों के प्रति प्रजा की सम्मति को उनकी प्रभावशीलता की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया गया है। युवराज अंगद का एक स्थल पर वानरों के प्रति प्रस्ताव करते हुए कथन है कि ''वानरपुत्रों! आप सब लोग मुझे जैसा कहेंगे, मैं वैसा ही करुँगा, क्योंकि कर्त्तव्य के विषय में मैं आप लोगों के अधीन हूँ'' ''यद्यपि मैं युवराज हूँ तो भी आप लोगों पर हुक्म नहीं चला सकता। आप लोग बहुत बड़ा कार्य पूरा करके आये हैं, अत: बलपूर्वक आप पर शासन चलाना कदापि उचित नहीं है।''[12]

शासन के सफल संचालन हेतु तथा शासन के स्थायित्व व प्रभावशीलता के लिए राजा के जनता से अधिकाधिक सम्पर्क में रहने के महत्त्व को ग्रन्थ में स्वीकार किया गया है। ग्रन्थ में श्री राम ने भरत को उपदेश देते हुए कहा है कि ''राजकुमार! क्या तुम प्रतिदिन पूर्वाह्नकाल में वस्त्राभूषणों से विभूषित हो प्रधान सड़क पर जाकर नगरवासी मनुष्यों को दर्शन देते हो।''[13] ग्रन्थ में यह स्वीकार किया गया है कि लोगों के कल्याण के प्रति शासक की चिन्ता व प्रजा के बीच रहते हुए उनके सुख-दु:खों में हाथ बँटाना ही राजा की लोकप्रियता तथा उसके शासन की जनता में सहज स्वीकार्यता का आधार है।[14]

राजकीय कार्यों व राज्य में घटित होने वाली घटनाओं से सम्बन्धित जनमत के दृष्टिकोण के प्रति शासक चिन्तित तथा भयभीत रहते थे। कैकेयी के अनीतिपूर्ण प्रयासों द्वारा राजगद्दी दिलाये जाने पर उद्विग्न होकर भरत ने कैकेयी से कहा, ''पापपूर्ण संकल्प करने वाली पापिनि! पुरवासी मनुष्य आँसू बहाते हुए अवरुद्धकण्ठ हो मुझे देखें और मैं तेरे किये हुए पाप का बोझ ढोता रहूँ, यह मुझसे नहीं हो सकता।''[15]

शासकीय कार्यों व राजकीय घटनाओं से जनता को होने वाली प्रसन्नता व विषाद, उत्कर्ष व अपकर्ष, उनकी आहत भावनाओं का शासकों द्वारा पूर्णत: ध्यान रखा जाना आवश्यक माना गया। राम के राज्याभिषेक का विरोध करने पर दशरथ ने कैकेयी से कहा कि, ''यदि तू श्री राम के अभिषेक में विघ्न डालेगी तो तुझे मेरे लिए जलांजलि देने का कोई अधिकार न होगा। मैं पहले राम के राज्याभिषेक के समाचार से जो जनसमुदाय का हर्षोल्लास से परिपूर्ण उन्नत मुख देख चुका हूँ, वैसा देखने के पश्चात् आज पुन: उसी जनता के हर्ष और आनन्द से शून्य, नीचे लटके हुए मुख को नहीं देख सकूंगा।''[16]

ग्रन्थ में शासक द्वारा अपने निर्णयों के लिए जनता के प्रति उत्तरदायी होने की अपेक्षा की गई है। जनता की सहभागिता से श्रीराम के राज्याभिषेक के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय का कैकेयी द्वारा विरोध किये जाने पर दशरथ ने कहा कि, ''जब प्रजा आकर मुझ से पूछेगी कि श्रीराम कहाँ हैं? तब मैं कैसे उनसे कहूँगा कि

कैकेयी के दबाव में आकर मैंने अपने बेटे को घर से निकाल दिया।''[17]

शासक के पद पर बने रहने के लिए ग्रन्थ में प्रजा का समर्थन आवश्यक माना गया है। प्रजा के समर्थन के अभाव में शासक की स्थिरता के सम्बन्ध में आशंका व्यक्त की गई है। कैकेयी के द्वारा राम को चौदह वर्ष के वनवास का वचन इस हेतु माँगा गया कि युवराज पद मिलने के बाद इस अवधि में भरत प्रजा की भावनाओं को सन्तुष्ट कर अपने लिए स्नेह उत्पन्न कर लेंगे, जिससे वे राज्य पर स्थिर हो जायेंगे और जनता श्रीराम के लिए भरत से विद्रोह नहीं करेगी।[18]

ग्रन्थ में शासक पर जनमत के प्रभावी नियन्त्रण को अनेकश: मान्यता दी गई है तथा कर्त्तव्यों व दायित्वों के निर्वहन में शासक को प्रजा की समीक्षा के अधीन माना गया है। शासक को प्रजा पर बलपूर्वक शासन करने के विरुद्ध गम्भीर चेतावनी दी गई है।[19]

शासक द्वारा राजपद को बनाये रखने के लिए जनमत की सहमति आवश्यक मानी गई है। जनमत के विरुद्ध हो जाने के पश्चात किसी व्यक्ति के शासक बने रहने में कठिनाइयों का आना अवश्यम्भावी माना गया है। लक्ष्मण का ग्रन्थ में एक स्थल पर भरत के लिए कथन है ''जिसमें समस्त प्रजा का मन रमता है, इन धर्मात्मा श्रीराम को देश निकाला देकर समस्त लोकों का विरोध करने के कारण अब वे कैसे राजा हो सकेंगे?''[20]

ग्रन्थ में हुए चित्रण के अनुसार राज्याभिषेक जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यों में जनता की पूर्ण सहभागिता रहती थी। श्रीराम के राज्याभिषेक को जनता के द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया। इस समाचार को सुनकर जनता की हर्षध्वनि इतनी प्रबल थी कि पृथ्वी काँपती हुई सी जान पड़ती थी। पुरवासियों ने प्रसन्नता प्रकट करने के लिये अपने-अपने घरों को सुसज्जित किया था तथा चौराहों पर व सभाओं में उत्तराधिकारी के रूप में राम के चयन के लिए दशरथ की भूरि-भूरि प्रशंसा की।[21]

जनता को शासक के निर्णयों की आलोचना करने तथा अलग मत अभिव्यक्त करने की पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त थी। अन्त:पुर के षड्यन्त्रों के कारण अपने वचन में बँधकर दशरथ द्वारा श्रीराम को राज्याभिषेक के स्थान पर चौदह वर्ष का वनवास व भारत के राज्याभिषेक के समाचार को लेकर सारे अयोध्यावासी राजा दशरथ की निन्दा करने लगे।[22]

राजकीय कार्यों के सम्बन्ध में जनमत के दृष्टिकोण से राजा भयभीत भी रहते थे। भरत के राज्याभिषेक के निर्णय के कारण राजा दशरथ प्रजा के भय से डरे हुए थे। कैकेयी को राजा दशरथ के द्वारा कहे गये शब्द शासक पर जनमत के नियंत्रण को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करते हैं।[23] ''नाना देशों से आये लोग मुझे कहेंगे कि इस वृद्ध इक्ष्वाकुवंशी राजा ने कैसे दीर्घकाल तक इस राज्य का पालन किया।''[24]

दशरथ ने आशंका व्यक्त की कि श्रेष्ठ पुरुष निश्चय ही उनकी नीच और एक नारी के मोह में पड़कर बेटे को बेच देने वाला कहकर शराबी ब्राह्मणों की भाँति राह-बाट और गली-कूँचों में निन्दा करेंगे।[25]

दशरथ ने कहा है कि, ''हाय मुझ दुरात्मा ने जीते जी ही अपने महात्मा पुत्र को पितृहीन बना दिया। मुझे यह सारा संसार निश्चय ही धिक्कारेगा, गालियाँ देगा, जो उचित ही होगा।''[26]

दशरथ ने कैकेयी से कहा कि, ''राजकुमारी तुम मेरे दुर्भाग्य से मेरे ही घर में आकर घुसी हो, तुम्हारे कारण संसार में मुझे पापाचारी की भाँति निश्चय ही अनुपम अपयश, तिरस्कार और समस्त प्राणियों की अवहेलना प्राप्त होगी।''[27]

इस प्रकार राजकीय कार्यों सहित समस्त कार्यों के लिए ग्रन्थ में लोकमत को शासकों के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सूत्र का स्तर प्रदान किया गया है। लोकमत का पालन करना शासक का गम्भीर नैतिक दायित्व माना गया है। विभिन्न स्फुट प्रसंगों में ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर लोकमत के महत्त्व को प्रतिष्ठित किया गया है।

ग्रन्थ में कहा गया है कि देवगण लोकों में अपकीर्ति की निन्दा और कीर्ति की प्रशंसा करते हैं, समस्त श्रेष्ठ महात्माओं का सारा शुभ आयोजन उत्तम कीर्ति की स्थापना के लिए होता है। विभिन्न प्रसंगों में ग्रन्थ में कहे गए ऐसे कथन लोकमत के प्रति शासक की प्रतिबद्धता के महत्त्व को स्पष्ट करते हैं।[28]

ग्रंथ में एक प्रसंग में वर्णित हुआ है कि राजा सगर के द्वारा जनता के आग्रह पर ही अपने अत्याचारी पुत्र असमंजस को त्याग दिया गया क्योंकि वह खेलते बालकों को सरयू नदी में फेंक देता था।[29]

ग्रन्थ में अनार्य राजा रावण को सामान्यत: एक स्वेच्छाचारी व निरकुंश शासक के रूप में चित्रित किया गया है, किन्तु अनेक स्थलों पर महाकाव्य में विभिन्न कीर्तिवान व धर्मशील पात्रों के द्वारा रावण के प्रति, जनमत को एक निर्देशक सूत्र मानते हुए शासन संचालन का परामर्श दिया गया है।

ग्रन्थ में रावण को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि स्वेच्छाचारी व लोभी शासक का प्रजा द्वारा तिरस्कार कर दिया जाता है। अत: राजा को चाहिये कि वह विषय-भोगों में आसक्त और स्वेच्छाचारी न रहकर शासन के कार्यों को निष्ठापूर्वक सम्पादित करता रहे।[30]

ग्रन्थ में राजा को चेतावनी दी गई है कि प्रजा रक्षण में असफल, प्रतिदिन नियमित रूप से प्रजा को उपलब्ध न होने वाले शासक का तथा विषय-भोगों में लिप्त शासक को, जनता के द्वारा त्याग दिया जाता है। शूर्पणखां ने रावण को परामर्श देते हुए कहा है कि, ''जो राज्य की देखभाल करने के लिए गुप्तचरों को नियुक्त नहीं करता है, प्रजाजनों को जिसका दर्शन दुर्लभ हो जाता है और कामिनी आदि में आसक्त होने के कारण अपनी स्वाधीनता खो बैठता है, ऐसे राजा को प्रजा दूर से ही त्याग देती हैं।''[31] शासक द्वारा

दायित्व-पालन में शिथिलता बरतने, कर्त्तव्यों का पालन न करने, करने योग्य कार्यों का सम्पादन नहीं करने तथा अहंकारी व क्रोधी होने पर उसे जनता द्वारा त्याग दिये जाने की चेतावनी दी गई है।

ग्रन्थ में शासकीय आचरण पर जनता के नियंत्रण के औचित्य की सार्वभौमिक प्रतिष्ठा के अपवाद स्वरूप केवल राक्षस राजा रावण के मत का ही उल्लेख किया जा सकता है। ग्रन्थ में एक स्थल पर रावण ने राजा को दिव्यता का स्तर प्रदान किया है, जिसकी शासकीय शक्ति का संव्यवहार किसी भी प्रकार के नियंत्रण से मुक्त है। रावण के अनुसार शासक अग्नि, इन्द्र, सोम, यम व वरुण इन पाँच देवताओं के गुण क्रमश: प्रताप, पराक्रम, सौम्यता, दण्ड और प्रसन्नता धारण किये रहता है। अत: सभी अवस्थाओं में राजाओं का सम्मान और पूजन किया जाना चाहिए। रावण का मत है कि किसी अवस्था में सेनापति व प्रजाजनों राजा के प्रति अप्रिय व अहितकर वचन नहीं बोलना चाहिए।[32]

शासक की अनिवार्य दिव्यता का रावण द्वारा किया गया प्रतिपादन रामायण में प्रतिपादित सामान्य राजनैतिक दृष्टिकोण के सर्वथा विपरीत है। महाकाव्य में व्यक्त सामान्य राजनैतिक दृष्टिकोण में राजकीय शक्ति से दिव्यता के संस्तर का संयोग शासकीय प्राधिकार की स्वच्छंदता को व्यक्त नहीं करता, अपितु शासक के दायित्वों की पवित्रता को रेखांकित करता है। वस्तुत: दन दायित्वों की दिव्यता के माध्यम से ग्रंथ शासन के सकारात्मक दायित्वों के प्रति राजा की प्रतिबद्धता को प्रस्थापित करता है। ग्रन्थ में यद्यपि स्पष्टत: श्रीराम ने राज्य की दिव्यता के विचार का तो समर्थन किया है, किन्तु साथ ही यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि शासक स्वयं भी एक मनुष्य ही है। श्री राम के कथनानुसार शासक के रूप में वह दिव्य-सत्ता का संव्यवहार करता है, अत: राजा की प्रभुता को चुनौती देना उचित नहीं है।[33]

निष्कर्ष

महाकाव्य युग को प्रतिबिंबित करती 'रामायण' में शासन पर जनता एवं जनमत के नियंत्रण का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। यह आश्चर्यजनक है कि जनता का नियंत्रण न केवल स्पष्ट है वरन निर्भीक तरीके से किए जाने के प्रमाण हैं। भारत में जब भी शासन की स्वेच्छाचारिता व निरंकुशता सामने आई तब जनता ने पुरजोर उसका विरोध किया है। आज की परिस्थितियों में यह और भी आवश्यक हो गया है कि जनमत के नियंत्रण को महत्त्व दिया जाए। परिस्थितियों के बढ़ते दबाव से आज हमारे समाज में भयग्रस्तता और असंपृक्तता व्याप्त हो गई है। जनमत तैयार करने के हमारे माध्यम खुलकर विरोध करने का साहस नहीं कर पाते और जनता तो इतनी लाचार हो गई है कि देखकर भी अनदेखा करना उसका स्वभाव बन गया है। रामायण में प्रकट जनता व जनमत के नियंत्रण से हम कुछ नया सीखने का साहस करेंगे तो हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत शुभकारी होगा।

सन्दर्भ सूची

1. रामायण, अयोध्याकाण्ड 51/38
2. उपर्युक्त, 49/4-8
3. उपर्युक्त, उत्तरकाण्ड 43/5, 6
4. उपर्युक्त, 45/3, 11
5. उपर्युक्त, 95/6
6. उपर्युक्त, 45/14
7. उपर्युक्त, युद्धकाण्ड 118/14
8. उपर्युक्त, 118/17
9. उपर्युक्त, उत्तरकाण्ड 43/9, 10
10. उपर्युक्त, 53/6
11. उपर्युक्त, युद्धकाण्ड 127/23
12. उपर्युक्त, सुन्दरकाण्ड 64/16, 17
13. उपर्युक्त, अयोध्याकाण्ड 100/51
14. उपर्युक्त, 1/38
15. उपर्युक्त, 74/32
16. उपर्युक्त, 14/17, 18
17. उपर्युक्त, 12/65, 66
18. उपर्युक्त, 9/21
19. उपर्युक्त, 64/16, 17
20. उपर्युक्त, 58/33
21. उपर्युक्त, उत्तरकाण्ड व तीसरा सर्ग
22. उपर्युक्त, 33/6-16
23. उपर्युक्त,
24. उपर्युक्त,
25. उपर्युक्त,
26. उपर्युक्त,
27. उपर्युक्त,
28. उपर्युक्त, ए45/13
29. उपर्युक्त, अयोध्याकाण्ड 36/22
30. उपर्युक्त, अरण्यकाण्ड 93/3
31. उपर्युक्त, 35/5
32. उपर्युक्त, अरण्यकाण्ड 40वां सर्ग सम्पूर्ण
33. उपर्युक्त, किष्किन्धाकाण्ड 18/42

अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र के आर्थिक-राजनीतिक परिदृश्य का विश्लेषण

रूखमणी

शोधार्थी, इतिहास विभाग
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.)

शोध सारांश

राजस्थान के केन्द्र में स्थित होने के कारण, अजमेर चारों ओर से राजपूत रियासतों से घिरा हुआ था। अत: राजनीतिक दृष्टि से अजमेर का अत्यंत महत्व रहा। नये आर्थिक परिवेश से समाज के ऊपर भी परिवर्तन का दबाव रहा, इससे यहाँ का अल्प शिक्षित एवम् अभिजात्य वर्ग भी अपने को सक्रिय करने में जनजागरण को द्रुत गति का संचार प्रदान करने में सहयोग दिया। और असहयोग आन्दोलन की शुरूआत हो गई। ब्रिटिश उपाधियों और सरकारी उत्सवों का विरोध होना शुरू हो गया। गांधीवादी दर्शन का संप्रभुत्व समूचे अजमेर एवम् मेरवाड़ा पर पड़ा। इस प्रकार भारत के राजनीतिक माहौल में व्याप्त ब्रिटिश क्रूरता और इनकी दमन विरोधी नीति के हस के लिए असहयोग आन्दोलन का माहौल तैयार किया गया। इसके प्रति अजमेर एवम् मेरवाड़ा की जनता में मिश्रित प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई और इस आन्दोलन के धनात्मक एवम् ऋणात्मक पक्ष सामने आए।

संकेताक्षर : *आर्थिक परिवेश, गांधीवादी दर्शन, औद्योगिक प्रगति, आभिजात्य वर्ग, जनजागरण*

राजस्थान की संस्कृति का इतिहास आज से लगभग पांच हजार वर्ष पहले सरस्वती (दृषद्वती) की घाटी से आरम्भ होता है। यहाँ से प्राप्त पत्थर के और मिट्टी के आभूषण घरेलू बर्तन तश्तरियां प्याले और खिलौने इस बात के प्रमाण हैं कि नदी घाटी की संस्कृति और सभ्यता विकासशील थी। यहाँ की संस्कृति उच्चकोटि की थी। अनुमान है कि इस प्रान्त के कई रेतीले देशों में कई उन्नत सभ्यता के केन्द्र ढके पड़े हैं। कुछ एक क्षेत्रों के खनन परीक्षण से स्पष्ट हो जाता है कि सदियों तक यह प्रान्त एक सभ्यता को जीवित रखता रहा। यहाँ की चौड़ी सड़कें, सार्वजनिक नालियां, दुर्ग का प्रकार गोल, कुंए छोटे-बड़े, सटे हुये मकान, वेदियां आदि उस युग के साक्षी है।

राजस्थान में मानव विकास की दूसरी सीढ़ी का क्रम मध्य पाषाण एवं नवीन पाषाण युग है।इस युग के मानव का विकास केवल शिकार के उपकरणों तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि उसका विस्तार कृषि संबंधी औजारों में देखा गया है। अब नवीन प्रस्तर युग का मानव पशुपालन और कृषि-कार्य की ओर भी अग्रसर हो गया था।ऐसा प्रतीत होता है कि नूतन पाषाण युग का मानव आग का प्रयोग भोजन बनाने, मिट्टी के बर्तन पकाने तथा पत्थर की बनी भट्टियों को तपाने में लगाने लगा था। इन भट्टियों को तपाने में उसने धातुओं को पिघलते देखा। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि पिघलती हुई धातु से कई प्रकार के उपकरणों को आकार में लाया जा सकता है। संभवत: इस सोच के अनुरूप सोने का ज्ञान सबसे पहला हुआ लेकिन अधिक मात्रा में न मिलने से उसका उपयोग केवल आभूषण बनाने तक ही सीमित रखा। कालान्तर में जब तांबा, पीतल, लोहा आदि का ज्ञान हुआ हो तो उनका उपयोग औजार बनाने के लिए किया गया। इसी कारण नूतन प्रस्तर युग के बाद जब सबसे पहले तांबा मिला और तांबे के बाद अन्य धातु मिले तो ताम्रयुग के नाम से जाना जाने लगा।[1]

आर्थिक विकास

व्यापार के क्षेत्र में अजमेर एक सेतुबंध की भूमिका में था जो प्रत्यक्षत: उत्तरी भारत एवम् बम्बई प्रेसीडेंसी को आपस में जोड़ता था।54 सूरत में ईस्ट इंडिया कम्पनी ने सूरत फैक्टरी के अन्तर्गत एक एजेन्सी की स्थापना सन् 1614 में मि. एडवर्ड के द्वारा की और इस तरह यह शहर यूरोपीय वस्तुओं के खरीद-बिक्री के लिए अत्यन्त प्रसिद्ध था।[2]

सन् 1889 में अजमेर एवम् मेरवाड़ा में एक कृष्णा मिल की स्थापना हुई, जो अजमेर के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर

था। ब्यावर ने भी कपास के आयात एवम् निर्यात में प्रधान केन्द्र की भूमिका निभाई। इसके पश्चात् सन् 1908 में एडवर्ड मिल तथा सन् 1929 में महालक्ष्मी मिल का निर्माण हुआ।[3] इस तरह यहाँ 18 प्रकार की कॉटन प्रेसिंग फैक्टरियां भी स्थापित हुई। इसी श्रृखला में ब्यावर में संवेती हौजरी फैक्ट्री भी निर्मित हुई। इस तरह वस्त्र-व्यवस्था के नवस्फूर्ति ने अजमेर एवम् मेरवाड़ा के आर्थिक जीवन को काफी प्रभावित किया। इन सारी घटनाओं से प्रभावित होकर रॉयल ने एक कमीशन रिपोर्ट सन् 1929 में अजमेर में लिखा- ''ब्यावर एवम् की जनता पर मिलों एवम कारखानों की उपस्थिति का गहरा असर पड़ा है।[4]

सन् 1886-87 में लोकोमोटिव वर्कशॉप तथा कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप का स्थानान्तरण आगरा से अजमेर हो गया। यहॉ 9000 लोग कार्य करते थे। यहाँ के निर्मित इंजन सस्ते एवम् सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तायुक्त होते थे और इनकी तुलना यूरोप में हो सकती थी।[5]

अजमेर एवम् मेरवाड़ा में औद्योगिक प्रगति जोरदार ढंग से हुई लेकिन ये यहाँ के लोगों के किस्मत की लकीरों को स्पष्ट नहीं कर पाई। बारिश का सख्त अभाव एवम् फसलों का रोगग्रस्त होना किसानों के जीवन के लिए निरन्तर नुकसानदेह होता रहा। सन् 1941 में एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में यह स्पष्ट था- ''यहाँ पर शायद ही कोई किसान शेष हो जो कर्जदार न हो। इसके कारण स्पष्ट थे-हानिकारक जोत, फसलों की गारंटी न होना, भारी लगान वसूली एवम् अनावश्यक मुकद्दमों पर खर्च इत्यादि। इसके बाद सहकारिता एक नई अवधारणा के रूप में सामने आया, लेकिन यह भी सफल नहीं हो पाया। क्योंकि इसकी प्रक्रिया लम्बी-चौड़ी एवम् जटिल थी।

राजनीतिक स्थिति

ई. 1833 में एक चार्टर एक्ट के माध्यम से ईस्ट इण्डिया कम्पनी की व्यापारिक गतिविधियां समाप्त कर दी गयीं। ईस्ट इडिया कम्पनी रूपी रेशम का कीड़ा उसी रेशम को काटकर पूरी तरह बाहर निकल आया था जिस रेशम को उसने अपने रक्षा कवच की तरह इस्तेमाल किया था।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने ब्रिटिश भारतीय प्रांतों तथा रियासतों में प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिये पॉलिटिकल एण्ड फॉरेन डिपार्टमेंट की स्थापना की। इस डिपार्टमेंट में नियुक्त अधिकारी पॉलिटिकल ऑफिसर कहलाते थे। ये एम्बेसडर, हाई कमिश्नर, एजेंट टू दी गवर्नर जनरल, रेजीडेंट तथा पॉलिटिकल एजेंट के पदों पर नियुक्त होते थे। ब्रिटिश पॉलिटिकल ऑफीसर, स्वयं को अन्य राजनीतिक पदाधिकारियों की अपेक्षा अधिक आभिजात्य एवं अधिक अधिकार सम्पन्न समझते थे।

भारतीय नरेशों के दरबार में नियुक्त पॉलिटिकल अधिकारी, लॉर्ड एलनबर्ग का उदाहरण देते थे जो ब्रिटिश सरकार की मित्रता एवं शक्ति का प्रतिनिधि था। इसी प्रकार राजपूताना की रियासतों में नियुक्त पॉलिटिकल ऑफीसर दोहरे कार्य करते थे। एक तरफ तो वे राज्य में पूर्णाधिकारी बन गये थे तो दूसरी ओर वे परमोच्च शक्ति के प्रतिनिधि थे। इस प्रकार वे रियासतों में संधि के पालन का अवलोकन करते थे एवं रियासत में सामान्य प्रशासन तथा शांति पर नियंत्रण रखते थे।

राजस्थान के केन्द्र में स्थित होने के कारण, अजमेर चारों ओर से राजपूत रियासतों से घिरा हुआ था। अत: राजनीतिक दृष्टि से अजमेर का अत्यंत महत्व रहा।नये आर्थिक परिवेश से समाज के ऊपर भी परिवर्तन का दबाव रहता है, अजमेर मेरवाड़ा के संदर्भ में यह कथन सत्य प्रतीत होता है। क्योंकि इस क्षेत्र में बैंकिंग ने नई ऊँचाइयां हासिल की। इसके अतिरिक्त आर्य समाज की अवधारणा की अजमेर की अबोहवा में घुलनशीलता इस क्षेत्र की शेष भारत के हिस्सों से संबद्धता एवम ईसाई मिशनरियों ने जनजागृति एवम नूतन चेतना के संचार ने अजमेर एवम् मेरवाड़ा में एवम् वहाँ के जन-मन में प्रभाव स्थापित किया। इससे यहाँ का अल्प शिक्षित एवम् आभिजात्य वर्ग भी अपने को सक्रिय करने में जनजागरण को द्रुत गति का संचार प्रदान करने में सहयोग दिया।

गांधीवादी दर्शन का संप्रभुत्व समूचे अजमेर एवम् मेरवाड़ा पर पड़ा। इस प्रकार भारत के राजनीतिक माहौल में व्याप्त ब्रिटिश क्रूरता और इनकी दमन विरोधी नीति के हस के लिए असहयोग आन्दोलन का माहौल तैयार किया गया। इसके प्रति अजमेर एवम् मेरवाड़ा की जनता में मिश्रित प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई और इस आन्दोलन के धनात्मक एवम् ऋणात्मक पक्ष सामने आए।

अजमेर एवम् मेरवाड़ा में असहयोग आन्दोलन की शुरुआत हो गई और इसके साथ ही साथ लोगों ने सरकारी नौकरियों से त्यागपत्र देना शुरु किया। कुछेक लोगों ने ब्रिटिश उपाधियों को स्वीकार करना छोड़ दिया और सरकारी उत्सवों का विरोध होना शुरु हो गया। इस क्रम में कृष्ण गोपाल गर्ग एवम् ओंकार लाल पांकली राल का योगदान सराहनीय है कि इन लोगों ने भारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भी सरकारी नौकरियों की तिलांजलि दे दी।

गौरीशंकर एक प्रतिष्ठित व्यापारी थे और विदेशी वस्त्रों का व्यापार की अधिक मुनाफा होने के बाद भी तिलांजलि दे दी। चाँदकरण शारदा ने एक वकालत की डिग्री लेते हुए भी अपनी सारी उपाधियों का बहिष्कार किया।[6] इन सारे लोगों ने 136 व्यवसायियों को एकत्र करके ब्यावर, नसीराबाद और केकड़ी में विदेशी वस्त्रों और

सामानों को इकट्ठा करके होली जला डाली।[7] लगभग 50 प्रतिशत छात्रों ने हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित संस्कृत परीक्षा छोड़ दिया और सड़क पर धरना में शामिल हो गये।

शेष हिन्दुस्तान की तरह अजमेर एवं मेरवाड़ा भी हड़ताल की आग में सुलग रहे थे। प्रिंस ऑफ वेल्स का अजमेर एवम् मेरवाड़ा में बहिष्कार किया गया। सन् 28 नवम्बर 1921 को वह अजमेर आए तो सारे शहर में हड़ताल ने उनका स्वागत किया और सारे शहर में बन्दी रही। यहाँ तक कि उनके स्वागत में सजाये लेखा-वन्दन और रोशनी का भी अजमेरवासियों ने बहिष्कार किया।

इसके बाद अजमेर एवम् ब्यावर में धरने-प्रदर्शन आये दिन होने लगे। इसलिए सरकार ने भी अजमेर के कमिशनर के माध्यम से क्रिमिनल प्रोसीजर कोर्ट की धारा 144 के अन्तर्गत हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा दिया। इस प्रतिबंध का पुरजोर विरोध हुआ। परिणामस्वरूप कई लोग गिरफ्तार हो गये एवम् कई लोगों ने गोली खान से परहेज भी नहीं किया। इसके अलावे सरकारी सूचना पत्रों एवम् इश्तेहार भी जबरदस्ती हटा दिए गए।[8]

जहाँ तक अजमेर एवम् मेरवाड़ा प्रश्न है, यहाँ ऊँचे घराने की महिलाओं ने अपने तीखे तेवर दिखाये, जिससे ब्रिटिश सरकार की चूलें हिल गई। ये महिलाएँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवम् प्रधान नेताओं के परिवार की सदस्य रही। इन महिलाओं में विजयादेवी गुप्ता, भागीरथी देवी उपाध्याय, गोमती देवी भार्गव, राजरानी भार्गव, प्रेमलता भार्गव, अन्जना देवी एवं अन्य रही।

स्वातंत्र्य आंदोलन की घटनाएँ बिना किसी परवाह के परवान चढ़ती रही क्योंकि समय चक्र तो भारत की आजादी के हसीं सपने देख रहा था। अंतत: 09 अगस्त 1942 को कांग्रेस ने भारत छोड़ो आन्दोलन प्रायोजित किया। इसकी वजह से अजमेर एवम् मेरवाड़ा के 13 उल्लेखनीय नेताओं को गिरफ्त में ले लिया गया। इनमें चन्द्रगुप्त वार्ष्णेय, बालकिशन चंचल, कन्हैयालाल आजाद, जीतमल लूणिया, अब्बास अली एवम अन्य प्रमुख नेताओं को शामिल माना गया।[9] इस तरह प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी रहा लेकिन अजमेर एवम् मेरवाड़ा से यह आन्दोलन लगभग समाप्त हो चला था।

संदर्भ सूची

1. शर्मा, गोपीनाथ, राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2016, पृ. 136
2. होम पोलिटिक्स - 18/VIII/30 फोर्ट नाईटली रिपोर्ट फॉर द फर्स्ट एण्ड सैकंड हॉफ जुलाई, 1930/एन.ए.आई.
3. होम पोलिटिकल - 18/घ/30 फोर्ट नाईटली रिपोर्ट फॉर द फर्स्ट हॉफ ऑफ अगस्त, 1930/एन.ए.आई.
4. होम पोलिटिकल - 18/VI/30 फोर्ट नाईटली रिपोर्ट फॉर द फर्स्ट एण्ड सैकण्ड ऑफ हॉफ ऑफ मई, 1930/एन.ए.आई.
5. होम पोलिटिकल - 18/III/31 फोर्ट नाईटली रिपोर्ट फॉर द फर्स्ट हॉफ ऑफ मार्च, 1931/एन.ए.आई.
6. चान्दकरण शारदा पेपर्स/एन.एम.एम.एल.
7. कांग्रेस बुलेटिन XXV1921/चान्दकरण शारदा पेपर्स/ एन.एम.एम.एल.
8. राजूपताना एजेन्सी कान्फीडेन्सीयल ऑफिस / 95 / फाईल नम्बर 77 / रिपोर्ट ऑन खिलाफत एण्ड कांग्रेस वालेन्टीयर कोर ऑफ अजमेर बाय सुपरीटेनडेन्ट ऑफ पुलिस अजमेर-मेरवाड़ा / ग्रुप सी / पेड नम्बर 4 / आर.एस.ए.वी.
9. फाईल नम्बर पी-2 (II/1939) / अजमेर पी.सी.सी. डिस्पयूट/ ए.आई.सी.सी. पेपर्स/एन.एम.एम.एल.

ब्रिटिश कालीन भारत में पंचायत राज व्यवस्था: एक विश्लेषण

शालिनी

शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, राजस्थान जयपुर (राज.)

शोध सारांश

भारत में सत्ता की बागडोर जहां शीर्ष पर संसद के हाथों में है वहीं ग्राम स्तर पर पंचायतों में निहित है। भारत में पंचायत राज व्यवस्था वैदिक काल से वर्तमान तक किसी न किसी प्रकार से अवश्य ही रही है। अलग-अलग कालों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता रहा है। लेकिन उन सारी व्यवस्थाओं में एक साथ रहने, मिलजुल कर कार्य करने तथा अपनी तत्कालीन समस्याओं को पंचायत द्वारा निपटाने की प्रवृत्ति निरन्तर विकसित होती रही है। इस व्यवस्था का मूलमंत्र आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बन और सहकारिता है। अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली ने भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर निर्णायक प्रभाव डाला तथा ब्रिटिश काल में एक ओर परम्परागत स्वायतशासी संस्थाओं को प्रभावहीन बनाया तो दूसरी ओर परिवर्तित परिस्थितिओं में ग्रामीण स्वायतशासी संस्थाओं को अंग्रेजी शासन ने पुनर्जीवित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी ने भारत में पंचायती राज व्यवस्था का जो सपना संजोया था वह स्वतंत्रता के बाद साकार हो सका। भारत में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन प्रत्यक्ष रूप से शासन प्रारंभ हुआ। ब्रिटिश सरकार के प्रत्यक्ष नियंत्रण के पश्चात भारतीय प्रशासन में आमूल चूल परिवर्तन किये। इसी क्रम में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में स्थानीय स्वशासी संस्थाओं एवं पंचायत प्रणाली का भी विकास किया गया। इस शोध पत्र में ब्रिटिश शासन के द्वारा स्थानीय स्वशासन एवं पंचायत राज व्यवस्था की दिशा में किये गये प्रयासों का विश्लेषण किया गया है।

संकेताक्षर : *ग्रामीण विकास, स्थानीय स्वशासी संस्थाएँ, लोकतांत्रिक विकेन्द्रीयकरण, ग्रामीण स्वराज*

मानवीय सभ्यता के विकास के महत्वपूर्ण चरणों में समाज का गठन होना एक प्रमुख चरण है। समाज के जन्म के बाद रीति-रिवाज एवं परम्पराओं का विकास हुआ। मानवीय विकास के विभिन्न क्रमों में शासन पद्धतियों का भी विकास हुआ और उच्चतम शिखर से निम्नतम स्तर तक विभिन्न प्रणालियों को विकसित करने के विभिन्न सोंपान तय किये। पंचायती राज की परिकल्पना भी इसी परिवर्तन का रूप है। प्राचीन काल से ही पंचायतें हमारी सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था का अंग रही है। भारत में पंचायती राज का इतिहास बहुत पुराना है। प्राचीन काल में आपसी झगड़ों का फैसला पंचायत ही करती थी।[1]

संस्कृत के शब्द '**पंचायतन**' का शाब्दिक अर्थ पांच का मेल है अर्थात ''पांच व्यक्तियों का समूह'' जिसमें चारों वर्णो के प्रतिनिधियों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र के साथ पांचवें प्रतिनिधि ईश्वर को शामिल माना गया है। भारत के इतिहास में पंचायत की अवधारणा कोई नई बात नहीं है। वैदिक काल में भी पंचायतों का अस्तित्व था। ग्राम के प्रमुख को ग्रामीण कहते थे। वह सम्पूर्ण ग्राम का मुखिया होता था। शासन की प्रमुख इकाई महासभा होती थी, जहां राजा भी डरता हुआ जाता था कि कहीं उसे ही पदच्युत न कर दिया जाए। वेदों में महासभा को विस या समिति भी कहा गया है जिनका एक काम राजा का चुनाव करना भी होता था। महासभा में उस क्षेत्र के सभी निवासी शामिल होते थे और राजा को भी उसकी बैठकों में शामिल होना पड़ता था।[2] महाकाव्यकाल में भी सभा एवं छोटे राज्यों का भी उल्लेख मिलता है। मनुस्मृति के अनुसार गाँव के अधिकारी को ग्रामिक कहा जाता था जिसका मुख्य कार्य कर वसूली करना था। दस गाँव के ऊपर नियुक्त कर्मचारी 'दसिक', बीस गाँव के कर्मचारी 'विंशाधिप', सौ गाँव के ऊपर नियुक्त कर्मचारी 'शतपाल' तथा एक हजार गाँवों के ऊपर के कर्मचारी का नाम 'सहस्त्रपति' था। इस प्रकार मनु ने स्थानीय शासन संगठन के स्वरूप का व्यवस्थित रूप से उल्लेख किया है।[3]

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी ग्रामीण प्रशासन की व्यवस्था का विस्तृत विवरण मिलता है। सभी ग्राम कर के आधार पर चार भागों में विभक्त थे-[4] (क) ग्रामाग्र इन, (ख) परिहारक,(ग) आयुधीय, (घ) वस्तुग्रामी। मौर्यकाल के समान ही गुप्तकाल एवं मुगल काल में भी पंचायती राज की संस्थाएँ क्रियाशील थी।

ब्रिटिश कालीन पंचायत राज व्यवस्था

वैदिक युग से अब तक स्थानीय स्वायत्त शासन भारतीय लोककल्याणकारी चिन्तन, नीतियों एवं कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण वैचारिक पक्ष रहा है। भारत में स्थानीय स्वशासन की जो संस्थाएँ वर्तमान में विद्यमान हैं उनका विकास अंग्रेजी शासन काल में हुआ है। ये संस्थाएँ आज निर्वाचक मण्डल के प्रति उत्तरदायी हैं। इन्हें विकास, प्रशासन तथा करारोपण की शक्तियाँ प्राप्त हैं तथा प्रजातन्त्र के पाठशाला के रूप में कार्य कर रही हैं। भारत में अंग्रेजों के लगभग 200 वर्षों के शासन के दौरान राज्य और सरकार के क्षेत्र में विविध परिवर्तन आये। विज्ञान एवं तकनीकी का शुभारम्भ हुआ तथा पश्चिमीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली ने भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर निर्णायक प्रभाव डाला। ब्रिटिश काल में एक ओर परम्परागत सामाजिक संस्थाओं को प्रभावहीन बनाया तो दूसरी ओर परिवर्तित परिस्थितियों में प्रशासनिक इकाइयों को पुनर्जीवित किया।[5] ब्रिटिश राज ने अपने प्रारम्भिक वर्षों में पारम्परिक संस्थाओं को समाप्त कर नई संस्थाओं की स्थापना की वहीं दूसरी ओर यह अनुभव किया कि भारत जैसे विशाल देश के प्रशासन का संचालन स्वायत्तशासी संस्थाओं के बिना सम्भव नहीं है। फलस्वरूप अपने प्रशासन की जड़ को मजबूत रखते हुए ब्रिटिश राज ने स्थानीय संस्थाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयास प्रारम्भ किये।

स्थानीय संस्थाओं का प्रारम्भ 1687 में हुआ जब कोर्ट ऑफ डाइरेक्टर्स के आदेश पर मद्रास नगर निगम की स्थापना की गई। 1726 में मुम्बई व कलकत्ता नगरपालिकाओं की स्थापना की गई। 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट के अनुसार प्रत्येक नगर में शांति न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनका कार्य नगरों में सफाई, सड़कों की सुरक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था एवं न्याय प्रदान करना था। 1870 में लार्ड मेयो द्वारा अपने प्रस्ताव के तहत प्रशासनिक कुशलता हेतु लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण को अनिवार्य माना एवं स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की स्थापना पर बल दिया। इसी प्रस्ताव में स्थानीय शासन संस्थाओं को ब्रिटिश नमूने पर स्थापित किया गया। 1870 में बंगाल चौकीदार अधिनियम द्वारा परम्परागत ग्रामीण संस्थाओं की स्थापना की गयी। इस अधिनियम द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को गाँवों के नामांकित सदस्यों की पंचायतें गठित करने का अधिकार दिया गया।[6] इस संदर्भ में चार्टर एक्ट 1793 एवं म्यूनिसिपल एक्ट 1842 हमारा विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं। 1863 में ग्रामीण क्षेत्र में नये प्रयास की शुरूआत देखी जा सकती है। अंग्रेजी राज ने बहुत ही सीमित स्तर पर स्थानीय इकाइयों की स्थापना की।

स्थानीय स्वशासन को पुनर्जीवित करने के इतिहास में 1870 में लॉर्ड मेयो के प्रस्ताव को हम महत्वपूर्ण स्थान दे सकते हैं क्योंकि मेयो द्वारा वित्तीय प्रशासन में विकन्द्रीकरण की नीति अपनाई गई। 1817 और 1830 के बीच इन संस्थाओं के कार्य और दायित्व में विस्तार किया गया। 1842 के पूर्व तक प्रेसिडेन्सी नगरों के अतिरिक्त स्थानीय संस्थाओं की व्यवस्था और कहीं नहीं स्थापित हो पाई। लार्ड रिपन तथा स्थानीय स्वशासन स्थानीय स्वशासन पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने से ज्ञात होता है कि 1882 के पूर्व स्थानीय शासन की संस्थाएँ पूर्णरूपेण अभारतीय थी। कम्पनी राज की समाप्ति तथा ब्रिटिश सम्राट के अधीन भारत में राष्ट्रीय चेतना का विकास हुआ और भारतीय लोगों की शासन में साझेदारी को लेकर आकांक्षाएं उभरने लगी।[7] भारत के तत्कालीन वॉयसराय लॉर्ड रिपन ने भारतीय लोगों के मन में विकसित इन प्रवृतियों को पहचानते हुए स्थानीय शासन को पुनर्जीवित करने में पहल की। वैसे देखा जाय तो उनका लक्ष्य भारतीय लोगों को राजनीतिक शिक्षा प्रदान करना और इन संस्थाओं के माध्यम से जनमानस को पश्चिमी विचारों से अवगत कराना था।[8] लॉर्ड रिपन को हम आधुनिक भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक मानते हैं तथा स्थानीय स्वशासन के क्षेत्र में 18 मई 1882 के प्रस्ताव को मील का पत्थर माना जाता है। 1882 के अधिनियम पारित करने वालों की मान्यता था कि प्रारंभिक समय में ही वे संस्थाएँ सफल हो जायेगी ऐसी बात नहीं हैं, परन्तु धीरे-धीरे ये संस्थाएँ मजबूत होती जायेंगी और इनकी कार्य क्षमता एवं सक्रियता बढ़ती जायेगी। लार्ड रिपन का मानना था कि इन संस्थाओं को अपने क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए। सरकार उन पर नियंत्रण रखे तथा यदि वे मार्ग से विचलित हो रही हो तो उन्हें सही मार्ग पर लाने का प्रयास करें। उनका विचार था कि ऐसा करने से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का कार्य भी हल्का होगा। इन संस्थाओं को केवल कर अदा करने वाली संस्था न मानकर प्रशासनिक सहायक अभिकरण मानना ज्यादा लाभकर होगा।[9]

1882 के स्थानीय शासन के सम्बन्ध में लार्ड रिपन ने निम्न प्रस्ताव रखे जिसके माध्यम से उसने भारत में स्थानीय स्वशासन का मार्ग दर्शन किया:-

1. राज्य सरकार का स्थानीय संस्थाओं पर बाहर से अप्रत्यक्ष नियंत्रण होना चाहिए। नियंत्रण करने वालों को चाहिए कि वे स्थानीय संस्थाओं को परामर्श देकर कार्य कराये। बार-बार की चेतावनी के बाद जब उनका कार्य उचित नहीं हो तभी उनको भंग करना चाहिए।
2. निर्वाचन का नियम अपनाया जाना चाहिए परन्तु, यह आवश्यक नहीं कि सभी स्थानों पर निर्वाचन का एक ही सिद्धान्त लागू किया जाए। शहरों को वार्डों में विभक्त कर, यदि आवश्यकता न हो तो पूरे शहर को एक वार्ड मानकर, निर्वाचन की व्यवस्था की जानी चाहिए। व्यवसाय एवं सम्प्रदाय को भी मतदाता सूची तैयार करने में अपनाया जा सकता है।
3. स्थानीय संस्थाओं में अधिकांश सदस्यों को गैर-सरकारी होना चाहिए। यदि संभव हो तो नगर पालिका का अध्यक्ष भी गैर सरकारी ही हो।
4. शहरों में नगरपालिकाएँ तथा ग्रामीण क्षेत्रों में यूनियन बोर्डो तथा जिला बोर्डो की स्थापना की जानी चाहिए।
5. स्थानीय संस्थाओं के कार्य संपादन के लिए आर्थिक व्यवस्था आवश्यक हो तथा इसके लिए उसे कुछ कर लगाने का अधिकार होना चाहिए। नगरपालिकाओं को अपना बजट निर्मित करने की इजजात मिलनी चाहिए।
6. स्थानीय संस्थाओं के कार्मिकों को तथा सरकारी सेवाओं के प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को इन संस्थाओं के नियंत्रण में कार्य करना चाहिए।
7. प्रस्ताव के सम्बन्ध में यह स्वीकार किया गया कि प्रत्येक राज्य सरकार अपनी स्थानीय परिस्थिति के अनुसार इसकी व्यवस्था करेंगी।

इस प्रस्ताव के परिणामस्वरूप 1883-84 में राज्यों में नगरपालिका अधिनियम पारित कर उन्हें पूर्व की तुलना में विशेष अधिकार प्रदान किये गये। नगरपालिकाओं में गैर-सरकारी निर्वाचित सदस्यों की संख्या बढी। नगर पालिका की अधिकांश आय पहले पुलिस प्रशासन पर व्यय की जाती थी जिस पर इसका कोई नियंत्रण नहीं था। वह राशि अब शिक्षा, चिकित्सा तथा स्थानीय लोकनिर्माण में व्यय करने के लिए आवंटित होने लगी। लार्ड रिपन के प्रस्ताव में स्थानीय संस्थाओं को सरकार के वित्तीय तथा प्रशासकीय बोझ कम करने वाले अभिकरण के स्थान पर जनता को प्रशासन में सहभागी बनाने का अभिकरण माना गया। इस प्रस्ताव में स्थानीय संस्थाओं को अधिक स्वायत्तता प्रदान की गई जिसे तत्कालीन नौकरशाही ने पसंद नहीं किया इस कारण उसका व्यापक कार्यान्वयन नहीं हो पाया। सरकारी पदाधिकारियों का नगरपालिका अध्यक्ष बनना कायम रहा। निर्वाचन के सिद्धान्त के आधार पर सीमित मतदान पद्धति अपनायी गयी। लेकिन लार्ड रिपन का प्रस्ताव उसके उत्तराधिकारी लार्ड कर्जन की उदासीनता के कारण ज्यादा दिनों तक कार्यान्वित नहीं हो पाया क्योंकि उसे भारतीयों की क्षमता पर विश्वास नहीं था।[10]

लार्ड कर्जन तथा स्थानीय स्वशासन

लॉर्ड कर्जन के शासन काल में भी अनेक परिर्वतन हुए। 1907 में तत्कालीन ब्रिटिश शासन में प्रान्त तथा केन्द्र के बीच वित्तीय एवं प्रशासनिक सम्बन्धों की दृष्टि से सी.ई.एच. हॉब हाउस की अध्यक्षता में रॉयल कमीशन की स्थापना की गई जिसे विकेन्द्रीकरण आयोग के नाम से जाना गया। 1909 में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और इस बात को रेखांकित किया कि यदि हमें जन सहयोग प्राप्त करना है तो ग्रामीण जन को विश्वास में लेना होगा। इन सिफारिशों को स्वीकार करने के उपरान्त भी स्थानीय स्वशासन में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं आ पाया।[11] वास्तविक रूप से ब्रिटिश सरकार का मूल उद्देश्य ग्रामीण विकास करना नहीं था बल्कि वे भारतीय प्रशासन की सुदृढ़ता के विरुद्ध थे तथा उनका एक मात्र उद्देश्य भारत का शोषण था। चूंकि राष्ट्रवाद के उदय के साथ ही स्वाधीनता आन्दोलन के नेताओं में ग्रामीण विकास के लिए चेतना जाग्रत हुई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पच्चीसवें इलाहाबाद अधिवेशन, 1910 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने ब्रिटिश सरकार से ग्राम पंचायतों की स्थापना की माँग रखी। इसके बाद अगले अधिवेशनों में कार्मिक रूप से ग्रामीण विकास से सम्बन्धित कई माँगें रखी। अन्ततः ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीय नेताओं के दबाव में आकर स्थानीय स्वशासन हेतु विभिन्न प्रान्तों में अनेक अधिनियम पारित किये गये[12] - बंगाल स्थानीय सरकार अधिनियम, 1919, मद्रास स्थानीय सरकार अधिनियम, 1920, बम्बई ग्राम पंचायत अधिनियम 1920, उत्तर प्रदेश पंचायत एक्ट, 1920, बिहार स्थानीय सरकार अधिनियम, 1920, सी.पी. पंचायत एवं अधिनियम 1920, पंजाब पंचायत अधिनियम, 1922, आसाम स्थानीय सरकार अधिनियम, 1925, मैसूर पंचायत अधिनियम, 1928 आदि।

माण्टेग्यू ने ब्रिटिश हाउस ऑफ कामन्स (1917) में घोषणा की कि ब्रिटिश सरकार की नीति भारत में उत्तरदायी सरकार की स्थापना करना है। सरकार प्रशासन के प्रत्येक अंग में भारतीयों की सहभागिता के लिए उत्सुक है। इसको ध्यान में रखते हुए 16 मई, 1918 को भारत सरकार ने विकेन्द्रीकरण आयोग के सुझाव को ध्यान में रखते हुए कुछ प्रस्ताव रखे-

1. स्थानीय संस्थाओं में निर्वाचित सदस्यों का बहुमत हो।
2. ग्राम पंचायतों का गठन किया जाय।
3. स्थानीय संस्थाओं का अध्यक्ष गैर-सरकारी निर्वाचित सदस्य ही हो।
4. स्थानीय संस्थाओं को करारोपण, बजट निर्माण तथा कार्य के सम्बन्ध में स्वीकृति देने का अधिकार हो।
5. स्थानीय संस्थाओं की संरचना में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए जिससे अधिक व्यक्ति इन संस्थाओं में भाग ले सकें।
6. सरकार को, कार्मिक प्रशासन के सम्बन्ध में, नियम-निर्मित कर उनका वास्तविक शासन स्थानीय संस्थाओं के जिम्मे छोड़ देना चाहिए।
7. प्रान्तीय सरकारों को नगरपालिकाओं को अवक्रमित करने, उनके प्रस्ताव को कार्यान्वित करने से रोकने आदि का भी अधिकार प्राप्त है, यदि ये संस्थाएँ उनका प्रयोग करने में अक्षम या शक्तियों का दुरूपयोग करने के लिए दोषी पाये जायें।

इस प्रस्ताव में स्थानीय संस्थाओं तथा पंचायती राज व्यवस्था का उद्देश्य जनता को प्रशासन में सहभागी बनाकर उन्हें राजनैतिक शिक्षा देना था। उनमें निर्वाचन पद्धति को बढ़ावा देकर, निर्वाचित सदस्यों का बहुमत हो इसका प्रयास किया गया। नगरपालिकाओं को पहले की अपेक्षा अधिक वित्तीय अधिकार के साथ ही साथ उनके कार्मिकों पर उनके द्वारा नियन्त्रण का आधार बढाया गया। प्रांतीय सरकारों का आन्तरिक नियंत्रण रोकने तथा बाह्य नियंत्रण सीमा को निर्धारित करने का प्रयत्न किया गया। उस काल में ग्रामीण संस्थाओं का उचित विकास नहीं हो पाया। हम कह सकते हैं कि द्वितीय काल में पूर्व की अपेक्षा ग्रामीण स्थानीय संस्थाएँ ज्यादा कारगर रहीं। मुख्य लाभ यह हुआ कि भारतीय नागरिकों में राजनैतिक चेतना विकसित हुई तथा उनमें प्रशासनिक क्षमता का अनुभव बढ़ा। शहरी एवं ग्रामीण स्थानीय संस्थाओं का राजनीतिक महत्व तथा उनकी उपयोगिता को वे समझने लगे। भारतीय नागरिक उनकी खामियों को अंकित कर सुधार की मांग करते हुए अधिक राजनीतिक एवं प्रशासनिक सहभागिता के लिए प्रयत्न करने लगे। उस काल में स्थानीय संस्थाओं की संरचना में कोई आमूल-चूल परिवर्तन नहीं हुआ, परन्तु सुधार के लिए ठोस कदम उठाया गया जिससे भारतीय नागरिक लाभान्वित हुए।[13] ब्रिटिश साम्राज्य की केन्द्रीकृत शासन व्यवस्था के विरुद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस ने स्थानीय स्वशासन की मांग पुरजोर शब्दों में उठायी थी। भारत सरकार ग्राम पंचायतों से लेकर अन्य निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को स्थान देगी। 1914 में प्रथम विश्वयुद्ध के आगाज के साथ-साथ भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन भी पूरी तेजी पकड़ चुका था। जिसके फलस्वरूप ब्रिटिश सरकार आम भारतीय का समर्थन चाहती थी। 1920 और 1924 के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने गांधीजी के नेतृत्व में ग्रामीण अंचल में पंचायतों की स्थापना पर जोर दिया और कई स्थानों पर पंचायतों की स्थापना भी की गई।[14]

1919 का भारतीय शासन अधिनियम एवं पंचायती राज व्यवस्था

1919 में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत शासन अधिनियम पारित किया जो 1920 में लागू हुआ। इस अधिनियम में स्थानीय पंचायत शासन विभाग को प्रांत के निर्वाचित मंत्रियों के हस्तांतरित विषयों में सम्मिलित कर लिया गया तथा स्थानीय प्रशासन को जवाबदेह बनाया गया। लेकिन इसी के साथ एक परिवर्तन यह हुआ कि सम्पूर्ण भारत में स्थानीय शासन के क्षेत्र में अब तक जो एकरूपता पायी जाती थी वह अब नहीं रही क्योंकि स्वायत्त शासन का विषय केन्द्र सरकार के हाथों से निकल कर प्रांतीय सरकारों के अधीन आ गया। 1919 के भारत शासन अधिनियम के बाद प्रान्तों में पंचायतों, नगर पालिकाओं आदि के लिए अलग से कई अधिनियम बनाए। इसमें स्थानीय संस्थाओं का गठन पूर्ण रूप से निर्वाचन के आधार पर किया गया। इस कारण स्थानीय संस्थाओं का अध्यक्ष पद भी अब गैर-सरकारी सदस्यों को दिया जाने लगा था इससे स्थानीय प्रशासन पर सरकारी नियंत्रण कुछ कम हो गया। इस अधिनियम के द्वारा स्थानीय निकायों को अधिक से अधिक शक्तियां और जिम्मेदारियां देने का प्रयास किया गया। इन सबके बावजूद स्थानीय स्वशासन के क्षेत्र में बहुत अधिक प्रगति नहीं हो सकी। इस दौरान निचले स्तर तक लोकतंत्र तो पहुंचा लेकिन साथ ही इन संस्थाओं की कार्यकुशलता में कमी भी देखी गयी। इसके अलावा स्थानीय संस्थाएँ राजनेताओं के प्रभाव में आ गयी जिस कारण वे कामकाज में पक्षपात का शिकार हो गयी।[15]

1935 का भारत शासन अधिनियम और पंचायती राज

1935 में भारत सरकार अधिनियम पारित किया गया जिसमें द्वैध शासन के स्थान पर उत्तरदायी सरकार की व्यवस्था की गई।

इस अधिनियम द्वारा पहली बार प्रान्तीय सरकारों को सीमित स्वायत्तता प्रदान की गयी। उनकी वैधानिक व्यवस्था में परिवर्तन हुआ। इस अधिनियम का प्रान्तीय भाग 1937 में लागू किया गया जिसके परिणामस्वरूप बिहार, उत्तर प्रदेश, मुम्बई, मद्रास, मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा में कांग्रेस की सरकार गठित हुई। सभी प्रान्तीय विषय मन्त्रियों को हस्तांतरित कर दिये गये। यह व्यवस्था भी की गयी कि इनका शासन राज्यपाल मन्त्रियों की सहायता से करें। मन्त्रिमण्डल के सभी सदस्य विधान मण्डल के सदस्य होते थे। वे अपने कार्यों एवं नीति के लिए विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायी थे। प्रांतीय स्वायत्तता की व्यवस्था लागू होने पर स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य-सरकारों ने कई ठोस कदम उठाये। बम्बई, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में नगरपालिकाओं की समस्या का अध्ययन एवं उनमें सुधार के लिए कई समितियाँ गठित की गयी। अन्य प्रान्तों में भी स्थानीय संस्थाओं में सुधार के लिए विधेयक पेश किये गये। प्रान्तीय स्वराज व्यवस्था ने कार्य करना प्रारम्भ ही किया था कि 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारम्भ हुआ।[16] भारत सरकार अधिनियम, 1935 में प्रान्तीय स्वायत्तता का प्रावधान किया गया जिसका स्थानीय शासन संस्थाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा तथा इन संस्थाओं को अधिक गति मिली। निर्वाचित सरकार इन संस्थाओं को पहले की तुलना में अधिक धन उपलब्ध करा सकती थी। प्रान्तीय एवं स्थानीय करों के बीच जो विभाजन था उसे समाप्त कर दिया गया। स्थानीय स्वायत्त शासन के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रजातंत्र की आधारशिला के रूप में इसे स्वीकृति दी गई तथा लगभग सभी प्रान्तों में स्थानीय संस्थाओं को अधिक कार्यभार दे दिया गया। विशेषत: नगर पालिकाओं तथा पंचायतों के कार्यक्षेत्र में विस्तार हुआ। पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा पुरूषोत्तम दास टंडन जैसे महान् राजनीतिज्ञों ने स्वायत्त शासन संस्थाओं में कार्य किया। किन्तु इन संस्थाओं की कर लगाने की शक्तियों में वृद्धि नहीं करके कम कर दी गई। नये कर लगाने से पूर्व प्रान्तीय सरकारों से आज्ञा लेनी आवश्यक थी तथा चुंगी बढ़ाने, व्यापारों, व्यवसायों एवं सम्पत्ति पर कर लगाने की शक्तियां कम करके विकेन्द्रीकरण आयोग की सिफारिशों को अनदेखा किया गया। 1939 में प्रान्तीय मंत्रिमंडलों द्वारा त्याग पत्र दिये जाने से स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं का विकास अवरुद्ध हो गया।

स्थानीय संस्थाएँ जिन समस्याओं से जकड़ी हुई थी उनमें कुछ स्थानीय एवं राजनैतिक तथा कुछ द्वैध शासन के कारण थी। मध्यप्रदेश में 1935, उत्तर प्रदेश में 1938 तथ बम्बई में 1939 में स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं की समस्याओं का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए समितियाँ गठित की गयी। इन समितियों ने अपने प्रतिवेदन में सुझाव प्रस्तुत किए परन्तु 1939 में कांग्रेसी सरकारों के भंग होने के कारण उनका कार्यान्वयन नहीं हो पाया। बम्बई की प्रान्तीय सरकार ने प्रान्तीय तथा स्थानीय संस्थाओं के बीच वित्तीय सम्बन्ध, स्थानीय स्वशासन को प्रशासनिक स्तर, परिषद का अधिकार तथा कार्यक्षेत्र निर्धारित करने आदि के सम्बन्ध में अध्ययन कर सिफारिश देने के लिए एक समिति गठित की। कई राज्यों में वहाँ ग्राम-पंचायतें गठित की गई तथा स्थानीय संस्थाओं को कुछ अधिकार दिये गये। मध्य प्रदेश की प्रांतीय सरकार ने वहां की स्थानीय संस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत अध्ययन कर उसमें सुधार हेतु उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित की। समिति ने समस्याओं का अध्ययन कर आंशिक परिवर्तन के लिए सिफारिश की परन्तु प्रान्तीय सरकार द्वारा त्याग-पत्र दे देने के कारण वे सिफारिशें लागू नहीं हो पायी। 1939 से 1946 तक की अवधि में भारत संवैधानिक संकट रहा जिस कारण स्थानीय संस्थाओं के विकास की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका। इनके सम्बन्ध में केवल विचार-विमर्श होते रहे। जब पुन: 1946 में कांग्रेसी सरकारें गठित हुई तो स्थानीय संस्थाओं के सम्बन्ध में समितियों के जो प्रतिवेदन आये थे उनके अनुरूप कार्यान्वयन होना प्रारम्भ हुआ।[17]

ब्रिटिश शासन काल में भारत में स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं के स्वरूप में मौलिक परिवर्तन आया। स्थानीय स्वायत्त संस्थाएँ स्पष्टत: दो भागों में विभक्त थी शहरी एवं ग्रामीण। स्वतंत्र भारत में स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं के जिस रूप को अपनाया गया वह ब्रिटिश शासन की विरासत माना जाता है। ब्रिटिश शासन काल में स्थानीय संस्थाओं को स्थापित करने का लक्ष्य वस्तुत: साम्राज्यवादी वित्तीय बोझ को हल्का करना था न कि भारत में स्थानीय संस्थाओं का विकास करना। अत: ब्रिटिश सरकार ने जिला स्तर पर प्रान्तीय सरकार के विभिन्न विभागों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन चलाने की नीति अपनाई।[18] इस सम्पूर्ण विश्लेषण के आधार पर हम कह सकते हैं कि भारत में पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था प्राचीन समय से दिखाई देती है। प्राचीन भारतीय इतिहास में पंच, पंचायत एवं ग्रामीण प्रशासन के कई स्वरूप देखने को मिलते हैं। बाद में ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान भी स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज व्यवस्था पर जोर दिया गया। महात्मा गांधी स्वयं ग्राम स्वराज्य एवं पंचायत प्रणाली के पक्षधर थे। फिर भी आज जो स्वरूप पंचायती राज का है, वह ब्रिटिश काल में भी नहीं उभर पाया था। इस प्रकार वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था पूर्णत: लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण एवं ग्राम स्वराज की संकल्पना को साकार करती है।

सन्दर्भ सूची

1. मुखर्जी, राधा कुमुद, 'द लोकल गवर्नमेण्ट इन एनसिमेण्ट इण्डिया, मोतीलाल बनारसीदास, पटना, 1958, पृ. 11
2. पुरोहित, अमित, 'पंचायती राज व्यवस्था, पत्रिका प्रकाशन, जयपुर, 2010, पृ. 13
3. मनुस्मृति (7/115/116)
4. विद्यालंकार, सत्यकेतु: मौर्य साम्राज्य का इतिहास, इण्डियन प्रेस, इलाहाबाद, 1928 पृ.210-211
5. सिंह, बामेश्वर, भारत में स्थानीय स्वशासन, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2012 पृ. 9
6. जोशी, आर.पी. एवं मंगलानी, रूपा, पंचायती राज के नवीन आयाम, यूनिवर्सिटी हाउस प्रा.लि., नई दिल्ली, 2007
7. खन्ना, बी.एस., पंचायती राज इन इंडिया : रूरल लोकल सैल्फ गवर्नमेन्ट, दीप एण्ड दीप पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, 1996, पृ 9
8. जैन, राजेन्द्र, भारत में संघीय वित्त व्यवस्था, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल,19771, पृ.101
9. वैंकट चलैया, एम एवं पिताम्बरा, एम, लोकल गर्वनमेन्ट इन इण्डिया, पृ. 6
10. झा, चेतकर, भारतीय स्थानीय स्वशासन, नोवेल्टी एण्ड कम्पनी, पटना, 1969, पृ. 46
11. सिंह, साहेब, और सिंह, रवीन्द्र, लोकल गवर्नमेन्ट इन इण्डिया,, ओरियन्ट लोंगमैन, नई दिल्ली, 1987, पृ. 85
12. कुरूक्षेत्र, (हिन्दी मासिक) वॉ प अंक 1 नई दिल्ली, अक्टूबर, 1991, पृ. 32
13. सिंह, बामेश्वर, उपर्युक्त, 2012, पृ. 15
14. भटनागर, एस., रूरल लोकल गवर्नमेन्ट इन इण्डिया, ओरियन्ट लोंगमेन, नई दिल्ली, 1987 पृ. 85
15. सिंह, सुखवीर, राजस्थान पंचायती राज कानून यूनिक ट्रेडर्स, जयपुर, 2011, पृ. 57
16. शर्मा, एम.पी., लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट इन इंडिया, किताब महल, इलाहाबाद, 1980, पृ 4
17. सिंह, बामेश्वर, उपर्युक्त, नई दिल्ली, 2012, पृ. 19
18. जोहरी, जे.सी., भारतीय राजनीति, विशाल पब्लिकेशन, आगरा, 1986, पृ. 505-508,

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षिक ई-संसाधन

डॉ. हेमा ठाकुर

पुस्तकालयाध्यक्ष, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ विविध प्रकार की पुस्तकें, पत्रिकाएँ, समाचार पत्र, पाँडुलिपियां, फिल्में, नक्शे, प्रिंट, दस्तावेज, ई-किताबें ऑडियों, पुस्तकों, डेटाबेस आदि का संग्रह रहता है। लाइब्रेरी शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द लाइवर से हुई जिसका अर्थ है, पुस्तक। पुस्तकालय एक सामाजिक जन संस्था है जो निरंतर समाज कल्याण में रत रहते हुए ज्ञानी और अज्ञानी को समान रूप से ज्ञान वितरित करती है। यह एक सेवाभावी संस्था है और जन-जन की बौद्धिक क्षुधा को शांन्त करने का सक्षम साधन है। पुस्तकालय और समाज को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। पुस्तकालय मानवता के विकास की आधारशिला है। किसी भी देश की संस्कृति तथा सभ्यता इसके पुस्तकालय में सुरक्षित रहती है। पुस्तकालय बौद्धिक, सांस्कृतिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पुस्तकालय किसी भी देश के सांस्कृतिक आन्दोलन का प्रमुख स्रोत होता है। अत: प्रत्येक राष्ट्र के जीवन में पुस्तकालय का विशेष स्थान होता है।

संकेताक्षर : *ई-जर्नल, ई-संसाधन, ई-पुस्तक*

प्राचीन पुस्तकालय 2600 ई.पू. में होने के संकेत सुमेर संग्रहालय में मिले हैं जिसमें कुछ कीलाकार लिपि में लिखने के संकेत मिले हैं। 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में भी कुछ पुस्तकालय होने के संकेत मिले हैं जिसमें मिट्टी की गोलियों के अभिलेखागार शामिल हैं। भारत वर्ष में ग्रन्थों के संग्रह करने की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। प्राचीन भारत में बौद्ध बिहारों में ग्रन्थ सृजन तथा संरक्षण कार्य होता था । देश में अनेक बड़े-बड़े पुस्तकालय विद्यमान थे। नालन्दा के विश्वविद्यालय प्रधान रत्नोदधि और रत्नरंजन अपने नाम के अनुरूप ही उपयोगी थे। आधुनिक भारत में भी कई विशाल पुस्तकालय स्थापित किए गए जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण 19वीं शताब्दी में 30 जनवरी 1903 का संस्थापित कलकत्ता पब्लिक लाइब्रेरी विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

ई-संसाधन

पिछले कुछ दशकों से कम्प्यूटर द्वारा जानकारी एकत्र की जा रही है। इंटरनेट वेब लगातार संचार के साधनों के विकास को प्रभावित कर रहे है। पुन: प्राप्ति ज्ञानवर्द्धन के लिए इंटरनेट का उपयोग किया जा रहा हैं। विश्वविद्यालयी पुस्तकालयों में शोध कार्य के लिए ये बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इस महत्त्व का कारण डिजिटल ई-संसाधनों का कम खर्चीला, स्थांनतरित एवं अधिक उपयोगी होना है। सूचना प्रौद्योगिकी ने आज इस स्वरूप को बदल दिया है। आज के आधुनिक पुस्तकालय न केवल महत्त्वपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं बल्कि इनकी सेवाओं और तकनीक में भी बदलाव आ चुका है। पुस्तकालयों का पांरपरिक सेटअप एक विश्व भौतिक स्थान के अन्दर था जिसने एकीकृत डेटा केन्द्रों को रास्ता दे दिया। नेटवर्किंग के जरिए विश्व भर के डेटा स्रोतों का इस्तेमाल करके पुस्तकालय को पूर्ण रूप से उन्नत बनाया जा सकता है।

ई-संसाधनों की आवश्यकता

वर्तमान युग सूचना युग है। प्रत्येक व्यक्ति विश्वसनीय और सही जानकारी पुस्तकालयों और सूचना केन्द्रों से मिलने की उम्मीद रखता हैं। भारत में पुस्तकालय नई जानकारी के लिए इन चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए स्वयं को तैयार कर रहें हैं। बहुत से पुस्तकालय डिजिटल और नेटवर्क की जानकारी काफी समय से उपयोग में ला रहे हैं। आज पुस्तकालय परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं चुनौतियों, सिकुडते बजट, स्थान की कमी और प्रकाशनों की बढ़ती लागत और दूसरी तरफ सूचना के क्षेत्र में प्रगति से

उत्पन्न जानकारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इस कारण पिछले कुछ दशकों ने पूरे परिपृश्य को बदल दिया है। आज एक विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में ई-संसाधनों की उपलब्धता बहुत आम है अगर पिछले कुछ समय से शिक्षकों और शोधार्थियों के बीच ऑनलाइन संसाधनों की प्राथमिकताओं और विचारों पर प्रकाश डाला जाए तो पिछले कुछ दशकों के दौरान कम्प्यूटर के उपयोग में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया हैं। सूचना संसाधन में कम्प्यूटर के आवेदन दृश्य के लिए उत्पाद व सेवाएँ हैं। इंटरनेट और वेब लगातार विद्धानों के संचार एवं नए तरीके के विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

भारत की उच्च शिक्षा में ई -संसाधनों की भूमिका

संरक्षण और ज्ञान का संचार भारत में तेजी से हो रहा है। आजादी के समय महाविद्यालयों की संख्या 500 थी जो वर्ष 2012- 2013 में लगभग 35000 के पार पहुँच गई हैं। सन् 2010 के बाद इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन ने भारतीय शिक्षा का स्वरूप बदल दिया हैं। ई-संसाधन सभी विश्वविद्यालयी पुस्तकालयों में उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं।

शोध के उद्देश्य

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षिक ई-संसाधनों की सूची तैयार करना।

शोध के उपकरण

शोध उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए शोधार्थी ने निम्न उपकरण का निर्माण किया।

पडताल सूची (चैक लिस्ट)

विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षिक ई-संसाधनों की सूची तैयार करना।

तालिका 1: विभिन्न विश्वविद्यालयों में ई-डेटाबेस की उपलब्धता

क्र.सं.	विश्वविद्यालयों के नाम	ई-संसाधन	ई-संसाधन निम्न स्रोतों से लिए गये हैं।	संख्या
1.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर	अमेरिकन कैमिकल सोसायटी; अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; अमेरिकन फिजीक्ल सोसायटी; एनुअल रिव्यु; सांइस डाईरेक्ट (10 सब्जेक्ट कलैक्शन); आक्सफोर्ड यूनिवसिर्टी प्रेस; जे-स्टोर; प्रोजेक्ट इक्यूड; रॉयल सोसायटी ऑफ कैमिस्ट्री; एसआईएएम; स्प्रीगर लिंक; टेलर एण्ड फ्रांसिस	इनफ्लिबनेट	12
2.	राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	सांइस फाइन्डर स्कॉलर; रॉयल सोसायटी ऑफ कैमिस्ट्री; जे. गेट; अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; एनुअल रिव्यु; कैम्ब्रीज; यूनिवसिर्टी प्रेस; इकोनोमिक्स पॉलिटिक्लस वीक्ली; इल्सवायर सांइस; जे. स्टोर; आक्सफोर्ड युनिर्वसिटी प्रेस; रॉयल सोसायटी ऑफ कैमिस्ट्री; एच. डब्ल्यू विल्सन	इनफ्लिबनेट	12
3.	कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर	कैब; एब्सट्रेक्ट; एग्रिस; एग्रीकोला	आई.सी.ए.आर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)	3
4.	मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर	आई.ई.ई.ई.; डेलनेट; जे.गेट; इनफ्लिबनेट	प्रकाशकों द्वारा	4
5.	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर	वेस्ट लॉ; मनुपात्रा; जे. स्टोर; हेन ऑनलाईन; लेक्सिस नेक्सिस; क्लुवर एब्रिटेरेशन	प्रकाशकों द्वारा	6
6.	आयुर्वेद चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर	डेलनेट	जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली	1
7.	राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा	डेलनेट; आई.एम.पी.; ए.एस.पी.; एमराल्ड; आई.ई.ई.ई.; जे.गेट; सांइस डायरेक्ट; आई.ई.एल.	जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली प्रकाशकों द्वारा	8
8.	वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा	डेलनेट; इनफ्लिबनेट	जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली इनफ्लिबनेट	2
9.	जयपुर नेशनलन विश्वविद्यालय, जयपुर	डेलनेट; जे.गेट; आई.ई.ई.ई.; नेचर; बेन्थम; मनुपात्रा	जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली प्रकाशकों द्वारा	6
10.	एमिटी विश्वविद्यालय, जयपुर	एबस्को; आई.ई.ई.ई.; ए.सी.एम. डिजिट; टेलर एण्ड फ्रांसिस; अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; आक्सफोर्ड प्रेस; बिबिलियोग्राफी डेटाबेस; एस स्पेन; कोपेक; इलिस्ट; एरिक; एच.सी.आई बिबिलियोग्राफी; एन.यू.सी.एम.ई.; ओल्सटर; मेडलाईन; सांइस एफ.एफ. आर. डेटाबेस; आई.यू.सी.ई.ई	प्रकाशकों द्वारा	17

उपर्युक्त तालिका 1 विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में ई-डेटाबेस की उपलब्धता को दर्शाती है।

विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध डेटाबेस की सूची तैयार करने पर शोधार्थी ने पाया कि सबसे अधिक डेटाबेस 17 निजी विश्वविद्यालय एमिटी के पुस्तकालय में उपलब्ध है और सबसे कम डेटाबेस 01 का उपयोग राज्य सरकार द्वारा संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्वविद्यालय जोधपुर में हैं।

इन डेटाबेस की सूची तैयार करते समय शोधार्थी ने यह भी पाया की इन सभी विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में कुछ डेटाबेस **इनफ्लिबनेट** केन्द्रीय विश्वविद्यालय अजमेर, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, **डेलनेट** मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्वविद्यालय जोधपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर **जम्मू गेट** मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा, जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर, एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर **आई.ई.ई.ई** मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, तकनीकि विश्वविद्यालय कोटा, जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर, एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर **जे स्टोर** केन्द्रीय विश्वविद्यालय अजमेर, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर ये कुछ ऐसे डेटाबेस हैं जो लगभग सभी विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों में उपलब्ध हैं।

तालिका 2 : विभिन्न विश्वविद्यालयों में ई-जर्नल की उपलब्धता

क्र. सं.	विश्वविद्यालयों के नाम	ई-संसाधन	ई-संसाधन निम्न स्रोतों से लिए गये हैं।	संख्या	क्र.सं.
1.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर	अमेरिकन कैमिकल सोसायटी; अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; एनुअल रिव्यु; सांइस डाईरेक्ट (10 सब्जेक्ट कलैक्शन; आक्सफोर्ड प्रेस; जे-स्टोर; प्रोजेक्ट इक्यूड; स्प्रीगर लिंक; टेलर एण्ड फ्राँसिस	इजिनियरिंग फिजिक्स विधि इजिनियरिंग मैनेजमेन्ट इजिनियरिंग विधि	49; 33; 39; 1036; 206; 2585; 79; 1613; 1079	6719
2.	राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर	अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; अमेरिकन फिजिक्ल सोसाइटी; एनुअल रिव्यु; कैम्ब्रीज यूनिर्वसिटी प्रेस; इकोनोमिक्स पॉलिटिक्लस वीक्ली; इण्डियन जर्नलस; इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स; जे-स्टोर; आक्सफोर्ड यूनिर्वसिटी प्रेस; रायल सोसाईटी ऑफ कैमिस्ट्री; एच.डब्ल्यू विल्सन; सेग पब्लिकेशनस; कनसोटीयम; नेचर	फिजिक्स फिजीकल विधि विधि फिजिक्स कैमिस्ट्री एजुकेशन मैनेजमेन्ट बेसिक सांइस	18; 10; 33; 224; 01; 180; 46; 2500; 206; 29; 3000; 359; 289; 1189	8084
3.	कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर	टेलर एण्ड फ्राँसिस; आई.सी.ए.आर.	होम सांइस डेयरी कृषि भूमि	1399; 1197; 1309	3905
4.	मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर	इनफ्लिबनेट; डेलनेट; जे-गेट; आई.ई.ई.ई.	इजिनियरिंग	2391; 1961; 1759; 2169	8280
5.	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर	वेस्ट लॉ; मनुपात्रा; जे-स्टोर; हेन ऑनलाईन; लेक्सिस नेक्सिस; क्लुवर एब्रिटेरेशन	केवल विधि सम्बन्धित पुस्तकें	1597; 99; 1295; 2367; 1191; 1451	8000
6.	आयुर्वेदिक चिकित्सक विश्वविद्यालय जोधपुर	डेलनेट; नेचर	केवल चिकित्सा सम्बन्धि पुस्तकें	2295; 3199	5494
7.	राजस्थान तकनीकि विश्वविद्यालय कोटा	आई.एम.पी.; ए.एस.पी.; डेलनेट; जे-गेट; टाटा मैक्ग्राहिल	इंजिनियरिंग	1597; 1091; 1997; 2091; 824	7600
8.	वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा	डेलनेट; इनफ्लिबनेट	सभी संकायों से सम्बन्धित	2129; 2200	4329
9.	जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर	डेलनेट; जे-गेट; आई.ई.ई.ई.; मनुपात्रा; बेन्थम; नेचर	ऐजुकेशन इंजिनियरिंग मैनेजमेन्ट इंजिनियरिंग मैनेजमेन्ट विधि नर्सिंग लाईफ साइंस	162; 899; 1802; 145; 04; 23; 2399;	5413
10.	एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर	अमेजन डेटाबेस; डेलनेट; कैम्ब्रीज प्रेस; इनफ्लिबनेट; आई.ई.ई.ई. एक्प्रोलर; ए.सी.एम. डिजीटल लाइब्रेरी; इन टच	सभी संकायों से सम्बन्धित इंजिनियरिंग लॉ मैनेजमेन्ट इंजिनियरिंग सभी संकायों से सम्बन्धित रिर्सच डेटाबेस एम. टेक	10900; 10972; 1597; 2493; 1697; 10742; 377; 595	39,373

उपर्युक्त तालिका 2 विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में ई-जर्नल की उपलब्धता को दर्शाती है।

शोधार्थी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में जाकर पाया कि सभी विश्वविद्यालयों में विभिन्न डेटाबेस के माध्यम से ई-जर्नल उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

शोधार्थी द्वारा लिए गए विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक ई-जर्नल निजी विश्वविद्यालय एमिटी के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं जो इस विश्वविद्यालय में चल रहे सभी संकायों से सम्बन्धित हैं। इनकी संख्या 39,373 है जबकि सबसे कम ई-जर्नल की उपलब्धता महाराणा प्रताप कृषि औद्योगिकी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। जिनकी संख्या 3905 हैं। ई-जर्नल की उपलब्धता सभी विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में हैं।

तालिका 3 : विभिन्न विश्वविद्यालयों में ई-पुस्तकों की उपलब्धता

क्र.सं.	विश्वविद्यालयों के नाम	ई-संसाधन	ई-संसाधन निम्न स्रोतों से लिए गये हैं।	संख्या	कुल संख्या
1	केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है
2	राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर	कैम्ब्रीज बुक्स; ई-लाइब्रेरी; ई.बी.एस.सी.ओ. हॉस्ट-नेट लाइब्रेरी; हिन्दुस्तान बुक एजेन्सी; इंस्टीट्यूट ऑफ साइथ ईस्ट; एसीयन स्टेडीस (आई.एस.ई.ए.एस.); ऑक्सफोर्ड स्कॉलरशीप; स्प्रींगर ई-बुक्स; सेग पब्लिकेशन ई बुक्स; टेलर फ्रासिंस ई-बुक्स; लाई लाइब्रेरी- मैक्ग्राहिल	आर्टस कॉमर्स सांइस सोसयल सांइस एजुकेशन इंजिनियरिंग इंजिनियरिंग लॉ एम.जी.एम.टी	1800; 83000; 936; 65; 382; 1402; 2300; 1000; 1800; 1124	93809
3	कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर	सी.आर.सी पब्लिशर्स	कृषि सम्बन्धित	48	48
4	मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर	इनफ्लिबनेट; डेलनेट	सोसयल सांइस मैनेजमेन्ट लॉ डिपार्टमेन्ट लाइब्रेरी सांइस	171; 695; 997; 395	2258
5	राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर	हेन ऑनलाईन; क्लुवर एब्रिटेरेशन	विधि सम्बन्धित	3123; 2877	6000
6	आयुर्वेदिक चिकित्सक विश्वविद्यालय जोधपुर	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है
7	राजस्थान तकनीकि विश्वविद्यालय कोटा	टाटा मैक्ग्राहिल; ए.एस.टी.एम. डिजिटल लाइब्रेरी	इंजिनियरिंग	2076	2076
8	वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है
9	जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है	उपलब्ध नहीं है
10	एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर	इन टेक; इनफॉटरिव; इरोम ऑनलाईन	इंजिनियरिंग होटल मैनेजमेन्ट इंजिनियरिंग मैनेजमेन्ट सभी संकायों से सम्बन्धित	2420; 15969; 1000	19,389

उपर्युक्त तालिका 3 विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध ई- पुस्तकों की उपलब्धता को दर्शाती है।

शोधार्थी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में जाकर पाया कि सबसे अधिक ई -पुस्तकों की उपलब्धता राज्यस्थान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में इनकी संख्या 93809 है। यह ई-पुस्तकें विभिन्न संकायों से सम्बन्धित हैं। जबकि कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पुस्तकालय सबसे कम ई-पुस्तकें उपलब्ध है। इनकी संख्या 48 है। इसके विपरीत कुछ ऐसे विश्वविद्यालय भी हैं जिनमें अभी तक ई-पुस्तकों की उपलब्धता नहीं है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय अजमेर, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, जयपुर नेशनल विश्वविद्यालय जयपुर, आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्वविद्यालय जोधपुर, अभी इन विश्वविद्यालयों में ई-पुस्तकों की उपलब्धता नहीं है।

- ई-संसाधनों में सबसे अधिक उपलब्धता निजी विश्वविद्यालय एमिटि के पुस्तकालय में होने का कारण प्रबन्धक समिति का इनके प्रति जागरूक होना एवं अधिक बजट राशि का प्रावधान होना है।
- ई-जर्नल एवं ई-थीसिस की सबसे अधिक उपलब्धता निजी विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में होने का मुख्य कारण पाठकों को नवीनतम् जानकारी उपलब्ध करवाना और अपने विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को बढाना है। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों के प्रवेश की मात्रा में वृद्धि होगी।
- ई-पुस्तकों का राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में सबसे अधिक उपलब्ध होने का कारण यह राज्य सरकार द्वारा संचालित है इनको धन राशि यू.जी.सी. द्वारा पर्याप्त मात्रा में मिलती है। जिसके फलस्वरूप वे ई-पुस्तकों पर अधिक व्यय करते हैं।
- ई-पत्रिकाओं की उपलब्धता 04 विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में होना यह दर्शाता है कि वे इनके प्रति जागरूकता रखते हैं।

निष्कर्ष

विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षिक ई-संसाधनों की सूची तैयार करने पर निष्कर्ष में पाया कि एमिटि निजी विश्वविद्यालय में सबसे अधिक 17 डेटाबेस इसके विपरीत सबसे कम आयुर्वेदिक चिकित्सा विश्वविद्यालय जोधपुर में उपलब्ध है। कुछ डेटाबेस जैसे इनफ्लिबनेट, डेलनेट, जम्मू गेट एवं आई. ई.ई.ई. अधिकांश विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। एमिटि निजी विश्वविद्यालय में सबसे अधिक 39373 ई-जर्नल इसके विपरीत सबसे कम कृषि प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में 3925 उपलब्ध हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में सबसे अधिक 93809 ई-पुस्तकें तथा सबसे कम कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में 48 उपलब्ध पायी गयी। ई-पुस्तकों का राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में सबसे अधिक उपलब्ध होने का कारण यह राज्य सरकार द्वारा संचालित है इनको धन राशि यू.जी.सी. द्वारा पर्याप्त मात्रा में मिलती हैं। जिसके फलस्वरूप वे ई-पुस्तकों पर अधिक व्यय करते हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. एनी, ओकन, ई, टूवार्डस इफेक्टीव डेवलपमेन्ट ऑफ इलैक्ट्रोनिक इनफॉर्मेशन रिसोसिस इन यूनिवसिर्टी लाइब्रेरीस वॉल्यूम 20 (6-7)
2. केबेडे, जी, द चेन्जींग इनफोर्मेशन नीड ऑफ आनसर्स इन इलेक्ट्रॉनिक्स इनवायरमेन्ट, द इलेक्ट्रॉनिक लाईब्रेरी वॉल्यूम, 2002, 20(1)
3. क्लाइन, एल., शैक्षणिक पुस्तकालयों में इलेक्ट्रॉनिक पुस्तक बाजार का विकास पुस्तकालीय के संग्रह अधिग्रहण और तकनीकी सेवा वॉल्यूम 2000, 24(2)
4. काओ, जेड, ली, एस., अमेरिका प्रिट अखबारों के संचलन पर इंटरनेट समाचार पत्रों में बढने के प्रभाव एक मुख्य धारा अध्ययन न्यू जर्सी लारे: एसोसिएट्स, 2006
5. युंग, डी, एस., इंटरनेट सुविधाओं, पैटर्न की पहचान और पाठकों के उपयोग का अनुमान लगाया संगगणन द्वारा संचार के जर्नल वॉल्यूम (3), 2008
6. गर्रिजन, एस., एक डिजिटल क्रांति डिजिटल युग में मीडिया और सांस्कृतिक इत्पादन के पुनर्मूल्यांकन की राजनीति और सामाजिक विज्ञान अमेरिका अकादमी का इतिहास, 2005, 597(13)
7. ओझा. आर., छात्रों की प्रवेश यूनिवर्सिटी कॉलेज अस्पताल में उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक सूचना संसाधन के बारे में जागरूकता नाइजीरिया के विश्वविद्यालय. लाईब्रेरी के लांगोस जर्नल और सूचना विज्ञान वॉल्यूम 3(1), 2005
8. नेहरू, जे., दी स्पेशल कॉनवॉकेशन इलाहाबाद यूनिर्वसिटी, क्राइटिड इन यू.जी.सी. रिपोर्ट दिसम्बर, 1947, पृ. 309-310
9. इण्डियन यूनिर्वसिटी एजुकेशन कमिशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, 1948-49, पृ. 34-45
10. इण्डियन यूनिर्वसिटी ऐजुकेशन कमिशन, एन.सी.आर.टी. 1971, दिल्ली, 1964-66, पृ. 274-75
11. इण्डियन यूनिर्वसिटी कमिशन (कोलकात्ता) .चैयरमैन मिशेल सेलडर रिपोर्ट, गर्वमेन्ट प्रिटिंग ऑफिस, शिमला, 1968, पृ. 279-88

आई.एस.आई.एस. आतंक का विश्व पर प्रभाव

डॉ. कौसर फिरदौस जाफरी

राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर (राज.)

शोध सारांश

आई.एस.आई.एस का प्रमुख अबु-बकर-अल-बगदादी है। आई.एस.आई.एस स्वयं को ''इस्लामी खलीफा मानता है'' और पश्चिमी इराक और पूर्वी सीरिया में विशाल भूमि पर इसका नियंत्रण है। अपने नियंत्रण क्षेत्रों से बाहर भी ये संगठन प्रतिशोध लेता रहता है। आई.एस.आई.एस से समर्थन रखने वालों द्वारा 'लोन वुल्फ' जैसे आतंकवादी हमलों को प्रेरित किया। आई.एस.आई.एस ने सोशल मीडिया पर अपना आक्रामक चेहरा दुनिया को दिखाने की रणनीति में वृद्धि की। इस संगठन ने कई लोगों का सिर कलम किया जिसमें अमरीकी पत्रकार जेम्स फौले भी शामिल हैं। जब इन्होंने उत्तरी इराक के शहर सिंजर पर कब्जा कर लिया और वहाँ रह रहे अलपसंख्यक यजीदी समुदाय को फाँसी व महिलाओं के साथ बलात्कार करने लगे, ये आतंकवाद का बर्बर रूप स्थापित करना चाहते थे। यदि भारत आई.एस.आई.एस के खिलाफ सक्रिय रूप से खडा होता है तो यहाँ आतंकवादी हमलों की संख्या और बढ सकती है। भारत को अमरीका के साथ बांग्लादेशी सरकार के प्रति अपने दृष्टिकोण को पंक्तिबद्ध करना चाहिए और खुफिया जानकारी को उचित रूप से साझा करना चाहिए। आई.एस.आई.एस को रोकने के उपायों में सैन्य विकल्प के साथ-साथ, कूटनीतिक उपायों का भी प्रयोग करना पडेगा, आय के स्त्रोतों पर नियंत्रण करना होगा और जो देश आई.एस.आई.एस की मदद करें इसके साथ भी कडे से कडा व्यवहार करना होगा, अन्य देशों से जो युवा इस संगठन के सदस्य बनने के लिए ईराक जाते है इन्हें इसके विरूद्ध जागरूक करना होगा।

संकेताक्षर : *खलीफा, फिदायीन, यजीदी, जिहादी, फिरौती, युद्धपोत, सी.आई.ए, एन.आई.ए, नाटो, संयुक्त राष्ट्र शांति सेना*

आई.एस.आई.एस का प्रमुख अबु-बकर-अल-बगदादी है। आई.एस.आई.एस स्वयं को ''इस्लामी खलीफा मानता है'' और पश्चिमी इराक और पूर्वी सीरिया में विशाल भूमि पर इसका नियंत्रण है। बगदादी कथित तौर पर सीरिया से था।

यह कई महीनों तक अमरीका की दक्षिणी ईराक की जेल में कैद था जिसे 2004 में छोड दिया था। विश्व के अन्य कट्टरपंथी संगठनों अफगानिस्तान से लेकर नाइजीरिया तक की आई.एस.आई.एस में निष्ठा है।

जिन क्षेत्रों मे आई.एस.आई.एस का नियंत्रण है वहां से ईसाईयों व शियाओं का नरसंहार किया। अपने नियंत्रण क्षेत्रों से बाहर भी ये संगठन प्रतिशोध लेता रहता है। आई.एस.आई.एस से समर्थन रखने वालों द्वारा 'लोन वुल्फ' जैसे आतंकवादी हमलों को प्रेरित किया।

स्त्रोत:https://www.theguardian.com/world/2014/jun/22/isis-take-border-crossings-iraq-syria-jordan[1]

आई.एस.आई.एस की संरचना[2]



स्त्रोत: सी.एन.एन, टेररिज़्म रिसर्च एण्ड एनालिसिस कोनर्सोटियम

सीरिया में गृह युद्ध छेडने व इसके प्रमुख शहरों पर कब्जा करने के लिए आई.एस.आई.एस पहला विद्रोही समूह बन गया। 2014 में जल्दी ही इस संगठन ने इराक के मोसुल पर कब्जा कर लिया, जब तक कि वह बगदाद की सीमाओं मे नहीं था। कुछ ही हफ्तों बाद ही इन्होंने खुद को खलीफा के रूप मे स्थापित किया व सभी मुसलमानों को इनमें निष्ठा स्थापित करने को कहा। आई.एस.आई.एस ने सोशल मीडिया पर अपना आक्रामक चेहरा दुनिया को दिखाने की रणनीति में वृद्धि की। इस संगठन ने कई लोगों का सिर कलम किया जिसमें अमरीकी पत्रकार जेम्स फौले भी शामिल हैं। जब इन्होने उत्तरी इराक के शहर सिंजर पर कब्जा कर लिया और वहाँ रह रहे अलपसंख्यक यजीदी समुदाय को फाँसी व महिलाओं के साथ बलात्कार करने लगे, ये आतंकवाद का बर्बर रूप स्थापित करना चाहते थे।

आई.एस.आई.एस शक्तिशाली कैसे हुआ

अलग होने की भावना- इराक और सीरिया में सुन्नी समुदाय शिया और अलवाईत प्रमुख सरकार के आने से खुद को अलग-थलग महसूस करने लगे। आई.एस.आई.एस शिकार की भावना को आगे बढाकर इन समुदायों को हिंसा से नियंत्रण से रखने की भावनाओं से खेल रहा था। इन्होंने इस्लाम की व्याख्या घुमा-फिरा कर की व इस क्षेत्र से निकले हुए युवाओं को चारे की तरह प्रयोग किया।

अनइच्छुक सहयोगी- आई.एस.आई.एस ने सद्दाम हुसैन के धर्मनिरपेक्ष शासन के लेफ्टिनेंट जो कि इन जिहादियों को पसंद नहीं करते थे इन्हीं के साथ आई.एस.आई.एस ने अपने हिंसक साधनों से दमन करने के लिए इनका इत्तम प्रयोग किया।

ईराकी अराजकता- ईराक से अमरीकी सेना के जाने के बाद ईराक की सेना में बहुत भ्रष्टाचार था, इनके पास अत्याधुनिक हथियार थे और आई.एस.आई.एस के सामने ईराकी सेना कमज़ोर थी। अमरीका के अधिकतर हथियार आई.एस.आई.एस के हाथ लग गए थे।

जबरन वसूली- आई.एस.आई.एस के मौसूल पर कब्जा करने से पहले ये संगठन इराकी सरकार के नाक के नीचे जबरन वसूली का काम करता था। संभ्रात व व्यवसायी व्यक्तियों को सुरक्षित रहने के लिए 'सुरक्षा शुल्क' के नाम से वसूली देनी पडती थी। एक अनुमान के अनुसार इससे आई.एस.आई.एस को प्रतिदिन 1 मिलियन डॉलर की आय होती है।

कर लगाना व शोषण करना- एक बार आई.एस.आई.एस ने इलाकों व लोगों पर कब्जा कर लिया इन्होंने एक राज्य की तरह ही लोगों से कर वसूलना शुरू कर दिया। जो ईसाई व अल्पसंख्यक दूसरी जगह नहीं जाते इनसे अतिरिक्त कर वसूलते हैं। ईराक के सरकारी कर्मचारियों को अपने वेतन का 50 प्रतिशत कर देना होता है व कम्पनियों को 20 प्रतिशत अनुबंध व राजस्व कर देना होता है।

तेल बेचना- इनके द्वारा निकाले गए कुल तेल के इत्पादन का लगभग 34,000 से 40,000 बैरल प्रतिदिन है। यह संगठन प्रतिदिन 1.5 मिलियन डॉलर प्रतिदिन तेल से कमाता है। चूंकि

तेल समूहों के लिए तेल राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है, इसलिए तेल व्यापार अन्तर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन के लिए आई.एस.आई.एस से लडने का एक प्राथमिक लक्ष्य बन गया है।



स्त्रोत: यू.एस डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी ब्लूमबर्ग

लूटपाट करना- आई.एस.आई.एस ने जब 2014 में मोसूल पर कब्जा किया तो इसे सेन्ट्रल बैंक व अन्य छोटे बैंको से 429 अमरीकी मिलियन डॉलर लूटे। इसने बैंक के स्टॉक, गहनें, मशीनों आदि को भी लूट लिया। जहाँ से यह संगठन अपना कार्य संचालित कर रहा है वह विश्व के सम्पन्न पुरातत्विक क्षेत्रों में से एक है। नीहारूद, नीनेवे, हतरा जैसे पुरातात्विक स्थलों की कलाकृतियों को लूट कर चोर बाज़ार में बेचा जाता है। जुलाई 2015 की युनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार सीरिया व इराक में अवैध व्यापार ''औद्योगिक पैमाने'' पर हो रहा था।

अपहरण व मानव तस्करी- हालांकि यह आई.एस.आई.एस के राजस्व का प्रमुख साधन नहीं है फिर भी 2014 में 20 मिलियन डॉलर की कमाई हुई थी। 2014 में अमरीकी पत्रकार जेम्स फोले का अपहरण किया व फिरौती में 100 मिलियन यूरो मांगे, फिरौती न मिलने पर इसकी हत्या कर दी। इस संगठन की 320 मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष की आय होती है। पिछले वर्ष 5,270 महिलाओं का अपहरण कर मार दिया व अभी भी 3,144 महिलाओं को गुलामी के लिए मजबूर किया जा रहा है।[4]

आई.एस.आई.एस और प्रमुख राष्ट्र

अमरीका- अगस्त 2014 में अमरीका ने पश्चिमी और क्षेत्रीय शक्तियों के गठबंधन के बाद अमरीकी वायु सेना ने आई.एस.आई.एस के ठिकानों पर हवाई हमले किए। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा इराक और अफगानिस्तान में चले लम्बे और अलोकप्रिय युद्धों के बाद अपनी सेना को भेजने मे अनिच्छुक थे फिर भी इराक की सेना को प्रशिक्षण देने के लिए 3,500 सैनिकों को इराक भेजा। अमरीका ने आई.एस.आई.एस के विरूद्ध सीरिया व इराक के विद्रोही गुटों को हथियार दिए। 2017 में इराकी सरकार ने जब आई.एस.आई.एस से मोसूल के लिए युद्ध किया तो अमरीका ने इराकी सरकार का साथ दिया। मोसूल ऑपरेशन में पहली बार अमरीकी सेना ने खुले तौर पर इराकी सेनाओं के साथ सीमावर्ती लडाई में भाग लिया है।[5]

सऊदी अरब- क्षेत्रीय सुन्नी शक्ति सऊदी अरब आई.एस.आई.एस के खिलाफ सीरिया में अमरीकी नेतृत्व वाले सैनिक गठबंधन का हिस्सा है। रियाद भी अमरीकी सैनिकों द्वारा सीरिया के विद्रोही बलों को प्रशिक्षण के लिए ज़मीन देने के लिए मान गए। सऊदी के अधिकारी इस बात से चिंतित हैं कि आई.एस.आई.एस सऊदी के जिहादियों को राजशाही को चुनौती देने व इसे पलटने का प्रयास करेगा।

ईरान- यद्यपि ईरान इस मामले में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के विपरीत खडा है। यह अपने प्रतिद्वंदी राष्ट्र सऊदी अरब व अग्रणी सुन्नी राष्ट्रों के समक्ष आ खडा हुआ है। अमरीका जो इराक में सैन्य कार्यवाही कर रहा है इसका सहयोग नहीं कर रहा है जिसका ऐतिहासिक रूप से विरोध किया जा रहा है। ईरान ने अपने सैनिक ईराक में भेजने से अधिकारिक रूप से मना कर दिया है क्योंकि चार वर्षो में अफगान में स्थित 400 ईरानी सैनिक मारे जा चुके हैं।

ईराक- पूर्व शिया प्रभुत्व वाली सरकार ने इराक के सुन्नी समुदाय को हाशिए पर ला दिया, जिससे ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हुईं व उग्रवादी सुन्नी संगठन प्रमुखता में आ गई। जब आई.एस.आई.एस ने मोसूल में कब्जा कर लिया तब दक्षिण की ओर जाने से पहले ईराक ने अमरीका से हवाई हमले का अनुरोध किया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि सैन्य सहायता समावेशी सरकार के गठन पर निर्भर करती है। इन्होंने अगस्त 2014 में हवाई हमले शुरू किए।

सीरिया- मार्च 2011 में अपने शासन के विरूद्ध विद्रोह के बाद से राष्ट्रपति बशर-अल-असद ने बार-बार उग्रवादियों से सीरिया और व्यापक क्षेत्र के लिए खतरे की चेतावनी दी। राष्ट्रपति बशर-अल-असद ने उग्रवादियों के रूप में आतंकवादियों आई.एस और अल-कायदा के सहयोगी अल-नुसरा-फ्रंट की के तेज़ी से बढने का जो चित्रण दिया था पश्चिमी शक्तियों ने इसे खारिज कर दिया। हालांकि अब वे स्वीकार करते हैं कि सीरिया में इनके गढ पर हमला किये बिना इसे हराया नहीं जा सकता।

रूस- रूस कभी भी अमरीका के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा नहीं रहा लेकिन रूस ने सीरिया पर हवाई हमला शुरू कर दिए। इसके साथ ही कैस्पियन सागर में युद्धपोतों से मिसाइलों की भी

शुरूआत की। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि इन्होंने आतंकवादियों के गढ व आतंकवादियों को पर निशाना बनाया है। हालांकि अमरीका को यह डर है कि रूस वास्तव में सीरिया के राष्ट्रपति बशर-अल-असद के विरोधियों को लक्षित करता है जो रूस का सहयोगी हैं।

तुर्की- तुर्की आई.एस.आई.एस को हराना चाहता है क्योंकि सीरिया व इराक के साथ तुर्की की सीमा मे आगे बढ़ रहे हैं। जुलाई 2015 में सर्क के सीमावर्ती शहर में घातक बम विस्फोट में युवा कार्यकर्ता मारे गए व अक्टूबर में राजधानी अंकारा में बम विस्फोट में लगभग 100 लोग मारे गए तुर्की का मानना है कि यह हमले आई.एस.आई.एस ने करवाए थे। तुर्की ने अपने जेट विमान से सीरिया में आई.एस.आई.एस के ठिकानों पर हमले किए व नाटो के सदस्य राष्ट्र ने अमरीकी जेट विमानों को दक्षिण हवाई अड्डों का प्रयोग करने की अनुमति दे दी।

लेबनान- सीरिया में चल रहे गहरे संघर्ष के कारण लेबनान विभाजित हो गया। जिसके कारण इसे हिंसा व भारी संख्या में आ रहे शरणार्थियों से निपटना पडता है। अगस्त 2014 में सीरिया स्थित आई.एस.आई.एस लडाकों ने असराल के सीमावर्ती शहर पर हमला किया जिसमें लेबनान के दर्जनों सुरक्षा कर्मियों के अपहरण व हत्या की । इन आतंकवादियों ने बेरूत व अन्य जगहों पर हमले किए हमले किए हैं। इन्होंने ज्यादातर ईरानी सामानों, हिज़बुल्लाह व लेबनानी शिया समूहों को लक्षित किया है। लेबनान के प्रधानमंत्री तमाम सलीम ने चेतावनी दी है कि आई.एस.आई.एस का प्रसार एक बडी परीक्षा है जो हमारी किस्मत पर निर्भर करता है। इन्होंने अपने देश के धार्मिक व राजनीतिक गुटों को अपने मतभेदों को दूर रखने के लिए कहा ।

फ्रांस- फ्रांस 2014 से इराक में आई.एस.आई.एस को लक्षित करने में अमरीकी नेतृत्व का हिस्सा था। सितम्बर 2015 में सीरिया में पहला आक्रमण किया। राष्ट्रपति फ्रेंकोइस होलैंड ने 13 नवम्बर 2015 मे पेरिस में हुए घातक हमले के बाद आई.एस.आई.एस के खिलाफ हमले को तेज करने को कहा।

युनाइटेड किंगडम- ब्रिटेन की संसद ने दिसम्बर 2015 में इराक में आई.एस.आई.एस के विरूद्ध सीरिया के ठिकानों पर हमलों को और तेज़ करने के लिए मतदान किया। इस प्रस्ताव को कंजर्वेटिव सरकार द्वारा रखा गया था व श्रमिक नेता जेरेमी कोर्बिन ने इसका विरोध किया था।

कनाडा व आस्ट्रेलिया- कनाडा के प्रधानमंत्री ने पुष्टि की है कि वे इराक व सीरिया में हवाई हमलों से कनाडा के लडाकू विमानों को वापस ले लेंगे व अभियान प्रतिज्ञा को पूरा करेंगे। इन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ओबामा को अक्टूबर 2015 में कनाडा के आम चुनाव जीतने के बाद अपना निर्णय बताया। आस्ट्रेलिया आई.एस.आई.एस के सीरिया व इराक के ठिकानों को लक्षित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन का हिस्सा है।[6]

आई.एस.आई.एस की भारत में दस्तक

आई.एस.आई.एस की भारत में प्रभाव अभी कम है। हालांकि 2013-2016 के बीच आई.एस.आई.एस की कुछ घटनाएं देखी गई, अभी के लिए इनकी सफलता थम गई है। भारत के समृद्ध राज्यों मे आई.एस.आई.एस ने अपना नेटवर्क फैला है(केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र) ऐसा कहा जाता है कि विशेष रूप से बिहार और कश्मीर में आई.एस.आई.एस कट्टरता से ग्रस्त है। भारत में आई.एस.आई.एस के नये युवाओं को जाने से रोकने का अपेक्षाकृत अच्छा रिकार्ड है। भारत आई.एस.आई.एस की आभासी भर्ती व कट्टरता का सामना कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप कुछ युवा इस संगठन में शामिल हो रहे हैं व इराक व सीरिया में लड रहे हैं। इसके अलावा बाहरी खतरे के तौर पर बांग्लादेश की बढती उग्रवादी व कट्टर आबादी है जिससे आई.एस.आई.एस की पकड मज़बूत हो सकती है व भारत में आतंकवाद की घटनाएँ और बढ सकती हैं।

स्त्रोत: Indiatoday.in,new delhi 17nov 2015[7]

भारत के गृह मंत्रालय का अनुमान है कि 75 भारतीय आई.एस.आई.एस में शामिल हुए हैं। जितना दिख रहा है इससे कहीं ज्यादा इसका विकास भारत में हो रहा है। 2014 के प्रारंभ में युवाओं की सीधे भर्ती के बजाए ऑनलाइन भर्ती की घटनाएँ सामने आईं। मई 2014 में थाने के चार इंजिनियरिंग के छात्र इराक गए, जिनमें से एक वापस आ गया, दो को मार दिया गया और एक अभी भी संगठन का सदस्य है। जून 2014 से यह संगठन भारत को अपने खलीफा के मानचित्र में शामिल करना चाहता है।[8]

संयुक्त राष्ट्र सुंरक्षा परिषद के संकल्प 2170 में अधिकारिक रूप से

आई.एस.आई.एस की निंदा की व सदस्य राज्यों को इस संगठन के विरूद्ध कार्यवाही करने का प्रस्ताव रखा, इसके लगभग 6 माह बाद भारत ने भी आई.एस.आई.एस पर प्रतिबंध लगाया। इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने के लिए भारत के पास कई सम्भावित कारण हैं सबसे महत्वपूर्ण कारण 39 भारतीय बंधक जो कभी छोडे नहीं गए वे संभवत: मारे गए या अब तक छोडे नहीं गए। इंडियन मुजाहिद्दीन और सिमी दोनों ही कट्टरपंथी इस्लामी संगठन युवाओं को आई.एस.आई.एस. में शामिल होने में मदद कर सकते हैं।[9] यदि भारत आई.एस.आई.एस के खिलाफ सक्रिय रूप से खडा होता है तो यहाँ आतंकवादी हमलों की संख्या और बढ सकती है। आई.एस.आई.एस के खिलाफ वैश्विक व भारतीय कार्यवाही कट्टरपंथी लोगों के लिए आग में घी का काम कर सकती है। मई 2016 में तनवीर शेख ने आई.एस.आई.एस के प्रचारक विडियो में भारत में मुसलमानों पर हो रही हिंसा का बदला लेने का वादा किया और भारत को गम्भीर चेतावनी दी। भारत को अमरीका के साथ बांग्लादेशी सरकार के प्रति अपना दृष्टिकोण को पंक्तिबद्ध करना चाहिए और खुफिया जानकारी को उचित रूप से साझा करना चाहिए। अगर भारत अमरीका के साथ मिलकर आतंकवाद की सूचना साझा करता है व बांग्लादेश के खिलाफ मज़बूत रूख अपनाता है तो आई.एस.आई.एस के खिलाफ वैश्विक लडाई में सक्रिय भूमिका निभाता है तो घरेलू खतरों से लडने के लिए मज़बूत साझेदार मिल सकता है जो ट्रम्प सरकार के लिए मूल्यवान हो सकता है।[10]

निष्कर्ष

बगदादी अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद के लिए लादेन बनकर उभरा है और इसे रोकना संयुक्त राष्ट्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। नाटो और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना को इराक के मामले में और अधिक सक्रिय होना चाहिए। आई.एस.आई.एस को रोकने के उपायों में सैन्य विकल्प के साथ-साथ, कूटनीतिक उपायों का भी प्रयोग करना पडेगा, आय के स्त्रोतों पर नियंत्रण करना होगा और जो देश आई.एस.आई.एस की मदद करे इसके साथ भी कडे से कडा व्यवहार करना होगा, अन्य देशों से जो युवा इस संगठन के सदस्य बनने के लिए ईराक जाते है, इन्हें रोकना होगा ताकि वे आई.एस.आई.एस के बहकावे में न आ सके व इसके विरूद्ध युवाओं को जागरूक करना होगा।

संदर्भ

1. डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.दगर्जियन.कॉम
2. सीएनएन टेररिज़्म रिसर्च एण्ड एनालिसिस कोन्सोरटियम
3. यू.एस डिर्पाटमेंट आफ द ट्रेजरी ब्लूमबर्ग
4. हू फंड्स आई.एस.आई.एस. इनवेस्टोपीडिया
5. शिकागो ट्रिब्यून इन फाइनल स्टेजेज़ आफ मोसूल फाइट, यू.एस ट्रूप्स टेक ऑन एक्सपेंडेड रोल
6. बी.बी.सी न्यूज़ इस्लामिक स्टेट: व्येहर की कंट्रीज़ स्टेड
7. इंडिया टुडे.इन, न्यू दिल्ली 17दवअ 2015
8. एपन्यूज़र्कोनर.कौम
9. आई.एस.आई.एस ए ग्लोबल थ्रेट, आई.एस.आई.एस इज़ ए टेररिस्ट आर्गेनाईजेशन विच स्टटिड फ्राम ईराक एण्ड सीरिया, नाइ इट हैज़ बिकम ए थ्रेट टू द वर्ल्ड, पब्लिशिड आन दिसम्बर 7, 2015
10. टेसिमर नेटेली इज़ ए रिसर्च एसोसिएट एण्ड प्रोग्राम मैनेजर विद द वाधवानी चेयर इन यू.एस- इंडिया पोलिसी स्टडिज़ एट द सेंटर फोर स्ट्रेटजिक एण्ड इंटरनेशनल स्टडीज़

बालश्रम समस्या एवं मानवाधिकारवादी परिप्रेक्ष्य

डॉ. मृदुला शर्मा
पोस्ट डॉक्टोरल फैलो
यू.जी.सी., नई दिल्ली

शोध सारांश

बालश्रम एवं मानवाधिकारवादी अवधारणा समाज का अति संवेदनशील पहलू है क्योंकि बालक किसी राष्ट्र का भविष्य होता है। यदि उसके विकास की उन्नत स्थितियाँ पैदा नही की गई तो सम्पूर्ण देश का भविष्य अंधकारमय दिखाई देता है। सैद्धान्तिक रूप से बाल मानवाधिकारी का प्रतिपादन संवैधानिक एवं संविधानेत्तर संस्थाओं के माध्यम से किया गया है। लेकिन वर्तमान वैश्विकृत समय में बालश्रम एवं उनका उत्पीडन के आंकडों में निरन्तर वृद्धि होती दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय, राज्य अन्तराष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत इसके समापन के निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को दिशा निर्देश जारी हो रहे है। इसके बावजूद बालश्रम एवं उनके मानवाधिकारवादी व्यवस्थाओं का उल्लंघन निरन्तर दिखाई दे रहा है।

संकेताक्षर : *बाल मानवाधिकार, वैश्विक अभिसमय, राष्ट्रीय विधिक परिदृश्य*

बालश्रमिक एवं मानवाधिकारों की अवधरणा समाज के संवेदनशील पहलू से व्यापक रूप से जुड़ी हुई क्योंकि बालश्रम की समस्या मानवाधिकारों के उल्लंघन की समस्या है। मानव ने अपने बौद्धिक, अध्यात्मिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए ऐसे जीवन की कल्पना की जिसमें भय, दबाब, शोषण से मुक्त तथा ससम्मान जीवन निर्वाह कर सके। इस सम्पूर्ण व्यवस्था को बनाये रखने के लिए राज्य एवं व्यवस्था को बनाये रखने के लिए राज्य एवं सरकार संगठन का विकास किया गया। मानव सामाजिक व्यवस्था का अंग बनकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। तथा अपनी अर्न्तनिहित शक्तियों का विकास करता है। राज्य व्यक्ति अधिकारों को स्वीकार कर उन्हें मान्यता प्रदान करता है उसी से देश की सभ्यता संस्कृति की कसौटी का पता चलता है चूँकि राज्य का सर्वोत्तम उद्देश्य व्यक्ति का चहुँमुखी विकास करना है। लॉस्की के अनुसार अधिकार मानव जीवन की ऐसी परिस्थितियाँ है जिनके बिना कोई व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर सकता।[1]

मानवाधिकारों के सैद्धान्तिक परिपेक्ष्य में अनेक अधिकारों को शामिल किया गया हैं जो मनुष्य को मनुष्य होने के नाते प्राप्त हैं जो समाज में उनके सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। ये अधिकार बालकों को भी समान रूप से प्राप्त होते है। आज बालक इन अधिकारों से वंचित है उनका अनेक प्रकार से शोषण सामाजिक और शासन व्यवस्था में दिखाई देता है।

बालक मानव जीवन की नींव है बालक रूपी बीज से ही मानव वृक्ष का निर्माण होता है किसी राष्ट्र की भावी स्थिति का अनुमान वहाँ के बच्चों को देखकर लगाया जाता है क्योंकि ये आगे आने वाले भविष्य के कर्णधर होते है।

मेमी जेने कोल की पंक्तियाँ स्पष्ट है मैं बच्चा हूँ, सारी दुनियाँ मेरे आने का इंतजार करती है। पूरी पृथ्वी अभिरूचि के साथ आशा करती है कि मैं क्या बनूँगा। सभ्यता अधर में लटकी हुई है। जो आज मैं हूँ दुनिया कल वहीं होगी। मैं बच्चा हूँ। आप अपनी मुठ्ठी में मेरा भविष्य नियंत्रित किये हुए है, बहुधा आप निर्धरित करते है कि मैं सफल होऊँगा या असपफल। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि मुझे वे चीजे जो सुखी बनाती है प्रदान करें ताकि मैं सारी दुनियाँ के लिए वरदान बन सकूँ।[2]

मानवाधिकार की अवधरणा अति प्राचीन है जो मानवीय सुख, गरीमा एवं विकास से जुड़ी हुई है यह राष्ट्रीय स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक व्यापक हो गयी है। सर्वत्र इनकी मांग उठने लगी है ये विधिक मूल्य व्यक्तिगत एवं सामुहिक कल्याण को सुनिश्चित करते है तथा शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार से बचाते है। यद्यपि मानवाधिकारों को परिभाषित करना सरल नहीं है क्योंकि मानवीय

स्तर पर सामाजिक विभेद अधिक पाये जाते है, जैसे-भाषा, रंग, जाति, प्रजाति, धर्म के आधर पर इन सबके बावजूद भी सभी को मनुष्य होने के नाते अनिवार्य अधिकार मिले है वे ही मानवाधिकार है।[3]

विश्व के हर क्षेत्र में बालकों के अधिकारों का उल्लंघन होता है इसके कारण वे अपने जीने के अधिकार, विकास और सुरक्षागत व्यस्थाओं से वंचित हो जाते है और अपने पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कम उम्र में ही कार्य करने लग जाते है। इससे इन बालकों का शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। खेलने की उम्र में ही श्रम करना पड़ता है विद्यालय से शिक्षा अर्जन की जगह फैक्ट्रियों एवं कारखानों में कार्य करना पड़ता है पर्याप्त भोजन, आवास और सुरक्षा का हमेशा अभाव बना रहता है। बचपन से मोहताज ये बच्चे कम उम्र में ही व्यस्क जैसे दिखाई देने लगते है। यह स्थिति समाज, राष्ट्र और वैश्विक स्तर पर अधिक भयावह हैं। बालश्रमिकों की अनवरत रूप से बढ़ती संख्या इनके मानवाधिकारों के प्रति अनायास ही ध्यान आकर्षित करती है। समसामयिक विश्व स्थिति में बालकों के अधिकार एक प्रासांगिक विषय है जिसे समाज, सरकार एवं गैरसरकारी संगठनों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए भरसक प्रभावशाली कार्य करना पड़ेगा अन्यथा इसके परिणाम गंभीर भुगतने होंगे। बीसवीं सदी के प्रारंभ में श्रमिक संगठनों का निर्माण हुआ। जिनके माध्यम से मजदूरी की आयु तय की गयी। 1919 में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा 12 वर्ष से कम आयु के बालकों को श्रम पर न लगाये जाने की सिपफारिश की गई।[4]

इसके अतिरिक्त वैश्विक संगठनों की अनेकों प्रकार की सिपफारिशें श्रम क्षेत्र के नियोजन के संबंध में की गई। बालश्रम सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं नैतिक रूप से विद्यमान है इसके उन्मूलन के लिए देश में एवं देश से बहार विभिन्न मंचों पर चर्चाएँ की गई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बालश्रमिकों के मानवाधिकारों की सुस्थापना हेतु प्रयास किये गये।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास : औद्योगिक क्रांति की शुरूआत से सस्ते श्रम ने बालश्रम को बढ़ावा दिया जिसमें 12 से 14 घण्टे तक थकाऊ कार्य, बिना विश्राम के कम वेतन पर बालकों से कार्य करवाया जाने लगा जिसकी तरफ स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रगतिशील लेखकों तथा अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा संगठित प्रयास शुरू किये जिसमें मुख्यतया संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था ने 1946 में सामाजिक आयोग बनाकर कार्य प्रारंभ कर दिया तथा तत्पश्चात् जिनेवा घोषणा पत्रा का वैश्विक अवतरण करवाया। जिसमें कहा गया कि बालक को सामान्य विकास के लिए अपेक्षित साधन प्रदान करने चाहिए।[5]

उसे भूख, प्यास, बीमारी में सहायता दी जाए, अपराधी बालक को सुधरा जाए उसे प्रत्येक शोषण से मुक्त किया जाएँ ताकि वो अपना गरीमापूर्ण जीवन जी सके इस घोषणा को न्छण की महासभा ने 1959 में अंगीकार कर लिया जिसे अभिसमय के तौर पर महासभा ने 1989 में एक महत्त्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय दस्तावेज में बदल दिया। 1992 में भारत ने भी इसे अपनी मंजूरी प्रदान कर दी जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के हितों की सुरक्षा करना और उन्हें बढ़ावा देना है।[6]

इस तरह बचपन की एक नई परिभाषा बाल अधिकार समझौते में झलकती है यह प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय संधि है जिसमें बाल अधिकारों को वैधनिक मान्यता प्रदान की गई।[7]

इसे वर्तमान में लगभग 159 देशों द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। समझौते के माध्यम से बालकों की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुई और मजदूरी में लगने के रास्ते को रोकने का प्रयास किया।[8]

संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत एवं चीन के पास सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों के प्राप्ति की चाबी है क्योंकि बालश्रम का अधिकार इन्हीं देशों में अधिक है अत: इन्हें अपने यहाँ वर्ग विषमता, स्वास्थ्य, रोजगार आदि पर अध्कि सुनियोजित तरह ध्यान देने की आवश्यकता है यदि ऐसा नहीं किया गया तो बालकों के विकास के उचित अवसर उन्हें प्राप्त नहीं होंगे और इन्हें जीवन के विकास, सुरक्षा एवं सहभागिता के अधिकार से वंचित होना पड़ेगा जो उनका मानवाधिकार है।[9]

यूनिसेफ द्वारा अप्रत्यक्ष तौर पर बालश्रमिकों के पुनर्वास, विशेष विद्यालय, पूनर्वास सह कल्याण केन्द्रों की स्थापना के कार्यक्रम लगभग 138 देशों में चलाये जा रहे है। यह एक अर्द्ध स्वायत्त एजेंसी है जो बच्चों की देखभाल एवं विकास संबंधी वार्षिक रिपोर्ट का प्रतिवर्ष प्रकाशन करती है जिसमें प्राथमिक शिक्षा इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग, सरकारी बालश्रम कानूनों की समीक्षा, राष्ट्रीय बालश्रम उन्मूलन के तहत् चलाये जाने वाले विशेष विद्यालयों में नामांकन की सुनिश्चित तथा अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक रूपरेखा तय की जाती है। बाल पोषण पर यूनिसेफ की रिपोर्ट में सर्वाधिक कुपोषित बच्चे भारत में बताये गये है।[10]

इसके अतिरिक्त बालश्रम उन्मूलन के प्रयास 1992 में आइपैक इन्टरनेशनल प्रोग्राम फॉर ऐलिमिनेशन ऑफ चाइल्ड लेबर चलाया जा रहा है। जो कि एक स्वायत्तशासी संगठन है।

अमेरिका श्रम मंत्रालय द्वारा बाल मजदूरी उन्मूलन परियोजना भारत में चलायी जा रही है। जिसमें खतरनाक उद्योगों को चर्चित कर वहाँ बाल मजदूरों के पूर्नवास को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस

परियोजना में भारत के पाँच राज्य शामिल है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं दिल्ली। 1992 में कोलम्बो में गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों के सम्मेलन ने क्षेत्रीय सहयोग से बालश्रम समाप्ति पर जोर दिया गया। एक्स्टर्न सम्मेलन (फरवरी 2011), ओसिया सम्मेलन (2012) तथा स्टाकहोम सम्मेलन प्रमुख है। विश्व बैंक द्वारा भी बालश्रम उन्मूलन की दिशा में रचनात्मक कार्य किये जा रहे है।

राष्ट्रीय प्रयास : भारत में स्वतंत्राा प्राप्ति से पूर्व एवं वर्तमान तक अनेकों अधिनियम बनाये गये ताकि इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। कारखाना अधिनियम, 1881, खान अधिनियम, 1901, कारखाना संशोधित अधिनियम, 1911, भारतीय खान अधिनियम, 1926, भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1931, चाय जिला प्रवासी अधिनियम, 1931, बालश्रमिक बंधक अधिनियम, 1933, भारतीय खनन कानून, 1935, बाल नियोजन अधिनियम, 1938, स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार द्वारा श्रमिक कल्याण एवं बालश्रम उन्मूलन हेतु विभिन्न अधिनियमों को पारित किया। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संविधान में कार्य नियोजन को लेकर बालकों के द्वारा श्रम को प्रतिबंध्ति करने का प्रावधान वर्णित किया गया। संविधन का अनुच्छेद-23 में मानव का दुर्व्यापार और बेगार तथा इसी प्रकार अन्य बलात् श्रम निषेधित किया गया है। अनुच्छेद-24 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बालकों को किसी कारखाने, खान व अन्य जोखिम भरे कार्यों में नियुक्त नहीं किया जा सकता है साथ ही अनुच्छेद-21(क) में वर्णित किया गया है कि राज्य 6-14 वर्ष के बालकों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा अनुच्छेद-39(ड) राज्य बालकों की सुकुमार अवस्था का ध्यान रखेगा वे आर्थिक आवश्यकताओं से मजबूर होकर ऐसा कार्य न करे जो उनकी आयु और शक्ति के अनुकूल न हो।

अनुच्छेद-39(च) बालकों को विकास की स्वतंत्रा एवं गरिमामय सुविधाएँ प्रदान की जायेगी ताकि उन्हें शोषण, नैतिक एवं आर्थिक परित्याग से बचाया जा सके।[11]

संसद ने समय-समय पर बालश्रम निषेध को लेकर अनेको अधिनियमों का निर्माण किया जैसे- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, कारखाना अधिनियम, 1948, बागान श्रमिक अधिनियम, 1951, खान अधिनियम, 1952, कारखाना संसोधित अधिनियम, 1954, वाणिज्य जहाजरानी अधिनियम, 1958, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961, एंप्रेटिंस अधिनियम, 1961, बीडी एवं सिगार कामगार अधिनियम, 1966, भारत की राष्ट्रीय बाल नीति, 1974, बाल नियोजन संसोध्ति अधिनियम, 1978, खतरनाक मशीन विनिमय, अधिनियम, 1983, बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनिमय) अधिनियम, 1986, राष्ट्रीय बालश्रम नीति, 1987, राष्ट्रीय बालश्रम उन्मूलन प्राधिकरण, 1994, किशोर न्याय अधिनियम, 2000, समेकित बाल सुरक्षा योजना, 2006, नि:शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार कानून, 2009, बालश्रम संशोधन कानून, 2012, आदि प्रमुख है इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णयों ने भी बालश्रम उन्मूलन की दिशा में सहयोगात्मक एवं प्रभावी कदमों का निर्माण किया जैसे-लेबर ऑफ सलाल हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट बनाम स्टेट ऑफ जे. एण्ड के वाद, एस.सी. मेहता बनाम स्टेट ऑफ तमिलनाडु, उन्नीकृष्णन बनाम स्टेट ऑफ आंध्रप्रदेश, शीला वरसे बनाम भारत संघ[12] आदि वादों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर बालश्रम की रोकथाम हेतु आदेश जारी किये गये उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हमारे संविधन निर्माताओं की परिकल्पना में भारत साहसी, पराक्रमी बालकों से परिलक्षित होता है, उनकी कल्पना एक ऐसे बालक की रही जिसे समुचित शिक्षा मिले, उसकी शोषण से रक्षा हो, सर्वांगीण विकास के अवसर उपलब्ध हो, लेकिन ये दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी हमारा देश बालश्रम के दुष्चक्र में उलझा हुआ है। बालश्रम हमारे देश की एक गंभीरतम समस्या है।[13]

बालश्रम समस्या एवं उनके मानवाधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए भारत सरकार द्वारा अनेकों समितियों का गठन किया गया जैसे-1944 श्रम अनुसंधान समिति (रेगे समिति) जिसने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत बालश्रमिकों पर प्रकाश डालते हुए राय दी कि सरकार को औद्योगिक नियोजन से बालकों को पूर्णतया हटा देना चाहिए।[14]

प्रमुख समिति गुरुपद दास स्वामी, समिति, 1979 में बनी जिसने, बालकों के स्वास्थ्य, कार्य के घण्टे, अवकाश, उचित वेतन, संबंधित औद्योगिक सुरक्षा उपकरण आदि के बारे में राय प्रकट की और बाल नियोजन उल्लंघन पर जुर्माना एवं सजा का प्रावधन बनाने पर जोर दिया।[15]

निष्कर्षत : मानवाध्किार एवं बाल अधिकारों के लिए कानून निर्माण का कार्य संयुक्त राष्ट्र संघ के उदय के साथ हुआ। भारत में भी इस दिशा में अनेकों प्रयास किये जा रहे है लेकिन इन प्रयासों और कानूनों की जानकारी का समुचित अभाव अभी भी परिलक्षित हो रहा है यद्यपि जनसमुदाय, स्वयंसेवी संस्थाओं, सरकारी एवं अन्य सामुहिक प्रयासो के माध्यमों से मानवाधिकारों का प्रचार प्रसार एवं बालश्रम उन्मूलन के प्रभावी कदम उठाने होंगे क्योंकि

बालकों के समुचित प्रभावशाली विकास पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है। भारतीय सभ्यता संस्कृति के प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद, अर्थवेद, कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में विभिन्न बाल मानवाधिकारों का उल्लेख मिलता है जैसे ऋग्वेद में कहा गया है कि 'कोई श्रेष्ठ या निम्न नहीं है, सभी लोग सभी के हितों के लिए समान प्रयास करें तथा सभी सामुहिक रूप से प्रगति करें, भोजन और जल पर सभी का समान अधिकार है।'

संदर्भ सूची

1. सुधारानी श्रीवास्तव, मानवाधिकारवादी अवधरणाएँ, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 2000, पृष्ठ 2
2. रमेश प्रसाद गौतम, पृथ्वीपाल सिंह, भारत में मानवाधिकार विश्वविद्यालय प्रकाशन, सागर, मध्यप्रदेश, 2001, पृष्ठ सं. 7
3. जे.सी. जौहरी, ह्यूमन राइट एण्ड न्यू वर्ल्ड आर्डर, अनमोल पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ सं. 2
4. मनोज कुमार दशोरा, बालश्रमिक समस्या एवं समाधन, पृष्ठ संख्या 47
5. जय जय राम उपाध्याय, मानवाध्किार सेन्ट्रल लॉ एजेंसी, इलाहाबाद, 2007, पृष्ठ संख्या 338
6. रवि प्रकाश यादव बालश्रम समस्या एवं समाधन, आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर, 2008, पृष्ठ संख्या 89
7. दुनिया के बच्चों की स्थिति 2005 यूनिसेपफ, नई दिल्ली, दिसम्बर 2004, पृष्ठ संख्या 4
8. रवि प्रकाश यादव बालश्रम समस्या समाधन, पूर्वोक्त, पृष्ठ संख्या 90
9. सुभाष शर्मा भारत में बाल मजदूर, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ संख्या 44
10. श्रीनाथ शर्मा बालश्रम, अमन प्रकाशन, सागर, मध्यप्रदेश, 2007, पृष्ठ संख्या 32
11. सुशिला कौशिक, भारतीय शासन एवं राजनीति, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1985, पृष्ठ-181
12. उषा सिंह व एच.पी. सिंह, सामाजिक परिवर्तन के विविध आयाम, अर्जुन, पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2003, पृष्ठ 64
13. सुभाष शर्मा भारत में बाल मजदूर, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ संख्या, 91
14. मंजू पाण्डे भारत में बालश्रमिक, मानक पब्लिकेशंस, दिल्ली, 1998, पृष्ठ सं. 86.87
15. गोस्वामी भालचंद, हतभागा बचपन, आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर, 2008, पृष्ठ संख्या 97

खुले एवं बन्द संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अधिगम शैली का अध्ययन

डा. अलका पारीक

एस.एस.जैन सुबोध शिक्षा महाविद्यालय, सांगानेर, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

किसी भी देश की शिक्षा का आधार शिक्षक शिक्षा है और शिक्षक शिक्षा वहां के संगठनात्मक वातावरण पर निर्भर करती है। प्रस्तुत शोध पत्र में राजस्थान के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के वातावरण व अधिगम शैली का अध्ययन किया गया है। यह अध्ययन सर्वे क्षण विधि के द्वारा दस महाविद्यालयों के 100 शिक्षकों और 1000 छात्राध्यापकों पर किया गया है। तथ्य संकलन के लिए विवरणात्मक प्रश्नावली व अधिगम शैली अनुसूची का प्रयोग किया गया है। अपने अध्ययन के निष्कर्षो के लिए मध्यमान, मध्यमान प्रतिशत, टी आदि सांख्यिकी का प्रयोग किया है। तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष आया कि संगठनात्मक वातावरण का शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की विभिन्न प्रकार की अधिगम शैलियों में अंतर नहीं पाया जाता। विशेषकर नमनीय व अनमनीय दृश्यात्मक व श्रवणात्मक व लघु अवधान व दीर्घ अवधान अवधि की अधिगम शैली में। वैयक्तिक व अवैयक्तिक, स्वतंत्र व क्षेत्र आधारित व वातावरणोन्मुख व वातावरण मुक्त अधिगम शैली में विद्यालय वातावरण का सार्थक अंतर पाया जाता है।

संकेताक्षर : *संगठनात्मक वातावरण, खुला एवं बंद वातावरण, शिक्षक प्रशिक्षण, अधिगम शैली*

आजादी के समय राजस्थान में शिक्षक शिक्षा के संस्थान नहीं के बराबर थे। वर्ष 2000 तक राजस्थान में 50 से भी कम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय थे लेकिन वर्ष 2005-2006 में 115 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हो गए और इसके बाद से इसमें और भी तेजी से वृद्धि हुई। आज राजस्थान में 900 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कार्य कर रहे हैं। राजस्थान में वर्ष 2013 तक केवल दो ही राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय थे, लेकिन अब शिक्षक शिक्षा के सात राजकीय महाविद्यालय हो गए। शेष सभी महाविद्यालय निजी स्तर पर स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा संचालित होते हैं। शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालयों पर पहले राज्य सरकार का विद्यालयी शिक्षा विभाग का नियंत्रण था, लेकिन अब यह उच्च शिक्षा विभाग के अधीन आ गए। राजकीय नियंत्रण के अलावा संबंधित विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् का भी इन पर नियंत्रण रहता है। इन संस्थाओं में कार्यरत प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, वेतन एवं सेवाशर्तो में समानता नहीं पाई जाती।

वर्ष 1998 की यूनेस्को की रिपोर्ट में यह कहा गया था कि जिन शिक्षकों को विद्यार्थियों को पढ़ाने का दायित्व दिया जाता है, वे खुद ही भलीप्रकार से शिक्षित एवं प्रशिक्षित नहीं है। साथ ही यह भी कहा था कि इसकी सामाजिक प्रतिष्ठा के बारे में भी एक समस्या है। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की एक महत्वपूर्ण समस्या संगठनात्मक वातावरण की है। महाविद्यालयों के संगठनात्मक वातावरण में वहां के प्राचार्य, शिक्षक, अध्ययनरत् छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं के मध्य होने वाली परस्पर अंत:क्रिया को लिया गया है। संगठनात्मक वातावरण की प्रतिकूल परिस्थितिया महाविद्यालय के वातावरण को तनावपूर्ण करती है और उनका मनोबल भी कम हो जाता है।

पारिभाषिक शब्दावली

1. **संगठनात्मक वातावरण–**महाविद्यालय का संगठनात्मक वातावरण से तात्पर्य समूह तथा नेतृत्व के परस्पर संबंधों तथा समूह के अंतर संबंधों का परिणाम है।
2. **खुला एवं बंद वातावरण–**जिन महाविद्यालयों में प्राचार्य एवं शिक्षक प्रसन्नता के साथ कार्यरत है, और किसी प्रकार का तनाव एवं असंतोष नहीं है उसे खुला वातावरण कहते हैं। जिन संस्थाओं में शिक्षकों और विद्यार्थियों में असंतोष है

और वे नियमानुसार ही कार्य करते हैं उसे बंद वातावरण कहते हैं।

3. **शिक्षक प्रशिक्षण**–शिक्षक प्रशिक्षण से तात्पर्य विभिन्न महाविद्यालयों में बी.एड. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से हैं।

4. **अधिगम शैली**–अधिगम शैली से तात्पर्य अधिगम के किसी भी क्षेत्र विशेष में व्यक्ति के विभिन्न विशिष्ट अधिगम व्यवहार के किसी प्रतिमान विशेष से है अर्थात विभिन्न अधिगमकर्ताओं द्वारा अपनी वैयक्तिक भिन्नता के आधार पर अलग तरीकों से प्राप्त सूचनाओं को अलग प्रकार से विश्लेषित करके उनको विशिष्ट तरीकों से सुगम बनाना है।

अध्ययन के उद्देश्य

प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य है :-

(क) राजस्थान के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण का अध्ययन करना।

(ख) विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अधिगम शैली का अध्ययन करना।

(ग) विभिन्न अधिगम शैलियों और संगठनात्मक वातावरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना

शोधकर्त्री ने प्रस्तुत अध्ययन के लिए शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया है जो इस प्रकार है–

(1) खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अधिगम शैली में अंतर नहीं पाया जाता।

(2) खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की विभिन्न अधिगम शैलियों में अंतर नहीं पाया जाता।

(2) छात्र एवं छात्राओं के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अधिगम शैलियों में अंतर नहीं पाया जाता।

शोधविधि

प्रस्तुत शोधकार्य सर्वेक्षण शोध विधि के माध्यम से किया गया है। सर्वेक्षण के द्वारा अध्ययन करने से शिक्षक संकलन, नियोजन व शिक्षण पद्धति के मूल्यांकन में सहायता प्राप्त होती है, और साथ ही मानव व्यवहार के विभिन्न पक्षों का अध्ययन भी इसके माध्यम से किया जा सकता है।

जनसंख्या एवं न्यादर्शः

प्रस्तुत अध्ययन में राजस्थान विश्वविद्यालय से संबंद्ध 135 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय शोध की जनसंख्या और शोधकर्त्री ने इन महाविद्यालयों में से सह-शिक्षा वाले शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय और सी.टी.ई. द्वारा संचालित महाविद्यालयों को शोध के न्यादर्श के रूप में लिया है। इसमें कुल 10 महाविद्यालयों के 1000 छात्राध्यापकों और 100 शिक्षकों को अध्ययन के लिए चुना है।

शोध उपकरण

प्रस्तुत अध्ययन के लिए निम्नलिखित शोध उपकरणों का प्रयोग किया है :-

(1) विद्यालयी संगठनात्मक विवरण,

(2) विवरणात्मक प्रश्नावली - डा. मोतीलाल शर्मा

(3) अधिगम शैली अनुसूची - सुभाष चंद अग्रवाल

विद्यालयी संगठनात्मक विवरण प्रश्नावली में कुल 64 पद है और 64 पदों को 8 आयामों में विभाजित किया गया है। इनमें पृथकत्व, विमुखता, उत्साह, घनिष्ठता, मनोशारीरिक बाधा, नियंत्रण, नेतृत्व बल और मानवीय प्रहार पद है। अधिगम शैली में 7 प्रकार की अधिगम शैली दी हुई है - नमनीय एवं गैर नमनीय अधिगम शैली, वैयक्तिक एवं अवैयक्तिक अधिगम शैली, दृश्यात्मक एवं श्रवणात्मक अधिगम शैली, स्वतंत्र क्षेत्र एवं क्षेत्र आधारित अधिगम शैली, लघु एवं दीर्घ अवधान अवधि अधिगम शैली, अभिप्रेरण केन्द्रित एवं गैर अभिप्रेरण केन्द्रित अधिगम शैली एवं वातावरणोन्मुख एवं वातावरण मुक्त अधिगम शैली।

शोध के निष्कर्ष

शोधार्थी ने मध्यमान, मध्यमान प्रतिशत, टी आदि के द्वारा अपने अध्ययन के निष्कर्षो को लिखा है।

सारणी संख्या 1 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की नमनीय एवं गैर नमनीय अधिगम शैली का अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	12.98	2.48	1.41
बंद वातावरण	400	13.23	2.17	

इस सारणी से यह स्पष्ट होता है कि खुले वातावरण समूह की अधिगम शैली का मध्यमान 12.98 और प्रामाणिक विचलन 2.48 आया जबकि बंद वातावरण समूह के विद्यार्थियों का मध्यमान 13.23

एवं प्रामाणिक विचलन 2.17 आया है। मध्यमानों में अंतर की सार्थकता ज्ञात करने पर प्राप्त टी का मूल्य 1.41 पाया गया। इससे स्पष्ट होता है कि नमनीय एवं गैर नमनीय अधिगम शैली में अंतर नहीं पाया जाता।

सारणी संख्या 2 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की वैयक्तिक बनाम गैर वैयक्तिक अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	12.96	2.71	0.73
बंद वातावरण	400	13.11	2.43	

इस सारणी में खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के वैयक्तिक एवं गैर वैयक्तिक अधिगम शैली को देखा गया है। इसमें खुले वातावरण समूहों का मध्यमान 12.96, प्रामाणिक विचलन 2.71 प्राप्त हुआ है जबकि बंद वातावरण समूह का मध्यमान 13.11 एवं प्रामाणिक विचलन 2.43 प्राप्त हुआ है। मध्यमानों में अंतर की सार्थकता ज्ञात करने पर प्राप्त टी का मूल्य 0.73 आया है। इससे ये निष्कर्ष निकलता है कि वैयक्तिक बनाम गैर वैयक्तिक अधिगम शैली में सार्थकता अंतर पाया जाता है।

सारणी संख्या 3 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की दृश्यात्मक बनाम श्रवणात्मक अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	13.34	2.14	1.38
बंद वातावरण	400	13.10	2.42	

उपर्युक्त सारणी में खुले वातावरण का मध्यमान 13.34 और प्रामाणिक विचलन 2.14 प्राप्त हुआ है जबकि बंद वातावरण का मध्यमान 13.10 एवं प्रामाणिक विचलन 2.42 प्राप्त हुआ है। इनके मध्यमानों में अंतर की सार्थकता ज्ञात करने पर प्राप्त टी का मूल्य 1.38 आया है। इससे ये निष्कर्ष निकलता है कि दृश्यात्मक बनाम श्रवणात्मक अधिगम शैली में अंतर नहीं पाया जाता है।

सारणी संख्या 4 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की क्षेत्र स्वतंत्र बनाम क्षेत्र आधारित अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी- मूल्य
खुला वातावरण	300	13.00	2.64	2.15
बंद वातावरण	400	13.38	1.97	

खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण की शैक्षिक प्रशिक्षणार्थियों की क्षेत्र स्वतंत्र एवं क्षेत्र आधारित अधिगम शैली में भी सार्थक अंतर पाया गया क्यों कि इसके मध्यमानों के अंतर की सार्थकता ज्ञात करने पर टी का मूल्य 2.15 पाया गया जो कि 0.01 स्तर पर तालिका मूल्य से अधिक है।

सारणी संख्या 5 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की लघु अवधान अवधि बनाम दीर्घ अवधान अवधि अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	13.22	2.05	0.54
बंद वातावरण	400	13.13	2.13	

सारिणी संख्या 5 को देखने से पता चलता है कि खुले वातावरण का मध्यमान 13.22 और प्रामाणिक विचलन 2.05 आया है जबकि बंद वातावरण का मध्यमान 13.13 एवं प्रामाणिक विचलन 2.13 प्राप्त हुआ है। इनके मध्यमानों में अंतर की सार्थकता ज्ञात करने पर प्राप्त टी का मूल्य 1.38 आया है। इससे लघु अवधान अवधि व दीर्घ अवधान अवधि अधिगम शैली में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

सारणी संख्या 6 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अभिप्रेरणा केन्द्रित बनाम अभिप्रेरणा गैर केन्द्रित अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	13.17	2.58	1.18
बंद वातावरण	400	13.38	2.04	

इस सारिणी में खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अभिप्रेरणा केन्द्रित एवं गैर अभिप्रेरणा केन्द्रित अधिगम शैली को देखा है। इसमें मध्यमान 13.17 और प्रामाणिक विचलन 2.58 आया जबकि बंद वातावरण का मध्यमान 13.38 एवं प्रामाणिक विचलन 2.04 आया है। इससे भी ये निष्कर्ष निकलता है कि अभिप्रेरणा केन्द्रित एवं अभिप्रेरणा गैर केन्द्रित शैली में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता।

सारणी संख्या 7 : खुला एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की वातावरणोन्मुख बनाम वातावरण अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन

समूह	संख्या	मध्यमान	प्रामाणिक विचलन	टी-मूल्य
खुला वातावरण	300	13.14	2.60	2.36
बंद वातावरण	400	13.07	1.97	

उपर्युक्त सारिणी संख्या 7 में खुले एवं बंद संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की वातावरणोन्मुख एवं वातावरण अधिगम शैली का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इसमें खुले एवं बंद वातावरण का मध्यमान व प्रामाणिक विचलन क्रमश: 13.14, 2.60, 13.07 एवं 1.97 प्राप्त हुआ है। इससे ये निष्कर्ष निकलता है कि दोनों प्रकार की शैलियों में सार्थक अंतर पाया जाता है।

विभिन्न सारणियों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि संगठनात्मक वातावरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की विभिन्न प्रकार की अधिगम शैलियों में अंतर नहीं पाया जाता। खुला एवं बंद वातावरण संगठनात्मक विवरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के नमनीय बनाम गैर नमनीय अधिगम शैली, दृश्यात्मक बनाम श्रवणात्मक अधिगम शैली और लघु अवधान अवधि बनाम दीर्घ अवधान अवधि की अधिगम शैली में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता लेकिन खुला एवं बंद वातावरण संगठनात्मक विवरण के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की वैयक्तिक बनाम अवैयक्तिक अधिगम शैली, स्वतंत्र क्षेत्र बनाम क्षेत्र आधारित अधिगम शैली और वातावरणोन्मुख बनाम वातावरण मुक्त अधिगम शैली में सार्थक अंतर पाया जाता है।

संदर्भ सूची

1. अग्रवाल सुभाष चन्द्र : लरनिंग स्टाइल प्रिफरेन्सिज ऑफ सैकेण्डरी स्टूडेन्ट्स इन रिलेशन टू इन्सटीट्यूशन एण्ड सैक्स, जनरल ऑफ साइकोलॉजीकल रिसर्च, वोल्यूम (3), 1987, 197-201
2. अग्रवाल जे.सी. : एसेन्शियल्स ऑफ एजूकेशनल टैक्नोलॉजी, टीचिंग लरनिंग इनोवेशन्स इन एजूकेशन, विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि., 1995
3. अग्रवाल वाई.पी. : बैटर सैम्पलिंग, न्यू दिल्ली, स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा.लि., 1988
4. एजूकेशन एण्ड नेशनल डवलपमेंट : रिपोर्ट ऑफ दी एजूकेशन कमीशन (1964-66) नई दिल्ली, एन सी ई आर टी, 1971
5. कपिल एच.के. : अनुसंधान विधियां : (सामाजिक विज्ञानों में) आगरा, हर प्रसाद भार्गव, प्रकाशन 1996
6. गेरेट, एच.ई. : शिक्षा मनोविज्ञान में सांख्यिकी : कल्याणी पब्लिशर्स, लुधियाना, पंजाब।
7. जैक, वोल्फे काइलो : दी रिलेशनशिप बिटविन सैल्फ नालेज ऑफ पर्सनल लरनिंग स्टाइल्स एण्ड दी एकेडमिक चॉयस मेडबाई फ्रेशमैन कालेज स्टूडेन्ट्स, दी पेनिन सेलवीनिया स्टेट यूनिवर्सिटी, डिजरटेशन एब्सट्रेक्ट्स इण्टरनेशनल ए-52, 2, 1992, पी-4241, 1991
8. बेस्ट, जे.डब्ल्यू. : रिसर्च इन एजूकेशन (थर्ड, फोर्थ, फिफ्थ एडीशन) प्रेन्टिस हॉल ऑफ इण्डिया प्रा.लि., न्यू देहली, 1977-1986
9. एन.सी.ई.आर.टी. (पब्लिकेशन) : फिफ्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन एजूकेशन, एन सी ईआर टी, नई दिल्ली-16, 1997
10. डिजरटेशन एब्सट्रेक्ट्स इंटरनेशनल, दी ह्यूमिनिटीज एण्ड सोशल साइंस, यू.एम.आई.कंपनी, यू.एस.ए.।

भारत में महिला अधिकारों का सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण

विनीता कुड़ी

शोधार्थी, विधि संकाय

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.)

शोध सारांश

ऋग्वैदिक काल में समाज ने स्त्री को आदरपूर्ण स्थान दिया। उसके धार्मिक तथा सामाजिक अधिकार पुरूषों के ही समान थे। विवाह एक धार्मिक संस्कार माना जाता था। दम्पत्ति घर के संयुक्त अधिकारी होते थे। यद्यपि कहीं-कहीं कन्या के नाम पर चिन्ता व्यक्त की गयी है तथापि कुछ ऐसे भी उदाहरण मिलते हैं जहाँ पिता विदुषी एवं योग्य कन्याओं की प्राप्ति के लिये विशेष धार्मिक कृत्यों का अनुष्ठान करते हैं। कन्या को पुत्र जैसा ही शैक्षणिक अधिकार एवं सुविधायें प्रदान की गयी थी। समाज में महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए संपत्ति पर नियंत्रण के जरिए आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराना और विधवा विवाह, तलाक आदि के विषय में सामाजिक बंधनों का उन्मूलन आवश्यक है।संविधान के निर्माण ने महिला अधिकारों को उठाने का एक और अवसर मुहैया करा दिया। संविधान सभा की कार्रवाइयों से स्पष्ट हो गया कि संविधान निर्माता राजनीतिक और कुछ हद तक आर्थिक क्षेत्र में तो समान अधिकार देने के लिए तैयार थे लेकिन विवाह और परिवार के संदर्भ में जेंडर समानता देने के सवाल पर यहां भी तीखा, विरोध मौजूद था।

संकेताक्षर : *मानवाधिकार, वैदिक काल, स्त्रीधन, पुनर्विवाह, उत्तराधिकार*

हिन्दू सभ्यता में स्त्रियों को अत्यन्त आदरपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। भारत की प्राचीनतम सभ्यता, सैन्धव सभ्यता के धर्म में माता देवी को सर्वोच्च पद प्रदान किया जाना उसके समाज में उन्नत स्त्री-दशा का सूचक माना जा सकता हे। ऋग्वैदिक काल में समाज ने उसे आदरपूर्ण स्थान दिया। उसके धार्मिक तथा सामाजिक अधिकार पुरूषों के ही समान थे। विवाह एक धार्मिक संस्कार माना जाता था। दम्पत्ति घर के संयुक्त अधिकारी होते थे। यद्यपि कहीं-कहीं कन्या के नाम पर चिन्ता व्यक्त की गयी है तथापि कुछ ऐसे भी उदाहरण मिलते है जहाँ पिता विदुषी एवं योग्य कन्याओं की प्राप्ति के लिये विशेष धार्मिक कृत्यों का अनुष्ठान करते हैं। कन्या को पुत्र जैसा ही शैक्षणिक अधिकार एवं सुविधायें प्रदान की गयी थी। कन्याओं का भी उपनयन संस्कार होता था तथा वे भी ब्रह्मचर्य का जीवन व्यतीत करती थी। ऋग्वेद में अनेक ऐसी स्त्रियों के नाम मिलते है जो विदुषी तथा दार्शनिक थी और उन्होंने कई मन्त्रों एवं ऋचाओं की रचना भी की थीं। विश्वारा को ''ब्रह्मवादिनी'' तथा ''मन्त्रद्रष्ट्री'' कहा गया है जिसने ऋग्वेद के एक स्तोत्र की रचना किया था। घोषा, लोपामुद्रा, शाश्वती, अपाला, इन्द्राणी, सिकता, निवावरी आदि विदुषी स्त्रियों के कई नाम मिलते है जो वैदिक मन्त्री तथा स्तोत्रों की रचयिता हैं। ऋग्वेद में बृहस्पति तथा उनकी पत्नी जुहु की कथा मिलती है। बृहस्पति अपनी पत्नी को छोड़कर तपस्या करने गये किन्तु देवताओं ने उन्हें बातया कि पत्नी के बिना अकेले तप करना अनुचित है। इस प्रकार के उद्धरणों से स्पष्ट होता है कि स्त्री पुरूष की ही भाँति तपस्या करने की भी अधिकारिणी थी।

स्त्रियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर हिन्दू समाज में उनका सम्पत्ति-विषयक अधिकार स्वीकार किया गया है तथा उन विशेष परिस्थितियों का भी विश्लेषण किया गया है जिनके कारण सम्पत्ति वे अपना हिस्सा प्राप्त करती थीं। वैसे, वैदिक कालीन कुछ ऐसे विवरण हैं, जो उसके उत्तराधिकार पर आक्षेप करते हैं,[1] किन्तु ये अपवाद ही हैं। सम्पत्ति में प्राय: उसका हिस्सा रहता रहा है। परिवार में वह पुत्र से किसी प्रकार कम नहीं समझी जाती रही।[2] दत्तक पुत्र से श्रेष्ठ पुत्री समझी जाती थी।[3] अपने भाई के न रहने पर वह अपने पिता की सम्पत्ति की उत्तराधिकारी मानी जाती थी।[4] अत: वैदिक युग में स्त्री का सम्पत्ति में अधिकार स्वीकार किया जाता था। चौथी सदी ई.पू. तक यह व्यवस्था समाज में प्रचलित थी।[5] किन्तु दूसरी सदी ई.पू. में आकर स्त्री-शिक्षा पर

अनेक प्रतिबन्ध लग गए, जिनके कारण स्त्री का सम्पत्ति विषयक अधिकार भी क्षतिग्रस्त हुआ।

ऋग्वैदिक युग में स्त्री को सम्पत्ति तथा शासन के अधिकारों से वंचित रखा गया। भू-सम्पत्ति का अधिकारी वह था जो शक्तिशाली शत्रुओं से बलपूर्वक उसकी रक्षा करने में समर्थ होता। चूँकि वह कार्य स्त्री के वश का नहीं था अत: उसके धन सम्बन्धी अधिकारों को मान्यता नहीं मिली।

उत्तर वैदिक काल में भी स्त्री के धन सम्बन्धी अधिकारों को मान्यता प्रदान नहीं किया था।[6] ब्राह्मण ग्रन्थों में बताया गया है कि स्त्री, पुरूष की अपेक्षा दुर्बल एवं भावुक मस्तिष्क की होती है तथा बाह्म आर्कषणों के प्रति आसानी से लुभा जाती है। ललित कलाओं के प्रति भी उसका विशेष आकर्षण हुआ करता हैं।

सूत्रकाल में स्त्रियों की दशा पतनोन्मुख हो गयी। कन्या का जन्म अभीष्ट नहीं था स्त्रियों का उपनयन संस्कार बन्द हो गया तथा विवाह के अतिरिक्त उनसे सम्बन्धित अन्य संस्कारों में वैदिक मन्त्रों का उच्चारण नहीं होता था। कन्याओं का विवाह की आयु भी घटा दी गयी जिससे उनका विधिवत् शिक्षा प्राप्त कर पाना कठिन हो गया।[7] सूत्रों के काल में स्त्रियों की स्वतंत्रता पर प्रतिबन्ध लगाया गया। वशिष्ठ ने मत व्यक्त किया कि ''स्त्री स्वतंत्रता के योग्य नहीं है। बचपन में पिता, युवावस्था में पति तथा वृद्धावस्था में पुत्र उसकी रक्षा करते है।तीसरी शताब्दी ईस्वी तक का समय उत्तरी भारत में विदेशी आक्रमणों का काल रहा जिससे समाज में भारी अव्यवस्था फैल गयी। इसने स्त्रियों की स्थिति को प्रभावित किया। नियोग तथा पुनर्विवाह की प्रथायें बन्द हो गयी। समाज में सती प्रथा का भी प्रचलन हो गया। परन्तु इस काल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि अब पुनर्विवाहों के अभाव में विधवा एव पुत्रहीन स्त्रियों की संख्या में वृद्धि हुई। अत: उनके पोषण एवं विवाह के निमित्त व्यवस्थाकारों ने उनके धन सम्बन्धी अधिकारों को मान्यता देना प्रारम्भ किया। क्रमश: उनका यह अधिकार मान्य हो गया। स्त्री की स्वयं की सम्पत्ति जिसके ऊपर उसका पूरा अधिकार होता था ''स्त्रीधन'' कहा गया। इस काल में स्त्रीधन का क्षेत्र व्यापक करके उसमें उत्तराधिकार एवं विभाजन की सम्पत्ति को भी सम्मिलित कर दिया गया। स्त्री को मृत पति की सम्पत्ति का पूर्ण उत्तराधिकारी घोषित किया गया।

19वीं और 20 वीं शताब्दी में वैधानिक सुधारों से पहले उठे समाज सुधार आंदोलनों ने महिलाओं की सम्पत्ति अधिकारों के प्रश्न को धर्म के आधार पर ही उठाया जाता था इसलिए, उस दौरान धर्म ने दोहरी भूमिका निभाई थी। समाज सुधारकों ने बर्बर कुरीतियों को समाप्त करने और महिला अधिकारों को मान्यता दिलाने के लिए। सामाजिक सुधारों पर केंद्रित शुरूआती आंदोलन मोटे तौर पर हिंदू स्त्री की दशा और भूमिका के विषय में ही ज्यादा चिंतित थे। इस दिशा में मुस्लिम समुदाय की शिरकत 19वीं शताब्दी के आखिरी हिस्से से ही दिखाई देनी शुरू हुई। मुसलमानों द्वारा उठाए गए मुद्दे ज्यादातर बहुविवाह, परदा प्रथा और महिला शिक्षा से संबंधित थे। हिंदू सुधार आंदोलनों की ही भांति, बहुविवाह जैसी प्रथाओं की वैधता और अवैधता को सिद्ध करने के लिए, यहां भी धर्मशास्त्रों को ही आधार बना गया, यानी, क्या इसलाम उस संबंधित प्रथा या व्यवहार को उचित मानता है या नहीं ? हालांकि महिला शिक्षा और राजनीतिक गतिविधियों में उनकी हिस्सेदारी को तो एक स्तर पर स्वीकृति मिलने लगी लेकिन महिलाओं की सामाजिक स्थिति सुधारने के लिहाज से कानूनी बदलावों के लिए मुसलिम समुदाय तैयार नहीं था।

राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान उनके अभियानों और संघर्षों में विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से संबंधित प्रश्न सबसे ऊपर थे।[8] मांगों का फोकस महिलाओं के लिए समानता और अधिकारों की प्राप्ति पर था ताकि, उनकी समस्याएं कम हों और अपने जीवन पर उनका नियंत्रण और दृढ़ हो सके। ये मांगें इस समझ पर आधारित थीं कि कानूनी अधिकारों के संदर्भ में, समाज में महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए संपत्ति पर नियंत्रण के जरिए आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराना और विधवा विवाह, तलाक आदि के विषय में सामाजिक बंधनों का उन्मूलन आवश्यक है। नतीजतन आधे-अधूरे कानून अस्तित्व में आए। ये कानून इस रूप में भी पर्याप्त नहीं थे क्योंकि वह महिलओं की समस्याओं को उठाते हुए विशिष्ट समुदायों की सदस्य के रूप में देखते थे। महिलओं ने इस तथ्य पर भी असंतोष व्यक्त किया कि प्रस्तावित सुधार भी महिला और पुरूषों के विषय में असमान रवैया रखते थे।[9]

इस काल में महिला अधिकारों के लिए अभियानों के दौरान दो तथ्य महत्वपूर्ण थे, एक, महिला समूह इस बिंदु की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते थे कि चूंकि सभी महिलाओं के सामने मुंह बाए खड़ी समस्याएं एक जैसी हैं इसलिए, उनकी समस्याओं को सभी महिलाओं की समस्या माना जाना चाहिए न कि किसी एक समुदाय की महिलाओं की समस्या।[10] दूसरा, अधिकारों पर स्पष्ट जोर था।[11] अपनी कोशिशों में महिलाएं कानून को किसी ऐसे क्रांतिकारी माध्यम के रूप में नहीं देखती थीं जिससे उनके दमनात्मक हालात में कोई मूलभूत सुधार हो सकेगा लेकिन फिर भी उन्हें यह विश्वास जरूर था कि कानून के जरिए आर्थिक सुरक्षा को हासिल करने में उन्हें और ताकत मिलेगी।

संविधान के निर्माण ने महिला अधिकारों को उठाने का एक और अवसर मुहैया करा दिया। संविधान सभा की कार्रवाइयों से स्पष्ट हो गया कि संविधान निर्माता राजनीतिक और कुछ हद तक आर्थिक

क्षेत्र में तो समान अधिकार देने के लिए तैयार थे लेकिन विवाह और परिवार के संदर्भ में जेंडर समानता देने के सवाल पर यहां भी तीखा, विरोध मौजूद था।[12] ये क्षेत्र धार्मिक कानूनों के दायरे में आते थे। निजी कानूनों के दायरे में पड़ने वाले मुद्दों को न छेड़ने का फैसला इसी दृष्टिकोण पर आधारित था कि ऐसा करने से विभिन्न समुदायों की धार्मिक भावनाएं आहत होगीं। इस सिलसिले में तर्क था कि व्यक्तिगत कानूनों में कोई भी बदलाव धार्मिक रीति-रिवाजों को प्रभावित करेगा और यह अल्पसंख्यकों के लिए विशेष रूप से नुकसानदेह साबित होगा। नतीजतन, एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने के वायदे को नीति निर्देशक सिद्धांतों में रख दिया गया। एक मौके पर रेणुका रे ने मांग की थी कि विवाह व उत्तराधिकार संबंधी भेदभाव पर आधारित कानूनों का निषेध करने के लिए संविधान में स्पष्ट प्रावधान किया जाए, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया।[13] इससे स्पष्ट होता है कि निजी कानून में सुधार के प्रश्न पर बहस परिवार में महिलाओं के लिए समान अधिकारों के दृष्टिकोण के तहत न होकर केवल धार्मिक समुदायों की पहचानों के संदर्भ में ही की गई थी। बहसों से ऐसा संकेत भी मिलता है कि जहां एक तरफ अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) व समान नागरिक संहिता के बीच टकराव के मुद्दे को तो बडे.जोर-शोर से उठाया गया लेकिन समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14 व 15) तथा निजी कानूनों के बने रहने के बीच टकराव जो कहीं ज्यादा गंभीर था, की अनदेखी कर दी गई।

जहां एक ओर समान अधिकार सुनिश्चित करने वाली संहिता का निर्माण न करने के फैसले को राजनीतिक आधार पर वैध ठहराया गया, वहीं दूसरी तरफ, धार्मिक समुदायों के भीतर इस प्रकार के बदलावों का इसलिए विरोध किया जा रहा था क्योंकि इससे परिवार के पितृसत्तात्मक ढांचे को चुनौती मिलने लगेगी। ऐसे सुधारों से धार्मिक ठेकेदारों के वर्चस्व को भी चोट पहुंचती। यह बात हिंदू कोड बिल के सिलसिले में खड़े विवाद के दौरान बड़े साफ तौर पर उभरकर सामने आई।[14]

जिस कठिनाई से विधेयक को पारित किया गया और जैसे विरोध का इसे सामना करना पड़ा और जिसके परिणामस्वरूप उसके अनगिनत प्रावधानों को काफी हल्का कर दिया गया, उसने साफ कर दिया कि कानूनी सुधारों के जरिए बदलाव, विशेषकर निजी कानूनों में बदलाव ला पाना एक बेहद कठिन काम है। नतीजा ये हुआ कि परिवार में महिलाओं के अधिकारों और इस उद्देश्य के लिए निजी कानूनों में सुधार के सवाल पर लंबे समय तक कोई बात नहीं की गई। हिंदू कोड बिल के पारित हो जाने के बाद भी, आम जनता को उसके प्रावधानों और विषयवस्तु से अवगत कराने के लिए उसकी व्यापक जानकारी और प्रसार के लिए कोई कोशिशें नही की गई। स्वतंत्रता के बाद के काल में, राज्य ने अल्पसंख्यक समुदायों के निजी कानूनों में हस्तक्षेप न करने की नीति का अनुसरण करना शुरू कर दिया। उसने व्यक्तिगत कानूनों को ज्यादा समतापरक बनाने के लिहाज से, अनुच्छेद 25 (2) में दिए गए सामाजिक सुधार के दायित्व को आगे उठाने के कोई प्रयास नहीं किए। शासक कांग्रेस पार्टी अपनी चुनावी जरूरतों को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदायों के शक्तिशाली धार्मिक नेतृत्व को अपने विरूद्ध नहीं खड़ा करना चाहती थी। पिछले दस से पंद्रह सालों के दौरान कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही अपने चुनावी हितों के लिए धार्मिक और सांप्रदायिक शक्तियों का जमकर इस्तेमाल किया है जिसका महिलाओं की स्थिति, महिलाओं के संगठनों और आंदोलनों पर बेहद बुरा असर पड़ा है।

सन्दर्भ सूची

1. तै. सं., 6.5.8.2, तस्मात्स्त्रियों निरिन्द्रया अदायादी; श0 ब्रा0 4.4.2.13, ता (स्त्रिय:) नात्मनश्चैशत न दायस्य चैशत।
2. व.ध.सू., 17.15.
3. ऋग्वेद, 7.4.8, न हि ग्रभायारण: सुशेवोऽन्योदयों मनसा मन्तवा उ।
4. ऋग्वेद; 1.12.4.7 अभ्रातेव पुंस एति प्रतीचो गर्तारूगिव सनये धनानाम।
5. थेरीगाथा, सं. 327
6. अपोजीशन ऑफ वुमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन, पृष्ठ 342.
7. वैवाहिकों विधि : स्त्रीणां संस्कारो वैदिको मत:।
   पतिसेवा गुरौवासो गृहार्थोग्नि परिक्रिया।।-मनु0 2.67.
   तथा
   नास्ति स्त्रिणां क्रिया मंत्रेरिति धर्मे व्यवस्थित:। -वही, 9.18.
8. बसु और रे, 1990 पृ. 46-49, तथा फोर्बस, 1984, पृ. 33-54।
9. फोर्ब्स, 1984, पृ. 37-38।
10. फोर्ब्स, 1984, पृ. 39-40।
11. वसु और रे, 1990, पृ. 39-40।
12. संविधान सभा बहस, VoI, VII, 1948-49, पृ0-511-15, और 540-552
13. एवेरेट, 1985, पृ0-162।
14. संविधान सभा बहस, VoI, VII, 1948-49, पृ0-511-15, और 540-551।

भारत में महिला विधिक अधिकार

डॉ. मीनाक्षी माहेश्वरी

राजनीति विज्ञान विभाग

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

भारत में महिला विधिक अधिकारों की स्थिति सशक्त एवं महिलाओं के स्तर को ऊपर उठाने के लिये सरकार निरन्तर प्रयासरत है। स्वतंत्रता से वर्तमान तक महिलाओं की उन्नति के लिये और समुचित न्याय दिलाने हेतु सरकार एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा निरन्तर विधिक अधिकार एवं संरक्षण प्रदान किये जाते है। लेकिन इन सब के बावजूद भी ऐसा महसूस होता है कि महिला वर्ग इन सब प्रयासों से लाभान्वित नहीं हो पा रही है। इसके पीछे महिलाओं की अज्ञानता एवं रूढिवादिता आदि। इन्हीं कारणों से महिलाएं सरकार द्वारा बनाये गये कानूनों को पूर्णत: नहीं जान पाती है और यदि आस-पास से कुछ जानकारी ग्रहण कर भी लेती है तो परिवार एवं समाज के कट्टरपंथी सोच के कारण महिलाएं आगे अग्रसर नहीं हो रही है। इसमें कोई संशय नहीं है कि वह लाभान्वित भी होती है, लेकिन आगे आने वाली महिलाओं की संख्या नगण्य ही है। इसलिये समाज के जाग्रत वर्ग का यह दायित्व है कि वह महिलाओं के इस वर्ग को इनके अधिकरों के प्रति जाग्रत एवं सशक्त बनाये। तथापि उपर्युक्त संवैधानिक प्रावधानों के अतिरिक्त संविधान द्वारा प्रदत्त विधियों द्वारा भी महिला अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया गया है। इन उपयुक्त अधिनियमों के क्रियान्वयन से महिलाओं की वैधानिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। यद्यपि कानून ने महिलाओं को अनेक प्रकार की सुरक्षात्मक व्यवस्थाए दी है, किन्तु इन कानूनों का सही परिप्रेक्ष्य में प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम नगण्य है वस्तुत: भारतीय संविधान में कानून के शासन की बुनियादी प्रतिबद्धता महिला और पुरूष समानता में अन्तर्निहित है जो महिलाओं के अधिकार पूर्ण सशक्तिकरण में कितने सफल हो पायेंगे, इसका जबाव भविष्य के गर्भ में है।

संकेताक्षर : *दोयम दर्जा, विधिक संरक्षण, सशक्तिकरण*

राजनीति विज्ञान के सिद्धान्तों में नारीवादी चिन्तन प्रारम्भ से ही गौण रहा है। बीसवीं शताब्दी में ''नारीवादी चिन्तन'' का प्रार्दुभाव हुआ। जिसमें लैंगिक परिप्रेक्ष्य में सत्ता, अधिकार, प्रभुत्व, अधीनता एवं दमन के बारे में चिन्तकों का ध्यान आकर्षित हुआ है। अधिकार एवं सत्ता विहीन महिलाओं के वास्तविक जीवन, समानता, स्वतन्त्रता एवं विधिक अधिकार की संकल्पनाओं के बारे में विद्यमान धारणाओं ने नारीवादी चिन्तन को प्रेरित करते हुए महिलाओं के बारे में विद्यमान धारणाओं ने नारीवादी चिन्तन को प्रेरित करते हुए महिलाओं के जीवन में भी इन संकल्पनाओं की स्थापना करने के लिए सत्ता संचालन की प्रवृत्ति को तथा उनके उत्पीड़न की गंभीरता को समझाने के लिए चिन्तन आरम्भ हुआ। साथ ही इस बात की आवश्यकता महसूस की जाने लगी की महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव एवं हिंसा के बारे में चिन्तन किया जाए। ''नारीवाद सैद्धान्तिक महिला चिन्तन के विशिष्ट अनुभवों मसलन, उपस्थिति, दोयम दर्जा, उनकी ना मालूम सी लगने वाली उपस्थिति, उनके साथ होने वाला भेदभाव, अत्याचार, एवं हिंसा को समाहित करने के लिए विभिन्न शाखाएँ संकल्पनात्मक ढाँचे की नए सिरे से पड़ताल और पुन: परिभाषित है।[1]

यद्यपि विधिक अधिकारों एवं संरक्षण के बारे में व्यापक विचार-विमर्श एवं चिन्तन होता रहा है परन्तु इस चिन्तन में इस बात पर विशेष जोर नहीं दिया गया है कि महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त होने महिलाओं को जहाँ एक ओर भोग एवं विलास का उपकरण समझा जाता था। वहीं अमानवीय परिस्थितियों में गुलामों की सी जिंदगी व्यतीत कर रही है। इन्हीं स्थितियों ने महिलावादी चिन्तन को जन्म दिया।[2] महिलाओं के विधिक

अधिकार एवं संरक्षण की अवधारणात्मक विश्लेषण में सबसे प्रमुख बात यह है कि महिला एक मानव है, स्त्री बुद्धि व बल में पुरुषों के समकक्ष है अत: उसे जीवन के समान अधिकार, स्वतन्त्रता एवं विधिक अधिकार प्राप्त होने चाहिए। इसी विचार को विभिन्न चिन्तकों ने अवधारणात्मक रूप प्रदान किया। इसमें वोल्सटन क्राफ्ट प्रमुख है जिनके महिलाओं के अधिकार एवं संरक्षण के बारे में निम्न विचार रहे है ''स्त्रियों का उनके शैशवास्था से बताया जाता है, उनके माँ के उदाहरण से यह शिक्षा दी जाती है कि मानवीय दुर्बलता का अल्प ज्ञान जिसे उचित ही चालाकी का नाम दिया गया है, मिजाज की मृदुलता, ऊपरी आज्ञाकारिता और बचकाने प्रकार के स्वामित्व के कर्त्तव्यनिष्ठ अवधान, उन्हें पुरुषों की सुरक्षा सुलभ करवायेगा, और यदि वे कहीं रूपसी हुई तो अन्य सभी वस्तुएं अनावश्यक होगी, कम से कम उनके जीवन के बीस वर्षो तक।''[3] उन्होंने मुख्यत: महिलाओं के बारे में रूसो के विचारों पर कडा प्रहार करते हुए पूरे यूरोप का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। उन्होंने चार स्थितियों पर पुरुष प्रधान समाज को चुनौती दी–सर्वप्रथम, उन्होंने इस बात को स्वीकार करने से इन्कार किया की स्त्रियां बुद्धि के मामले में पुरुषों से कमजोर है, नाजुकता एवं सतहीपन उनका नैसर्गिक गुण है।

द्वितीय, यदि पुरुष और महिलाएँ बुद्धि के समान अधिकारी है तो उसका उपयोग करने की शिक्षा भी उन्हें भी समान रूप से दी जानी चाहिए।

तीसरा, चूँकि पुरुषों और महिलाओं की समान मानसिकता ईश्वर प्रदत्त बुद्धि के अधिकार की हिस्सेदारी पर आधारित है इसलिये इन दोनों लिंगों के नैसर्गिक गुण समान होने चाहिए।

चौथा, समान गुणवत्ता के विचार के आधार पर समान अधिकारों की बात को उठाया, आगे चलकर राजनीति उदारवाद की विचारधारा बन गया।[4]

वोल्सटन क्राफ्ट के समान जे.एस.मिल ने भी इस बात को भी स्वीकार किया है कि महिलाओं को पुरुषों के सामान प्राकृतिक अधिकार होने चाहिए। वोल्सटन क्राफ्ट व मिल दोनों ने माना है कि महिलाएं मानव जाति की सदस्य होने के नाते तार्किक विचार में सक्षम होती हैं और पुरुषों की तरह समान प्राकृतिक अधिकारों की हकदार होती है। स्त्रियों पर आरोपित पतिव्रता, मृदुता और आज्ञाकारिता के गुण सामाजिक अनुकूलन की उपज होते हैं जो महिलाओं की प्राकृतिक विशिष्टताएं होने के बजाय मुख्यत: यौन वस्तुओं के रूप में उन्हें गढे जाने का नतीजा होती है उनकी कथित प्राकृतिक कमजोरियां उनकी अतार्किकता और उनके स्वच्छन्द मन, वास्तव में उनके शिक्षा की कमी, चयन की आजादी का अभाव, पुरुषों पर निर्भरता तथा उनके दोषपूर्ण समाजीकरण की उपज होती है। उन दोनों ने काफी उग्र लगने वाला प्रस्ताव रखा कि अपने पतियों के दुर्वव्यवहार से बचने के लिये महिलाओं के पास सहारा होना चाहिए।

मार्क्सवादी चिन्तन ने महिला अधिकरों से सन्दर्भित एंगेल्स की पुस्तक ''फैमिली, प्राईवेट प्रोपर्टी एण्ड ऑरिजन ऑफ स्टेट'' को लिया जा सकता है। इसमें उन्होंने मार्क्स के ऐतिहासिक भौतिकवाद के सिद्धान्त का प्रयोग करते हुए प्रारम्भिक कबीलाई समाज से लेकर वर्तमान काल के परिवारों के उदय से सम्बंधित सम्पूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। एंगेल्स इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि विवाह में पुरुष की श्रेष्ठता उसकी आर्थिक श्रेष्ठता का सीधा परिणाम है। आर्थिक श्रेष्ठता समाप्त हो जाने पर वैवाहिक जीवन में पुरुष की श्रेष्ठता समाप्त हो जाएगी। 1884 में लिखित इस पुस्तक में उन्होंने महिलाओं के रोजगार को ही एक प्रगतिशील स्थिति बताया। पति पर महिलाओं की आर्थिक निर्भरता का यह अर्थ है कि ''परिवार के दायरे में पति बुर्जुआ होता है तथा पत्नी सर्वहारा।'' नारी-मुक्ति की पहली शर्त यह है कि सभी नारियों को सार्वजनिक उद्यम में ले आना होगा।'' इस तरह वे साध्य व साधनों के आधार पर पारिवारिक संरचना का पुर्ननिर्माण करना चाहते थे।''[5]

नारी अधिकारों की दिशा में सीमोन द बाउवा विशेष रूप से उल्लेखनीय नाम है। जिन्होनें अपनी पुस्तक ''दि सैकण्ड सेक्स'' में उल्लेखित किया है कि स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनायी जाती है।'' सीमोन ने इस आधुनिक नारी अधिकारवादी विचारधारा की आधारशिला रखी। जिसमें नारी मुक्ति की अनिवार्य शर्त के रूप में नारी को अपने नारीपन से मुक्त होना बताया गया। मातृत्व एक नारी के लिये सुखदायी भी हो सकता है, इस बात को स्वीकार करने से साफ तौर पर इंकार किया तथा स्त्री के मासिक धर्म, गर्भावस्था, प्रजनन और दुग्धपान की तरह की प्रक्रियाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इन सबको, स्त्रीकाया द्वारा स्त्रियों के लिये तैयार किए गए जंजाल की तरह बताया। हाँलाकि वे इस बात से सहमत नहीं थी कि ''स्त्री की योनि उसे हमेशा घुटनों के बल रहने पर मजबूर करती है।'' लेकिन यह जरूर मानती थी कि, अपनी शारीरिक सीमाओं से उबर कर ही औरत एक पूर्ण मनुष्य बन सकती है। इससे एक तर्क यह पैदा होता है कि स्त्री अपने अस्तित्व को गंवाकर ही मनुष्यता हासिल कर सकेगी बाद के दिनों में सीमोन ने अपने एक साक्षात्कार में यह स्वीकार किया था कि यह अच्छी बात है कि अब महिलाएं अपनी काया को लेकर किसी प्रकार की शर्मिन्दगी महसूस नहीं करती। लेकिन फिर भी उसने स्त्री काया में किसी भी प्रकार की विशेषता को स्वीकारने से साफ इन्कार किया है।[6]

60 के दशक में एक विस्फोट की तरह पश्चिमी दुनिया में जिस नारी अधिकारवाद ने जन्म लिया उसकी एक महत्वपूर्ण कृति के

रूप में बेट्टी फ्रिडेन की पुस्तक ''दी फेमिनाइन मिस्टीक'' को लिया जा सकता है। 1963 में प्रकाशित इस पुस्तक में दूसरे विश्व युद्ध के बाद की अमरीकी समाज में महिला स्थिति पर गहरा असन्तोष व्यक्त किया गया। इंग्लैण्ड की लेखिका सुशान बैसनेट ने अपनी पुस्तक ''फेमिनिस्ट एक्सपीरियेंसेज'' में इस पुस्तक के प्रकरणों को उद्धृत करते हुए अमरीकी महिलाओं में व्याप्त असंतोष का चित्र खींचा।[7]

महिला अधिकार व संरक्षण के विचार ने एक लम्बी यात्रा तय करने के पश्चात अपने आपको स्थापित किया। महिला की मानव के रूप में पहचान से लेकर प्रारम्भ हुए इस संघर्ष में क्रिश्चयन डे विजन और मेरी वोल्सटन क्राफ्ट से लेकर सीमोन द बाउवा, बेट्टी फ्रिडेन इत्यादि का योगदान अविस्मरणीय रहा है। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप वर्तमान में विभिन्न देशों द्वारा अपने संविधान और विधिक कानूनों के माध्यम से विभिन्न महिला अधिकारों को स्वीकृत किया गया है जिससे महिला स्थिति सुधार की ओर अग्रसर है। भारत में भी इन्ही प्रेरणाओं के साथ महिला अधिकारों को अपने संविधान में स्थान दिया गया तथा इनके साथ विभिन्न कानूनों द्वारा उनकी पुष्टि की गई है। ''सभ्य समाज की किसी भी परिकल्पना में मानवीय गरिमा, सामाजिक न्याय एवं समता के आदर्श पथिक आस्थाओं, परम्पराजन्य विश्वासों तथा अहम्वादी उद्घोषों से निश्चय ही वरीय है। महिला विधिक संरक्षण के अधिकारों का प्रश्न उक्त आदर्शो का पारदर्शी मापदण्ड है।[8]

भारत में महिलाओं को अधिकार एवं सरंक्षण के लिए भारतीय संविधान एवं विधिक व्यवस्था में अनेकों प्रावधान किये गये हैं। भारतीय संविधान के अन्तर्गत प्रदान किये गये सभी विधिक अधिकार जो महिलाओं को प्रदान किय गये, वे अधिकार महिलाओं को संरक्षण प्रदान करते हैं। सर्वप्रथम प्रस्तावना के तहत् भारत के समस्त नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त करना संविधान में नागरिकों को प्रदान किये गये हैं, वे सभी महिलाओं को भी प्राप्त है। अनुच्छेद 14 से 18 में समता का अधिकार प्रदान किया गया है। इनमें विशेषतया अनुच्छेद 15 की कोई भी बात राज्य को स्त्रियों और बालकों के लिए कोई विशेष उपबन्ध बनाने से नहीं रोकगी। स्त्रियों और बालकों की स्वाभाविक प्रकृति ही ऐसी होती है; जिसके कारण उन्हें विशेष अधिकार की आवश्यकता होती है। अनुच्छेद 19 में छ: स्वतन्त्रताएँ सभी नागरिकों को प्रदान की गयी है। इनमें महिला भी सम्मिलित है। अनुच्छेद 20 स्त्रियों को अपराधों के लिए दोष सिद्धि के विषय में अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 21 भारत के सभी नागरिकों के जीवन एवं दैहिक स्वतन्त्रता को अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 22 कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण प्रदान करता है। अनुच्छेद 23 एवं 24 में शोषण के विरूद्ध अधिकार प्रदान किये गये हैं; जो स्त्री पर भी उसी रूप में लागू होते हैं। अनुच्छेद 25 से 28 धर्म स्वातंत्र्य का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 29 एवं 30 में संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार प्रदान किय गये है। इन सभी अधिकार का वर्णन अनुच्छेद 32 में किया गया है जिसके अन्तर्गत यह प्रावधान है कि मौलिक अधिकारों के हनन की अवस्था में उनके संरक्षण के लिए न्यायपालिका की शरण ले सकता है। इसे संवैधानिक उपचारों का अधिकार कहा गया है।

मौलिक अधिकारों द्वारा प्राप्त उपयुक्त अधिकारों को अतिरिक्त भारतीय संविधान के अन्तर्गत कुछ अन्य उपबन्ध भी किये गये हैं, जिनसे स्त्री अधिकार सम्पन्न होता है। सविधान के भाग चतुर्थ में वर्णित राज्य नीति निदेशक तत्वों में महिला अधिकारों की स्पष्ट झलक देखी जा सकती है। इनमें अनुच्छेद 38, 39, 42 और 44 को प्रमुख रूप से देखा जा सकता है। इसमें 39 विशेष रूप से उल्लेखनीय है इसके अन्तर्गत राज्य अपनी नीति विशिष्टता इस प्रकार संचालन करेगा कि पुरुष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविकोपार्जन के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो, पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान न्याय एवं निशुल्क विधिक अधिकार का भी उपबन्ध करता है। इस तरह राज्य के नीति निदेशक तत्व भारतीय महिला को सामाजिक आर्थिक और कानूनी रूप से अधिकार सम्पन्न करने की बात कहते है। संविधान के अन्य उपबन्धों में अनुच्छेद 51 (क),243 घ (1),(2),(3),(4) एवं 243 (न) को महिला अधिकार के संदर्भ में उल्लेखित किया जा सकता है।[9]

विभिन्न संहिताओं के तहत् मुख्य रूप में भारतीय दण्ड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता को लिया जा सकता है। भारतीय दण्ड संहिता ने महिलाओं के अधिकार हेतु विशेष प्रावधानों की व्यवस्था की गयी है। 1860 में निर्मित भारतीय दण्ड संहिता ने स्वतन्त्रता पूर्व ही स्त्री को अनेक अधिकार प्रदान किये गये थे। इसकी धारा 10 स्त्री एवं पुरुष दोनों को मानव घोषित करती है। धारा 96 सभी नागरिकों को अपनी निजी सुरक्षा का अधिकार सौंपती है।

धारा 100 इस अधिकार की वृद्धि करते हुए कहती है कि यदि बलात्संग, व्यपहरण या अपहरण के आशय से हमले के प्रतिरोध में हमलावर की जान चली जाये तो यह अपराध नहीं होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता की अनेक धाराएं महिला अधिकार की पुष्टि करती है।[10] इस तरह यह संहिता स्त्री पर होने वाले अत्याचार एवं हिंसा के विरूद्ध उसे संरक्षण प्रदान करती है। इसके अन्तर्गत स्त्री के विरूद्ध किये गये अपराधों के दण्डों का निर्धारण

किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि घरेलू हिंसा निरोध अधिनियम से पूर्व घरेलू हिंसा के सभी मामले संहिता कि धारा 498 (क) के अन्तर्गत दर्ज किये जाते थे।

दण्ड प्रक्रिया संहिता में भी स्त्रियों के लिए कुछ विशेष प्रावधान किये गये है, जो उसे विधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसमें धारा 47 (2) स्त्रियों के होने पर किसी अधिकारी के तलाशी हेतु प्रवेश वर्जित करती है। धारा 51 (2)स्त्री की तलाशी स्त्री द्वारा ही लिये जाने का उपबन्ध करती है। धारा 53 (2) के अन्तर्गत स्त्री की चिकित्सा परीक्षा किसी पंजीकृत स्त्री चिकित्सक द्वारा ही की जायेगी। धारा 98 स्त्री को विधि विरूद्ध निरोध के विपरीत उसे स्वतन्त्रता प्रदान करने की बात कहती है। धारा 125 पत्नी, सन्तान एवं माता-पिता को भरण-पोषण का विधिक अधिकार प्रदान करती है।[14]

महिलाओं के उत्पीड़न एवं अत्याचार से संरक्षण के लिए भारतीय संसद ने समय-समय पर विभिन्न अधिनियम पारित किये गये अधिनियम विशिष्टताया महिला अधिकार को दृष्टिगत रखकर निर्मित किये गये हैं। ये कानून भारतीय संविधान एवं विभिन्न संहिताओं में स्त्रियों को प्राप्त संरक्षण की न केवल पुष्टि करते हैं अपितु उनको सशक्त रूप से लागू भी करते हैं। इन अधिनियमों में मुख्य रूप से हिन्दू विवाह अधिनियम 1955, विशेष विवाह अधिनियम 1954, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961, अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956, चिकित्सकीय गर्भ समापन अधिनियम 1971, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व परीक्षण तकनीक अधिनियम 1994, सती कर्म (निवारण) अधिनियम, 1987 घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम,2005, स्त्री का अशिष्टरूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1896, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 1961 एवं हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 इत्यादि को सम्मिलित किया जा सकता है। प्रस्तुत लेख में महिला विधिक अधिकारों का वर्णन व्यापक रूप से किये जाने के साथ-साथ महिला पर किये गये अत्याचारों के लिए दण्ड का निर्धारण भी किया गया है।

उपबन्धों और अधिनियमों के क्रियान्वयन से महिला विधिक स्थिति अपेक्षाकृत सशक्त हुई है। यद्यपि कानूनों ने महिलाओं को अनेक प्रकार के उन्नायक, सुरक्षात्मक, भरण-पोषण आदि विकासात्मक निशुल्क शिक्षा कामकाजी महिलाओं के अधिकार एवं स्वस्थ वातावरण की सफल आदि व्यवस्थाएँ की है, किन्तु उनके सही परिप्रेक्ष्य में प्रभावी क्रियान्वयन के वांछित परिणाम व्यापक रूप से समाज में दिखाई नहीं पड़ते हैं। इधर हमारे न्यायालयों विशेषतया उच्च एवं उच्चतम न्यायालय प्रभावी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। इस सम्बन्ध में न्यायपालिका द्वारा किए गए कुछ निर्णय इसके प्रमाण है। उदाहरणार्थ 1997 में विशाखा बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया जिसमें कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न को स्पष्ट कर इसे परिभाषित किया गया तथा इसे रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी किये गए। इससे कामकाजी महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ हुई है। इसी प्रकार अन्य वाद उदाहरण स्वरूप लिये जा सकते है- उपेन्द्र बख्शी बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. (1998), ऐपैरेल एक्सपोर्ट, प्रमोशन काउंसिल बनाम ए.के. चौपड़ा (1999) आदि। महिलाओं के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालायों का दृष्टिकोण महिलाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण एवं सकारात्मक रहा है।

भारतीय महिलाओं के विधिक अधिकारों की प्रभावशीलता

भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष दर्जा प्राप्त है। लेकिन वास्तविकता यह है कि कानून की नजर में महिलाओं की स्थिति दोयम दर्जे की है। विवाह, तलाक, काम, सम्पत्ति में अधिकार, गुजारा भत्ता कोई ऐसा अधिकार नहीं है, जहाँ समानता के नाम पर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक न किया गया हो। भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 125 के अन्तर्गत तलाकशुदा महिला अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता हासिल कर सकती है। वास्तविकता में बहुत सी महिलाओं को तो केवल दो सौ रूपये या इससे भी कम मिल रहे हैं। दरअसल, जब पाँचवें दशक में यह राशि निर्धारित की गई थी। लेकिन मूल्य सूचकांक से न जुड़ने के कारण महँगाई कहीं की कहीं पहुँच गई और अधिकतम गुजारा भत्ता वहीं रह गया।

यद्यपि अकेले कानून के द्वारा महिलाओं की दुनिया को नहीं बदला जा सकता। दहेज और घरेलू हिंसा से सम्बन्धित कानून कड़े करने के बावजूद भी इनकी दर में कमी होने के अलावा बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन यह भी कहा जा सकता है कि यदि वे कानून न बनाते तो दहेज और हिंसा की घटनाओं में और भी बढ़ोत्तरी होती। आर्थिक मामलों में कानून खासतौर पर महिलाओं के हित में सार्थक भूमिका निभा सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि महिलाओं को वास्तविक समानता और स्वतन्त्रता तब तक हासिल नहीं हो सकती, जब तक वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो जाती। इसके लिए महिलाओं को कामकाजी होने के साथ-साथ सम्पत्ति में अधिकार दिया जाना जरूरी है।

भारतीय हिन्दू महिलाओं को सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार दे दिया गया है; लेकिन इसके पीछे कई किन्तु परन्तु लगे हुए है। महिलाओं के साथ स्वयं अर्जित सम्पत्ति और पुश्तैनी सम्पत्ति में अन्तर के आधार पर भेदभाव किया जाता है। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत लड़कियों को माता-पिता की स्वयं अर्जित सम्पत्ति में बराबरी का हिस्सा मिल जाता है बशर्ते वे एक परिवार की सदस्य हो। लेकिन पुश्तैनी या संयुक्त परिवार की

सम्पत्ति में लड़कियों की कोई हिस्सेदारी नहीं है। तीन पीढ़ियों के पश्चात् स्वयं अर्जित सम्पत्ति संयुक्त सम्पत्ति में बदल जाती है।

कानून के कारण महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन न आने के अनेक कारण है। सर्वप्रथम सम्पूर्ण कानूनी व्यवस्था पितृसत्तात्मक समाज के पक्ष में खड़ी नजर आती हैं दूसरा कानून की धाराएँ धारदार नहीं है। तीसरा अधिकांश महिलाओं को कानूनी जानकारी नहीं है जिस कारण वे इसका लाभ नहीं उठा पाती। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि जिन महिलाओं को जानकारी है भी, उलझी हुई कानूनी प्रक्रिया और भ्रष्टाचार के कारण इसके पचड़े में नहीं पड़ना चाहती। सरकार द्वारा बनाए गए कानून अधिकांश महिलाओं पर कोई प्रभाव नहीं डालते है। भारी-भरकम कानूनों के होते हुए महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। महिलाएँ कार्यस्थल में तो असुरक्षित है ही; घर पर भी हिंसा से पीड़ित होना पड़ता है।

अनेक धर्मों की महिलाओं के अधिकारों न केवल उनके पर्सनल लॉ बोर्ड के हाथों में देकर महिलाओं के साथ एक और खिलवाड़ किया गया है। उदाहरणत: महिलाओं से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अनुसार होती है, हिन्दू महिलाओं सम्बन्धित मामले हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत् आते है और इसी प्रकार ईसाई महिलाओं को भी अपने अधिकार पाने के लिए ईसाईयों के पर्सनल लॉ का पिछलग्गू बनना पडता है। व्यवहारत: ये कानून समुदाय की कट्टरपंथी ताकतों द्वारा निर्धारित निर्देशित होते हैं।

निष्कर्ष

भारत में महिला विधिक अधिकारों की स्थिति सशक्त एवं महिलाओं के स्तर को उपर उठाने के लिये सरकार निरन्तर प्रयासरत है। स्वतंत्रता से वर्तमान तक महिलाओं की उन्नति के लिये और समुचित न्याय दिलाने हेतु सरकार एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा निरन्तर विधिक अधिकार एवं संरक्षण प्रदान किये जाते हैं। लेकिन इन सब के बावजूद भी ऐसा महसूस होता है कि महिला वर्ग उन सब प्रयासों से लाभान्वित नहीं हो पा रही है। इसके पीछे महिलाओं की अज्ञानता एवं रूढिवादिता आदि। इन्हीं कारणों से महिलाएं सरकार द्वारा बनाये गये कानूनों को पूर्णत: नहीं जान पाती है और यदि आस-पास से कुछ जानकारी ग्रहण कर भी लेती है तो परिवार एवं समाज के कट्टरपंथी सोच के कारण महिलाएं आगे अग्रसर नहीं हो रही है। उसमें कोई संशय नहीं है कि वह लाभान्वित भी होती है, लेकिन आगे आने वाली महिलाओं की संख्या नगण्य ही है। इसलिये समाज के जाग्रत वर्ग का यह दायित्व है कि वह महिलाओं के इस वर्ग को उनके अधिकरों के प्रति जाग्रत एवं सशक्त बनाये। तथापि उपर्युक्त संवैधानिक प्रावधानों के अतिरिक्त संविधान द्वारा प्रदत्त विधियों द्वारा भी महिला अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया गया है। इन उपयुक्त अधिनियमों के क्रियान्वयन से महिलाओं की वैधानिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। यद्यपि कानून ने महिलाओं को अनेक प्रकार की सुरक्षात्मक व्यवस्थाए दी हैं, किन्तु उन कानूनों का सही परिप्रेक्ष्य में प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम नगण्य है वस्तुत: भारतीय संविधान में कानून के शासन की बुनियादी प्रतिबद्धता महिला और पुरुष समानता में अन्तर्निहित है जो महिलाओं के अधिकार पूर्ण सशक्तिकरण में कितने सफल हो पायेंगे, इसका जबाव भविष्य के गर्भ में है।

सन्दर्भ सूची

1. आर्य, साधना, मेनन निवेदिता, लोकनीति जिनी, नारीवादी राजनीति संघर्ष व मुद्दे, दिल्ली, 2001, पृ. 20
2. नगेन्द्र शिलजा, विमिन्स राइट्स, ए.डी.बी. पब्लिशर्स, जयपुर, 2006, पृ. 2
3. क्राफ्ट मेरी वोल्सटन, ए विन्डीकेशन ऑफ दी राइट्स ऑफ विमिन, (मीनाक्षी द्वारा वोल्सटन की पुस्तक का हिन्दी अनुवाद : स्त्री अधिकरों का औचित्य साधन), राजकमल, दिल्ली, 2003, पृ. 41
4. माहेश्वरी, सरला, नारी प्रश्न, राधाकृष्ण प्रकाशन, 1998, पृ. 15
5. सीमन, उथरा, पेट्रीआर्की : थ्योरिटिकल पॉश्चूलेट्स एण्ड एम्पीरीकल फाइडिंग्स, सोश्योलोजिकल बुलेटिन, जर्नल आफ दी इण्डियन सोश्योलोजिकल सोसायटी, वोल. 58, नं. 29, मई-अगस्त 2009, पृ. 254-255
6. ए. स्वार्जर, सीमाने द ब्रूवो : टूडे कर्न्वसेसन्स, 1972-1982, माहेश्वरी सरला, नोट-34, पृ. 34-35
7. डोनोविन, जोसेफिन, फेमिन्स्टि थ्योरी कोन्टीन्यूअम, न्यूयार्क, लन्दन, 2000, पृ. 158-159
8. कौशिक, आशा, एक समान नागरिक संहिता एवं महिला अधिकार, जैन प्रतिभा एवं शर्मा संगीता, भारतीय स्त्री सांस्कृतिक सन्दर्भ, रावत पब्लिकेशन, जयपुर एवं नई दिल्ली, 1998, पृ. 204
9. महावर, सुनील, राज्य एवं महिला मानवाधिकार, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2011, पृ. 237-238
10. भारतीय दण्ड संहिता के तहत् महिला संरक्षण को पुष्ट करने वाली

योजना आयोग का पुनर्गठन : केन्द्र-राज्य बने 'टीम इंडिया'

रघुवीर सिंह मौर्य

शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

शोध सारांश

किसी भी कार्य या क्षेत्र में सफलता के लिए नियोजन की महत्ती भूमिका होती है। सही नियोजन के अभाव में किसी भी कार्य या क्षेत्र में सफलता संदिग्ध रहती है। इसीलिए स्वतंत्रता के तुरन्त बाद देश के तीव्र आर्थिक विकास के लिए तथा संसाधनों के सर्वोत्तम और अधिकतम उपयोग के लिए आर्थिक नियोजन को अपनाया गया था तथा इस हेतु ही 15 मार्च 1950 में योजना आयोग की स्थापना की गई थी। लेकिन समय बीतने के साथ यह महसूस किया गया कि योजना आयोग की वर्तमान परिवर्तित आर्थिक परिदृश्य में कोई सार्थक भूमिका और उपादेयता नहीं रह गई है तथा इससे भारत की परिसंघीय व्यवस्था को क्षति पहुँच रही है। समय-समय पर गठित आयोगों ने भी तथा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी योजना आयोग को परिवर्तित आर्थिक परिदृश्य में पुनर्गठित किये जाने पर जोर दिया था। इन सबके मद्देनजर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजना आयोग का पुनर्गठन करते हुए 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग की स्थापना की। इस संस्था को इस प्रकार गठित किया गया है कि यह बदली हुई जरूरतों के हिसाब से सरकार के दिशात्मक और नीतिनिर्धारक थिंक टैंक के रूप में कार्य करेगी साथ ही इसके माध्यम से केन्द्र -राज्य 'टीम इण्डिया' बनकर कार्य कर सकेंगे।

संकेताक्षर : *आर्थिक नियोजन, उदारीकरण, परिसंघ, थिंक टैंक*

योजना आयोग का गठन आज से 65 वर्ष पहले 15 मार्च 1950 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के प्रस्ताव द्वारा तब किया गया था, जब भारत को आजाद हुए मात्र तीन वर्ष ही हुए थे। देश में गरीबी और भुखमरी थी। संसाधनों की कमी नहीं थी लेकिन उनके अधिकतम और सर्वोत्तम उपयोग से देश को विकास की राह पर ले जाने का कोई स्पष्ट रास्ता देश के सामने नहीं था। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरु द्वारा यह कल्पना की गई कि एक योजना आयोग हो जो देश उसके तमाम राज्यों के लिए पंचवर्षीय और वार्षिक योजनाएं बनाए। इन योजनाओं के माध्यम से वही यह तय करे कि किस वर्ष में कौनसा राज्य किस क्षेत्र में सबसे ज्यादा ध्यान दे और किस मद में कितना खर्च किया जाए।[1] इस प्रकार योजना आयोग के निम्न कार्य निर्धारित किये गये-

- देश के संसाधनों का आकलन करना तथा इनके प्रभावी उपयोग के लिए पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण करना।
- प्राथमिकताओं का निर्धारण करना और योजनाओं के लिए संसाधनों का आवंटन करना।
- योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मशीनरी का निर्धारण करना।
- योजनाओं की प्रगति का आवधिक मूल्यांकन करना।
- देश के संसाधनों का सबसे प्रभावी और संतुलित ढंग से उपयोग करने के लिए योजनाओं का निर्माण करना।
- आर्थिक विकास को बाधित करने वाले कारकों की पहचान करना। योजना के प्रत्येक चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मशीनरी का निर्धारण करना।[2]

योजना आयोग एक गैर-संवैधानिक और परामर्शदात्री संस्था थी, जिसका पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता था। आयोग में एक नामजद उपाध्यक्ष भी होता था, जिसकी रैंक केबिनेट मंत्री के बराबर होती थी। कुछ महत्वपूर्ण विभागों के केबिनेट मंत्री आयोग के अस्थायी सदस्य होते थे, जबकि स्थायी सदस्यों में अर्थशास्त्र,उद्योग, विज्ञान और सामान्य प्रशासन जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होते थे। आयोग अपने विभिन्न प्रभागों के माध्यम से कार्य करता था। आयोग के विशेषज्ञों में अधिकतर अर्थशास्त्री होते थे।[3]

15 मार्च 1950 के केबिनेट नोट में यह पूर्णत: स्पष्ट कर दिया गया था कि आयोग मूलत: एक परामर्शदात्री संस्था है और इसका कार्य आर्थिक नियोजन के मामलों पर शासन को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करना है। किन्तु व्यवहार में आयोग ने संविधान और शासन दोनों को ही विशेष रुप से प्रभावित किया। इसने अपने कार्यो का विस्तार करते हुए सिर्फ रक्षा को छोड़कर प्रशासन के सभी क्षेत्रों में भावी विकास का प्रमुख निर्धारक बन गया राज्य सरकारें वित्तीय सहायता और आर्थिक परामर्श के लिए आयोग पर अधिकांशत: निर्भर हो गईं।अशोक चंदा ने तो आयोग की व्यापक भूमिका के कारण इसे देश का 'आर्थिक मंत्रिमण्डल' कहा है।[4]

प्रासंगिकता खो चुका था योजना आयोग

यह सही है कि आजादी के 67 साल बाद भी यदि देश में गरीबी, भुखमरी और बेकारी है, रहने को घर-मकान नहीं है, पढ़ने के लिए स्कूल और इलाज के लिए अस्पताल नहीं है, देश की बढ़ती आबादी के पास पीने को पानी, चलने को सड़क नहीं है तब राजनीतिक नेतृत्व के साथ योजना आयोग भी कम दोषी नहीं है। प्रश्न स्वाभाविक और सरल है कि आखिर उसने क्या योजना बनाई? इन सालों में योजना आयोग ने क्या और कितना काम किया, क्या उसने जो दिशा और प्राथमिकताएं तय की वे सही थी? अब बदले जमाने में उसकी क्या प्राथमिकताएं होनी चाहिए। योजना आयोग कोई संवैधानिक संस्था नहीं थी। इसका गठन सिर्फ केबिनेट नोट के माध्यम से किया गया था। देश के विकास और नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण रही संस्था को कभी संसद से कानून के माध्यम से संस्तुति दिलाने की जरुरत नहीं समझी गई। यह आज तक संविधान से ऊपर निकाय के रुप में कार्य करती आ रही थी। आज जबकि केन्द्रीय आयोजना का पूरा समाजवादी माइंडसेट ही बदल चुका है तब हमें इस संस्था की जरुरत वैसे भी नहीं रह गयी थी। खुद सोवियत संघ ने अब इस तरह की अयोजना पद्धति को छोड़ दिया है। 1991 से पूर्व योजना आयोग लक्ष्य निर्धारण और लाइसेंस निर्धारण का कार्य करता था, जैसे देश को वर्ष विशेष में कितना कोयला, लोहा और बिजली चाहिए तथा उसे कितने स्कूटर और कारें बनानी चाहिए। इसी हिसाब से देश में उत्पादन के लाइसेंस दिये जाते थे। लेकिन 1991 के बाद उदारीकरण की नीति अपनाने के बाद यह सब निर्धारण तो खत्म हो गया था। अब तो ये अपना क्यूरोक्रेटिक अस्तित्व बनाये रखने की कोशिश में कुछ दूसरे काम अपने हाथ में ले लेता था।(जैसे- निगरानी, मूल्यांकन, सर्वशिक्षा अभियान का मूल्यांकन आदि) जिससे किसी तरह जिन्दा बना रहे।

विशेषकर 2013 में 'इंडिपेंडेंट इवेल्यूशन ऑफिस' के गठन के बाद तो उसके अस्तित्व का कोई कारण ही नहीं रहा था। यह सही है कि योजना आयोग कुछ और काम भी करता था, लेकिन वे काम भी या तो दूसरी संस्थाएं कर सकती थी या फिर वे करना शुरु कर चुकी थी। जैसे राज्यों के बीच अनुदान वितरण तथा करों से प्राप्त आय का केन्द्र-राज्यों में विभाजन आदि और योजना परामर्श की भूमिका, यह कार्य वित मंत्रालय और वित-आयोग कहीं बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हर विभाग अपनी जरुरत के अनुसार एक परामर्श समिति का का गठन कर सकता है। प्रधानमंत्री की सलाह के लिए पहले से ही एक सलाहकार परिषद रहती ही है। वैसे भी उदारवादी अर्थव्यवस्था के दौर में कोई संस्था इतनी ताकतवर नहीं होनी चाहिए कि वह सभी को निर्देश दे।[5]

इसके अलावा वित आयोग और योजना आयोग द्वारा वित्तीय साधनों के वितरण की प्रचलित व्यवस्था से अधिकांश राज्य संतुष्ट नहीं थे। प्रचलित व्यवस्था में करों से प्राप्त होने वाली आय का प्रधान भाग केन्द्रीय कोष में जाता था और अपने लोककल्याण एवं जनविकास सम्बंधी दायित्वों की वृद्धि के बावजूद भी राज्यों की आय के स्त्रोत अत्यन्त अल्प रखे गये थे। इसके परिणामस्वरुप राज्यों की योजनाओं की सफलता बहुत कुछ केन्द्रीय अनुदान पर ही निर्भर हो जाती थी। 1967 के बाद राज्यों की यह शिकायत रही कि केन्द्र की सरकारें है या मुख्यमंत्री के प्रधानमंत्री के साथ अच्छे संबंध है। योजना आयोग के माध्यम से केन्द्र राज्यों पर न केवल नियंत्रण रखता था बल्कि भेदभाव भी बरतता रहा था, जिससे भारत की संघीय व्यवस्था और केन्द्र-राज्य संबंधों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।[6] कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े के अनुसार-''राज्य अपनी योजना का आकार तय नहीं करते। उन्हें विवेकाधीन अनुदान के लिए आयोग से मिन्नतें करनी पड़ती हैं। इससे देर भी होती है और तनाव भी बढ़ता है।''[7]

योजना आयोग जैसे एक किसी थिंक टैंक संस्था की हमें जरूरत तो है पर वर्तमान योजना आयोग जैसी संरचना समाजवादी देशों में ही कारगर हो सकती है। मुक्त बाजार आधारित अर्थव्यवस्था में यह प्रणाली सफलता से काम नहीं कर सकती। साथ ही योजना आयोग को लोग सोवियत जमाने के लाइसेंस राज और उत्पादन लक्ष्य प्रणाली से जोड़ते हैं।

योजना आयोग की सबसे बड़ी कमी यह थी कि यह योजनाओं और क्रियान्वयन के बीच सेतु नहीं बन सका। यह बजट बनाना लक्ष्य निर्धारण और योजनाएं बनाने का काम तो करता था' पर उनके क्रियान्वयन की कोई खास चिंता उसमें नहीं होती थी। जब

अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने तो एक मीटिंग में योजना आयोग ने उन्हें बताया कि अगर हम ये 9 कदम उठाएं तो हम 9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकते हैं। इस पर वाजपेयी ने कहा था कि ये नौ कदम तो हम भी जानते हैं पर ये बताइये कि ये नौ कदम कैसे उठाये जाएं। सदस्यों की राय भी माँगी थी। यह महसूस किया जा रहा था कि पिछले कुछ सालों में दुनिया बदल गई है। साथ ही आर्थिक सुधारों के बाद हमारे देश में भी बहुत बदलाव आ गया है। हमारी सोच बदली है निजी क्षेत्र का आकार और क्षमताएं अपेक्षाकृत काफी बढ. गई है। इसको देखते हुए योजना आयोग को बदलने की जरूरत तो लम्बे समय से महसूस की जा रही थी, पर इसकी भूमिका में जिस किस्म के बदलाव होने चाहिए थे, वह काफी व्यापक और आमूलचूल थे। इसलिए यथास्थितिवादी ताकतों के आगे उनको क्रियान्वित किया जाना संभव नहीं हो सका। आखिर प्रधानमंत्री मोदी को योजना आयोग को समाप्त करने की घोषणा करनी पड़ी।[8]

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इसमें दो तरह के बदलाव देखना चाहते थे। एक तो वे योजना आयोग को 'सिस्टम रिफॉर्म कमीशन' का स्वरूप देना चाहते थे। दूसरा वे चाहते थे कि योजना आयोग हजार पेज की रिपोर्ट बनाने के बजाय प्रेरक विमर्श का एक स्त्रोत बनकर उभरे। पर योजना आयोग के ढांचागत स्वरूप को बदले बिना यह नहीं किया जा सकता था और योजना आयोग अपनी प्रासंगिकता खोया गया। योजना आयोग की रिपोर्ट कोई पढ़ता नहीं था। जो भी योजनाओं के भागीदार और हिस्सेदार थे, चाहे वे राज्य हों या फिर निजी सेक्टर हों, उनमें योजना आयोग किसी व्यापक विमर्श और सवांद की प्रकिया में शामिल नहीं होता था। विचार -विमर्श के नाम पर समयबद्ध औपचारिकताएं होती थीं। जिसमें अन्य सभी हिस्सेदारों का काम सिर्फ योजना आयोग का पक्ष सुनना भर था।[9] के. सन्थानम् के शब्दों में -''इस समूची नियोजन व्यवस्था ने नीति और वित सम्बन्धी सभी मामलों में राज्यों की स्वायत्तता को एक छाया का रूप प्रदान कर दिया गया।''

योजना आयोग के पूर्व सदस्य अरूण मैरा का कहना है कि कई बार मेरी सांसदों से चर्चा होती थी, तो वे सभी यही शिकायत करते थे कि आपकी रिपोर्ट और बातें हमारी समझ में तो आती नहीं हैं। आप इस भाषा में अपनी बात कहें जो हमें समझ में आ सके तो हम आयोग क्रियान्वयन में कुछ सहायता कर सकते हैं। अथवा आप योजनाएं बनाते समय हमारी बात सुनिये और फिर योजनाएं बनाइये। सिर्फ सांसदों की ही बात नहीं है। योजनाएं सिर्फ अर्थशास्त्रियों के लिए नहीं होती हैं अन्ततःयोजनाओं का फायदा तो उद्योग, शिक्षा, कारोबार, कृषि आदि सभी क्षेत्रों के लोगों को होना है, इसलिए इनकी अपेक्षाओं,समस्याओं को भी योजनाएं बनाते समय शामिल किया ही जाना चाहिए। राज्यों के ऊपर योजनाओं को क्रियान्वयन का जिम्मा होता है, पर उनमें भी योजनाएं बनाते समय उचित मशविरा नहीं किया जाता था। कोई मशविरा होता भी था वो उनकी संरचना इस तरह की होती थी कि कभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एक सम्मेलन के लिए बुला लिया जाता और फिर योजना आयोग विस्तार से अपनी बात रखता था। जब मुख्यमंत्रियों के बोलने की बारी आती तो उनको बोलने के लिए 7 मिनट या 10 मिनट दे दिये जाते थे। इस तरह से योजना बनाने की पूरी संरचना ही'टॉप टू बॉटम'बनी हुई थी। यह संरचना समाजवादी राज्यों में तो चल सकती थी, जहां कि पूरे देश में एक ही पार्टी की सरकार होती है और राज्यों के कार्यकारी प्रधान अर्थात गवर्नर केन्द्र से नियुक्त किये जाते हैं। पर भारत जैसे लोकतांत्रिक और मुक्त बाजार वाले देश में योजना बनाने की यह पद्धति कारगर नहीं हो सकती। यहां तो सभी को राज्यों को, उद्योगों को, सिविल सोसायटी के शिक्षा, पर्यावरण, कृषि महिलाओं आदि से जुड़े विभिन्न थिंक टैंक संगठनों को योजना बनाने में शामिल करना होगा। सिर्फ बजट बनाना और लक्ष्य तय कर देने से योजनाएं नहीं बन जाती हैं।

थिंक टैंक के रूप में अस्तित्व में आया नीति आयोग

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि योजना आयोग अपनी प्रासंगिकता खो चुका है,नई संस्था की जरूरत है। तब से ही सरकार योजना आयोग के विकल्पों पर काम कर रही थी। मोदी ने 5 दिसम्बर 2014को लोकसभा में कहा था कि व्यापक विचार -विमर्श के बाद ही योजना आयोग को नई संस्था में बदला जायेगा। इस मुद्दे पर विचार करने के लिए 7 दिसम्बर 2014 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नई दिल्ली में राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जिसमें उन्होंने कहा कि राज्यों के विकास को धुरी बनाकर ही देश को आगे बढाया जा सकता है। योजना की प्रकिया को ऊपर नीचे (बॉटम टू टॉप) करने की जरूरत है। बैठक को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री अरूण जेटली ने भी कहा कि मोदी सरकार राज्यों को ताकतवर बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री 12 साल तक मुख्यमंत्री रहे हैं, वे जानते हैं कि केन्द्र से पैसे मांगने में राज्यों को किस तरह की दिक्कतें आती हैं। योजना आयोग के अव्यावहारिक कार्यो की वर्तमान में जरूरत नहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नई संस्था के गठन में राज्यों की सलाह को प्राथमिकता दी जायेगी।[10]

योजना आयोग पुनर्गठन मंथन बैठक में योजना आयोग की जगह नई संस्था के गठन की कवायद में सत्ता -पक्ष और विपक्ष की राजनीति मुखर हुई। कांग्रेस व गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मौजूदा योजना आयोग में ही बदलाव कर उसे और ताकतवर बनाने की वकालत की। त्रिपुरा, उड़ीसा, बिहार, उत्तरप्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल आदि राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नई संस्था के गठन का पुरजोर विरोध किया। कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद शर्मा ने नई संस्था के गठन का विरोध करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नहीं है। मौजूदा योजना आयोग को समाप्त करना राज्यों के हित में नहीं है, इससे सामंतशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आयोग को समाप्त करने को अलोकतांत्रिक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से चर्चा किये बिना ही इसे समाप्त करने की घोषणा कर दी। आयोग का पुनर्गठन होना चाहिए, लेकिन इसे खत्म करना गैर -जरूरी था। इससे दीर्घकालिक तौर पर केन्द्र और राज्यों के संबंध प्रभावित होंगे।

लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी घोषणाओं में से एक पर अमल करते हुए योजना आयोग को भंग कर उसके स्थान पर 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग के गठन को मंत्रिमण्डल ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। नीति को नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया यानि राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था का नाम दिया गया।

15 मार्च 1950 को जिस प्रस्ताव के माध्यम से योजना आयोग की स्थापना की गई थी, उसके स्थान पर नया प्रस्ताव लाया गया। इस प्रस्ताव के मूल पाठ में कहा गया है कि महात्मा गाँधी ने कहा था कि -'' सतत् विकास जीवन का नियम है और जो व्यक्ति हमेशा हठधर्मिता को बनाए रखने की कोशिश करता है, स्वयं को भटकाव की ओर ले जाता है। '' इस भावना को प्रदर्शित करते हुए एक नये भारत में बदले माहौल में,शासन और नीति के संसाधनों को नई चुनौतियों को अपनाने की जरूरत है।[11]

बीते वर्षों के साथ सरकार का संस्थागत ढांचा विकसित और परिपक्व हुआ है। इससे कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित हुई है, जिसने संस्थाओं को सौपे गये कार्यों की विशिष्टता बढाई है। नियोजन की प्रकिया के संदर्भ में शासन की 'प्रकिया'को शासन की 'कार्यनीति 'से अलग करने के साथ ही साथ उसे ऊर्जावान बनाने की जरूरत है। शासन संरचना के संदर्भ में हमारे देश की जरूरत बदली हुई है, ऐसे में एक ऐसे संस्थान की स्थापना की आवश्यकता है जो सरकार के दिशात्मक और नीति निर्धारण थिंक टैंक के रूप में कार्य करे। प्रस्तावित संस्थान प्रत्येक स्तर पर नीति निर्धारण के प्रमुख तत्वों के बारे में महत्वपूर्ण और तकनीकी सलाह देगा। इसमें आर्थिक मोर्चे पर प्रकियाओं के प्रकार, नए नीतिगत विचारों को अपनाने और विषय आधारित विशिष्ट सहायता शामिल है। यह संस्थान लगाातर बदल रहे एकीकृत विश्व के अनुरूप कार्य करने में साकार होगा, भारत जिसका एक भाग है।

नीति आयोग के मुख्य उद्देश्य और ढांचा[12]

- राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना।
- राज्यों के साथ सतत् आधार पर संरचनात्मक सहयोग की पहल और तंत्र के माध्यम से सहयोगपूर्ण संघवाद को बढावा देना।
- ग्राम स्तर पर विश्वसनीय योजना तैयार करने के लिए तंत्र विकसित करेगा और इसे सतत् नई ऊंचाइया प्रदान करना।
- समाज के उन वर्गों पर विशेष रूप से ध्यान देना,जो अब तक आर्थिक लाभ से वंचित रहे हैं।
- दीर्घावधि के लिए रणनीतिक नीति तथा कार्यक्रम का ढांचा तैयार करना व उनकी प्रगति और क्षमता की निगरानी करना।

नवगठित नीति आयोग का ढांचा इस प्रकार होगा

- अध्यक्ष - प्रधानमंत्री
- उपाध्यक्ष - प्रधानमंत्री द्वारा नामित
- गवर्निंग काउंसिल - राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल
- क्षेत्रीय परिषद् - विशिष्ट मुद्दों और ऐसे आकस्मिक मामलों, जिसका संबंध एक से अधिक राज्य या क्षेत्र से हो, को देखने के लिए क्षैत्रिय परिषद् गठित की जाएंगी। ये परिषदें विशिष्ट कार्यकाल के लिए बनाई जाएंगी। भारत के प्रधानमंत्री के निर्देश पर क्षैत्रीय परिषदों की बैठक होगी। संबंधित क्षेत्र के राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल शामिल होंगे। इनकी अध्यक्षता नीति आयोग के उपाध्यक्ष करेंगे। संबंधित कार्यक्षेत्र की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ और कार्यरत लोग विशेष आमंत्रित के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा नामित किये जायेंगे।
- पूर्वकालिक सदस्य -प्रधानमंत्री द्वारा नामित
- अंशकालिक सदस्य -अधिकतम् दो, जो प्रधानमंत्री द्वारा अग्रणी विश्वविद्यालय, शोध संस्थानों और संबंधित संस्थानों में से नामित किये जायेंगे।

- पदेन सदस्य -केन्द्रीय मंत्रीमण्डल से अधिकतम् चार सदस्य, जो प्रधानमंत्री द्वारा नामित किये जायेंगे।
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी -भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी को निश्चित कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जायेगा।
- सचिवालय -आावश्यकतानुसार।

योजना आयोग और नीति आयोग में मूलभूत अंतर है कि इसमें केन्द्र से राज्यों की तरफ चलने वाले एकपक्षीय नीतिगत क्रम को एक महत्वपूर्ण विकासवादी परिवर्तन के रूप में राज्यों की वास्तविक और सतत भागीदारी से बदल दिया जाएगा। योजना आयोग की तरह नीति आयोग में विशेषज्ञों द्वारा आंकड़े जुटाकर योजनाएं बनाएंगे जिन्हें लागू करना है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था -'' एक विचार लें। उस विचार को अपना जीवन बनाएं। उसी के बारे में सोचें, उसका सपना देखें और उसी विचार को जिएं। मस्तिष्क, मांसपेशी, स्नायुतंत्र, अपने शरीर के प्रत्येक भाग को उस विचार से ओतप्रोत कर दें और दूसरे विचारों को अलग रख दे। यही सफलता की राह है।'' सहकारी संघवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता, नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने, अवसरों तथा समाजवादी पहुंच, प्रतिभागी एवं अनुकूलनीय शासन और विकसित हो रही प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग के जरिये नीति आयोग शासन प्रकिया को महत्वपूर्ण दिशा -निर्देश और कार्यनीतिक योगदान देगा। हम अगले कुछ दशकों के दौरान विशाल आबादी का सार्थक रूप से लाभ उठायें, गरीबी -उन्मूलन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और ज्ञानपूर्ण अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कार्य करेंगे, समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए अवसर जुटाने, राष्ट्रीय उद्देश्यों और देश की आकांक्षाओं -जरूरतों को पुरा करने की महत्ती जिम्मेदारी नीति आयोग निभा पायेगा। देखना यह है कि नीति आयोग के माध्यम से मोदी सरकार भारत में कितने और कैसे परिवर्तन लाती है।

निष्कर्ष

सार रूप में कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्षों पुरानी संस्था योजना आयोग का पुनर्गठन करके इसे नीति आयोग का जो स्वरूप प्रदान किया है, वह वर्तमान बदलते हुए आर्थिक परिवेश में विशेषकर उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के माहौल में उठाया गया एक सही कदम है। क्योंकि इसकी जरूरत काफी लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। नीति आयोग की स्थापना के पश्चात् निश्चित रूप से देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा केन्द्र राज्यों में सहकार की भावना का विकास हो सकेगा और वे 21 वीं सदी में 'टीम-इंडिया' बनकर देश को विश्व में एक खास दर्जा दिलाने की दिशा में मिल-जुलकर कार्य कर सकेंगे।

संदर्भ सूची

1. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.पत्रिका .कॉम
2. पुरी, एस, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, आदर्श प्रकाशन, जयपुर, 1997, पृ. 198
3. बसु, डॉ. दुर्गादास, भारत का सविधान एवं परिचय, लेक्सिस-नेक्सिस, 2013, पृ. 389
4. जैन, डॉ. पुखराज, भारतीय राजव्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, 2012, पृ. 112
5. शाह, पार्थ जे., लेख राजस्थान पत्रिका, 3 जनवरी 2015, पृ. 4
6. जैन, डॉ.पुखराज, पूर्वोक्त, पृ. 51
7. चड्डा, पी.के., भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, यूनिवर्सिटी बुक हाउस (प्रा.) लि. जयपुर, 2005, पृ. 79
8. दास, गुरुचरण, लेख-राजस्थान पत्रिका, 2 जनवरी 2015, पृ. 2
9. मैरा, अरूण, लेख-राजस्थान पत्रिका, स्पॉटलाइट, 2 जनवरी 2015, पृ. 2
10. डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.दैनिकभास्कर.कॉम
11. प्रेस नोट, मंत्रिमण्डल सचिवालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 1 जनवरी 2015
12. राजस्थान पत्रिका, सेंडे स्पॉटलाइट, 2 जनवरी 2015, पृ. 2